लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

आषाढ़ शुक्ल पक्ष पूर्णिमा विक्रम संवत 2081

अमृत विचार

वर्ष 5, अंक 117, पृष्ठ 16+4, मूल्यः 5 रुपये

एक सम्पूर्ण अखबार

इस बार के रविवारीय संस्करण 'लोक दर्पण' में, मानसून की विभीषिका से आखिर कैसे बचा जाए व अन्य विषयों पर विशेष सामग्री दी जा रही है।

www.amritvichar.com

आज का मौसम 36.0° अधिकतम तापमान 27.0° न्यूनतम तापमान आसमान में आंशिक बादल छाए रहेंगे। सूर्योदय 05 : 27 सूर्यास्त 19 : 02

मुरादाबाद, रविवार, 21 जुलाई 2024

तीन विपक्षी दल ओली के खिलाफ देंगे मत...16

सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर नीट-यूजी के नतीजे घोषित

नई दिल्ली, एजेंसी

- एनटीए ने वेबसाइट पर जारी किए परीक्षा परिणाम

एनटीए ने सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर नीट-यूजी के नतीजे शनिवार को शहरवार और केंद्रवार घोषित कर दिए। नतीजे अपनी आधिकारिक वेबसाइट एनटीए.एसी.इन पर जारी किए हैं।

नतीजों में विद्यार्थियों की पहचान उजागर नहीं की गई है। नीट-यूजी मामले की सुनवाई करते हुए मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने 18 जुलाई को एनटीए को निर्देश दिया था कि वह नीट-यूजी के सभी विद्यार्थियों के नतीजे शनिवार को अपराह्न तक अपनी आधिकारिक वेबसाइट पर जारी करे।

571 शहरों में 4,750 केंद्रों पर हुई थी परीक्षा

नीट यूजी की परीक्षा 5 मई को देश के 571 शहरों में 4,750 केंद्रों पर हुई थी। इसमें 23 .33 लाख से अधिक विद्यार्थी शामिल हुए थे। नीट-यूजी की परीक्षा 14 विदेशी केंद्रों पर भी आयोजित की गयी थी, जिसमें लगभग 1,563 उम्मीदवार पुनः परीक्षा के लिए उपस्थित हुए।

एनआईटी स्नातक और एमबीबीएस के दो छात्र गिरफ्तार

नई दिल्ली। सीबीआई ने नीट-यूजी प्रश्नपत्र लीक मामले के सूत्रधारों में शामिल एनआईटी-जमशेदपुर से एक बी-टेक स्नातक और कथित तौर पर सॉल्वर के रूप में करने वाले एमबीबीएस के दो छात्रों को शनिवार को गिरफ्तार किया। एमबीबीएस के दोनों छात्रों को शनिवार को राजस्थान के भरतपुर के मेडिकल संस्थान से गिरफ्तार किया गया। एमबीबीएस के द्वितीय वर्ष के छात्र कुमार मंगलम बिश्नोई और प्रथम वर्ष के छात्र दीपेंद्र शर्मा पांच मई को झारखंड के हजारीबाग में मौजूद थे और इंजीनियर के साथ चुराये गए प्रश्नपत्र के लिए सॉल्वर के रूप में काम कर रहे थे।

संत बोले- दुकानों पर नाम जायज, मदनी ने किया विरोध

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ/अयोध्या

कांवड़ यात्रा मार्ग के होटलों व ढाबों पर नेमप्लेट लगाने का मामला गर्माया

- हिन्दू-मुस्लिम धर्मगुरुओं की इस संदर्भ में मिलीजुली प्रतिक्रिया

अमृत विचार। कांवड़ यात्रा के रास्ते में पड़ने वाले होटलों, ढाबों और ठेलों के मालिकों व इन पर काम करने वालों के नाम प्रदर्शित किये जाने के फैसले पर हिन्दू-मुस्लिम धर्मगुरुओं ने मिलीजुली प्रतिक्रिया दी है। जमीअत के अध्यक्ष ने फैसले को भेदभावपूर्ण, साम्प्रदायिक बताया है।

रामलला के मुख्य पुजारी ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के आदेश का समर्थन करते हुए कहा कि दुकानों पर नेम प्लेट लगने से यह सबको मालूम होगा कि किस व्यक्ति की दुकान है। दुकानों पर नाम लगाए रखने से लोगों का विश्वास बना रहेगा। लखनऊ स्थित लेटे हुए हनुमान मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष डॉ. विवेक तांगड़ी ने इस मुद्दे पर कहा कि अगर यह फैसला प्रशासन का है तो उचित नहीं लगता। इस मामले को जाति-धर्म से ऊपर उठकर देखना चाहिए। मुसलमान भी धार्मिक यात्रा का सम्मान करें और हिन्दुओं को भी समझने की जरूरत है।

मुख्यमंत्री के आदेश तर्क संगत : सत्येंद्र दास



अयोध्या स्थित राम मंदिर के मुख्य पुजारी आचार्य सत्येंद्र दास ने योगी के आदेश का समर्थन करते हुए कहा कि दुकानों पर नेम प्लेट लगने से यह सबको मालूम होगा कि किस व्यक्ति की दुकान है। बीते वर्षों में कई घटनाएं सामने आई थीं, ऐसे में उठाया गया यह कदम स्वागत योग्य है।

सावन पवित्र माह है : राम देणेशाचार्य

अयोध्या के हरि धाम पीठ के महंत राम देणेशाचार्य ने कहा कि सावन पवित्र माह है और लोग बड़े ही पवित्रता के साथ अपने धार्मिक आयोजन और यात्रा को पूरा कर सकें। इसके लिए यह कदम स्वागत योग्य है। मणिराम दास छावनी के उत्तराधिकारी महंत कमलनयन दास ने कहा कि हिंदू धर्म पर कुठाराघात हो रहा है।

कानूनी टीम की बैठक बुलाई है : मदनी

मौलाना अरशद मदनी ने कहा है कि जमीअत ने कानूनी टीम की बैठक बुलाई है। उसमें इस पर कानूनी पहलुओं पर चर्चा होगी। पसमांदा मुस्लिम समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनीस मंसूरी ने कहा कि कांवड़ यात्रा में दुकानदारों का नाम उजागर करने के बहाने सरकार व्यापार को हिन्दू-मुसलमान में बांटने जा रही है।

एक नजर

आगरा में 20.5 किग्रा चरस के साथ दो गिरफ्तार

लखनऊ। उप्र. एसटीएफ ने शनिवार को आगरा के ताजपुर थाना क्षेत्र से 20 .5 किग्रा चरस के साथ दो नेपाली नागरिकों को गिरफ्तार किया है। बताया जा रहा है कि यह चरस बिहार के चंपारण के लिए जानी थी। इसकी अंतर्राष्ट्रीय कीमत एक करोड़ रुपये बताई जा रही है। दोनों के पास दो भारतीय सिम भी मिले हैं। अपर पुलिस अधीक्षक आगरा राकेश ने बताया कि चरस की सप्लाई की सूचना मिल रही थी, इस दौरान जांच शुरू की गई।

केंद्रीय विद्यालय को बम से उड़ाने की धमकी

इंदौर। भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) के परिसर में स्थित एक केंद्रीय विद्यालय को ईमेल पर विद्यालय भवन 15 अगस्त को बम से उड़ा देने की धमकी मिली है। पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय) ने कहा कि सिमरोल थाने में प्राप्त शिकायत के मुताबिक पाकिस्तान की इंटर सर्विसेज इंटेलीजेंस (आईएसआई) नाम वाली एक आईडी से यह ईमेल विद्यालय के आधिकारिक ईमेल एड्रेस पर भेजा गया है।

जानबूझकर कम कैलोरी ले रहे हैं केजरीवाल : एलजी

नई दिल्ली। दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने आरोप लगाया है तिहाड़ जेल में बंद मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल उन्हें दी जा रही भोजन की चिकित्सकीय खुराक और दवाएं जानबूझकर नहीं ले रहे। उपराज्यपाल ने मुख्य सचिव नरेश कुमार को लिखे पत्र में केजरीवाल के स्वास्थ्य की स्थिति के बारे में जेल अधीक्षक की रिपोर्ट का हवाला देते हुए आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री द्वारा जानबूझकर कम कैलोरी लिए जाने के कई उदाहरण हैं। वहीं आप ने उपराज्यपाल के पत्र की आलोचना की।

गोंडा में मां के सामने बेटी से सामूहिक दुष्कर्म

बभनजोत, गोंडा। खोंडारे थाना क्षेत्र के एक गांव में शुक्रवार की रात शौच के लिए गईं मां-बेटी को बाइक सवार दो युवकों ने दबोच लिया और मां के सामने ही बेटी से सामूहिक दुष्कर्म किया। मां ने विरोध किया तो उसकी पिटाई की जिससे वह बेहोश हो गई। चीख सुनकर पिता ग्रामीणों के साथ पहुंचा और एक आरोपी को दबोच लिया जबकि दूसरा भाग निकला। पुलिस ने बाइक, जूते, पर्स और घड़ी बरामद की है। आरोपी दूसरे समुदाय के हैं और पीड़िता के गांव के ही रहने वाले हैं।

यूपीएससी अध्यक्ष का इस्तीफा

पिछले साल अध्यक्ष बने थे मनोज सोनी, पांच साल का कार्यकाल था बाकी

नई दिल्ली, एजेंसी

यूपीएससी के अध्यक्ष मनोज सोनी ने निजी कारणों का हवाला देते हुए अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। सोनी का कार्यकाल मई 2029 में समाप्त होना था। सूत्रों के मुताबिक सोनी के इस्तीफे का ट्रेनी आईएएस अधिकारी पूजा खेडकर का मामला सामने आने के बाद संघ लोक सेवा आयोग पर उठ रहे सवालों से कोई लेना-देना नहीं है।

यूपीएससी अध्यक्ष ने निजी कारणों का हवाला देते हुए एक पखवाड़े पहले ही इस्तीफा सौंप दिया था। जिसे अभी तक स्वीकार नहीं किया गया है। प्रख्यात शिक्षाविद सोनी (59) ने 28 जून, 2017 को आयोग के सदस्य के रूप में पदभार संभाला था। उन्होंने 16 मई, 2023 को यूपीएससी अध्यक्ष के रूप में शपथ ली थी और उनका कार्यकाल 15 मई, 2029 को समाप्त होना था।

यह घटनाक्रम इसलिए महत्व रखता है, क्योंकि यूपीएससी ने शुक्रवार को कहा था कि उसने परिवीक्षाधीन आईएएस अधिकारी पूजा खेडकर के खिलाफ कई कार्रवाई शुरू की हैं, जिनमें फर्जी पहचान दस्तावेज के जरिये सिविल सेवा परीक्षा में शामिल होने के अधिक मौके पाने के आरोप में उनके खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराना शामिल है। आयोग ने कदाचार के आरोपों की गहन जांच के बाद खेडकर के खिलाफ आपराधिक मामला दर्ज कराया। उसने सिविल सेवा परीक्षा-2022 के लिए उनकी उम्मीदवारी रद करने और भविष्य की परीक्षाओं में शामिल होने से रोकने के लिए उन्हें कारण बताओ नोटिस भी जारी किया। खेडकर द्वारा सत्ता और विशेषाधिकारों के कथित दुरुपयोग का मामला जब से सामने आया है, तब से सोशल मीडिया पर आईएएस और भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) के अधिकारियों द्वारा फर्जी प्रमाण पत्रों के इस्तेमाल के दावों और प्रतिदावों की बाढ़ सी आ गई है।

- बोले- इसका पूजा खेडकर विवाद से संबंध नहीं

कांग्रेस बोली- प्रधानमंत्री दें जवाब, घोटालों और इस्तीफे के बीच क्या संबंध है

नई दिल्ली। यूपीएससी के अध्यक्ष के इस्तीफे के बाद कांग्रेस ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को यूपीएससी से जुड़े विवाद पर स्पष्टीकरण देना चाहिए तथा सरकार को यह भी बताना चाहिए कि क्या इतने सारे घोटालों और इस्तीफे के बीच क्या संबंध है। पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि सोनी के इस्तीफे को एक महीने तक छिपाकर क्यों रखा गया ? पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने यह सवाल किया कि एनटीए के प्रमुख प्रदीप कुमार जोशी क्यों बचे हुए हैं ? यह स्पष्ट रूप से लग रहा था कि यूपीएससी के मौजूदा विवाद को देखते हुए सोनी को बाहर किया जाएगा। वहीं प्रियंका गांधी वाड्रा ने कहा कि यूपीएससी प्रक्रिया में गड़बड़ी की खबरें चौंकाने वाली हैं।

यूपीएससी में अध्यक्ष पद की नियुक्ति से पहले कुलपति के रूप में तीन कार्यकाल पूरे किए

यूपीएससी में अपनी नियुक्ति से पहले सोनी ने कुलपति के रूप में तीन कार्यकाल पूरे किए थे। उन्होंने एक अगस्त 2009 से 31 जुलाई 2015 तक डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर मुक्त विश्वविद्यालय (बीएओयू), गुजरात के कुलपति के रूप में लगातार दो कार्यकाल और अप्रैल 2005 से अप्रैल 2008 तक बड़ौदा के महाराजा सयाजीराव विश्वविद्यालय (एमएसयू) के कुलपति के रूप में एक कार्यकाल पूरा किया। एमएसयू में नियुक्त होने के दौरान सोनी भारत में किसी विश्वविद्यालय के सबसे कम उम्र के कुलपति बने थे।

अमरोहा में मालगाड़ी के 10 डिब्बे पलटे, 16 ट्रेनों का संचालन बाधित

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

दिल्ली-लखनऊ रेल लाइन पर संचालन बाधित

अमृत विचार : अमरोहा में रेलवे स्टेशन से आगे कल्याणपुरा फाटक के पास शनिवार शाम मालगाड़ी के 10 डिब्बे पटरी से उतरकर पलट गए। घटना के बाद दिल्ली-लखनऊ रेल लाइन पर 16 ट्रेनें का संचालन बाधित हो गया। सूचना के बाद घटनास्थल पर पहुंचे रेलवे के अधिकारियों ने जांच की।

अमरोहा रेलवे स्टेशन अधीक्षक सरदार सिंह ने बताया कि गोंडा कचहरी से गाजियाबाद जा रही मालगाड़ी शनिवार शाम 6:59 बजे अमरोहा रेलवे स्टेशन पहुंची। यहां से मालगाड़ी दिल्ली की ओर आगे बढ़ी तो अतरासी पुल से पहले मालगाड़ी बेपटरी हो गई। ट्रैक से उतरकर आठ कंटेनर, दो टैंकर और छह ट्रॉली (जिनमें कंटेनर रखे जाते हैं) पलट गए। मालगाड़ी अप लाइन पर थी, जबकि पलटने के बाद डिब्बे डाउन लाइन पर पहुंच गए। इससे दोनों रेलवे ट्रैक क्षतिग्रस्त हो गए। तेज धमाके की आवाज सुनकर स्थानीय लोग सहम गए। हालांकि हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई है। बताया गया कि दो डिब्बों में केमिकल भरा था, जबकि अन्य डिब्बे खाली थे।

सीनियर डीसीएम आदित्य गुप्ता ने बताया कि दिल्ली और मुरादाबाद की ओर आने-जाने वाली 16 ट्रेनें प्रभावित हुई हैं। कई ट्रेनों को अलग-अलग रेलवे स्टेशनों पर रोका गया है। उधर, घटना की सूचना से लखनऊ तक रेलवे विभाग में हड़कंप मचा गया। रेलवे और जीआरपी के अधिकारी मौके पर पहुंचे। सीओ सिटी अरुण कुमार, देहात थाना व नगर कोतवाली पुलिस भी घटनास्थल पर आए।

अमरोहा में मालगाड़ी के पलटे पड़े डिब्बे। ● अमृत विचार

- घटनास्थल पर पहुंचकर रेलवे के अधिकारियों ने जांच शुरू की

प्रत्यक्षदर्शी बोला 500 मीटर उखड़ गई पटरी

प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि 500 मीटर दूर तक रेल पटरी उखड़ गई है। इसके अलावा बिजली की ओवरहेड लाइन भी क्षतिग्रस्त हो गई है। प्रारंभिक जांच में घटना की वजह साफ नहीं हुई है। इस संबंध में डीआरएम मुरादाबाद राजकुमार सिहं ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर घटना की जानकारी साझा की। उन्होंने लिखा कि अमरोहा-काफूरपुर स्टेशनों के बीच एक कंटेनर मालगाड़ी के डिरेलमेंट के कारण मुरादाबाद-गजरौला रेलखंड पर रेल संचालन प्रभावित हुआ है।

कार ने स्कूटी को रौंदा पोते की मौत, दादा घायल

संवाददाता, मसवासी (रामपुर)

- आक्रोशित लोगों ने स्वार-बाजपुर मार्ग पर लगाया जाम

अमृत विचारः बेकाबू कार ने गलत साइड आकर सामने से स्कूटी को रौंद दिया। दुर्घटना में पोते की मौके पर ही मौत हो गई जबकि, दादा गंभीर रुप से घायल हो गए। आक्रोशित लोगों ने स्वार-बाजपुर मार्ग पर दोनों ओर से जाम लगा दिया।

नगर के मोहल्ला भूबरा निवासी 60 वर्षीय भगवत सरन मुख्य बाजार में सब्जी की दुकान चलाते हैं। शनिवार सुबह स्वार की मंडी से सब्जी लेकर भगवत सरन अपने पोते 17 वर्षीय जय सिंह पुत्र संजीव कुमार के साथ स्कूटी से घर लौट रहे थे। मोतीपुरा गांव के नजदीक अचानक सामने से आई बेकाबू कार ने स्कूटी में टक्कर मार दी। दुर्घटना में जय सिंह की मौके पर ही मौत हो गई। भगवत सरन गंभीर रुप से घायल हो गए। आक्रोशित लोग स्वार-बाजपुर मार्ग सड़क पर बैठ गए। सूचना पर पहुंचे सीओ अतुल कुमार पांडेय ने मामले में कार्रवाई किए जाने का लोगों को भरोसा दिलाकर जाम खुलवाया।

ग्लोबल वार्मिंग सृष्टि के लिए संकट

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि ग्लोबल वार्मिंग जीव सृष्टि के लिए नया संकट है, इसलिए पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधरोपण बहुत जरूरी है। मुख्यमंत्री ने यह बात शनिवार को कुकरैल नदी तट पर 36.50 करोड़ पौधरोपण महाअभियान की शुरुआत करते हुए कही। इस दौरान उन्होंने कुकरैल तट पर हरिशंकरी का पौधा लगाया। इसके अलावा मुख्यमंत्री ने प्रयागराज व गोरखपुर में भी पौधरोपण किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि ग्लोबल वार्मिंग को लेकर पर्यावरणविद् बहुत चिंतित हैं। यह संकट मनुष्य के स्वार्थ ने पैदा किया है। इसे रोकने की जिम्मेदारी भी मनुष्यों की है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का पौधरोपण को लेकर आह्वान हर देशवासी के लिए मंत्र बनना चाहिए। हमें पौधों को लगाना, बचाना व इसके जरिए पर्यावरण को संरक्षित करना है। पहली बार जुलाई के पहले सप्ताह में ही बाढ़ की विभीषिका झेलने को मजबूर होना पड़ा। प्रदेश की 20 लाख से अधिक की आबादी प्रभावित है।

लखनऊ में कुकरैल नदी तट पर पौधरोपण महाअभियान की शुरुआत करते मुख्यमंत्री।

- मुख्यमंत्री ने कहा, पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधरोपण जरूरी

गोकशी में गैंगस्टर समेत चार आरोपी गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- महंगे दामों में बेचते थे गोवंश का मांस भोजपुर के गांव में मिले थे अवशेष

अमृत विचारः एसओजी और पुलिस की टीम ने भोजपुर थाना क्षेत्र से गोकशी करने वाले गैंगस्टर समेत चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपी गोवंशीय पशुओं को काटकर महंगे दामों में बेचते थे। गैंगस्टर पर पहले से 11 मुकदमे दर्ज हैं। आरोपियों के पास से दो वाहन समेत अन्य सामग्री जब्त की गई है।

भोजपुर थाना क्षेत्र के इस्लाम नगर के जंगल में आरोपियों ने 18 जुलाई की रात को गोवंशीय पशुओं को काट दिया था। इसके बाद गांव के लोगों ने अवशेष देखकर हंगामा शुरू कर दिया। मौके पर पहुंची पुलिस ने अवशेषों को बरामद कर जांच के लिए भेज दिया। एसपी क्राइम सुभाष चंद्र गंगवार ने एसओजी और पुलिस की टीम गठित की। शनिवार को घटना में शामिल गैंगस्टर समेत चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। उनकी पहचान मझोला के गांगनवाली मैनाठेर निवासी गुलाब नबी और भाई समीर व रामपुर के टोडीपुरा का निवासी नदीम व गलशहीद के असालतपुरा निवासी सलमान के रूप में हुई है। गुलाब नबी के खिलाफ 11 और नदीम पर पशु क्रूरता समेत छह मामले दर्ज हैं।

प्रेमिका से मिलने पहुंचे किशोर की पीटकर हत्या

संवाददाता, दियोरियाकलां (पीलीभीत)

- दियोरियाकलां कोतवाली क्षेत्र में शुक्रवार रात हुई घटना, प्रेमिका के दो चाचा हिरासत में

अमृत विचारः प्रेमिका से मिलने पहुंचे किशोर प्रेमी को बंधक बनाकर पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। पुलिस ने किशोरी के दो चाचा को हिरासत में ले लिया।

दियोरियाकलां कोतवाली क्षेत्र के एक गांव के रहने वाले 17 वर्षीय किशोर का गांव की 15 वर्षीय किशोरी से प्रेम प्रसंग चल रहा था। शुक्रवार देर रात किशोर प्रेमी अपनी प्रेमिका से मिलने पहुंचा। दोनों बात कर रहे थे। इसी बीच प्रेमिका के परिवार वाले जाग गए। उन्होंने दोनों को पकड़ लिया। प्रेमी को बंधक बनाकर रातभर उसकी पिटाई की। शनिवार सुबह किसी ने सूचना पुलिस को दी। यूपी 112 पुलिस ने गंभीर घायल किशोर को सीएचसी बिलसंडा में भर्ती कराया, जहां उसकी मौत हो गई। परिजनों की पिटाई से किशोरी भी घायल हो गई। सीओ बीसलपुर प्रतीक दहिया, कोतवाल राजीव रंजन श्रीवास्तव मौका मुआयना करने पहुंचे। पुलिस ने किशोरी के बयान लिए। उसका कहना था कि वह सो रही थी तभी किशोर आकर चारपाई पर बैठ गया। इसी बीच चाचा ने देख लिया और दोनों की पिटाई की थी।

बाढ़ प्रभावित जिलों के लिए 120 करोड़

लखनऊ । प्रदेश के बाढ़ प्रभावित 40 जिलों में राहत के लिए 120 करोड़ रुपये जारी किए गए हैं। लखीमपुर खीरी, बलरामपुर, कुशीनगर, शाहजहांपुर, बाराबंकी, सीतापुर, गोंडा, बहराइच, सिद्धार्थनगर, बलिया, गोरखपुर, बरेली, आजमगढ़, हरदोई, अयोध्या, बदायूं, फर्रुखाबाद, बस्ती, देवरिया व उन्नाव को 5-5 करोड़ रुपये जारी किया गया है, जबकि महराजगंज, बिजनौर, गाजीपुर, मऊ, अम्बेडकरनगर, श्रावस्ती, संतकबीरनगर, पीलीभीत, सहारनपुर, शामली, अलीगढ़, हमीरपुर, गौतमबुद्धनगर, रामपुर, प्रयागराज, बुलंदशहर, मुरादाबाद, वाराणसी, लखनऊ व कासंगज को 1-1 करोड़ रुपये जारी किए गए हैं।

संसद का मानसून सत्र कल से, 23 को आएगा बजट

नई दिल्ली, एजेंसी

12 अगस्त को सत्र समाप्त होने तक होंगी कुल 19 बैठकें

- नीट पेपरलीक और रेल सुरक्षा जैसे मुद्दों को लेकर सरकार को घेरने की तैयारी में विपक्ष
- जम्मू-कश्मीर के बजट के लिए मंजूरी भी मिलने की संभावना

संसद का मानसून सत्र सोमवार से शुरू होगा। इसमें वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण मंगलवार को केंद्रीय बजट पेश करेंगी। इस दौरान विपक्ष नीट पेपरलीक और रेल सुरक्षा जैसे मुद्दों को लेकर सरकार को घेरने की तैयारी में हैं। मानसून सत्र 22 जुलाई से शुरू होकर 12 अगस्त को समाप्त होगा। इस दौरान कुल 19 बैठकें होंगी। सरकार की ओर से छह विधेयक पेश किए जाने की उम्मीद है, जिनमें 90 साल पुराने विमान अधिनियम को बदलने वाला विधेयक भी है। इस सत्र में जम्मू-कश्मीर के बजट के लिए संसद की मंजूरी भी मिलने की संभावना है।

सीतारमण सोमवार को संसद में आर्थिक सर्वेक्षण भी पेश करेंगी। वह 23 जुलाई को आम बजट पेश करने वाली हैं। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रीजीजू ने 21 जुलाई को संसद में राजनीतिक दलों के नेताओं की एक बैठक बुलाई है, ताकि उन मुद्दों को समझा जा सके जिन्हें वह सत्र के दौरान उठाना चाहते हैं। ओडिशा के पूर्व मुख्यमंत्री नवीन पटनायक के नेतृत्व वाले बीजू जनता दल ने घोषणा की है कि वह एक मजबूत विपक्ष की भूमिका निभाएगा और संसद में राज्य के हित के मुद्दों को आक्रामक तरीके से उठाएगा। बीजद संसदीय दल के अध्यक्ष चुने गए पटनायक ने अपनी पार्टी के सांसदों से ओडिशा को विशेष राज्य का दर्जा देने की मांग उठाने को कहा है।

इस सत्र में वित्त विधेयक के अलावा सरकार ने आपदा प्रबंधन (संशोधन) विधेयक को भी पेश करने, विचार करने और पारित करने के लिए सूचीबद्ध किया है। गत गुरुवार को जारी लोकसभा बुलेटिन में कहा गया कि प्रस्तावित विधेयक का उद्देश्य आपदा प्रबंधन के क्षेत्र में काम कर रहे विभिन्न संगठनों की भूमिका में अधिक स्पष्टता और तालमेल लाना है।

वंदे मातरम सहित अन्य नारे नहीं लगाए जाने चाहिए

नई दिल्ली। सोमवार से संसद सत्र शुरू होने से पहले सांसदों को याद दिलाया गया है कि सभापति के निर्णयों की सदन के अंदर या बाहर सीधे तौर पर या परोक्ष तौर पर आलोचना नहीं की जानी चाहिए। साथ ही सदस्यों को वंदे मातरम, जय हिंद सहित अन्य नारे नहीं लगाने चाहिए। संसद सदस्यों को यह भी याद दिलाया गया कि सदन में तख्तियां लेकर प्रदर्शन करने की भी नियम अनुमति नहीं देते हैं। राज्यसभा सचिवालय ने राज्यसभा सदस्यों के लिए पुस्तिका के कुछ अंश को 15 जुलाई को अपने बुलेटिन में प्रकाशित कर संसदीय परंपराओं और संसदीय शिष्टाचार के प्रति सदस्यों का ध्यान आकृष्ट किया है। सदन की कार्यवाही की गरिमा और गंभीरता के लिए यह आवश्यक है कि सदन में धन्यवाद, शुक्रिया, जय हिंद, वंदे मातरम या अन्य कोई नारा नहीं लगाया जाना चाहिए।

शहर में आज

☞ श्री परिवार दिव्य महायज्ञ समिति ट्रस्ट द्वारा गुरु पूर्णिमा महोत्सव पर महायज्ञ शिव मंदिर नीम प्याऊ पटपट सराय में सुबह 10 :00 बजे।

☞ दिव्य योग केंद्र मण्डी बांस द्वारा गुरु पूर्णिमा उत्सव दिव्य योग केंद्र मंडी बांस में सुबह 5 :15 बजे।

☞ द आर्ट आफ लिविंग की ओर से दिव्य भजन संध्या एमआईटी सभागार रामगंगा विहार में शाम 6 :00 बजे।

एक नजर

सरकार लोकतंत्र विरोधी आदेश को तुरंत वापस ले

मुरादाबाद, अमृत विचार : भारत की कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) के जिला सचिव थान सिंह ने पार्टी कार्यालय पर प्रेसवार्ता की। उन्होंने भाजपा सरकार के कांवड़ यात्रा के चलते होटल और ढाबों पर नाम अंकित करने के फैसले को गलत बताया। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार का यह आदेश संविधान का खुला उल्लंघन है। यह आदेश जनता के बीच धर्म-जाति के आधार पर भेदभाव को बढ़ावा देने वाला है। सरकार इसे देशहित में तुरंत वापस ले। जिला सचिव ने बैठक में प्रदेश सरकार के इस जनविरोधी आदेश के विरुद्ध 22 जुलाई को राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को देने का प्रस्ताव रखा। इसका बैठक में मौजूद सभी कार्यकर्ताओं ने समर्थन किया।

मनोरंजन पारिवारिक सभा का उठाया लुत्फ

मुरादाबाद, अमृत विचार : रोटरी क्लब मुरादाबाद ईस्ट की पारिवारिक सभा का आयोजन शनिवार को बुद्धि विहार स्थित एक रेस्टोरेंट में किया गया। सभा का आरंभ भगवान श्रीगणेश की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन व माल्यार्पण कर किया गया। इसके बाद प्रत्येक रोटेरियन का फूल माला से व प्रत्येक एनस का गुलाब का फूल देकर स्वागत किया गया। सभा में विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। इसमें कपल डांस, सोलो सिंगिंग के साथ अनेक मनोरंजक खेलों का भी आनंद सदस्यों द्वारा लिया गया। क्लब अध्यक्ष अनिल कुमार गुप्ता व सचिव संजय किशोर ने सदस्यों का धन्यवाद किया। सभा के संयोजक विनय मेहरोत्रा रहे। सभा में ललित मोहन गुप्ता, बीएस माथुर, राकेश सिंघल, सुरेश चंद्र अग्रवाल, नीरज अग्रवाल, ज्ञान प्रकाश सिंघल, पराग पोरवाल, विवेक अग्रवाल, गौरव गोयल, हरि नंदन जैन, सचिन, राजीव अग्रवाल, अमरीश जैन, मनु मल्होत्रा, हिमांशु मेहरा, प्रवीण अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

लखनऊ में मुख्यमंत्री से मिलते भारत वर्षीय जाट महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल चौधरी।

गांव मिलक अमावती में बनेगा राजकीय कन्या इंटर कॉलेज, मिला आश्वासन

मुरादाबाद, अमृत विचार: ग्रामीण क्षेत्र की छात्राओं को शिक्षा ग्रहण कराने की पहल में डिलारी ब्लॉक की ग्राम पंचायत मिलक अमावती में राजकीय कन्या इंटर कॉलेज बनाए जाने के लिए भारत वर्षीय जाट महासभा ने पहल की है।

डिलारी ब्लॉक की आदर्श ग्राम पंचायत मिलक अमावती की प्रधान गार्गी चौधरी के पति व भारत वर्षीय जाट महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल चौधरी ने बताया कि वह क्षेत्र में राजकीय कन्या इंटर कॉलेज बनवाने के प्रयास में शुक्रवार को लखनऊ में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से उनके कार्यालय में मिले। जहां उन्होंने मुख्यमंत्री को क्षेत्र में 20 किलोमीटर तक राजकीय कन्या इंटर कॉलेज न होने की जानकारी दी। साथ ही उन्होंने गांव में राजकीय कन्या इंटर कॉलेज बनवाने की मांग की। जिस पर मुख्यमंत्री ने गांव में कॉलेज के निर्माण के लिए जमीन होने के बारे जानकारी की। जिस पर अनिल चौधरी ने गांव के प्राथमिक विद्यालय की एक एकड़ जमीन होने की जानकारी दी। जिस पर मुख्यमंत्री ने जल्द ही जिलाधिकारी से प्रस्ताव मंगाए जाने के बारे में बताते हुए चार महीने में राजकीय इंटर कॉलेज के भवन का निर्माण शुरू कराए जाने का आश्वासन दिया है।

गृहणियों व कामकाजी महिलाओं की मांग, महंगाई पर हो प्रभावी नियंत्रण

रसोई गैस व अन्य सामग्री सस्ती करें वित्त मंत्री

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: केंद्रीय वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण 23 जुलाई को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यकाल का तीसरा बजट पेश करेंगी। इस बजट में बढ़ती महंगाई से चिंतित गृहणियों व कामकाजी महिलाओं को वित्त मंत्री से कई राहत की आस लगी है। कोई रसोई गैस की कीमतों में कमी की उम्मीद लगाए है तो कोई गृहस्थी की गाड़ी को चलाने के लिए इससे संबंधित हर सामान की कीमतों में कमी लाने की मांग कर रही हैं। गृहणियों का कहना है कि बढ़ती महंगाई के चलते उन्हें गृहस्थी चलाने में कठिनाई का सामना करना पड़ता है। साथ ही कामकाजी महिलाओं को सजने संवरने की सामग्री की दरों में भी टैक्स कम करने और आयकर का स्लैब बढ़ाने की उम्मीद है।

मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल के प्रथम बजट में हम महिलाओं के लिए विशेष प्रावधान किए जाने की अपेक्षा करते हैं। सरकार को महिलाओं के बेहतर स्वास्थ्य के लिए हेल्थ सेक्टर में सब्सिडी देनी चाहिए। साथ ही महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए व्यापार में उनकी भागीदारी बढ़ाने संबंधी योजनाओं को लागू किया जाना जरूरी है।

-चंद्रकांता, लाइनपार

बजट 2024 से हम सभी को बहुत अधिक उम्मीदें हैं। मेरा मानना है कि यह बजट आम जनता के लिए होना चाहिए। जिसमें सभी पहलुओं का विशेष ध्यान रखा जाना चाहिए। इनकम टैक्स स्लैब में भी कुछ परिवर्तन होना आवश्यक है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुसार शिक्षा के क्षेत्र में बच्चों के समग्र विकास को ध्यान में रखते हुए शिक्षा क्षेत्र का बजट भी अच्छा होना चाहिए।

-बबिता मेहरोत्रा, शिक्षिका

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण खुद महिला है और वह भी रसोई के खर्च से अवगत होंगी। इस बार भी आम गृहणी को उम्मीद है कि महंगाई से राहत मिलेगी जिससे रसोई का बजट संतुलित हो सके और महीने के खर्च में से कुछ रुपये बचाकर कर भविष्य के लिए कुछ जोड़ पाएं।

-नेहा मेहरोत्रा, अध्यक्ष यंग एनर्जेटिक पॉजिटिव पीपुल संस्था

वित्तमंत्री को महिलाओं की सुविधा और उनके हित के लिए संचालित की जा रही योजनाओं पर अधिक बजट रखना चाहिए। साथ ही महंगाई पर नियंत्रण बेहद जरूरी है। गृहस्थी की गाड़ी महंगाई के बोझ तले दब जाती है। इसे कम करने का ठोस प्रयास होना चाहिए।

-शुचि पंडित, खुशहालपुर

बच्चों के साथ फाउंडेशन डे मनाते बैंक के अधिकारी।

मलिन बस्ती के 35 बच्चों को वितरित की पठन-पाठन सामग्री

मुरादाबाद, अमृत विचार: परिवर्तन दी चेंज संस्था के अंतर्गत चल रही डे बोर्डिंग पाठशाला में निशुल्क पढ़ने वाले बच्चों के साथ बैंक ऑफ बड़ौदा कटघर शाखा ने 117वां फाउंडेशन डे मनाया। इस उपलक्ष्य में बैंक ने सीएसआर गतिविधि के अंतर्गत सभी 35 बच्चों को पठन-पाठन की सामग्री व अन्य सामान वितरित किया।

संस्था ने पाठशाला में मलिन बस्तियों के उन 35 बच्चों को चिह्नित किया, जिनके माता-पिता उनको कही पढ़ाने में सक्षम नहीं थे। इन बच्चों को संस्था डे बोर्डिंग पाठशाला द्वारा लाभांवित कर रही है। इस दौरान बैंक ऑफ बड़ौदा से राहुल, शुभम पटवाल, केसीएम ब्रांच से सौम्या चौधरी, दीप्ति और संस्था की तरफ से अध्यक्ष कपिल कुमार मौजूद रहे।

महानगर में भोले के जयकारों की गूंज

दिल्ली व कांठ रोड से गुजर रहे शिवभक्त, हरिद्वार और बृजघाट जा रहे कांवड़िये

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: महानगर की सड़कों पर बम-बम भोले के जयकारे गूंज रहे हैं। शिवभक्त सावन में शिवलिंग पर जलाभिषेक के लिए हरिद्वार और बृजघाट से गंगाजल लाने के लिए जा रहे हैं। दिल्ली और कांठ रोड से कांवड़िये छोटा हाथी व ट्रैक्टर-ट्राली लेकर जत्थे में जा रहे हैं। तो कुछ शिवभक्त रविवार को कांवड़ में गंगाजल लेने जाएंगे।

सावन का पहला सोमवार 22 जुलाई को है। इस दिन से ही सावन माह की शुरुआत हो रही है। इसके लिए महानगर के मंदिरों में भी तैयारियां तेज कर दी गई हैं। साफ-सफाई से लेकर मंदिरों को जलाभिषेक के लिए विशेष रूप से सजाया जा रहा है। महानगर के झारखंडी मंदिर, चौरासी घंटा मंदिर, दुर्गा मंदिर, प्राचीन शिव मंदिर समेत अन्य मंदिरों में इस दिन जलाभिषेक किया जा जाता है। बाबा भोले के जलाभिषेक के लिए भक्त हरिद्वार व बृजघाट से गंगाजल भरकर लाते हैं। इसके लिए शनिवार को महानगर व अन्य शहरों के कांवड़ियों के जत्थे हरिद्वार गंगाजल लेने के लिए कांठ रोड से होकर गुजरे। तो दिल्ली रोड पर भी कांवड़ियों के जत्थे बृजघाट गंगाजल लेने के लिए निकले। महानगर निवासी मनोज ने बताया कि वह हरथला में फास्ट फूड का ठेला लगाते हैं।

लेकिन, सावन माह में हर बार वह साथियों के साथ हरिद्वार से गंगाजल लाते हैं। सतीश ने कहा कि बाबा भोले की भक्ति का अपना ही अलग रंग है। बाबा भोले की सेवा करना ही मेरे जीवन का लक्ष्य है।

मुरादाबाद से हरिद्वार गंगा जल लेने जाते शिवभक्त। ● अमृत विचार

डीजे साथ लेकर गए शिवभक्त

कांवड़ यात्रा में आस्था और देशभक्ति का जज्बा सैलाब देखने को मिलता है। एकतरफ जहां कांवड़िये भगवा झंडे लेकर चलते हैं तो दूसरी ओर तिरंगा इस आस्था की यात्रा में चार चांद लगाकर देश भक्ति का प्रतीक बनता है। साथ ही डीजे पर भोले बाबा के भजन यात्रा को यादगार बनाते हैं। शनिवार को बहुत से कांवड़ियों के जत्थे डीजे लेकर हरिद्वार के लिए रवाना हुए।

युवाओं में बढ़ रहा डाक कांवड़ का क्रेज

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार : सावन में अब डाक कांवड़ की संख्या लगातार बढ़ रही है। विशेष रूप से युवाओं में डाक कांवड़ का क्रेज बढ़ रहा है। इसके पीछे युवाओं का मानना है कि भक्ति के साथ सेहत भी इससे दुरुस्त रहती है।

पुरुषों के साथ अब महिलाएं और बच्चे भी कांवड़ ला रहे हैं। पैदल, दंडवत के साथ युवाओं में डाक कांवड़ का भी क्रेज भी तेजी के साथ बढ़ रहा है। पिछले पांच सालों से डाक कांवड़ लेकर आ रहे एक समूह के विकास कश्यप ने बताया कि डाक कांवड़ से समय की खासी बचत होती है। साथ ही शारीरिक फिटनेस भी ठीक रहती है।

उन्होंने बताया कि उनके यहां से दो ग्रुप हर साल डाक कांवड़ लेने जाते हैं। एक दल में करीब 15 युवा होते हैं। जो हरिद्वार से गंगाजल लेने के बाद बारी-बारी से दौड़ लगाकर मंजिल की ओर रवाना होते हैं। दौड़ते समय जल को एक साथी दूसरे को सौंपता है। इस दौरान ध्यान रखा जाता है कि वह खंडित न हो। भोलेबाबा की कृपा से सभी बाधाएं पार कर भक्त मंजिल को पहुंच जाते हैं।

● दौड़कर कांवड़ यात्रा पूरी करते हैं युवा शिवभक्त

हर बार हम डाक कांवड़ बिना डीजे के लाया करते थे। इस बार हमने डीजे किया है। भोलेनाथ के भजनों से आस्था दोगुनी हो जाती है और जोश बढ़ जाता है।

-राजन

डाक कांवड़ को तय समय में ही पूरा करना होता है और मंदिर में पहुंचकर जलाभिषेक करना होता है। उसी के हिसाब से तैयारी करनी पड़ती है।

-अंकित

● शिवभक्ति के साथ सेहत भी रहती है दुरुस्त

हम पांच साल से डाक कांवड़ ला रहे हैं। इस यात्रा में लगातार दौड़ना बहुत कठिन है, लेकिन हमारी आस्था हमारे जोश को कम नहीं होने देती।

-विक्की

हरिद्वार से महानगर के लिए हम समय तय करते हैं। लगातार दौड़ने के कारण कुछ की तबियत भी खराब हो जाती है, लेकिन भगवान भोलेनाथ सबका बेड़ा पार करेंगे।

-अंकुल

धीरे-धीरे कम होती है दौड़

विकास कश्यप ने बताया कि शुरुआत में एक युवक तीन किलोमीटर की दौड़ लगाता है। धीरे-धीरे यह दायरा कम होते-होते 500 मीटर पर आ जाता है। इसी ग्रुप के सौरभ का कहना है कि पहले की तुलना में डाक कांवड़ लाने का चलन बढ़ा है। इसका कारण है कि अधिकतर युवा सेना, पुलिस भर्ती की तैयारी कर रहे होते हैं। वह भक्ति के साथ अपनी फिटनेस जांचने के लिए भी यह यात्रा करते हैं।

विधायक ने उठाई बिजली समस्याएं

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: कांठ से सपा विधायक कमाल अख्तर ने शनिवार को अपने विधानसभा क्षेत्र में बिजली से संबंधित समस्याओं के समाधान के लिए मुख्य अभियंता विद्युत आरके बंसल से मुलाकात की। उन्होंने बताया कि उनके विधानसभा क्षेत्र के कई गांवों में जर्जर तार लटक रहे हैं, उन्हें बदला जाए और ट्रांसफार्मरों की क्षमता में वृद्धि कराएं।

कांठ विधायक कमाल अख्तर ने मुख्य अभियंता पश्चिमांचल विद्युत वितरण को बताया कि गढ़ी सलेमपुर, बागड़पुर, अहमदपुर, बसवानपुर, आदमपुर में लो-वोल्टेज के कारण बिजली सप्लाई नहीं मिल पाती है। लोगों को गर्मी में काफी कठिनाई का सामना करना पड़ता है। उन्होंने मांग की कि बागड़पुर मढैया, गढ़ी सलेमपुर में कम क्षमता के ट्रांसफार्मर लगे हैं इनकी क्षमता वृद्धि की जाए। पाकबड़ा, अगवानपुर, उमरी, कांठ में जहां नई आबादी है वहां पर लोगों को नया कनेक्शन लेने के लिए परेशानी हो रही है। विभाग के अधिकारी कर्मचारी नया कनेक्शन देने के लिए मोटी रकम मांग रहे हैं। विधायक ने कहा कि जल्द से जल्द वहां पर लाइन बिछाकर लोगों को नए कनेक्शन दिए जाएं। विधायक ने विद्युत उपकेंद्र पर तैनात कर्मचारियों द्वारा उपभोक्ताओं का फोन रिसीव न करने की भी शिकायत की। विधायक ने बताया कि लटकी विद्युत लाइनों को टीक कराने की मांग की। मुख्य अभियंता ने विधायक को आश्वासन दिया कि सभी समस्याओं का जल्द समाधान कराएंगे। इस दौरान रहमत प्रधान, सिराज अहमद, नजाकत चौधरी, फैजान चौधरी, डॉक्टर जुबेर आदि लोग मौजूद रहे।

मुख्य अभियंता विद्युत आरके बंसल से वार्ता करते कांठ विधायक कमाल अख्तर व अन्य।

कांवड़ियों की सुरक्षा के लिए तैनात रहेंगे दो हजार पुलिसकर्मी

● जमीन से लेकर आसमान तक होगी निगरानी

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: पुलिस प्रशासन ने सोमवार से मीट की दुकानें बंद करने का आदेश जारी किया है। कांवड़ यात्रा की शुचिता बरकरार रखने के लिए यह फैसला लिया है। श्रद्धालुओं की आस्था का सम्मान करते हुए पुलिस प्रशासन ने दो हजार पुलिसकर्मियों को तैनात किया है। आसमान से जमीन तक पुलिस की निगरानी रहेगी। दुकानदारों ने बातचीत में बताया है कि सोमवार से मीट की दुकानें बंद करने का निर्देश दिया है।

एसपी सिटी अखिलेश भदौरिया ने बताया है कि परंपरागत कांवड़ यात्रा को लेकर पुलिस प्रशासन सख्त हो गया है। श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए 48 इंस्पेक्टर तैनात रहेंगे। वहीं 261 दरोगा, 251 हेडकांस्टेबल और 250 महिला कांस्टेबल समेत 1100 सिपाही मुस्तैद रहेंगे। पुलिस की जमीन से लेकर आसमान तक निगरानी रहेगी। वहीं 258 यातायात पुलिसकर्मियों को भी सुरक्षा की जिम्मेदारी दी गई। एसपी सिटी ने बताया है कि सोशल मीडिया पर भी निगरानी की जा रही। यदि किसी ने सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक या भड़काऊ पोस्ट डाल कर माहौल खराब करने की कोशिश की तो उससे सख्ती से निपटा जाएगा। एसपी सिटी अखिलेश भदौरिया ने बताया कि जोन की जिम्मेदारी सीओ और मजिस्ट्रेट को सौंपी गई है। जबकि सेक्टर की कमान थाना प्रभारी और इंस्पेक्टर मजिस्ट्रेट तैनात किए गए हैं।

भजन सुनने से बढ़ती है प्रभु में आस्था

मुरादाबाद, अमृत विचार: नवाबपुरा स्थित गुरुधाम में चल रहे गुरु पूर्णिमा महोत्सव शनिवार को दूसरे दिन भी जारी रहा। दूसरे दिन के सभी कार्यक्रम नया मुरादाबाद स्थित महाकालेश्वर धाम में हुए। सुबह बड़ी संख्या में पहुंचे श्रद्धालुओं ने गुरु पूजन किया और गुरु मंत्र की दीक्षा ली। गुरु अमरनाथ दीक्षित ने बताया कि ईश्वरीय भजन सुनने से मन में शांति आती है और प्रभु में आस्था बढ़ती है। सायं कृष्ण पंत के नेतृत्व में नोएडा से आए केशव संकीर्तन मंडल ने भजनों की प्रस्तुति दी। अंत में आरती के बाद भोजन प्रसाद वितरित किया गया। सुशील वर्मा, मनू मेहरोत्रा, निर्भय नाथ दीक्षित, सुनीता वर्मा, पृथ्वी नाथ दीक्षित, श्रुति दीक्षित, मानवी कोठीवाल, किशन पाहवा, मनीष डाबर, मनोज गंभीर, राजपाल अरोड़ा, नीरू पाहवा, राजबाला आदि शामिल रहे।

आर्य समाज मंडी चौक में यज्ञ में आहुति देते लोग। ● अमृत विचार

आर्य समाज ने मनाया स्थापना दिवस

मुरादाबाद, अमृत विचार: आर्य समाज मंडी बांस के 146वें स्थापना दिवस पर शनिवार को कार्यक्रम आयोजित किए गए। सर्वप्रथम आरंभ वेद मंत्रों से देवयज्ञ करके किया गया।

पं. योगेश दत्त आर्य ने भजन प्रस्तुत किए। उन्होंने बताया कि कि आर्य समाज, मंडी बांस की 20 जुलाई 1879 को महर्षि देव दयानंद सरस्वती द्वारा स्थापना की गई थी। यह भारत का तीसरा आर्य समाज है जिसको महर्षि दयानन्द द्वारा स्थापित किया गया था। अध्यक्षता डॉ. अभय श्रोतिय ने की तथा विशिष्ट अतिथि सूर्य प्रकाश द्विवेदी रहे। यज्ञ के पुरोहित आचार्य भूपेंद्र शास्त्री और लाल किशोर शास्त्री रहे। इस दौरान प्रधान निर्मल आर्य विनीत रस्तोगी, नवनीत रस्तोगी, अखिलेश रस्तोगी, दीपक गुप्ता, चन्द्रकिरण आर्य, प्रीता आर्य, रमा आर्य, रीतू रस्तोगी, कुसुम आर्य, कपिल आर्य, आशा आदि मौजूद रहे।

कार्रवाई संभागीय परिवहन अधिकारी ने दोबारा बैठने पर जेल भेजने की दी चेतावनी

आरटीओ कार्यालय के बाहर बैठे एजेंटों को खदेड़ा

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार : संभागीय परिवहन अधिकारी ने शनिवार को सख्त तेवर दिखाते हुए कार्यालय के बाहर बैठने वाले एजेंटों को खदेड़ कर भगाया। उनके लगे तम्बू भी उखाड़ दिए। दोबारा वहां बैठने और तंबू लगाने पर जेसीबी चलवाने और जेल भेजने की चेतावनी दी है संभागीय परिवहन अधिकारी राजेश सिंह ने जनता से किसी कार्य के बदले अवैध वसूली करने वाले कर्मचारियों पर भी कार्रवाई करने की बात कही।

संभागीय परिवहन अधिकारी राजेश सिंह ने हाल ही में कार्यभार ग्रहण किया है। संभागीय परिवहन अधिकारी ने सबसे पहले विभाग के बाहर बैठने वाले एजेंटों को पहले वहां अपनी दुकानें हटाने को मौखिक रूप से कहा था। लेकिन एजेंटों पर इसका कोई असर नहीं दिखा। जिसकी वजह कुछ अधिकारियों की सहमति से एजेंटों को काम कराने में सहूलियतें मिलना बताया गया। जिस पर आरटीओ ने अपने तेवर सख्त किए। शनिवार शाम को संभागीय परिवहन अधिकारी ने बाहर बैठे एजेंटों की अस्थायी दुकानों को हटाना शुरू कर दिया। दोबारा लगाने पर जेसीबी चलवाने के साथ एजेंटों के खिलाफ कार्रवाई करने की बात कही। हालांकि कई एजेंटों ने इसका विरोध भी किया। जिसके बाद ट्रांसपोर्ट नगर पुलिस चौकी की पुलिस की मदद से सभी की दुकानें हटाई गईं। इसके बाद संभागीय परिवहन अधिकारी ने विभाग में कुछ अधिकारियों के एजेंटों से मिले होने की सूचना पर अधिकारियों को विभाग में आने वाले लोगों के कार्य जल्द करने की हिदायत दी।

आरटीओ कार्यालय के बाहर यहां लगती थी एजेंटों की दुकानें। ● अमृत विचार

कार्यालय के बाहर बैठे कुछ एजेंटों द्वारा यहां आने वाले लोगों से अवैध रूप से पैसा वसूलने की शिकायत मिल रही थी। लाइसेंस के लिए आवेदन करने वालों ने बताया कि फाइल बनाने व अंदर अधिकारियों को पैसे देने के नाम भी वसूली की जाती थी। हमने विभागीय कर्मियों से इसकी जांच कराई तो शिकायत सही मिली। जिसके चलते कार्यालय के बाहर बैठने वाले एजेंटों को हटा दिया गया है। दोबारा दिखने पर उनको जेल भिजवा देंगे।

-राजेश सिंह, संभागीय परिवहन अधिकारी मुरादाबाद मंडल

डीआईओएस कार्यालय पर की तालाबंदी

मुरादाबाद, अमृत विचार: पुरानी पेंशन बहाली समेत कई मांगों को लेकर जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय पर चल रहे शिक्षकों के तीन दिवसीय धरने की समाप्ति पर डीआईओएस ने शिक्षकों का ज्ञापन लेने से इनकार कर दिया। जिसपर शिक्षकों ने डीआईओएस कार्यालय पर हंगामा किया और तालाबंदी भी की।

उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ के नेतृत्व में 18 से 20 जुलाई तक तीन दिवसीय धरना चल रहा था। शनिवार को धरने के आखिरी दिन जिला विद्यालय निरीक्षक ने शिक्षकों का ज्ञापन लेने से इनकार कर दिया। जिस पर शिक्षक भड़क गए और उन्होंने जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय का घेराव करते हुए तालाबंदी कर दी। बाद में जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ. अरुण कुमार दुबे आए और शिक्षकों का ज्ञापन लिया। जिसके बाद शिक्षक शांत हुए।

लापरवाह सचिवों पर होगी कार्रवाई

● 50 से अधिक ग्राम पंचायतों के जमा नहीं हुए उपभोग प्रमाण पत्र

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: ग्राम पंचायतों में किए गए विकास कार्यों के उपभोग प्रमाण पत्र जमा न करने वाले सचिवों पर पंचायती राज विभाग ने सख्ती कर दी है। वित्तीय वर्ष बीतने के चार महीने बाद भी सचिवों द्वारा उपभोग प्रमाण पत्र जमा नहीं किए गए। विभाग इनके खिलाफ शासन को रिपोर्ट भेज कर वेतन रोकने की कार्रवाई की तैयारी कर रहा है।

जिला पंचायत राज अधिकारी वाचस्पति झा ने बताया कि ग्राम पंचायतों में किए जाने वाले विकास कार्य की कार्यपूर्ति के उपभोग प्रमाण पत्र वित्तीय वर्ष समाप्त होने के एक महीने बाद जमा किए जाने चाहिए। लेकिन 50 से अधिक ग्राम पंचायतों के उपभोग प्रमाण पत्र जमा नहीं किए हैं। जिसमें कार्यपूर्ति प्रमाण पत्र न जमा करने वाले अमानताबाद, गोलापुर, खेरुलापुर, सबलपुर, टांडा अफजल, अब्दुलापुर लेदा, मोहिदीनपुर, बहादुरपुर जैसी 50 ग्राम पंचायतों के सचिवों ने वित्तीय वर्ष समाप्त होने के चार महीने बाद भी कार्यपूर्ति के उपभोग प्रमाण पत्र जमा नहीं किए। जिसके पहले विकास खंड वार एडीओ पंचायत को भी उपभोग प्रमाण पत्र जमा कराने के लिए नोटिस दिए गए। इसके बाद अब सीधा सचिवों को नोटिस दिया गया है। इस महीने उपभोग प्रमाण पत्र जमा न करने वाले सचिवों की रिपोर्ट शासन को भेजी जाएगी। इसके अलावा वेतन रोकने की कार्रवाई भी की जाएगी। मुख्य विकास अधिकारी सुमित यादव का कहना है कि ग्राम पंचायतों में विकास कार्य के उपभोग प्रमाण काफी ग्राम सचिवों द्वारा जमा नहीं किए गए हैं। सभी को अंतिम नोटिस दिया गया है। इस महीने उपभोग प्रमाण पत्र जमा न होने पर सभी के वेतन रोकने की कार्रवाई की जाएगी।

पूरे भारत में सबसे कम फीस में अपने Business का रजिस्ट्रेशन कराएं घर बैठे
REGISTRATION INDIA™©
हजारों संतुष्ट ग्राहक
ITR फाइलिंग मात्र ₹999/-
We Provide all consultancy related Services to NGO, Trust, Society, Private Limited Company, GST Registration, ITR Filing, TDS, FSSAI, Income tax
अपना काम Expert CA और Expert Advocate से ही करायें और भविष्य में होने वाली परेशानियों से बचें।
• Ngo Registration
• Society Registration
• Trust Registration
• Section 8 Company Registration
• Project Report
• Audit Report
• Annual Report
ISO Registration
• 12A Registration
• 80G Registration
• Nielit Registration
• Niti Ayog Registration (NGO Darpan)
• E-Anudan, FCRA & MHRD
• One Person Company Registration
• Labour Department Registration
• Private Limited Company Registration
• MSME Registration & CSR
• Service Tax & DSC
• 35AC Registration
• Pan Card for Ngo
• PAN Registration
• Trade Mark Registration
• Copy Right Registration
• Patent Registration
अपने संस्थान की किसी भी प्रकार की वेबसाइट बनवायें।
Contact:
7500223290
7500277920
T&C Apply
एल.आई.सी. रोड, सिविल लाइन्स, रामपुर 244901 (यू.पी.) Email: teamindia5050@gmail.com

आज का मौसम

उमस भरी गर्मी रहेगी। छिटपुट बारिश हो सकती है

34.0° अधिकतम तापमान | 28.0° न्यूनतम तापमान

सूर्योदय 05:29 | सूर्यास्त 07:13

एक नजर

सोमवार को आएगी रामगंगा पुल के परीक्षण की रिपोर्ट

मुरादाबाद, अमृत विचार : रामगंगा पुल के बेयरिंग खराब होने के मामले में शुक्रवार को मुम्बई से आई तकनीकी विशेषज्ञों की टीम ने पुल के खराब हिस्से का निरीक्षण किया था। इसके बाद विशेषज्ञ लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता कुलदीप कुमार संत से उनके कार्यालय में मिले। जहां उन्होंने अधिशासी अभियंता से परीक्षण के दौरान पुल के बेयरिंग खराब होने की बात बताते हुए रिपोर्ट के आधार पर पुल की मरम्मत करने की बात कही थी। जिसमें अधिशासी अभियंता पीडब्ल्यूडी के अनुसार शनिवार तक कोई रिपोर्ट नहीं आई। उनका मानना है कि सोमवार तक परीक्षण की रिपोर्ट आने के बाद पुल की मरम्मत की रूपरेखा तैयार की जाएगी।

व्यापारियों के साथ नगर आयुक्त से मिले शहर विधायक

उत्पीड़न न करने को कहा, एक दिन पहले लाल निशान लगाने पर सड़क जाम कर दुकानदारों ने किया था प्रदर्शन

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार : महानगर में अतिक्रमण हटाने के नाम पर व्यापारियों व छोटे कारोबारियों का उत्पीड़न न करने और बुलडोजर चलाने की धमकी देकर उजाड़ने के लिए डराने से बचने की सलाह नगर विधायक रितेश कुमार गुप्ता ने नगर आयुक्त से मुलाकात के दौरान दी। उन्होंने जेल रोड स्थित व्यापारियों व भाजपा के महानगर अध्यक्ष और कई पार्षदों के साथ शनिवार को नगर आयुक्त दिव्यांशु पटेल से मिलकर नाराजगी जताई। कहा कि मुख्यमंत्री का संदेश है कि लोगों का बिना वजह उत्पीड़न न हो।

शुक्रवार को नगर निगम की टीम ने जेल रोड पर रेहड़ी, पटरी वालों और दुकानों के आगे लाल निशान लगाया था। जिसका व्यापारियों व रेहड़ी, पटरी वालों ने सड़क जामकर और प्रदर्शन कर विरोध जताया था। जिसके बाद नगर विधायक भी मौके पर पहुंच गए थे। लाल निशान लगाने के विरोध में शनिवार को दोपहर तक व्यापारियों व रेहड़ी, पटरी वालों ने अपनी दुकानें बंद रखी। नगर विधायक ने

दुकानदारों की समस्याओं को लेकर नगर आयुक्त दिव्यांशु पटेल से वार्ता करते नगर विधायक रितेश गुप्ता।

जेल रोड पर बंद दुकानें। ● अमृत विचार

- **नगर आयुक्त ने कहा, नियम अनुसार हो रही कार्रवाई**
- **वार्ता के बाद नहीं चली जेसीबी कमेटी बनाकर होगा सत्यापन**

नगर आयुक्त से मिलकर व्यापारियों की समस्या बताईं। कहा कि बिना नोटिस दिए और कहीं उनको उचित जगह दिए बिना रेहड़ी, पटरी वालों पर जेसीबी चलाना गलत है। मुख्यमंत्री ने अपराधियों पर जेसीबी चलाने के लिए कहा है न कि व्यापारियों और कमजोर वर्ग के लोगों को उजाड़ने के लिए। नगर आयुक्त ने बताया कि नियमानुसार ही अतिक्रमण शासन के निर्देश के क्रम में हटाया जा रहा है। किसी का उत्पीड़न करने का कोई सवाल ही नहीं उठता है। नगर विधायक ने कहा कि व्यापारियों के साथ ज्यादती को वह सहन नहीं करेंगे। सभी को समझाकर तब कोई कार्रवाई की जाए।

नगर आयुक्त से मिलने के दौरान भाजपा के महानगर अध्यक्ष संजय शर्मा, पार्षद अजय तोमर, देशरत्न कत्याल, सुरेंद्र विश्नोई आदि मौजूद रहे। वहीं, बाहर बड़ी संख्या में स्थानीय व्यापारी व रेहड़ी पटरी वाले डटे रहे।

वहीं वार्ता के बाद अपर नगर आयुक्त प्रथम अतुल कुमार जेल रोड पर लाल निशान लगने की प्रक्रिया का सत्यापन करने पहुंचे। उन्होंने व्यापारियों से बातचीत कर समझाया। अपर नगर आयुक्त द्वितीय अजीत कुमार ने बताया कि नगर विधायक के साथ नगर आयुक्त की हुई वार्ता में सहमति बनी है कि एक कमेटी बनाकर सत्यापन करने के बाद कदम बढ़ाया जाएगा।

> नगर आयुक्त से मुलाकात में यह तय हुआ है कि बिना बसाने का उपाय किए किसी को उजाड़ा नहीं जाएगा। अतिक्रमण की समस्या का स्थायी समाधान निकालने तक कोई कार्रवाई न की जाए। मैंने सुझाव दिया है कि जेल रोड पर खाली जगह पर इन दुकानदारों को आवंटन कर उनकी रोजी रोटी का भी निगम प्रशासन ध्यान इंतजाम करे। सरकार और मुख्यमंत्री की मंशा किसी को उजाड़ कर सड़क पर लाना नहीं है। इसका ध्यान अधिकारी रखें।
>
> –**रितेश कुमार गुप्ता**, नगर विधायक

नाले पर अतिक्रमण से जलनिकासी की समस्या बनी है। नाला सफाई के लिए अतिक्रमण हटाना भी जरूरी है। फिर भी सभी पहलुओं को देखने के बाद नगर आयुक्त के निर्देश पर आगे कार्रवाई की जाएगी।

दिल्ली से आ रहा यूपीएस, जल्द चालू होगा ट्रामा सेंटर

मुरादाबाद, अमृत विचार : जिला अस्पताल का ट्रामा सेंटर जल्द ही दोबारा शुरू होगा। शनिवार को दिल्ली से 100 केवीए का यूपीएस मंगाया गया है। जिसके रात तक अस्पताल में पहुंचने की उम्मीद है।

प्रमुख चिकित्सा अधीक्षक डॉ. संगीता गुप्ता ने बताया कि दो जुलाई को ट्रामा सेंटर में आग लगने से यूपीएस भी जल गया था। उन्होंने बताया कि जब ट्रामा सेंटर में आग लगी थी तो उन्होंने विद्युत ऑडिट के लिए स्वास्थ्य महानिदेशालय को पत्र लिखा था। जिसके आधार पर अपर निदेशक विद्युत रवि कुमार आए थे। उन्होंने ट्रामा सेंटर में निरीक्षण भी किया था। ट्रामा सेंटर में वह अपनी देखरेख में काम करा रहे हैं। ट्रामा सेंटर में मरम्मत का अधिकांश कार्य हो भी गया है। अब छत वाला काम चल रहा है, जो अंतिम चरण में है। प्रमुख चिकित्सा अधीक्षक ने बताया कि अपर निदेशक रवि कुमार के विद्युत ऑडिट के दौरान ट्रामा सेंटर में जितनी भी कमियां पाई गई थीं, उसे पूरा कराया जा रहा है। इस बार ट्रामा सेंटर का संचालन शुरू करने से पहले पूरी सावधानी अपनाई जा रही है। प्रमुख चिकित्सा अधीक्षक ने बताया कि उन्हें उम्मीद है कि अगले सप्ताह में ट्रामा सेंटर की स्वास्थ्य सेवाएं प्रारंभ हो जाएंगी।

35 विद्यार्थियों ने छोड़ी हाईस्कूल इंटर की इम्प्रूवमेंट की परीक्षा

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: शनिवार को हाईस्कूल कम्पार्टमेंट, इम्प्रूवमेंट व इंटरमीडिएट इम्प्रूवमेंट की परीक्षा एक केंद्र पर दो पालियों में नकल विहीन संपन्न कराई गई। इस दौरान जिला विद्यालय निरीक्षक व जिला विद्यालय निरीक्षक द्वितीय ने निरीक्षण भी किया। इस दौरान दोनों पालियों में 35 परीक्षार्थी अनुपस्थित पाए गए।

परीक्षा के लिए महानगर के कंपनी बाग स्थित मेथोडिस्ट गर्ल्स इंटर कालेज में परीक्षा केंद्र बनाया गया था। जहां सुबह 8:00 बजे से 11:15 बजे तक पहली पाली में हाईस्कूल कम्पार्टमेंट, इम्प्रूवमेंट की परीक्षा कराई गई। जिसमें 275 में से 251 परीक्षार्थी परीक्षा देने पहुंचे, जबकि 24 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। इसी तरह दोपहर दो बजे से शाम 5:15 बजे तक दूसरी पाली में

परीक्षा केंद्र का निरीक्षण करते जिला विद्यालय निरीक्षक।

इंटरमीडिएट इम्प्रूवमेंट की परीक्षा में 282 में से 271 परीक्षार्थियों ने ही परीक्षा दी और 11 परीक्षार्थियों ने परीक्षा छोड़ दी। पहली परीक्षा में जिला विद्यालय निरीक्षक द्वितीय सर्वेश कुमार और दूसरी पाली में जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ. अरुण कुमार दुबे ने निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि दोनों पालियों में कोई भी परीक्षार्थी अनुचित साधन का प्रयोग करते हुए नहीं पकड़ा गया, जिसके तहत परीक्षा नकल विहीन व शांति पूर्ण माहौल में सपंन्न हुई।

गोकशी के सरगना पर मुरादाबाद, रामपुर में दर्ज हैं मामले

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: गोकशी के मामले में पकड़े गए चारों आरोपियों ने पूछताछ में बताया है कि वह भोजपुर थाना क्षेत्र के आसपास दिन में रेकी करते थे। इसके बाद रात को मौका पाकर वारदात को अंजाम देते थे। गुरुवार को भी आरोपियों ने गोकशी की थी। गांव के लोगों ने अवशेष देखकर हंगामा शुरू कर दिया था। शनिवार को पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर मामले का खुलासा किया।

पुलिस अधीक्षक क्राइम सुभाष चंद्र गंगवार ने बताया कि गिरोह का मुख्य सरगना गुलाम नबी है। इसके खिलाफ पशु क्रूरता में पहले से 11 मुकदमे दर्ज हैं। 2019 में मुरादाबाद के मैनाठेर और 2023 में रामपुर के सैफनी थाने में गैंगस्टर एक्ट में मामले दर्ज हैं। गुलाम के भाई समीर के खिलाफ भी दो मामले दर्ज हैं। उन्होंने

गोकशी करने वालों की जानकारी देते एसपी क्राइम व गिरफ्तार आरोपी। ● अमृत विचार

कार्रवाई

- **महंगे दामों पर गोवंशीय मांस बेचने का काम करते थे आरोपी**
- **छोटे-छोटे टुकड़ों में बांटकर पैक करके ले जाते थे**

बताया है कि दोनों भाई अन्य साथियों के साथ मिलकर दिन में गोवंशीय पशुओं की रेकी करते थे। इसके बाद इस्लाम नगर के जंगल में ले जाकर कटान करते थे। मांस को छोटे-छोटे टुकड़ों में बांटकर पन्नी में पैक कर मोटी रकम में बाजार में बेच देते थे। आरोपियों ने पूछताछ में बताया है कि गुरुवार को हर बार की तरह वारदात को अंजाम दिया था। घटनास्थल पर अवशेष छूटने से गांव के लोगों ने हंगामा शुरू कर दिया। मौके पर पहुंची पुलिस ने मामला शांत कर रिपोर्ट दर्ज कर ली थी।

पुलिस अधीक्षक क्राइम ने बताया है कि आरोपियों को पकड़ने के लिए एसओजी और पुलिस की टीम गठित की गई। टीम ने शुक्रवार को आरोपियों के ठिकानों पर दबिश दी। शनिवार को मामले में गुलाम नबी, समीर, नदीम व सलमान को गिरफ्तार कर लिया।

दबिश के दौरान गैंगस्टर की पत्नी हुई थी घायल

शुक्रवार रात एसओजी की दबिश के दौरान गैंगस्टर गुलाब नबी की पत्नी ने उसकी गिरफ्तारी का विरोध किया। टीम ने मारपीट शुरू कर दी, महिला के सिर पर डंडा मारकर लहूलुहान कर दिया। इसके बाद एसओजी के पुलिसकर्मी गुलाम नबी और समीर को गाड़ी में डालकर ले गए। टीम के जाने के बाद परिवार के लोगों ने 112 और 108 पर कॉल कर पुलिस और एंबुलेंस बुला ली। घायल महिला को परिजनों ने निजी अस्पताल में भर्ती कराया था।

अभद्र टिप्पणी मामलाः छह अगस्त को कोर्ट में गवाही देंगी जयाप्रदा

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- **रिपोर्ट दर्ज करने वाले मुंशी के बयान दर्ज किए गए**
- **2019 के लोकसभा चुनाव के परिणाम के बाद का है मामला**

अमृत विचार: पूर्व सांसद व अभिनेत्री जयाप्रदा पर अभद्र टिप्पणी करने के मामले में आजम खां समेत अन्य के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करने वाले मुंशी के बयान दर्ज किए गए। एमपी-एमएलए कोर्ट ने समन जारी करते हुए गवाही के लिए अभिनेत्री, आजम खां समेत अन्य लोगों को 6 अगस्त को तलब किया है।

बता दें कि 2019 लोकसभा चुनाव के परिणाम आने के बाद कटघर थाना क्षेत्र के मुस्लिम डिग्री कॉलेज में आयोजित सम्मान समारोह में रामपुर के पूर्व सांसद आजम खां, तत्कालीन सपा सांसद डॉ. एसटी हसन समेत अन्य सपा नेता शामिल हुए थे। आरोप है कि कार्यक्रम के दौरान रामपुर की पूर्व सांसद व अभिनेत्री जयाप्रदा पर अभद्र टिप्पणी की गई थी। इस मामले में रामपुर निवासी मुस्तफा हुसैन ने आजम खां, डॉ. एसटी हसन, अब्दुल्ला आजम, फिरोज खां, आयोजक मोहम्मद आरिफ, रामपुर के पूर्व चेयरमैन अजहर खां के खिलाफ केस दर्ज कराया गया था। मामले की सुनवाई एमपी-एमएलए स्पेशल कोर्ट एमपी सिंह की अदालत में की जा रही है। विशेष लोक अभियोजक मोहनलाल विश्नोई ने बताया कि शनिवार को कटघर थाने में तैनात तत्कालीन एफआईआर लिखने वाले कांस्टेबल दीपक कुमार के अदालत में बयान दर्ज किए गए। जिसके बाद अदालत ने छह अगस्त को रामपुर की पूर्व सांसद और अभिनेत्री जयाप्रदा समेत अन्य गवाहों को गवाही के लिए तलब किया है।

शिविर में 39 आपत्तियों का निस्तारण

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: नगर निगम के गृहकर व जलकर अनुभाग की ओर से शनिवार को जोन संख्या एक में एलीगेंट पब्लिक स्कूल और करुला व जोन आठ चंद्रनगर में जोनल कार्यालय पर जीआईएस सर्वे की आपत्तियों की सुनवाई के लिए शिविर लगाया गया। शिविर में 39 आपत्तियों का मौके पर निस्तारण किया गया।

शिविरों में 49 आपत्तियां जीआईएस सर्वे के संबंध में आईं। मुख्य कर निर्धारण अधिकारी आरती सिंह आदि ने शिकायतों की सुनवाई कर 39 आपत्तियों का निस्तारण कराया। शिविर में 4,54,616 रुपये का कर वसूला गया। शिविर में राजस्व निरीक्षक पुष्पेंद्र कुमार मौर्य के अलावा क्षेत्रीय कर अधीक्षक, राजस्व निरीक्षक व

शिविर में आपत्तियों की सुनवाई करतीं मुख्य कर निर्धारण अधिकारी आरती सिंह व अन्य।

- **शिविर में 4,54,616 रुपये की वसूली भी हुई**

जोनल कार्यालय के कर्मचारी आदि मौजूद रहे।

वहीं नगर निगम की संपत्ति अनुभाग व प्रवर्तन दल की टीम ने कटघर थाने के पास पश्चिम की ओर 4 एकड़ भूमि पर कुछ व्यक्तियों द्वारा गैराज व अनुपयोगी वाहनों को खड़ा कर किए गए अतिक्रमण को चिह्नित कर उसे तत्काल खाली करने की माइक से घोषणा कराई गई। कहा कि अतिक्रमण करने वाले अपना सामान हटा लें अन्यथा नगर निगम प्रशासन उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई करेगा, जिसकी जिम्मेदारी संबंधित लोगों की खुद होगी।

परेशानी | पुश पुल पैसेंजर और सहारनपुर-लखनऊ पैसेंजर बंद होने से हजारों यात्रियों को रही दिक्कतें

पैसेंजर ट्रेनों का संचालन न होने से दैनिक यात्री हो रहे परेशान

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: कई सालों से बंद पैसेंजर ट्रेनों का संचालन न होने से दैनिक यात्री परेशान हैं। प्रतिदिन नौकरी के लिए जाने वाले यात्रियों को पैसेंजर ट्रेनों के संचालन न होने से दुश्वारियां होती हैं। दैनिक यात्रियों ने कहा है कि दिल्ली व लखनऊ मार्ग पर पहले चलने वाली पैसेंजर ट्रेनों का संचालन होना चाहिए। जिससे रामपुर व अमरोहा जाने वाले दैनिक यात्रियों को राहत मिल सके।

रेलवे प्रशासन ने चार साल पहले कोरोना महामारी में कई पैसेंजर ट्रेनों का संचालन बंद कर दिया था। काफी समय बाद पैसेंजर ट्रेनों को स्पेशल का दर्जा देकर संचालित किया जाने लगा। लेकिन कुछ ट्रेनें ऐसी हैं जो कोरोना महामारी के समय बंद कर दी गई थी और आज तक उनका संचालन दोबारा से नहीं हो पाया है। जिसमें मुरादाबाद से दिल्ली के लिए चलने वाली पैसेंजर ट्रेन पुश पुल और सहारनपुर से लखनऊ तक संचालित होने वाली पैसेंजर ट्रेन शामिल है। मुरादाबाद से सुबह के समय दिल्ली के लिए संचालित होने वाली पुश पुल पैसेंजर से कैलसा, अमरोहा, गजरौला, हापुड़ व गाजियाबाद में प्राइवेट व सरकारी नौकरी करने वाले दैनिक यात्रियों को आसानी रहती थी। लेकिन कोरोना महामारी के बाद से रेलवे ने इन ट्रेनों को आज तक शुरू नहीं किया है।

> कोरोना महामारी के पहले मुरादाबाद से दिल्ली के लिए पुश पुल ट्रेन का संचालन होता था। यह ट्रेन प्रतिदिन नौकरी पर जाने वाले यात्रियों के लिए सुविधाजनक थी, लेकिन आज तक इसका संचालन दोबारा शुरू नहीं हुआ। हम कई बार पुश पुल को दोबारा चलाने की मांग कर चुके हैं।
>
> –**सुधीर पाठक**, अध्यक्ष, दैनिक यात्री संगठन

> हम प्रतिदिन नौकरी पर जाने के लिए ट्रेन का सफर करते हैं। ऐसे में पैसेंजर ट्रेनें न चलने से काफी परेशानी होती है। सुबह के समय पुशपुल ट्रेन का समय ठीक था। मौजूदा समय में कुछ ही एक्सप्रेस ट्रेनें हैं जो अमरोहा रुकती है। पैसेंजर ट्रेनों का संचालन शुरू होना चाहिए।
>
> – **दिनेश कुमार**, दैनिक यात्री

> कोरोना महामारी के समय रद की गईं ट्रेनों के दोबारा संचालन के प्रस्ताव के विषय में परिचालन विभाग से जानकारी की जाएगी। इसके अलावा समय-समय पर वाणिज्य विभाग भी प्रस्ताव भेजता है, साथ ही यात्रियों की सुविधा के लिए लगातार ट्रेनों का संचालन किया जा रहा है। – **आदित्य गुप्ता**, सीनियर डीसीएम

बारिश से रेल मार्ग क्षतिग्रस्त, बदले मार्ग से चलेंगी ट्रेनें

मुरादाबाद, अमृत विचार : पूर्वोत्तर रेलवे की पीलीभीत-मैलानी रेलखंड में बारिश से रेल मार्ग खराब होने के कारण 21 जुलाई से तीन अगस्त तक छह ट्रेनें बदले मार्ग से संचालित की जाएगी। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक आदित्य गुप्ता ने बताया कि पीलीभीत-मैलानी रेलखंड को बारिश से नुकसान हुआ है। जिसके चलते छह ट्रेनों को परिवर्तित मार्ग बुढवल, बाराबंकी, लखनऊ, कानपुर सेंट्रल व गाजियाबाद मार्ग से संचालित किया जाएगा। जिसमें ट्रेन संख्या-15529 सरहसा-आंनद विहार, ट्रेन संख्या-15530 आनंद विहार-सहरसा, ट्रेन संख्या 15621 कामख्या-आनंद विहार, ट्रेन संख्या 15622 आनंद विहार से कामख्या, ट्रेन संख्या 14009 बापू धाम मोतिहारी-आनंद विहार और 10410 आनंद विहार-बापू धाम मोतिहारी शामिल है।

एक नजर

पुलिसकर्मियों ने थाने में किया पौधरोपण

मैनाठेर, अमृत विचार : थाने में शनिवार को पुलिसकर्मियों ने अमरुद, पीपल, नीम, पाखड़ के 150 पौधे रोपकर पर्यावरण बचाने का संकल्प लिया। इंस्पेक्टर किरणपाल सिंह ने कहा कि एक नागरिक के तौर पर हमारा कर्तव्य है कि हम स्वस्थ्य हों, दीर्घायु हों, आर्थिक स्वावलम्बन की ओर अग्रसर हों सके व देश को भी शिखर पर पहुंचाने में अपना योगदान दें। इसमें सबसे बड़ी भूमिका बेहतर पर्यावरण की है और इसके संवर्द्धन का सबसे बड़ा माध्यम पौधरोपण ही है। ऐसे में हर नागरिक को इसकी महत्ता को समझने की जरूरत है। इस मौके पर मैनाठेर थाने में पौधरोपण कर पर्यावरण को बचाने का संकल्प लिया गया। इस मौके पर एसएसआई पवन शर्मा, अपराध निरीक्षक कृष्ण कुमार, एसआई रविंद्र सिंह, एसआई रामगोपाल, सुरजीत दीवान, राजीव गंगवार दीवान, शिवम दीवान, आदि मौजूद रहे।

अस्पताल में नहीं है एआरएस, यह इंजेक्शन है महंगा, जरूरत वाले रोगियों को रेफर कर रहे डॉक्टर

रोजाना 50-55 लोगों का काट रहे कुत्ते, बढ़ती संख्या से हैरानी

34 रोगी शनिवार 12.30 बजे तक आ गए थे

1488 रोगी एक महीने में आए हैं

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार : जिला अस्पताल की ओपीडी के 13 नंबर एआरवी इंजेक्शन कक्ष में इन दिनों कुत्ता, बिल्ली, बंदर के काटने वाले रोगियों की भीड़ बढ़ रही है। जिले में रोजाना 50-55 लोगों को कुत्ते काट रहे हैं। वैसे कुछ रोगी बिल्ली या बंदर के काटने वाले भी आ रहे हैं। इसमें छोटे-छोटे बच्चे भी शामिल हैं। 26 मई से 25 जून तक 1,488 लोग कुत्ता काटने के शिकार हो चुके हैं। इतनी अधिक संख्या में रोगियों के आने से डॉक्टर भी हैरान हैं।

एआरवी इंजेक्शन कक्ष में शनिवार दोपहर 12 बजे के दौरान आयुष विभाग के डॉ. शकील अहमद रजिस्टर में रोगियों का नाम-पता दर्ज करते मिले। वह रोगियों को उनके पर्चे पर दवाएं-इंजेक्शन लिख रहे थे। उनके सहयोगी चिकित्सक रोगियों को रेबीज का इंजेक्शन लगा रहे थे।

इससे पहले 12.20 बजे के समय मूंढापांडे के गांव इला रसूलाबाद का दंपती अपने घायल बच्चे को लेकर एआरवी इंजेक्शन कक्ष में पहुंचा था। दंपती ने बताया कि बाहर खेलते समय उनके पांच वर्षीय बेटे आयुष के चेहरे को कुत्ते ने काटकर लहूलुहान कर दिया है। उसके 10-12 टांके लगाने पड़े हैं। आयुष को उसके पिता विनोद सीएचसी मूंढापांडे लेकर गए थे। प्रारंभिक इलाज के बाद डॉक्टर ने जिला अस्पताल रेफर किया, जहां एंटी रेबिज सीरम (एआरएस) इंजेक्शन उपलब्ध नहीं है। ऐसे में डॉ. शकील अहमद ने घायल बच्चे के एंटी रेबीज वैक्सीन लगवाने की सलाह दी।

कुत्ता काटने से प्रभावित रोगी से जानकारी लेते डॉ. शकील अहमद। ● अमृत विचार

कब पड़ती है एंटी रेबीज सीरम की जरूरत

डॉ. शकील अहमद ने बताया कि एंटी रेबीज सीरम का उपयोग उन व्यक्तियों की पोस्ट-एक्सपोजर प्रोफिलैक्सिस में रेबीज के खिलाफ निष्क्रिय प्रतिरक्षा प्रदान करने के लिए किया जाता है, जो किसी पागल जानवर या किसी ऐसे जानवर के संपर्क में आने के बाद बीमारी या वायरस के संपर्क में आते हैं, जिसे पागल माना जाता है। पागल कुत्ते की पहचान के मामले में उन्होंने बताया कि जो कुत्ता कई लोगों को काटता है और जानवरों पर भी हमला करता है, उसे पागल पशु की श्रेणी में माना जाता है। यदि कोई भी कुत्ता सिर, मुंह के हिस्से में काटता है तो रोगी को एंटी रेबीज सीरम की जरूरत होती है।

डॉक्टर की सलाह

डॉक्टर बताते हैं कि कुत्ता, बिल्ली या बंदर के काटने के अधिकतम तीन दिन के भीतर एंटी रेबीज वैक्सीन लगवा लेनी चाहिए। समय बीतने के बाद वैक्सीन का असर कम हो जाता है। प्रथम डोज के बाद दूसरा इंजेक्शन तीसरे दिन, फिर तीसरा इंजेक्शन सातवें और चौथा इंजेक्शन 28वें दिन पर लगता है।

कुछ दिनों में कुत्ता काटने के शिकार रोगी

दिन	रोगी
19 जुलाई	54
18 जुलाई	67
17 जुलाई	33
16 जुलाई	63

एंटी रेबीज सीरम महंगा है। जो करीब 450 रुपये का है। यह इंजेक्शन अस्पताल में नहीं आता है। इस तरह के रोगी को मेरठ मेडिकल कॉलेज रेफर करते हैं।
– डॉ. संगीता गुप्ता, प्रमुख चिकित्सा अधीक्षक

पौधरोपण अभियान की सफलता में जनसहयोग बहुत जरूरी

राज्यमंत्री संसदीय कार्य व औद्योगिक विकास की अध्यक्षता में पेड़ लगाओ-पेड़ बचाओ जन अभियान का किया आरंभ

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: प्रदेश के संसदीय कार्य एवं औद्योगिक विकास राज्यमंत्री जसवंत सिंह सैनी की अध्यक्षता में शनिवार को पेड़ लगाओ-पेड़ बचाओ जन अभियान का जनपद स्तरीय ट्यूबवेल वाले पार्क सेक्टर-10 नया मुरादाबाद में शुभारंभ किया गया। राज्यमंत्री ने रुद्राक्ष का पौधा लगाकर अभियान की शुरूआत कर कहा कि पौधरोपण के लिए हम सब अपनी जिम्मेदारी को निभाएं। इसकी सफलता के लिए जनसहभागिता बहुत जरूरी है।

राज्यमंत्री ने कहा कि सभी जनप्रतिनिधि समय निकालकर इस अभियान में भागीदारी करें। उन्होंने डीएफओ को पौधरोपण अभियान के लिए सभी विभागों को प्रेरित करने का निर्देश दिया। डीएफओ ने बताया कि जिले में शनिवार को 23 लाख 22 हजार पौधे रोपित किए गए हैं। इसमें 52 विभागों की सहभागिता रही है। जिन पौधों का रोपण किया जा रहा है उनकी जियो टैगिंग भी की जा रही है। उन्होंने बताया कि जिले में वन विभाग द्वारा 1,53,208 और अन्य विभागों द्वारा 21,69,550 पौधे का रोपण किया गया। जिसमें रुद्राक्ष, मौलश्री ,पीपल, बरगद, नीम, महुआ, जामुन आदि प्रजातियों के पौधे लगाए गए हैं।

उप्र राज्य सड़क परिवहन निगम के प्रबंधक निदेशक व नोडल अधिकारी पौधारोपण कार्यक्रम मासूम अली सरवर ने कहा कि भारत की संस्कृति एवं परम्परा में जल की महत्ता पर विशेष बल दिया गया है। सदस्य विधान परिषद डॉ. जयपाल सिंह व्यस्त ने कहा कि इस कार्यक्रम को जनअभियान बनाने के लिए हम सभी को अपनी जिम्मेदारी निभानी है। सदस्य विधान परिषद सतपाल सिंह सैनी ने कहा कि हमें पौधरोपण को गम्भीरता से लेना चाहिए।

सदस्य विधान परिषद गोपाल अंजान ने आह्वान किया कि इस अभियान के तहत अधिक से अधिक पौधरोपण किया जाए। जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. शेफाली सिंह ने कहा कि वृक्षों को परिवार का सदस्य मानकर उनकी देखभाल व सेवा की जाए। इस दौरान महापौर विनोद अग्रवाल, जिलाधिकारी अनुज सिंह, मुख्य विकास अधिकारी सुमित यादव, भाजपा जिलाध्यक्ष आकाश पाल, महानगर अध्यक्ष संजय शर्मा, अपर जिलाधिकारी नगर ज्योति सिंह, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व सत्यम मिश्र, परियोजना निदेशक, डीआईओएस के अलावा अन्य अधिकारी, स्काउट गाइड्स व एनसीसी के कैडेट्स आदि मौजूद रहे।

गुब्बारे उड़ाकर जन अभियान का आरंभ करते राज्यमंत्री जसवंत सिंह सैनी, साथ में एमएलसी सतपाल सैनी, महापौर विनोद अग्रवाल, जिलाधिकारी अनुज सिंह व अन्य।

पौधरोपण के बाद पौधे को पानी देते जिलाधिकारी अनुज सिंह। ● अमृत विचार

उद्यान विभाग ने 112 स्थानों पर लगाए डेढ़ लाख पौधे

मुरादाबाद, अमृत विचार : पौधरोपण कार्यक्रम में जिला उद्यान विभाग की ओर फलदार वृक्षों के पौधे रोपे गए। जिसमें जिला उद्यान अधिकारी के निर्देशन में उद्यान विभाग की ओर से 112 स्थानों को पहले से चिह्नित किया गया था। जिसमें 1 लाख 51 हजार फलदार पौधे लगाए गए हैं। जिला उद्यान अधिकारी गया प्रसाद ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों में फलदार वृक्षों के पौधे लगाने के साथ गांव जिम्मेदार लोगों को उनकी देखभाल करने के लिए प्रेरित किया गया।

नगर निगम ने 50,000 पौधे रोपित किए

मुरादाबाद, अमृत विचार : नगर निगम व उद्यान विभाग की ओर से रामगंगा नदी के दूसरी ओर नवाबपुरा खानपुर कस्बा एहतमाली में पौधरोपण किया गया। 50,000 पौधे रोपित किए गए। इसमें छायादार, फलदार औषधीय पौधे लगाए गए। इसमें जामुन के 5000, अमरूद के 2000, अर्जुन के 7000, शीशम के 20,000, गुटैल के 4000, अकेशिया के 6000, बोतल ब्रश के 4000, यूकेलिप्टस के 2000 पौधे रोपित किए गए।

समिति ने किया पौधरोपण

मुरादाबाद, अमृत विचार : प्रकृति सेवा समिति ट्रस्ट ने एक पौधा मां के नाम अभियान के तहत पौधरोपण किया। इस अभियान के तहत बी-ब्लॉक आशियाना फेस-1 में स्थित ग्रीन बेल्ट और प्रताप सिंह हिन्दू गर्ल्स इंटर कॉलेज में स्थानीय नागरिकों और स्कूली बच्चों के साथ मिलकर पौधे लगाए गए। इस दौरान संस्थापक पर्यावरण सचेतक नेपाल सिंह पाल, तुलाराम सिंह, ललिता सिंह, डॉ. प्रीति सक्सेना, उमा शर्मा, संगीता, सुमन शर्मा, शशि, वंश, साक्षी, रानित कुमार, राजू, हरवेंद्र सिंह आदि मौजूद रहीं।

जिला अस्पताल में रोपे गए 100 पौधे, संरक्षण का लिया संकल्प

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: एक पेड़ मां के नाम को समर्पित पेड़ लगाओ, पेड़ बचाओ जन अभियान-2024 के तहत शनिवार को जिला अस्पताल में भी पौधरोपण अभियान चला। सीएमओ डॉ. कुलदीप सिंह से लेकर जिला अस्पताल के स्वास्थ्य कर्मियों ने भी इस अभियान में हिस्सेदारी की है। इन सभी ने मिलकर 100 पौधे रोपित किए हैं।

जिला अस्पताल में प्रमुख चिकित्सा अधीक्षक डॉ. संगीता गुप्ता, चिकित्सा अधीक्षक डॉ. राजेंद्र कुमार, अस्पताल के मैनेजर रजनीश चौधरी, मैटर्न आशुतोष त्यागी, असिस्टेंट मैटर्न सीमा भारती ने भी पौधों का रोपण किया। वहीं एसीएमओ डॉ. संजीव बेलवाल, डॉ. भारत भूषण, डॉ. देवीदास, डॉ. प्रवीन श्रीवास्तव आदि ने भी जिला अस्पताल परिसर में पौधों का रोपण किया।

अस्पताल परिसर में पीपल का पौधा रोपित करतीं सीएमएस डॉ. संगीता गुप्ता।

प्रकृति में संतुलन बनाने को पौधरोपण करें : प्रो. चारू

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: गोकुलदास हिंदू गर्ल्स कॉलेज में वृहद पौधरोपण अभियान के तहत दो दिवसीय कार्यक्रम हुआ।जिसके तहत महाविद्यालय की पर्यावरण समिति, एनएसएस एवं रोवर्स रेंजर्स ने प्राचार्या प्रोफेसर चारु मेहरोत्रा के निर्देशन में टीम बनाकर पौधरोपण किया।

शनिवार को कॉलेज परिसर, लालबाग बस्ती और महिला पॉलिटेक्निक में पौधरोपण किए गए। प्रोफेसर चारु मेहरोत्रा ने बताया कि प्रकृति में संतुलन बनाए रखने व अपने आसपास के वातावरण को स्वच्छ बनाए रखने के लिए पेड़-पौधे लगाना बहुत जरूरी है। उप प्राचार्या प्रोफेसर अंजना दास ने कहा कि वृक्ष ही हमारी सांसों के लिए आक्सीजन प्रदान करते हैं। पारिस्थितिकी संतुलन बनाए रखते हैं।

समिति की संयोजिका प्रोफेसर अंशु सरीन ने कहा कि वृक्ष हमारे शहर को पर्यावरण सौंदर्य और सामाजिक आर्थिक लाभ प्रदान करते हैं। इस दौरान प्रोफेसर कविता भटनागर, प्रोफेसर किरन त्रिपाठी एवं पर्यावरण समिति की सदस्य प्रोफेसर एकता भाटिया, डॉ. इंदू सिंह राजपूत, डॉ. सीमा मलिक, डॉ. प्रेमलता कश्यप, डॉ. शेफाली अग्रवाल, शिवानी गुप्ता, डॉ. सीमा रानी, डॉ. सुनीति लता ने सहयोग देकर अभियान को सफल बनाया।

गोकुलदास हिंदू गर्ल्स डिग्री कॉलेज में पौधरोपण करतीं शिक्षिकाएं। ● अमृत विचार

एक पौधा मां के नाम लगाया

मुरादाबाद, अमृत विचार : रोटरी क्लब मुरादाबाद ब्रास सिटी स्टार्स एवं इंटरैक्ट क्लब शिशु वाटिका स्टार्स ने शनिवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के आह्वान पर एक पौधा मां के नाम कार्यक्रम का आयोजन किया। जिसका आरंभ मुख्य अतिथि समाजसेवी डॉ हरबंश दीक्षित ने प्रथम पौधरोपण कर किया। इस मौके पर छात्रों को आम, जामुन, आमला, अशोक, अमरूद आदि पौधों का वितरण किया गया और पौधे की जीवन भर संरक्षण और पोषण की शपथ भी दिलवाई गई। इस अवसर पर प्रधानाचार्य हर निवास गुप्ता, अध्यक्ष विदुर गर्ग, भरत अग्रवाल, अनुज अग्रवाल, सागर जैन आदि मौजूद रहे।

शिशु वाटिका इंटर कॉलेज में गुरु पूर्णिमा की पूर्व संध्या पर आयोजित कार्यक्रम में शामिल लोग। ● अमृत विचार

माता-पिता व गुरुओं का करें सम्मान

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: महानगर के गोविंद नगर स्थित शिशु वाटिका इंटर कालेज और एसपी पब्लिक स्कूल में गुरु पूर्णिमा पर्व व विद्यालय का स्थापना दिवस मनाया गया। जिसमें गुरु व मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि हरवंश दीक्षित, डॉ. पकंज दर्पण, गिरीश कुमार सिंह, रोटरी क्लब ब्रास सिटी स्टार के अध्यक्ष विदुर गर्ग, भरत अग्रवाल, कालेज प्रबंधक अनुज अग्रवाल ने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर व माल्यार्पण करके की। शिशु वाटिका इंटर कालेज के प्रधानाचार्य हरि निवास गुप्ता व एसवी पब्लिक स्कूल की प्रधानाचार्या ज्योत्सना गुप्ता ने अतिथियों का स्वागत किया। सरस्वती वंदना के बाद प्रबंधक अनुज अग्रवाल को अतिथियों ने सभी को गुरु पूर्णिमा व विद्यालय के स्थापना दिवस की बधाई दी। कार्यक्रम में बच्चों से आह्वान किया गया कि वह अपने माता-पिता व अध्यापक-अध्यापिकाओं का सम्मान करें।इसके बाद गुरुपूर्णिमा की पूर्व संध्या पर हरवंश दीक्षित को चंदन का तिलक, पुष्पहार व अंगवस्त्र से सम्मानित किया गया। इस दौरान सत्र 2023-24 के मेधावी विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया। इसके अलावा पौधरोपण की जानकारी दी।

कार्यालय मुरादाबाद विकास प्राधिकरण, मुरादाबाद

सार्वजनिक सूचना

जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि प्राधिकरण की आवासीय / व्यावसायिक / रेन्ट / नजूल / इम्प्रूवमेन्ट-ट्रस्ट योजनाओं के निम्नलिखित आवेदकों द्वारा उनके नाम के सामने अंकित सम्पत्ति का हस्तांतरण / नामान्तरण किये जाने हेतु प्राधिकरण में प्रार्थना-पत्र प्रस्तुत किया गया है:-

क्र. सं.	मूल आवंटी का नाम	भूखण्ड/ भवन संख्या	योजना का नाम	मृत्यु/विक्रय विलेख दिनांक	मूल आवंटी के उत्तराधिकारी/ क्रेता का नाम	उत्तराधिकारी के पक्ष में अनापत्तिकर्ता का नाम	मूल आवंटी से आवेदक का सम्बन्ध
1.	2.	3.	4.	5.	6.	7.	8.
1.	श्री अजय गुप्ता पुत्र श्री ओम प्रकाश गुप्ता निवासी :- 3/12 पंतनगर जंगपुरा, नई दिल्ली- 110014	H-124 (भूखण्ड)	गजरौला आवासीय योजना	क्रेता- श्री बलवन्त सिंह विक्रय विलेख दिनांक (06.07.2013) मृत्यु दिनांक (04.06.2019)	क्रेता-2 श्री बलवन्त सिंह की मृत्युपरान्त उनके वारिस निम्नवत् है :- 1. श्रीमती ओमवती पत्नी स्व. बलवन्त सिंह 2. श्रीमती लता देवी पुत्री स्व. बलवन्त सिंह 3. श्रीमती बबीता यादव पुत्री स्व. बलवन्त सिंह 4. श्रीमती सविता देवी पुत्री स्व. बलवन्त सिंह 5. श्री नरेन्द्र सिंह पुत्र स्व. बलवन्त सिंह 6. श्री उमेश कुमार पुत्र स्व. बलवन्त सिंह निवासी:- ग्राम जलालपुर कलां, पो. महेशरा तह. धनौरा, जिला अमरोहा। मो.नं. 8630274490	-	पत्नी पुत्री पुत्री पुत्री पुत्र पुत्र
2.	श्री अशोक रिहानी पुत्र श्री जे.पी. रिहानी, निवासी- द्वारा श्री वेद प्रकाश अरोड़ा, रेलवे हरथला कालोनी, आर्य समाज मंदिर के पीछे, मुरादाबाद	M.I.G. A-11 (भूखण्ड)	रामगंगा विहार प्रथम योजना	रजिस्टर्ड वसीयत 15.03.2019	श्रीमती मधु रिहानी पत्नी स्व. श्री अशोक रिहानी निवासी :- ए-11, रामगंगा विहार प्रथम, काँठ रोड, मुरादाबाद। (मो.नं. 8868924919)	-	पत्नी

उपर्युक्त नामान्तरण के आवेदन के संबंध में यदि किसी व्यक्ति को आपत्ति हो, तो वह साक्ष्य सहित प्रकाशन तिथि से 30 दिनों के भीतर अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्राप्त करा दें। निर्धारित तिथि तक कोई आपत्ति प्राप्त न होने पर प्राधिकरण अभिलेखों में कॉलम -06 में अंकित व्यक्ति के नाम दर्ज कर लिया जायेगा तथा उसके बाद किसी आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा।

प्रभारी सम्पत्ति

ROHILKHAND CANCER INSTITUTE

150 बेड का विश्वस्तरीय कैंसर हॉस्पिटल

RADIOTHERAPY
TRUE BEAM STX LINAC

यह SRS, SBRT, IGRT, IMRT,VMAT और 3D CRT जैसी फोटॉन थेरेपी (6 Mv, 10Mv, 15Mv) पद्धतियाँ प्रदान करने में सक्षम है।

BRACHYTHERAPY
24 Channel

PET CT SCAN
बरेली मंडल की एक मात्र मशीन

FDG -PET CT
PSMA- PET CT (प्रोस्टेट कैंसर)
सोडियम फ्लोराइड बोन पीईटी
DOPA -PET CT (पार्किंसंस आवर्तक ब्रेन ट्यूमर, आदि)

द्वितीय पीढ़ी की मशीन जिससे कैंसर के स्टेज का पता चलता है

Immunotherapy & Chemotherapy

Dedicated Cancer Modular OT's

आयुष्मान कार्ड से 5 लाख तक का इलाज

हमारे विशेषज्ञ

डॉ. अर्जुन अग्रवाल (सर्जिकल ऑन्कोलॉजिस्ट)
डॉ. लक्ष्मण पांडे (रेडिएशन ऑन्कोलॉजिस्ट)
डॉ. आमिर मलिक (हेड एंड नेक कैंसर सर्जन)
डॉ. सिद्धार्थ अरोड़ा (क्लिनिकल ऑन्कोलॉजिस्ट)
डॉ. संदीप (मेडिकल ऑन्कोलॉजिस्ट)
डॉ. चीना गर्ग (ऑन्कोपैथोलॉजिस्ट)
डॉ. अंकित कुमार (न्यूक्लियर मेडिसिन ऑन्कोलॉजिस्ट)

अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें - 92581 16087, 78912 35003

रोहिलखण्ड मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल कैम्पस, सुरेश शर्मा नगर, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली

एक नजर

रंजिश में एक को मारपीट कर किया घायल

कांठ, अमृत विचार : ग्राम कुम्हरिया जुमला निवासी पवन सिंह पुत्र रघुवीर सिंह ने थाना पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर बताया कि 18 जुलाई की रात को आठ बजे ऋतिक पुत्र विजय सिंह ने उसके पुत्र अनूप को मारपीट कर घायल कर दिया। मामला पुरानी रंजिश का बताया जा रहा है। थाना पुलिस ने आरोपी ऋतिक के खिलाफ मामला दर्ज कर मामले की विवेचना शुरू कर दी है।

गुरु पूर्णिमा पर गुरु की महिमा बताई

ठाकुरद्वारा, अमृत विचार : गुरु पूर्णिमा की पूर्व संध्या पर श्रीराम गायत्री ज्ञान मंदिर में गोष्ठी हुई। इसमें वक्ताओं ने कहा कि कुछ लोग धर्मगुरु के नाम पर गुरु की महिमा को धूमिल कर रहे हैं। ऐसे लोग अंधविश्वास, लालच दिखाकर जनता का मानसिक और शारीरिक शोषण कर रहे हैं। इसमें मनोज चौहान, पीयूष अग्रवाल, तुषार अग्रवाल, डॉ. मोनिका, राजेंद्र यादव, दीपक वाल्मीकि, राजकुमार गांधी, दीपक चौहान, भारत सिंह, धर्मपाल सिंह आदि थे।

एसडीएम व सीओ ने मंदिरों और कांवड़ मार्ग का किया निरीक्षण

सहसपुर पुलिस चौकी पर सीसीटीवी कैमरे लगवाने के दिए निर्देश

संवाददाता, कांठ

अमृत विचार : तहसील क्षेत्र में स्थित मंदिरों एवं कांवड़ यात्रा मार्गों का एसडीएम अजय मिश्रा, सीओ अपेक्षा निंबाड़िया ने निरीक्षण किया।

एसडीएम अजय मिश्रा व सीओ अपेक्षा निंबाड़िया ने शिव मंदिर लाडलाबाद व अन्य धार्मिक स्थलों एवं कांवड़ यात्रा मार्गों का निरीक्षण कर कांवड़ियों की सुरक्षा के मद्देनजर अधिकारियों को निर्देश दिए। कहा कि कांवड़ यात्रा के दौरान शिव भक्तों को कोई परेशानी न हो। कांवड़ यात्रा को सकुशल कराने के लिए एसडीएम व सीओ ने सहसपुर पुलिस चौकी क्षेत्र का निरीक्षण किया। हरिद्वार से कांवड़ लेकर आने वाले कांवड़िये सहसपुर चौकी से कांठ की सीमा में प्रवेश करते हैं। सहसपुर चौकी कांवड़ यात्रा के संबंध में महत्वपूर्ण मानी जाती है। यहां अधिकारियों ने सीसीटीवी कैमरे लगाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कांवड़ियों की सेवा के लिए लगाए जाने वाले भंडारों के स्थानों का निरीक्षण कर लें। कांवड़ यात्रा मार्ग में लटके व जर्जर तारों को ठीक करा लें। एसडीएम व सीओ ने अधीनस्थों से कांवड़ियों के साथ बेहतर व्यवहार करने के निर्देश दिए। इसी के साथ रेलवे फाटकों पर भी पुलिस के साथ ही आरपीएफ कर्मी तैनात किए जाएंगे।

मंदिर में जानकारी करते एसडीएम व सीओ। ● अमृत विचार

निरीक्षण करते जिला गन्ना अधिकारी व साथ में अन्य। ● अमृत विचार

30 सितंबर तक बनेंगे गन्ना विकास समितियों के सदस्य

संवाददाता, छजलैट

अमृत विचार : शनिवार को जिला गन्ना अधिकारी ने गन्ना विकास परिषद अगवानपुर एवं गन्ना विकास समिति कांठ के तहत दीवान शुगर अगवानपुर के ग्राम जमालपुर व त्रिवेणी चीनी मिल रानीनांगल के ग्राम मिलक खेमपुर में गन्ना सर्वे सट्टा प्रदर्शन का औचक निरीक्षण किया।

निरीक्षण के समय विभागीय गन्ना पर्यवेक्षक एवं चीनी मिल कर्मचारी गन्ना सर्वे सट्टा प्रदर्शन करते मिले। जिला गन्ना अधिकारी ने किसानों से अपील की कि किसान गन्ना सर्वेक्षण के समय सर्वे स्लिप से सट्टा का मिलान कर लें। सहकारी गन्ना विकास समितियों के नये सदस्य 30 सितम्बर तक बनाए जाएंगे। गन्ना समिति की सदस्यता के लिए आनलाइन आवेदन करें। निरीक्षण के समय शीराज मलिक, हशमुल हसन, खेत सिंह, राजपाल सिंह, त्रिवेणी इन्जीनियरिंग एण्ड इन्डस्ट्रीज लिमिटेड रानीनांगल के महाप्रबन्धक (गन्ना) टीएस यादव उपस्थित रहे।

सार संक्षेप

25 यूनिट बिजली का बिल दिया 2785 रुपये

ठाकुरद्वारा, अमृत विचार : बिजली विभाग के मीटर रीडर द्वारा उपभोक्ता की 25 यूनिट के बदले 525 यूनिट दिखाकर 2785 रुपये का बिल बना दिया। महिला ने उप खंड अधिकारी को शिकायती पत्र देकर 25 यूनिट का बिजली बिल बनाने की गुहार लगाई है। कोतवाली क्षेत्र के गांव गोपीवाला निवासी मिथिलेश पत्नी अशोक सिंह ने उप खंड अधिकारी को दिए शिकायती पत्र में कहा है कि बिजली बिल एजेंट की लापरवाही से उसके 25 यूनिट के स्थान पर 525 यूनिट दिखाकर 2785 रुपये का बिल दिया है। जबकि उसने जुलाई तक का 1798 रुपये का बिजली का भुगतान जमा कर दिया है। आरोप है कि मीटर रीडर ने 16 जुलाई को उसके घर आकर 25 यूनिट की जगह मशीन से 525 यूनिट दिखाकर 2785 रुपये का बिल बना दिया। उसने शिकायत कि तो वह गलती स्वीकार करने लगा। जिसकी तीन मिनट की वीडियो उपभोक्ता ने एजेंट को भेजकर जानकारी दी तो उसने गलती स्वीकार की है। पीड़ित महिला ने बिल ठीक कराने की मांग की है।

मरम्मत के दौरान आपूर्ति शुरू होने से झुलसा कर्मचारी

छजलैट, अमृत विचार : 11 हजार वोल्टेज की लाइन पर कार्य कर रहा लाइनमैन बिजली आपूर्ति शुरू होने से झुलस कर खंभे से गिर गया। ग्राम रसूलपुर चौराहा निवासी छिद्दा पुत्र रफी हसन बिजली विभाग में संविदा पर कार्य करता है। गांव में बिजली खराब होने पर छिद्दा एवं सुशील कुमार बिजली ठीक करने के लिए गांव में पहुंचे थे। 11 हजार की लाइन ठीक करने के लिए ग्राम रसूलपुर गुर्जर के बिजली घर से शटडाउन कराया गया था। लेकिन कार्य पूर्ण होने से पहले ही बिजली घर से आपूर्ति शुरू कर दी गई। जिससे छिद्दा झुलस गया और कई जगह उसकी खाल फट गई। ग्रामीण उसे चिकित्सालय ले गए। जहां से उसे मुरादाबाद के लिए रेफर कर दिया। विरासत हुसैन ने बताया कि छिद्दा का शरीर कई जगह से फट गया।

चेयरमैन और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने किया पौधरोपण

बिलारी, अमृत विचार : नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष रघुराज सिंह यादव ने सामाजिक कार्यकर्ताओं के साथ लक्ष्मण दास की मढ़ी के स्थान पर पहुंचे और उक्त भूमि का निरीक्षण कर पौधरोपण भी किया। नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष रघुराज सिंह यादव एवं सामाजिक कार्यकर्ता डॉ. राकेश रफीक, प्रेम कुमार प्रेम, जितेंद्र कुमार दक्ष, संजय सक्सेना, तिलक राज चादंना, रवि गोस्वामी, हकीम नईमुद्दीन, बबलू मसूदी, ओमकार सभासद, बज रतन सभासद एवं कई लोगों के साथ पौधरोपण किया गया। इस मौके पर चेयरमैन ने आश्वासन दिया कि यहां राजकीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी चिकित्सालय का निर्माण कराया जाएगा।

इंटर कॉलेज और मोक्षधाम में किया पौधरोपण

ठाकुरद्वारा/डिलारी, अमृत विचार : एक पेड़ मां के नाम के तहत ग्राम पंचायत बहेड़ी ब्रह्मनान में देवकी नन्दन शर्मा इण्टर कॉलेज, ढांडी नदी एवं मोक्षधाम में पौधरोपण किया गया। इस अवसर पर खण्ड विकास अधिकारी डिलारी अजय कुमार गौतम, राधेश्याम शर्मा, दाऊद अली, नेम सिंह, मोहित कुमार, अल्पना पंकज भारद्वाज, जकी अनवर, देवेन्द्र सिंह, राजेन्द्र सिंह, अवधेश कुमार, नजाकत अली, सीताराम कश्यप, मुसर्रत अंसारी, रिजवान प्रधान, रविन्द्र रूहेला ने पौधरोपण कर पेड़ लगाओ-पेड़ बचाओ का संकल्प लिया।

गर्मी के चलते कक्षा 10 की छात्रा स्कूल में बेहोश

ठाकुरद्वारा, अमृत विचार : नगलिया रोड निवासी सुनील कुमार की पुत्री काशीपुर रोड स्थित आंबेडकर पार्क के निकट स्थित विद्यालय में कक्षा 10 की छात्रा है। शनिवार को कक्षा में अधिक गर्मी के चलते वह बेहोश होकर बैंच से गिर गई। विद्यालय प्रबंधन द्वारा छात्रा के परिजनों को अवगत कर उसे सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया। उपचार को बाद हालत सामान्य होने पर उसे घर भेज दिया गया। चिकित्सक का कहना है कि गर्मी व कमजोरी से छात्रा बेहोश हो गई थी। ठीक होने पर अस्पताल से छुट्टी दी गई।

राशन दुकान का प्रस्ताव निर्मलपुर में कराने की मांग

ठाकुरद्वारा, अमृत विचार : ग्राम पंचायत गोपीवाला से जुड़े राजस्व गांव निर्मलपुर के ग्रामीणों ने एसडीएम को ज्ञापन देकर कहा कि रिक्त राशन दुकान का प्रस्ताव गांव में हो। ज्ञापन में कहा है कि ग्राम गोपीवाला में राशन दुकान का प्रस्ताव निष्पक्ष होना संभव नहीं है। यहां जब भी किसी तरह का प्रस्ताव होता है तो गांव के लोग लड़ाई झगड़े पर उतारु हो जाते हैं। ग्राम पंचायत चुनाव में भी एक व्यक्ति की लाठी-डंडों से पीटकर हत्या हो चुकी है। उन्होंने निर्मलपुर में राशन दुकान का प्रस्ताव होने पर बिना किसी विवाद के राशन मिलने की उम्मीद जाहिर की है। इसमें धर्मपाल सिंह, मोहम्मद हनीफ, चरन सिंह, अनिल कुमार, बाबूराम, नरेश कुमार, मुन्ना सिंह, रामफल सिंह, तेजपाल सिंह चौहान, ध्यान सिंह, रामकुंवर, ध्यान सिंह, अब्दुल रहीम, इंतजार, रशीद आदि थे।

एसी में फाल्ट से लगी घर में आग

कुंदरकी, अमृत विचार : थाना क्षेत्र के गांव में एसी फटने से घर में आग लग गई। परिवार के लोगों हादसे की सूचना पुलिस और फायर ब्रिगेड को दी। फायर ब्रिगेड की गाड़ी ने मौके पर पहुंच कर आग पर काबू पाया। शनिवार शाम छह बजे डॉ. दिलशाद पुत्र रफीक निवासी ग्राम नानपुर के मकान में लगे एसी में अचानक फाल्ट से ब्लास्ट हो गया। जिससे मकान में आग लग गई। आग से मकान में रखा सामान और कपड़े इत्यादि जल गए। परिवार के लोगों ने वहां से किसी तरह निकल कर अपनी जान बचाई। थाना प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार शर्मा ने भी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचकर जानकारी की।

आनंद बने केमिस्ट वेलफेयर एसो. के अध्यक्ष, राजीव कुमार उपाध्यक्ष

संवाददाता, ठाकुरद्वारा/सुरजननगर

- सुरजननगर कैमिस्ट वेलफेयर एसोसिएशन का गठन

अमृत विचार : सुरजननगर क्षेत्र के दवा विक्रेताओं ने केमिस्ट वेलफेयर एसोसिएशन का गठन किया है। इसें सर्वसम्मति से आनंद विश्नोई को अध्यक्ष व हेमराज सिंह उर्फ जॉली चौहान को कोषाध्यक्ष बनाया गया।

सुरजननगर क्षेत्र के दवा विक्रेताओं ने बैंक्वेट हॉल में मुरादाबाद केमिस्ट वेलफेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष तनुज अग्रवाल की अध्यक्षता में कार्यक्रम किया। कार्यक्रम का आरंभ ड्रग इंस्पेक्टर उर्मिला वर्मा ने दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम में सर्वसम्मति से आनंद विश्नोई को अध्यक्ष, मनोज कुमार, शहाबुद्दीन व राजीव कुमार को उपाध्यक्ष, हेमराज सिंह उर्फ जॉली को कोषाध्यक्ष, कृष्ण पाल सिंह को सचिव, हेमंत विश्नोई व विभोर कुमार को संयुक्त सचिव, प्रदीप विश्नोई व देवेंद्र कुमार को संगठन मंत्री, केशव कुमार व राहुल कुमार को मीडिया प्रभारी, जितेंद्र विश्नोई को सदस्य नियुक्त किया।

चुनाव के बाद ड्रग इंस्पेक्टर उर्मिला वर्मा ने पदाधिकारियों को एकजुट होकर संगठन को आगे बढ़ाने की बात कही। उन्होंने दवा विक्रेताओं से पक्के बिल पर ही दवाओं को विक्रय करने को कहा। इस अवसर पर शिवा कुमार, मनोज कुमार, सुबोध कुमार, ललित चौहान, घनेंद्र शर्मा, हरीराज सिंह, महेश कुमार, हर्षित शर्मा आदि उपस्थित थे।

सीएमओ ने गांव में देखी सफाई, निर्देश दिए

संवाददाता, छजलैट

अमृत विचार : सरकार के निर्देश पर क्षेत्र में संचारी रोग नियंत्रण अभियान चलाया जा रहा है। इसी के तहत चिकित्सा अधिकारियों ने गांव में अभियान का निरीक्षण कर निर्देश दिए।

शनिवार को सीएमओ डॉ. कुलदीप सिंह, डिप्टी सीएमओ संजीव बेलवाल व सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कांठ प्रभारी राजीव चौधरी ग्राम बेगमपुर पहुंचे। यहां उन्होंने संचारी रोग नियंत्रण अभियान के तहत घर-घर जाकर साफ सफाई व आशाओं के कार्यों के बारे में पूछताछ की। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि गांव में आशाएं काम कर रही हैं, जो घर-घर जाकर संचारी रोग अभियान के अंतर्गत साफ सफाई, पानी एकत्रित न करना, बीमार व्यक्तियों पर समय से दवा देने का कार्य चल रहा है। गांव में

रैली निकालते डीएसएम कॉलेज के शिक्षक व छात्र-छात्राएं। ● अमृत विचार

- बेगमपुर में संचारी रोग नियंत्रण अभियान का किया निरीक्षण

निरीक्षण के बाद शिविर के तहत 15 रोगियों को दवा वितरण की गई। जिसमें चार व्यक्ति बुखार से पीड़ित थे। सीएचसी के चिकित्सा अधिकारी राजीव चौधरी ने बताया कि सीएमओ द्वारा आशाओं को निर्देश दिए हैं कि गांवों में संचारी रोग अभियान के अंतर्गत सभी को जानकारी दें और कोई पीड़ित व्यक्ति है तो उसको स्वास्थ्य केंद्र में भेजा जाए। उन्होंने बताया कि जिन गांवों में मुख्य चिकित्साधिकारी ने संचारी रोग अभियान का निरीक्षण किया, उसमें किसी प्रकार की कोई कमी नहीं पाई गई। इस मौके पर बीपीएम चंद्रशेखर यादव, ग्राम प्रधान आशा ग्रामवासी उपस्थित रहे।

रैली निकालकर लोगों को किया जागरूक

कांठ, अमृत विचार : डीएसएम इंटर कॉलेज के स्टाफ एवं छात्र-छात्राओं ने रैली निकालकर संचारी रोगों एवं पौधरोपण के प्रति जागरूक किया। रैली डीएसएम कॉलेज से सहकारी गन्ना समिति, पेट्रोल पंप, पुराना बस अड्डा होते हुए वापस डीएसएम कॉलेज पर आकर संपन्न हुई। रैली में छात्र-छात्राएं पोस्टर, बैनर, स्लोगन एवं नारे लगाते हुए चल रहे थे। रैली के उपरांत एनसीसी एवं कृषि के छात्रों द्वारा विद्यालय में पौधरोपण किया गया। अभियान के तहत शासन ने प्रत्येक विद्यालय को लगभग 100 पौधे लगाने का लक्ष्य दिया था। छात्र-छात्राओं, अध्यापकों एवं कर्मचारियों द्वारा हर्षोल्लास के साथ पौधरोपण संपन्न हुआ। कार्यक्रम को संपन्न कराने में प्रधानाचार्य डॉ. कुमार देव अवस्थी के अलावा एनसीसी प्रभारी कुलदीप कुमार, मसूद हुसैन, ऋषभ विश्नोई, वासु विश्नोई आदि का सहयोग रहा।

प्रतियोगिता के लिए 57 विद्यार्थी चयनित

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

अमृत विचार : जवाहर नवोदय विद्यालय कालेवाला में दो दिवसीय संकुल स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता का शनिवार को समापन हो गया। जिसमें मुरादाबाद सहित पश्चिमी उत्तर प्रदेश के 14 नवोदय विद्यालयों के एथलेटिक्स दलों ने प्रतिभाग किया। ये सभी विद्यालय नवोदय विद्यालय समिति लखनऊ संभाग के आगरा संकुल में आते हैं।

एथलेटिक्स की विभिन्न प्रतियोगिताओं में संभाग स्तरीय खेलकूद मीट के लिए बालक एवं बालिका वर्ग से क्रमशः 30 व 27 विद्यार्थियों का चयन किया गया। बालक एवं बालिका वर्ग की प्रतियोगिताएं क्रमशः जवाहर नवोदय विद्यालय फर्रुखाबाद एवं जवाहर नवोदय विद्यालय लखीमपुर खीरी में होंगे। जिसके लिए चयनित खिलाड़ी 22 जुलाई में शारीरिक शिक्षा शिक्षक हर्षवर्धन एवं सीमा के नेतृत्व में प्रस्थान करेंगे। समापन समारोह को संबोधित करते हुए नवोदय विद्यालय के प्राचार्य डॉ. संतोष कुमार गौड़ ने चयनित छात्र छात्राओं को शुभकामनाएं दीं और संभाग स्तरीय प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रोत्साहित किया। विद्यालय के उप प्राचार्य अजय कुमार ने सभी को कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए धन्यवाद दिया।

प्रतियोगिता में प्रतिभाग करती छात्रा।

प्रतियोगिता में लंबी कूद लगाता छात्र।

प्रतियोगिता

- दो दिवसीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता का शनिवार को समापन
- 14 नवोदय विद्यालयों के छात्रों ने किया था प्रतिभाग

ट्रक की टक्कर से बाइक सवार की मौत

कांठ, अमृत विचार : ट्रक ने बाइक में टक्कर मार दी, जिससे बाइक सवार घायल हो गया। उसकी उपचार के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

ग्राम गांवड़ी निवासी कपिल कुमार पुत्र कमल सिंह उम्र 22 वर्ष कांठ से सामान लेकर शुक्रवार रात लगभग आठ बजे बाइक से अपने घर जा रहा था। जैसे ही उसकी बाइक केडी धर्म कांटे के पास पहुंची तो सामने से आ रहे ट्रक ने कपिल की बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर से बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने उसे सीएचसी में भर्ती कराया। हालत गंभीर होने पर उसे जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया था, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए मुरादाबाद भेज दिया है। मृतक की लगभग एक वर्ष पूर्व ही शादी हुई थी। मृतक के भाई अर्जुन सिंह पुत्र कमल सिंह की तहरीर पर ट्रक चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

कालोनी में लगे कूड़े के ढेर बीमारी फैलने की आशंका

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

अमृत विचार : नगर में जगह-जगह गंदगी के अंबार लगे हैं। इससे नगरवासियों को संक्रामक रोग फैलने की आशंका सता रही है। लेकिन जिम्मेदार अधिकारी व कर्मचारी इस ओर ध्यान नहीं दे रहे।

नगलिया रोड स्थित पूर्व विधायक मोहम्मद उल्ला चौधरी के आवास के गेट के सामने लोग कूड़ा डाल देते हैं। नगर पालिका के कर्मचारी सवेरे 10 बजे के बाद कूड़ा उठाते हैं। इसके बाद आसपास के लोग दोबारा यहां कूड़ा डाल देते हैं। कई बार शिकायत करने के बावजूद भी नगर पालिका प्रशासन द्वारा इस ओर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा। नगलिया रोड स्थित मदरसे से 50 मीटर दूरी पर भी कूड़े का ढेर लगा रहता है। छुट्टा जानवर यहां कूड़े के ढेर में खाना तलाशते हैं। इसी मार्ग से प्रतिदिन सैकड़ों छात्र व छात्राएं कोचिंग जाते हैं। कूड़े के ढेर के कारण उन्हें मुंह पर कपड़ा बांधकर निकलना पड़ता है। इससे स्थानीय निवासियों को क्षेत्र में संक्रामक रोग फैलने की भी आशंका है। इसी तरह मोहल्ला जमुनावाला, जोशियां सहित नगर क्षेत्र में दिनभर कूड़े का ढेर लगा रहता है।

तमंचा सहित युवक गिरफ्तार

कुंदरकी, अमृत विचार : शनिवार को पुलिस ने दबिश देकर युवक को पकड़ लिया। तलाशी में उसके पास से एक तमंचा और कारतूस बरामद हुआ। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर जेल भेज दिया है। पुलिस द्वारा बताया गया कि शनिवार को रमनभूषण के आम का बाग ढकिया रोड से बिलाल पुत्र कासिम निवासी मोहल्ला सादात पश्चिमी कस्बा को गिरफ्तार किया गया है।

महिलाओं ने मांगा राशन और आवास

ठाकुरद्वारा, अमृत विचार : तहसील के ग्राम गंझेड़ा आलम निवासी आसमा ने उपजिलाधिकारी को ज्ञापन देकर कहा कि वह गरीब महिला है। उसके पास रहने के लिए घर नहीं है। टिन और पन्नी डालकर जीवन व्यतीत कर रही है। उसके परिवार को बरसात में दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। आवास के लिए कई बार सर्वे हो चुका है, लेकिन आवास नहीं बना है। उसने सरकारी योजना में आवास बनवाने की मांग की है। दूसरी तरफ बैरमपुर निवासी इशरत जहां ने प्रार्थना पत्र देकर कहा कि उसका अंत्योदय राशन कार्ड देवर ने हड़प लिया है। डीलर से देवर ही राशन ले लेता है, जबकि वह भुखमरी के कगार पर है। उसने राशन कार्ड दिलाने की मांग की है।

नाम परिवर्तन

मैंने अपना नाम इमरान IMRAN से बदलकर इमरान खान IMRAN KHAN पुत्र ZAHIR जहीर निवासी गांव व पोस्ट चौधरपुर जिला अमरोहा रख लिया भविष्य मे मुझे इसी नाम से पुकारा जाये |

Shree Balaji Finances Associates
New And Used Comercial Vehicle Loan
Home Loan | Personal Loan | Education Loan | Business Loan | Mortgage Loan
Our Specialisation- Minimum Document, Interest & Minimum Time period Maximum Loan Amount
We Provided Investor For All Types Of Property Purchase & Sale Deals
All types loan amount 1 lakh to 1 Cr. Provided
Sumit Rahal Mob.- +91 9058612491
Add:- Opp. Crest Hospital, Mora Mustqam, Kanth Road, Moradabad- 244001

पर्यावरण शिक्षण संस्थाओं में पौधरोपण कर छात्र-छात्राओं को पर्यावरण का महत्व बताकर पौधे लगाने की अपील की

पौधरोपण कर उनकी देखभाल का संकल्प भी करें

संवाददाता, बिलारी

अमृत विचार : आरपी विद्या मंदिर इंटर कॉलेज स्योडारा में वन महोत्सव कार्यक्रम के तहत एसबीआई शाखा बिलारी के प्रबंधक शुभम कश्यप ने पौधरोपण किया। शनिवार को एक पौधा मां के नाम के तहत आरपी विद्या मंदिर इंटर कॉलेज स्योडारा में भारतीय स्टेट बैंक बिलारी के शाखा प्रबंधक शुभम कश्यप ने विद्यालय में पौधरोपण किया।

उन्होंने विद्यार्थियों से पौधे लगाने और उनकी देखभाल का संकल्प लेने का आह्वान किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के प्रधानाचार्य राजीव कुमार शर्मा तथा संचालन मनमोहन कौशिक नोडल प्रभारी पौधरोपण अभियान ने किया। इस अवसर पर डॉ. अनुपम गुप्ता, फरहीन खान, पूजा यादव, बलवंत सिंह, संजीव कुमार सिंह, सुदेश कुमार, दीपक कुमार शर्मा, हरिशंकर शर्मा रहे।

वहीं, शनिवार को श्रीमती मीरा अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में पौधरोपण अभियान के अंतर्गत उप जिलाधिकारी एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट ने पौधरोपण किया। दोनों अधिकारियों ने विद्यार्थियों को मन लगाकर पढ़ाई करने और अधिक से अधिक पौधे लगाने का आह्वान किया। कार्यक्रम के उपरांत विद्यालय के प्रधानाचार्य पंडित विनोद कुमार मिश्रा ने दोनों अधिकारियों को पटका पहनाकर स्वागत किया।

विद्यालय परिसर में पौधरोपण करते शाखा प्रबंधक व अन्य।

महाविद्यालय में पौधरोपण करते प्रबंधक सोनू यादव व अन्य।

तहसील बार के पदाधिकारियों ने किया पौधरोपण

कांठ, अमृत विचार : तहसील बार एसोसिएशन द्वारा तहसील में अधिकारियों एवं अधिवक्ताओं द्वारा पौधरोपण किया गया। न्यायाधिकारी ग्राम न्यायालय कुंवर सूर्यसेन सिंह एवं उनकी पत्नी शिवांगिनी सिंह, उप जिलाधिकारी, तहसीलदार, उप निबंधक जमाल फैसल एवं अधिवक्ताओं द्वारा न्यायालय में पौधरोपण किया। इस अवसर पर मोहम्मद अयूब, नन्हे खां, वैभव विश्नोई, दीपक विश्नोई, सुशील विश्नोई, डॉ. विनीत, मोहित विश्नोई, निकेश विश्नोई, विजयवीर सिंह, मोहम्मद इकबाल, प्रमोद शर्मा, कोमल सिंह, विकास यादव, दीपक चौहान, आदित्य सक्सेना, मनोज भटनागर आदि मौजूद रहे।

महाविद्यालय परिसर में लगाए 200 पौधे

बिलारी, अमृत विचार : नगर के हरि मंगल महाविद्यालय में हरितमा अमृतवन के अंतर्गत राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के स्वयंसेवकों ने महाविद्यालय परिसर में 200 पौधे लगाए। इस दौरान महाविद्यालय के प्रबंधक सोनू यादव तथा प्राचार्य डॉ. राजेश रंजन उपस्थित रहे। पौधरोपण के दौरान प्रबंधक ने स्वयंसेवकों को पर्यावरण का महत्व बताया। उन्होंने कहा कि हमें अपने आसपास की भूमि व धार्मिक स्थलों पर एवं प्राथमिक विद्यालयों में पौधरोपण करना चाहिए। इससे पर्यावरण का संतुलन बना रहेगा। इस दौरान कार्यक्रम में कार्यक्रम अधिकारी डॉ. ज्योति गुप्ता, सुरेंद्र चौहान, शंकर सिंह, राजवीर सिंह, मनोज यादव, मोहित यादव आदि उपस्थित रहे। स्वयंसेवकों में महक, ईरा, इकरा, निशा फातिमा, ईरम, अफजल, अर्शिफा सैफी, नगमा, वाणी भटनागर, आशीष ठाकुर, गौरव सैनी, आकांक्षा, हिमांशी, पिंकी, छाया, रश्मि, अपूर्व गुप्ता, आयशा, सुमैया, रचना, संकेत सक्सेना आदि उपस्थित रहे।

प्रवेश प्रारम्भ
बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली
बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ ह्यूमनटीज एण्ड जर्नलिज्म
- बी.ए. (जर्नलिज्म)
- बी.ए. (मास कम्युनिकेशन)
- एम.ए. (जर्नलिज्म)
- एम.ए. (मास कम्युनिकेशन)
- एम.ए. (अंग्रेजी)
- एम.ए. (मनोविज्ञान)

बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट
- बी.कॉम. (ऑनर्स)
- बी.बी.ए. (फाइनेन्स एण्ड टेक्सेशन)
- बी.सी.ए. (आई.टी. एंड मल्टीमीडिया)
- एम.कॉम.
- एम.बी.ए.

प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
डॉ. आशीष शर्मा (9105500202)
श्रीमती रिचा गुप्ता (9105500404)
श्री अतुल बाबू (7409998289)

एक नजर

चिकित्साधीक्षक ने एएनएम व संगनी का वेतन रोका

स्वार, अमृत विचार : सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में 41 एएनएम व 13 संगनी तैनात हैं। प्रति एएनएम व संगनी को हर माह तीन नसबंदी कराने का लक्ष्य दिया गया है। लेकिन एएनएम व संगनी अपने दायित्वों को नहीं निभा पा रही हैं। इसके चलते नसबंदी का लक्ष्य पूरा नहीं हो रहा है। उन्होंने तीन माह से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर कोई भी नसबंदी नहीं कराई है। इस पर चिकित्साधीक्षक डा. देवेश चौधरी ने 41 एएनएम व 13 संगनी के वेतन पर रोक लगा दी है।

वीरेश भीम अनार्य आज होंगे सम्मानित

रामपुर, अमृत विचार : भारतीय वाल्मीकि धर्म समाज भावाधस (भीम) की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक शनिवार को बैठक हुई। इसमें गुरु पूर्णिमा पर वीरेश भीम अनार्य को सम्मानित करने का निर्णय लिया गया। इसमें जिलाध्यक्ष कमल द्राविड़, डीके भारती, माइकल वाल्मीकि, शिवेन्द्र भारती, अभिषेक बाबू आदि ने विचार व्यक्त किए।

श्री त्रिपुरेश्वरी शक्तिपीठ में सुबह नौ से शाम सात बजे तक मनाया जाएगा गुरु पर्व

गुरु को सर्वस्व अर्पित करने का दिन है गुरु पूर्णिमा

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : पौराणिक मान्यता के अनुसार गुरु पूर्णिमा को महाभारत के रचियता वेद व्यास का जन्म दिवस माना जाता है। उनके सम्मान में इस दिन को व्यास पूर्णिमा भी कहा जाता है। आचार्य महायोगी डा. राधेश्याम शर्मा वासंतेय ने बताया कि शास्त्रों में यह भी कहा गया है कि गुरु पूर्णिमा के दिन ही महर्षि वेदव्यास ने चारों वेद की रचना की थी। इसी कारण उनका नाम वेद व्यास पड़ा। इस बार गुरु पूर्णिमा का पर्व रविवार को मनाया जाएगा। मान्यता है कि इस दिन ली गई दीक्षा और गुरु मंत्र असाध्य कष्टों से छुटकारा दिला सकता है।

भारत में प्राचीन काल से ही गुरुओं की भूमिका अहम रही है। चाहे प्राचीन कालीन सभ्यता हो या आधुनिक दौर, समाज के निर्माण में गुरुओं की भूमिका को अहम माना गया है। उनकी इस भूमिका को सरल और गूढ़ रूप में संत कबीरदास ने अपने दोहे के माध्यम से भी दर्शाया है। अपने दोहे में संत कबीरदास ने गुरुजनों के महत्व को श्रेष्ठ दर्जा दिया है। वह लिखते हैं कि गुरु गोविंद दोऊ खड़े, काके लागूं पायं। बलिहारी गुरु आपने, गोविंद दियो बताए। यानी गुरु और गोविंद (भगवान) एक साथ खड़े हों तो किसे प्रणाम करना चाहिए- गुरु को या गोविंद को। अगली पंक्ति में वह सका जवाब भी देते हैं। वह लिखते हैं कि ऐसी स्थिति हो तो गुरु के चरणों में प्रणाम करना चाहिए। क्योंकि उनके ज्ञान से ही आपको गोविंद के दर्शन का सौभाग्य प्राप्त हो रहा है।

आचार्य महायोगी डा. राधेश्याम शर्मा वासंतेय। ● अमृत विचार

साधकों के लिए गुरु पूर्णिमा अद्भुत पर्व : वासंतेय

श्री त्रिपुरेश्वरी शक्तिपीठ के आचार्य महायोगी डॉ. राधेश्याम शर्मा वासंतेय ने बताया कि शक्तिपीठ में गुरु पूर्णिमा पर्व 21 जुलाई को प्रात: नौ से शाम सात बजे तक संपन्न होगा। दीक्षित परिवार गुरु पूर्णिमा के दिन इस कार्यक्रम में गुरु पादुका का पूजन कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि व्यास पूजा अथवा गुरु पूर्णिमा सभी साधकों, शिष्यों के जीवन काल में एक ऐसा अद्भुत पर्व होता है, जब वह अपने गुरु को अपना सर्वस्व अर्पित करते हैं। इस विश्व के सर्वप्रथम गुरु तो महादेव ही हैं। ज्ञान की यह परंपरा महादेव से शुरू हुई। फिर ऋषि वेदव्यास ने पूरे भारत में घूमकर ऋषियों को तैयार किया। इसलिए गुरु पूर्णिमा का दिन ऋषि वेदव्यास का दिन है। आज के दिन हम ऋषि वेदव्यास को स्मरण करते हैं। आज तक गुरु पदवी पर आसीन ऋषियों, योगियों को स्मरण करते हैं। हम उनसे याचना करते हैं, आशीर्वाद मांगते हैं कि हम भी एक ऋषि हो सकें। हम देह के भोग और मन के झूठे गर्व तथा अभिमान में चूर होकर मानव जीवन का नाश न कर लें। हम इस जीवन को सार्थक कर सकें।

स्कूल में पौधे लगाते शिक्षक व छात्र।

मसवासी के कालेज में हुआ पौधरोपण

मसवासी, अमृत विचार : शनिवार को पौधरोपण कार्यक्रम के तहत नगर के सर्वहित कारी इंटर कॉलेज में प्रधानाचार्य अजय प्रकाश दीक्षित ने अध्यापकों के साथ पौधरोपण किया।

इस मौके पर देवेंद्र कुमार वर्मा, सूरज जोशी, योगेश चंद्र परगाई, लक्ष्य प्रकाश, अशोक चौहान, विपिन कुमार चौहान, आदि शामिल रहे। उधर विकास भारती स्कूल में प्रधानाचार्य स्मिता गुप्ता ने पौधारोपण कर पर्यावरण शुद्ध बनाने के लिए हवन किया। बताया कि पौधों से जनजीवन खुशहाल रहता है और बीमारियां दूर होती है।

पर्यावरण संवारने को मां के नाम लगाएं एक पौधा : राज्यमंत्री

राज्यमंत्री और नोडल अधिकारी ने किया पौधरोपण, एक पेड़ मां के नाम थीम के साथ जिले में लगाए गए पौधे

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : राज्यमंत्री बलदेव सिंह औलख ने कहा कि हमारे पूर्वज छायादार पौधे लगाते थे। इससे बेहतर प्राकृतिक माहौल मिलता था। सरकार द्वारा मनरेगा के अंतर्गत ग्राम पंचायत को इन सभी प्राकृतिक अनुकूल कार्यों को करने के लिए सक्षम बनाया गया है। पौधरोपण जैसे महत्वपूर्ण कार्य में जन भागीदारी सर्वाधिक महत्वपूर्ण है। इसलिए प्रत्येक व्यक्ति अपनी मां के नाम कम से कम एक पौधा अवश्य लगाए।

एक पेड़ मां के नाम थीम के साथ जिले में जनता की सहभागिता कराते हुए शासन द्वारा निर्धारित 26 लाख 40 हजार पौधरोपण का लक्ष्य पूरा किया गया। राज्य मंत्री बलदेव सिंह औलख, शहर विधायक आकाश सक्सेना और प्रमुख सचिव पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं जनपद के नोडल अधिकारी सुभाष चंद्र शर्मा, जिलाधिकारी जोगिन्दर सिंह, सीडीओ डॉ. नंद किशोर कलाल ने विकासखंड के चमरौआ में स्थित रेवती नदी के तट पर और विकास खंड मिलक के ग्राम पंचायत क्योरार में चिन्हित स्थल पर लोगों के साथ पौधरोपण किया। सभी जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने अपनी मां के नाम पौधे रोपित किए। पीपल, आंवला वट वृक्ष आदि के प्राकृतिक और औषधीय महत्व के बारे में बताते हुए कहा कि सभी को इन पेड़ों के प्रति अपनी जिम्मेदारी को समझना होगा।

चमरौआ में पौधरोपण करते नोडल अधिकारी। ● अमृत विचार

जौहर विवि में पौधरोपण करते सपाई। ● अमृत विचार

स्कूल में पौधरोपण करते प्रधानाचार्य।

नोडल अधिकारी ने गांधी समाधि पर अर्पित की श्रद्धांजलि

नोडल अधिकारी ने गांधी समाधि स्थल पर श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके बाद गांधी समाधि स्थल के निकट निर्धारित स्थल पर पौधरोपण किया। जिलाधिकारी ने कहा कि एक पेड़ मां के नाम मुहिम से प्रत्येक व्यक्ति जुड़े और अपने आसपास कम से कम एक पौधा जरूर लगाए। डीएफओ राजीव कुमार ने बताया कि वृहद पौधारोपण के तहत कदम, शीशम, अर्जुन, जामुन, आंवला, अमरुद, नींबू, सागौन, चक्रेशिया, पीपल, बरगद, पाकड़, गुटेल, कोनो कॉरपस, मालश्री, चितवन आदि के पौधे रोपित किए गए। इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष ख्यालीराम लोधी, पूर्व सांसद घनश्याम सिंह लोधी, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व हेमसिंह, एसडीएम सदर मोनिका सिंह, एसडीएम मिलक राजेश कुमार, खंड विकास अधिकारी चमरौआ निहारिका जैन, खंड विकास अधिकारी मिलक धीरेंद्र पाल सिंह चौहान मौजूद रहे।

सपाइयों ने जौहर विवि में किया पौधरोपण

रामपुर, अमृत विचार : सपाइयों ने जौहर यूनिवर्सिटी में पौधरोपण किया। इस मौके पर स्वार-टांडा विधान सभा से पूर्व प्रत्याशी अनुराधा चौहान, वीरेंद्र गोयल, जफरूद्दीन खां, सतनाम सिंह, रहीस अहमद, सैफनी के चेयरमेन फैजान खां, अकील उर हमान, गगन चीमा, मुकीम मन्सूरी, संजय यादव, हरज्ञान यादव, अमरीष पटेल आदि मौजूद रहे।

महिला डिग्री कॉलेज में हुआ पौधरोपण

रामपुर, अमृत विचार : राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय में एक पेड़ मां के नाम के तहत पौधरोपण किया गया। प्राचार्य डॉ. अतुल शर्मा ने कहा कि सरकार के साथ सभी को इस महाभियान में योगदान देना होगा। इस अवसर पर प्राध्यापकों और छात्राओं ने अर्जुन, नीबू, बहेड़ा, सहजन, अमरूद, सागौन, नीम, अश्वगंधा, तुलसी आदि के पौधे लगाए।

हामिद इंटर कालेज में लगाए गए 100 पौधे

रामपुर, अमृत विचार : राजकीय हामिद इंटर कॉलेज में 100 पौधे लगाए गए। प्रधानाचार्य डॉ. अरविंद कुमार गौतम ने छात्रों को पेड़ लगाने के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर रमेश चंद्र गंगवार, राजकुमार, लालता प्रसाद गंगवार, ओम प्रकाश सैनी, अतहर अहमद, वसी अहमद, विनय कुमार, यश कुमार, हरिओम, सुहेल खां सहित छात्र उपस्थित रहे।

गांव सरकड़ी के प्राथमिक विद्यालय में पौधरोपण करतीं बीईओ बबीता सिंह।

परिषदीय विद्यालयों में बीईओ ने लगवाए चार हजार पौधे

स्वार, अमृत विचार : शनिवार को ब्लॉक के सभी परिषदीय विद्यालयों में चार हजार पौधे लगाए। कार्यक्रम का शुभारंभ खंड शिक्षा अधिकारी बबीता सिंह ने प्राथमिक विद्यालय सरकड़ी में पौधरोपण से किया।

इस दौरान धनौरी, समोदिया, रसूलपुर, भोट बक्काल, रजानगर, नरपतनगर, मुंशीगंज, बिजारखाता, सेमरा लाड़पुर, मिलकताज खां, पुसबाड़ा, धनुपुरा, कंपोजिट स्कूल कन्या टांडा प्राथमिक विद्यालय मधुपुरी में चार हजार पौधे रोपित किए गए।

कार्यालय परिसर में शपथ लेते बीएसए एवं कर्मचारी। ● अमृत विचार

जिला बेसिक शिक्षाधिकारी ने पौधों की देखभाल करने की शपथ दिलाई

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : जिला बेसिक शिक्षाधिकारी राघवेंद्र सिंह ने कार्यालय परिसर में पौधरोपण किया। इसके बाद अधीनस्थों को पौधों की देखभाल करने की शपथ दिलाई। बीएसए ने कहा कि वृक्ष हमारे जीवन का मूल आधार हैं। प्रत्येक व्यक्ति को पौधे लगाने का संकल्प लेना चाहिए। इस दौरान बीईओ मुख्यालय स्नेहदीप कनौजिया, डीसी राहुल सक्सेना, अंकित सक्सेना, सतेंद्र शर्मा, रफत अली खां, राहुल कुमार, जानिसार अख्तर, पौधा रोपण प्रभारी मोहित सिंह, बीएसए के स्टेनो शुभम चौहान आदि मौजूद रहे।

पौधरोपण करते प्रधान संगठन के जिला महासचिव काशिफ खां।

मनकरा में लगाए एक हजार पौधे

रामपुर, अमृत विचार : चमरौआ ब्लॉक की ग्राम पंचायत मनकरा में प्रधान संगठन के जिला महासचिव काशिफ खां और ग्राम पंचायत अधिकारी मोहम्मद उमर फारूक ने पौधरोपण किया।

ग्राम प्रधान सना काशिफ ने बताया कि एक दिन में ही गांव में एक हजार से अधिक पौधे लगाए गए हैं। पौधरोपण में इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य हरिनाथ यादव, लेखपाल रमेश चंद्र, नेहा खान, हीरालाल सैनी, राफिया खानम, डॉ. नाजिम आदि मौजूद रहे।

जिला पंचायत परिसर में किया गया पौधरोपण

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : जिला पंचायत अध्यक्ष ख्याली राम लोधी ने जिला पंचायत परिसर में पौधा रोपित किया। उन्होंने कहा कि पौधरोपण कार्यक्रम का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण और हरियाली को बढ़ावा देना है। उन्होंने लोगों को अधिक से अधिक पौधे लगाने के लिए प्रेरित किया।

जिला पंचायत सदस्य मुस्तफा हुसैन ने कहा कि पौधरोपण से न केवल पर्यावरण का संरक्षण होता है, बल्कि यह भावी पीढ़ियों के लिए भी महत्वपूर्ण है। इस अवसर पर हरज्ञान सिंह यादव, संजय यादव, इम्तियाज हुसैन, अताउर रहमान, संजय यादव, कृष्ण अवतार लोधी, अफसान खां, रिजवान अली, सोनू लोधी, महा सिंह, अपर मुख्य अधिकारी नीरज सिंघल आदि मौजूद रहे।

पौधरोपण करते अध्यक्ष ख्यालीराम लोधी एवं अन्य। ● अमृत विचार

बच्चों को पौधे दिए गए

रामपुर, अमृत विचार : ककरौआ स्थित कोमल पब्लिक स्कूल में भाजपा नेता एवं पूर्व डायरेक्टर पीसीएफ प्रेमपाल सिंह सैनी ने पौधरोपण किया। प्रबंधक योगेश शर्मा, समाजसेवी डॉ.फुरकान व इंस्पेक्टर महिला थाना रजनी द्विवेदी, सब इंस्पेक्टर सोमपाल सिंह, दीपा चौहान, वीरेंद्र कुमार स्टाफ सहित उपस्थित रहे।

कुतुब मियां के फाटक में ली बुखार रोगियों की जानकारी

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : जिला मलेरिया अधिकारी संजय सिंह चौहान, सहायक मलेरिया अधिकारी राजेश रॉय ने शहरी क्षेत्र के मोहल्ला कुतुब मियां का फाटक में घर-घर जाकर लोगों से बुखार के रोगियों की जानकारी ली। मलेरिया, फाईलेरिया निरीक्षकों ने ब्लॉक सैदनगर के घाटमपुर में अभियान की मॉनीटरिंग की।

इस दौरान उन्होंने बुखार, आईएलआई, क्षय रोग, कुष्ठ रोग, फाईलेरिया एवं कालाजार के लक्षण तथा कुपोषित बच्चों के बारे में लोगों को बताया। उन्होंने लोगों को साफ-सफाई के लिये प्रेरित किया। सोते समय मच्छरदानी का प्रयोग करने को कहा। उन्होंने सोर्स रिडक्शन की कार्रवाई क्लोरीनेशन, पेयजल को उबालना, शौचालय का प्रयोग, साबुन से हाथ धोना आदि के बारे में जनसामान्य को जागरूक किया। बताया कि बरसात के मौसम में साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखें।

कुतुब मियां के फाटक में बुखार के बारे में जानकारी लेते अधिकारी।

गूल को कब्जामुक्त कराने की लगाई गुहार

बिलासपुर, अमृत विचार : वर्षों से अवैध कब्जे की जद में आई एक गूल को कब्जा मुक्त कराने के लिए किसानों ने तीसरी बार शिकायती पत्र दिया। आरोप लगाया कि उप जिलाधिकारी से शिकायत करने पर कर्मचारी मौके पर पहुंचे थे। लेकिन, समस्या का समाधान नहीं कर पाए।

सिसौना गांव के किसान एकत्र होकर तहसील पहुंचे। एसडीएम की गैर मौजूदगी में उनके स्टेनो को शिकायती पत्र दिया। किसानों ने आरोप लगाया कि गूल पर कुछ व्यक्तियों ने कब्जा कर उसे पाट दिया है। कहा कि उन्होंने एसडीएम से शिकायत की थी। तब एसडीएम की निर्देश पर लेखपाल व अन्य कर्मचारी मौके पर गए थे। मगर गूल को कब्जा मुक्त कराने के बजाए खानापूर्ति करके चले गए। उन्होंने एसडीएम से गूल को कब्जा मुक्त कराने की मांग की। शिकायत करने वालों में पुष्पेन्द्र सिंह, राजेन्द्र सिंह, सुरेन्द्र सिंह, हरपाल सिंह, जुनैद अली आदि शामिल रहे।

सतर्कता | विभागीय अधिकारियों ने खाद्य सुरक्षा अधिकारी को दिए निर्देश

हाईवे पर बंद रहेंगे नॉनवेज के ढाबे-रेस्टोरेंट

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : सावन को लेकर खाद्य विभाग अलर्ट हो गया है। हाईवे किनारे स्थित सभी नॉनवेज होटल, ढाबे और रेस्टोरेंट बंद रहेंगे। खाद्य सुरक्षा अधिकारियों को निर्देश दिया गया है कि वह अपने क्षेत्रों में भ्रमण कर नॉनवेज होटलों व ढाबों को बंद कराएं। इसमें लापरवाही मिलने पर संबंधित के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

जनपद में बड़ी संख्या में शिव भक्त कांवड़ लेने के लिए बृजघाट और हरिद्वार जाते हैं। अन्य जनपदों के कांवड़ियों के जत्थे भी हाईवे से होकर गुजरते हैं। कांवड़ यात्रा को ध्यान में रखते हुए खाद्य सुरक्षा एवं औषधि विभाग अलर्ट हो गया है। सहायक आयुक्त सुनील कुमार शर्मा ने सभी खाद्य सुरक्षा अधिकारियों से कहा कि 22 से 8 अगस्त तक जनपद और अन्य जनपदों के कांवड़ियों के जत्थे हाईवे से गुजरेंगे। शिव भक्तों के लिए जगह-जगह भंडारे भी लगेंगे। इनमें शिवभक्तों को दी जाने वाली खाद्य सामग्री की जांच खाद्य सुरक्षा अधिकारी द्वारा की जाएगी। कहा कि बिना बताए वह मुख्यालय नहीं छोड़ेंगे। शिव मंदिरों के आसपास लगने वाले मेलों में खाद्य व पेय पदार्थ की गुणवत्ता की जांच करेंगे। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

सुनील कुमार शर्मा, सहायक आयुक्त, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन।

मंदिरों पर खाद्य सुरक्षा अधिकारी नियुक्त

सहायक आयुक्त सुनील कुमार शर्मा ने बताया कि रठौंडा मंदिर में अशोक कुमार, अजरा बी, भमरौआ मंदिर में मनोज कुमार, राहुल शुक्ला, पंजाबनगर मंदिर में राहुल शुक्ला और अशोक कुमार को नियुक्त किया गया है। सभी अधिकारी अपने क्षेत्र में शिवभक्तों को दी जाने वाली खाद्य सामग्री की जांच करेंगे।

> कांवड़ यात्रा को लेकर खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की मंदिरों पर ड्यूटी लगा दी गई है। वह मंदिरों के आसपास बिकने वाले खाद्य पदार्थों की जांच करेंगे। साथ ही हाईवे के समस्त नॉनवेज ढाबे, होटल व रेस्टोरेंट बंद रहेंगे।
>
> -सुनील कुमार शर्मा, सहायक आयुक्त, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन

सार संक्षेप

आवारा कुत्तों से नगरवासी परेशान, करते हैं हमला

टांडा, अमृत विचार : नगर में घूमते आवारा कुत्तों के झुंड से नगरवासी परेशान हैं। बड़ी संख्या में गली व रास्ते में बैठे यह कुत्ते लोगों पर हमला कर देते थे। नगरवासियों ने पालिका से आवारा कुत्तों को पकड़वाकर जंगल में छोड़ने की मांग की है। नगर में आवारा कुत्तों का खौफ है। नगर की गलियों और रास्तों में आवारा कुत्तों का झुंड घूमता रहता हैं। यह रास्तों में खेलते बच्चों पर दौड़ पड़ते हैं। लोगों का कहना है कि स्कूल जाने वाले बच्चों को इनसे खतरा है। बुर्कानशीन महिलाओं को देखते ही कुत्ते भोंकने लगते हैं। नगरवासियों ने पालिका से आवारा कुत्तों को पकड़वाकर पीपली वन में छुड़वाने की मांग की है।

टांडा में घूमते आवारा कुत्ते।

फर्स्ट इंप्रेशन पब्लिक स्कूल में मनाया विश्व शतरंज दिवस

रामपुर, अमृत विचार : फर्स्ट इंप्रेशन पब्लिक स्कूल में शनिवार को विद्यार्थियों ने शतरंज खेल कर विश्व शतरंज दिवस मनाया। प्रबंधक अतुल कुमार सिंह ने बताया कि विश्व शतरंज महासंघ ने 1966 में इस तिथि को घोषित किया था। प्रधानाचार्य वंदना डिमरी ने बताया कि अंतर्राष्ट्रीय शतरंज दिवस का उद्देश्य दुनिया भर में शतरंज को बढ़ावा देने के साथ खेल द्वारा सांस्कृतिक और बौद्धिक स्तर और अधिक प्रखर करना है। यह शतरंज के रणनीतिक और संज्ञानात्मक लाभों के साथ इसके सामाजिक और सांस्कृतिक प्रभाव की सराहना करने का खास दिन है। इस दौरान छात्र-छात्राओं ने शतरंज खेला। विजेताओं को सम्मानित किया गया।

एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत लगाए पौधे

शाहबाद, अमृत विचार : शनिवार को उपजिलाधिकारी सुनील कुमार प्रथम ने एक पेड़ मां के नाम के अभियान की शुरूआत की। उपजिलाधिकारी ने खंड विकास अधिकारी नरेंद्र पाल सिंह के साथ भरतपुर गांव में पौधरोपण किया। चतरपुर झील पर तहसीलदार शिवकुमार शर्मा के साथ पौधे रोपे। अधिकारियों ने पौधों को संरक्षित करने का संकल्प भी लिया। उपजिलाधिकारी ने कहा कि पौधे लगाकर उनकी देखभाल भी जरूरी है। नगर पंचायत को भी 1860 पौधे लगाने का लक्ष्य दिया गया है। चेयरमैन के प्रतिनिधि व स्वच्छता प्रेरक वसीम खां ने राजकीय बालिका इंटर कॉलेज की प्रधानाचार्य व स्वच्छ सर्वेक्षण की ब्रांड एंबेसडर वंदना शर्मा के साथ नगर पंचायत परिसर से अभियान की शुरुआत की। इस दौरान नवेद मियां, मुजीब मियां, रेहान अहमद, फरहा आदि उपस्थित रहे।

पौधरोपण करते वसीम खां व जीजीआईसी की प्रधानाचार्य वंदना शर्मा।

डिग्री कॉलेज में किया 450 पौधों का रोपण

रामपुर, अमृत विचार : राजकीय रजा स्नातकोत्तर महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. जागृति मदान को नोडल अधिकारी नामित किया गया था। राजकीय रजा स्नातकोत्तर महाविद्यालय के दिशा निर्देशन में जनपद के 30 महाविद्यालयों में पौधरोपण किया गया। मुख्य अतिथि समाजसेवी सतीश भाटिया एवं वायु सेना से रिटायर्ड तौकीर अहमद ने पौधरोपण किया। इस मौके पर डॉ. हितेंद्र कुमार सिंह, डॉ. प्रदीप कुमार, डॉ. मुजाहिद अली, डॉ. बीके राय, डॉ. अजीता रानी, डॉ.नरेश कुमार, डॉ.निधि गुप्ता, डॉ. दुर्गेश सिंह यादव, डॉ. प्रतिभा आदि मौजूद रहे।

पुलिस ने लाइन में एसपी ने लगाए पौधे

रामपुर, अमृत विचार : पेड़ लगाओ, पेड़ बचाओ जन अभियान में एक पेड़ मां के नाम के तहत शनिवार को पौधरोपण हुआ। इसके तहत पुलिस अधीक्षक विद्यासागर मिश्र ने पुलिस लाइन में पौधरोपण किया। इस दौरान क्षेत्राधिकारी लाइन एवं प्रतिसार निरीक्षक आदि उपस्थित रहे।

डीआईओएस ने पौधे लगाने के लिए किया प्रेरित

रामपुर, अमृत विचार : जिला विद्यालय निरीक्षक मुन्ने अली ने राजकीय जुल्फिकार इंटर कॉलेज में शिक्षकों व कर्मचारियों तथा छात्रों के साथ पौधरोपण किया। कहा कि पेड़ आक्सीजन के अलावा वातावरण की गर्मी को भी कम करते हैं। बादलों को अपनी ओर आकर्षित करते हैं। इस अवसर पर बनवारी लाल, सुधीर यादव, राकेश कुमार, अनिल कुमार, अजय कुमार वर्मा, विष्णु शर्मा, करण सिंह, सौदान सिंह समेत समस्त छात्र उपस्थित रहे है।

पीपली वन में कई जगह लगाए पौधे, संरक्षण का संकल्प

स्वार, अमृत विचार : तहसील क्षेत्र के पीपली वन में प्रधानमंत्री के एक पौधा मां के नाम कार्यक्रम के तहत एसडीएम अमन देओल, वन रेंजर मुजाहिद हुसैन, ब्लाक प्रमुख शाहीन युसूफ ने कई जगह पौधारोपण किया। रेंजर मुजाहिद हुसैन ने कहा कि एक पौधा अपनी मां के नाम पर सभी को लगाना चाहिए। सभी ने पौधों के संरक्षण का संकल्प भी लिया। वीडीओ ऋषि पाल, प्रधान दर्शन लाल कंबोज, जिला पंचायत सदस्य गोकुल कंबोज, वन दरोगा शील कुमार, कपिल कुमार, जगवती आदि मौजूद रहे।

जाहिदपुर में बच्चों के साथ शाखा प्रबंधक मोहम्मद सुहेल।

बैंक ऑफ बड़ौदा के कर्मचारियों ने बांटीं कॉपी-किताबें

शाहबाद, अमृत विचार : बैंक ऑफ बड़ौदा के कर्मचारियों ने नौनिहालों के साथ बैंक का 117वां स्थापना दिवस मनाया। इस अवसर पर उन्होंने बच्चों को नि:शुल्क किताबें, कॉपियां एवं पेंसिल बांटीं। शाखा प्रबंधक मोहम्मद सुहेल ने बताया कि प्राथमिक विद्यालय जाहिदपुर, रुस्तमपुर एवं टांडा में कॉपी-किताबें पाकर बच्चे खुश हो गए। इस मौके पर सहायक प्रबंधक नवजीत सिंह चौधरी, ऑफिसर असिस्टेंट संजय कुमार, बैंक मित्र देशपाल यादव, विपिन यादव, बिर्जेश कुमार, सुबोध कुमार, बाबर खान, प्रदीप कुमार आदि मौजूद रहे।

शाखा प्रबंधक ने छात्र-छात्राओं को स्कूल बैग बांटे

स्वार, अमृत विचार : बैंक ऑफ बड़ौदा के शाखा प्रबंधक ने प्राथमिक विद्यालय नबीगंज द्वितीय के 37 छात्र-छात्राओं को निशुल्क बैग और शिक्षण सामग्री वितरित की। शनिवार को बैंक ऑफ बड़ौदा की माटखेड़ा शाखा प्रबंधक प्रदीप कुमार ने अपने स्टाफ के साथ प्राथमिक विद्यालय नबीगंज के प्रधानाध्यापक असलम एवं विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष नबी अहमद की मौजूदगी में कक्षा एक से तीन तक के 37 छात्र-छात्राओं को बैग, पेंसिल, रबर, कटर एवं कॉपी आदि वितरित की। इस दौरान ग्राम प्रधान खुर्शीद अहमद, रोहित कुमार, दलजीत सिंह, सरजीत सिंह, प्रधान अध्यापक असलम हुसैन, अंकुर कुमार, सीमा परवीन, नबी अहमद आदि मौजूद रहे।

मृतक महिला के परिजनों को दिया जाए मुआवजा

रामपुर, अमृत विचार : राष्ट्रीय लोकदल के प्रदेश महासचिव मोहम्मद उस्मान बब्लू ने जिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन प्रशासनिक अधिकारी को सौंपा। इसमें कहा है कि नुमाइश ग्राउंड में सद्भावना मंडप का निर्माण किया जा रहा है। इसमें झारखंड निवासी महिला भी काम कर रही थी। उसकी इमारत से गिरकर मौत हो गई। ठेकेदार की लापरवाही से महिला के शव को गुपचुप तरीके से झारखंड भेज रहे थे। मांग की है कि मृतका के परिजनों को मुआवजा दिलाए जाए। ठेकेदार की मनमानी पर रोक लगाने मांग भी की है। ज्ञापन देने वालों में महफूज अली, मजहर अली, बब्लू, मुमताज हुसैन, मोहसिन आदि शामिल रहे।

पुलिस अधीक्षक ने किया पीपली वन मंदिर का निरीक्षण

स्वार, अमृत विचार : पुलिस अधीक्षक विद्या सागर मिश्र, अपर पुलिस अधीक्षक अतुल कुमार श्रीवास्तव व सीओ अतुल कुमार पांडेय ने देर शाम पीपली वन में माता बाल सुंदरी मंदिर का निरीक्षण किया। सावन में आने वाले कावंड़ियों के बारे में जानकारी ली। पुलिस अधीक्षक ने मंदिर परिसर का भ्रमण कर किसी भी समस्या के समाधान के लिए थाना प्रभारी मिलक खानम संजय कुमार को निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जल्द ही मंदिर परिसर में पुलिस चौकी की स्थापना भी की जाएगी। ताकि यहां आने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा की जा सके। पुलिस अधीक्षक ने महन्त से मंदिर के संचालन के बारे में जानकारी ली। कहा कि किसी भी प्रकार की समस्या होने पर बताएं उसका तुरंत समाधान किया जाएगा।

एक नजर

गोष्ठी में बताए गए धूम्रपान के दुष्परिणाम

रामपुर, अमृत विचार : राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के तहत जिला महिला चिकित्सालय में गोष्ठी हुई। इसमें जिला सलाहकार डॉ. शहजाद हसन खान ने पैरामेडिकल व नर्सिंग स्टाफ को धूम्रपान के दुष्परिणामों के बारे में बताया। विशेष तौर पर महिलाओं एवं बच्चों के तंबाकू सेवन पर चर्चा की गई। तंबाकू का उपयोग करने वाली महिलाओं एवं अन्य व्यक्तियों को महिला चिकित्सालय में काउंसलिंग व एनआरटी की सुविधा उपलब्ध कराई गई। महिला चिकित्सालय में धूम्रपान एवं तंबाकू के उपयोग करने पर किए गए जुर्मानों पर भी चर्चा की। गोष्ठी में मुख्य चिकित्साधीक्षक डॉ. अनवर सादात, डॉ. पराग अग्रवाल, अस्पताल मैनेजर याकूब अली आदि मौजूद रहे।

सड़क हादसे में दो कार चालकों पर रिपोर्ट

शाहबाद, अमृत विचार : कोतवाली क्षेत्र के गांव सुहावा निवासी शमशाद ने दो कार चालकों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। पीड़ित के अनुसार 16 जुलाई को उसका बेटा शाहरूख अलम के जुलूस की जियारत करने गया था। सुहावा मार्ग पार करते समय शाहबाद की ओर से आ रही कार एवं सिरौली की ओर से आ रही कार आपस में टकरा गईं। इसकी चपेट में आकर उसका बेटा गंभीर रूप से जख्मी हो गया। एंबुलेंस की सहायता से उसे सीएचसी में भर्ती कराया गया। फिलहाल उसका उपचार मुरादाबाद के निजी अस्पताल में चल रहा है। जहां उसकी हालत गंभीर बनी है।

नहर विभाग की जमीन को कराया कब्जा मुक्त

भोट, अमृत विचार : थाना क्षेत्र के पेमपुर गांव के लोगों ने गांव के पास स्थित बायां पीलाखार नहर की निष्प्रोज्य जमीन पर कब्जा कर नींव भरने व आधा अधूरा निर्माण करने की शिकायत की थी। उच्चाधिकारियों के आदेश पर उपराजस्व अधिकारी दिनेश जौहरी के नेतृत्व में विभागीय टीम फोर्स के साथ मौके पर पहुंची। टीम ने नहर विभाग की जमीन की पैमाइश की। चिह्नित कर कब्जे हटाकर जमीन को कब्जा मुक्त कराया। टीम में अवर अभियंता महेश कुमार, जिलेदार विजयपाल, सींचपाल नरेश कुमार आदि मौजूद रहे।

रविवार को बंद रहेगी डिबडिबा उपकेंद्र की आपूर्ति

बिलासपुर, अमृत विचार : मरम्मत के चलते रविवार को डिबडिबा स्थित बिजली घर से आपूर्ति बंद रहेगी। अधिशासी अभियंता ने बताया कि रविवार को मरम्मत की वजह से सुबह 10 से शाम छह बजे तक बिजली घर की आपूर्ति बंद रहेगी। इस दौरान बिजली घर से जुड़े गांवों को भी आपूर्ति नहीं मिलेगी।

ट्रैक्टर-ट्राली और ट्रक की भिड़ंत में चालक की मौत

शनिवार की सुबह गंज थाना क्षेत्र में नहर वाले रोड पर हुआ हादसा

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

हादसे के बाद पलटी पड़ी ट्रैक्टर-ट्राली। ● अमृत विचार

अमृत विचार : शनिवार की सुबह गंज थाना क्षेत्र में नहर वाले रोड पर 16 टायरा ट्रक और ट्रैक्टर-ट्राली की आमने-सामने की भिड़ंत हो गई। इसमें ट्रक चालक की मौत हो गई। जबकि हेल्पर घायल हो गया। बताया जा रहा है कि ट्रैक्टर-ट्राली में सवार दो लोग भी घायल हुए हैं।

बरेली जनपद के मीरगंज थाना क्षेत्र के गांव जाम निवासी 35 वर्षीय ओमपाल ट्रक चालक था। शनिवार की सुबह करीब चार बजे वह अपने रिश्तेदार (हेल्पर) प्रताप सिंह के साथ ट्रक लेकर बाजपुर जा रहा था। गंज थाना क्षेत्र में नहर वाली पुलिया पर सामने से आ रही ट्रैक्टर-ट्राली से ट्रक की भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि ट्राली का अगला हिस्सा निकल गया। जबकि पिछला हिस्सा ट्रक में ही फंस गया। हादसे में ट्रक चालक ओमपाल की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि हेल्पर प्रताप घायल हो गया। हादसे की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को अस्पताल पहुंचाया। जहां डॉक्टरों ने ओमपाल को मृत घोषित कर दिया। जबकि प्रताप और ट्रैक्टर-ट्राली सवार दो घायलों को भर्ती कर लिया।

हादसे के बाद दो हिस्सों में बंट गया ट्रक

हादसा इतना भयंकर था कि ट्रक दो टुकड़ों में बंट गया। घटना के बाद मौके पर जाम लग गया था। सूचना पर पहुंच पुलिस ने क्रेन की मदद से ट्रैक्टर-ट्राली और ट्रक को किनारे कराया। इसके बाद जाम खुल सका। तब लोगों ने राहत की सांस ली। चालक की मौत से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

दिमागी बुखार की चपेट में आकर बच्ची की मौत

ढकिया, अमृत विचार : संतान न होने पर बड़े भाई ने छोटे भाई की बेटी को गोद ले लिया था। लेकिन गोद ली गई बेटी की भी छह साल बाद दिमागी बुखार से मौत हो गई। इससे दंपति का रो-रोकर बुरा हाल है।



कस्बा ढकिया निवासी महेश प्रजापति ने छोटे भाई किशन की बेटी काजल को गोद लिया था। महेश व उसकी पत्नी कीर्ति दत्तक पुत्री को बड़े लाड़-प्यार से पाल रहे थे। छह साल की होने पर महेश ने काजल का दाखिला कस्बा स्थित पीडीजीबी जूनियर हाई स्कूल में कराया था। काजल को चार दिन पूर्व खसरा निकला। इस दौरान वह तेज बुखार की चपेट में आ गई। परिजनों ने उसका उपचार कस्बे में ही निजी चिकित्सक से कराया। लेकिन शुक्रवार की सुबह काजल की हालत और बिगड़ गई। महेश ने बताया कि वह बेटी को बाहर ले जाने की तैयारी कर रहे थे। इस बीच काजल की मौत हो गई।

पंचायत को संबोधित करते किसान नेता। ● अमृत विचार

सांसद नदवी के न आने पर मायूस होकर लौटे किसान

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

रामपुर, अमृत विचार : सांसद मोब्बिुल्लाह नदवी किसानों की समस्याएं सुनने के बजाए मुंबई चले गए। संयुक्त मोर्चा के कार्यकर्ता उनका इंतजार ही करते रहे। काफी देर बाद सूचना मिलने पर किसान मायूस होकर घरों को लौट गए। किसानों को समस्याओं को लेकर संयुक्त किसान मोर्चा का सांसद को ज्ञापन सौंपने का कार्यक्रम था।

सांसद को शनिवार को भाकियू के प्रदेश कैंप कार्यालय पर पहुंचना था। इसलिए तराई संगठन के अध्यक्ष तेजिंदर सिंह विर्क और भाकियू के प्रदेश महासचिव हसीब अहमद कार्यकर्ताओं के साथ सुबह ही कार्यालय पहुंच गए थे। किसान नेता ज्ञापन तैयार करके सांसद का इंतजार करते रहे। उन्होंने सांसद से फोन पर बात की। तब सांसद ने आने में असमर्थता जताई। इसके बाद किसान नेता और कार्यकर्ता मायूस होकर घरों को चले गए।

इस मौके पर चौधरी राजपाल सिंह, जुबैद आलम, पलविंदर सिंह, गुरदीप सिंह, जब्बार, गुलाम मोहम्मद, फुरकान अली, रामोतार, नल सिंह यादव, सद्दाम हुसैन, लखविंदर सिंह गिल, चौधरी अजीत सिंह, रघुबर सिंह, जजबीर सिंह, मंजीत सिंह अटवाल आदि मौजूद रहे।

प्रधानाचार्य का स्वागत करते कर्मचारी।

राजकीय शारीरिक प्रशिक्षण महाविद्यालय के प्रधानाचार्य बने अशोक कुमार

रामपुर, अमृत विचार : जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान के वरिष्ठ प्रवक्ता को निदेशक राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद के आदेश पर राजकीय शारीरिक प्रशिक्षण महाविद्यालय का प्रधानाचार्य नियुक्त किया गया है। वरिष्ठ प्रवक्ता अशोक कुमार ने प्रधानाचार्य पद पर कार्यभार ग्रहण किया।

इस अवसर पर डायट की प्राचार्य नीलम रानी टम्टा, उप प्रधानाचार्य जमील अहमद, डॉ. अनूप कुमार सिंह, जिलेश कुमार, डॉ. रामकृष्ण, बृजराज किशोर, वरिष्ठ सहायक सारिम मियां, कनिष्ठ सहायक प्रियंका जौहरी आदि मौजूद रहे।

राज्यमंत्री ने दो लोगों के परिजनों को दिए आपदा राशि के चेक

संवाददाता,बिलासपुर

अमृत विचार : राज्यमंत्री बलदेव सिंह औलख ने नदी में डूबे दो लोगों के परिजनों को सरकार से मिलने वाली आपदा राहत राशि के चार-चार लाख रुपये के चेक दिए। उन्होंने पीड़ित परिवारों को हरसंभव मदद का आश्वासन भी दिया।

शनिवार की शाम तहसील में कार्यक्रम के दौरान राज्यमंत्री ने दोनों मृतकों के परिजनों से मुलाकात की और हरसंभव मदद का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि शासन ने नहर, नाले, तालाब और नदियों में डूबने वालों के परिजनों को दैवीय आपदा के तहत चार लाख रुपए मुआवजा देने का फैसला किया है। राज्यमंत्री ने नागरिकों व ग्राम प्रधानों से सतर्कता बरतने की अपील की। कहा है कि जल स्रोतों में डूबने व फंसने की स्थिति में राहत के लिए 108 एम्बुलेंस व राहत आपदा कंट्रोल रूम-1070 पर फोन करें। इस मौके पर एडीएम राजस्व एवं वित्त हेम सिंह, तहसीलदार निश्चय कुमार, नायब तहसीलदार राजेश कुमार, अमरीक सिंह चौहान, रोहित सक्सेना आदि मौजूद रहे।

एसडीएम ने मृतक आश्रितों को दिए चेक

मसवासी, अमृत विचार : उप जिलाधिकारी अमन देओल ने उसमान पुत्र रईस अहमद निवासी ग्राम नानकार रानी और राखी पुत्री शीशपाल निवासी ग्राम हरनगला की नदी में डूबने से मौत होने पर उनके परिजनों को चार-चार लाख रुपए की आर्थिक सहायता के चेक दिए। इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष ख्यालीराम लोधी, विधायक प्रतिनिधि दीप गोयल सहित आपदा प्रबंधन के कर्मचारी मौजूद रहे।

कोसी नदी के किनारे मिला दो दिन पूर्व चारा लेने गई दसवीं की छात्रा का शव

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : पिता के साथ 18 जुलाई को खेत पर गई कक्षा दस की छात्रा का शव कोसी नदी के किनारे मिलने पर सनसनी फैल गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया।

मुरादाबाद जनपद के मूंढापांडे थाना क्षेत्र के गांव खबरिया निवासी सोमवीर की 17 वर्षीया बेटी प्राची कक्षा दस की छात्रा थी। वह 18 जुलाई को अपने पिता के साथ बहल्ला नदी पार करके चारा लेने खेत पर गई थी। वापस आते समय वह नदी में डूब गई थी। परिजनों ने काफी तलाश किया था, लेकिन उसका पता नहीं चल सका था। पिता ने मूंढापांडे थाने में किशोरी की गुमशुदगी दर्ज करा दी थी। शनिवार को कोसी नदी के पास कुछ लोगों ने छात्रा का शव देखा। उन्होंने सिविल लाइन पुलिस को सूचना दी। सिविल पुलिस ने शव की शिनाख्त कराने के लिए मूंढापांडे पुलिस से संपर्क किया। मूंढापांडे पुलिस ने शव की शिनाख्त प्राची के रूप में की। इस बीच परिजन भी मौके पर पहुंच गए। छात्रा के परिजनों का रो- रोकर बुरा हाल हो गया।

- **18 जुलाई को बहल्ला नदी में डूब गई थी 17 वर्षीया प्राची**

ट्रक की टक्कर से युवक की मौत

बिलासपुर, अमृत विचार : उत्तराखंड की सीमा से सटे काशीपुर-रुद्रपुर हाईवे पर ट्रक ने पैदल जा रहे युवक को रौंद दिया। हादसे में घायल हुए युवक की इलाज के दौरान मौत हो गई। रुद्र-बिलास चौकी क्षेत्र के उत्तराखंड बार्डर से सटी डिबडिबा सुभाष नगर कालोनी निवासी 26 वर्षीय कुलदीप सिंह मजदूरी करता था। परिजनों के अनुसार शुक्रवार की रात करीब आठ बजे वह काम से घर लौट रहा था। रास्ते में कालोनी के निकट ट्रक ने उसे टक्कर मार गंभीर रूप से घायल कर दिया। चीख-पुकार सुन राहगीरों मौके पर पहुंचे और पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। हालत में सुधार न होने पर चिकित्सकों ने उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जहां इलाज के दौरान देर रात उसकी मौत हो गई। परिजनों की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात ट्रक चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। कार्यवाहक प्रभारी निरीक्षक नरेंद्र कुमार ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

कार्यक्रम को संबोधित करते जिला विद्यालय निरीक्षक मुन्ने अली। ● अमृत विचार

छात्राओं को दिलाई सड़क सुरक्षा की शपथ

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : राजकीय जुल्फिकार बालिका इंटर कॉलेज में सड़क सुरक्षा सप्ताह के तहत जिला विद्यालय निरीक्षक मुन्ने अली ने कहा कि सभी सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन करें। संभागीय परिवहन अधिकारी ने छात्राओं को सड़क सुरक्षा की शपथ दिलाई।

सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी राजेश कुमार श्रीवास्तव ने छात्राओं को सड़क सुरक्षा के नियमों की जानकारी दी। उनसे अपने परिजनों को भी जागरूक करने के लिए कहा गया। डीआईओएस ने छात्राओं को बताया की सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन करना चाहिए। प्रधानाचार्य डॉ. शालू कौशल कहा कि दोपहिया वाहन का प्रयोग करते समय हमेशा हेलमेट का प्रयोग करना चाहिए।

इस अवसर पर पंडित दीनदयाल उपाध्याय मॉडल इंटर कॉलेज ककरौआ के प्रधानाचार्य हरनाथ सिंह, अरविंद भास्कर, रश्मि, रानी, शमीम खान, रेणु देवी, प्रगति गोयल, पूजा, नाजिया, सल्तनत, नितिन कुमार, राशिद, राधा, सुनीता, राधा रानी आदि उपस्थित रहे।

पौधरोपण करते रेडिको खेतान के अधिकारी। ● अमृत विचार

रेडिको के अधिकारियों ने फैक्ट्री परिसर में लगाए पौधे

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : रेडिको खेतान के अधिकारियों ने फैक्ट्री परिसर में छह हजार पौधे लगाए। डायरेक्टर अमर सिंह के मार्गदर्शन पर पौधरोपण किया गया। कार्यक्रम उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड मुरादाबाद के परामर्श से आयोजित किया गया।

इसमें वरिष्ठ उपाध्यक्ष (वित्त) आलोक अग्रवाल, उपाध्यक्ष (उत्पादन) राजेंद्र कुमार तिवारी, उपाध्यक्ष (इंजीनियरिंग) उपेंद्र पांडे, सहायक उपाध्यक्ष (वित्त) अजय मेहता, सहायक उपाध्यक्ष (इंजीनियरिंग) विकास कुमार, उपाध्यक्ष (विनिर्माण) जीबी सिंह, सहायक महाप्रबंधक इंद्रपाल सिंह ने पौधे रोपित किए। संचालन वरिष्ठ महाप्रबंधक मानव संसाधन एवं प्रशासन अजय प्रताप सिंह ने किया। प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के सहायक प्रदूषण अभियंता जे तिवारी भी मौजूद रहे।

रंजिश के चलते घर में घुसकर की मारपीट

टांडा, अमृत विचार : रंजिश के चलते तीन भाइयों ने असलहों से लैस होकर एक व्यक्ति के घर में घुसकर महिलाओं के साथ मारपीट की। पुलिस ने एसपी के आदेश पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सूरजपुर निवासी शाहिद ने बताया कि गांव का ही अकील खां उससे रंजिश रखता है। उसके पुत्र दानिश के फोन पर व्हाट्सएप पर गालियां व कमेन्ट करता है। जान से मारने की धमकी देता है। 17 जुलाई की रात करीब आठ बजे अकील खां अपने भाई हबीब खां व शौकीन खां के साथ बन्दूक व तमंचों से लैस होकर उसके घर में घुस आया और गालियां देने लगा। पत्नी व पुत्री को लात घूंसों से पीटा। शोर मचाने पर गांव के लोग आ गए। तब आरोपी जान से मारने की धमकी देकर चले गये। पुलिस ने एसपी के आदेश पर रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

मंडलायुक्त ने कार्मिक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करने के आदेश दिए

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : बेसिक शिक्षा विभाग के वित्त एवं लेखा अधिकारी कार्यालय में तैनात चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी को सीधी भर्ती के पद पर पदोन्नति करने में पूर्व वित्त एवं लेखा अधिकारी तथा कार्मिक के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज करने के आदेश मंडलायुक्त ने जिलाधिकारी को दिए हैं।

मंडलायुक्त आन्जनेय कुमार सिंह ने जिलाधिकारी जोगिन्दर सिंह को भेजे आदेश में कहा है कि अप्रैल 2024 में कार्मिक नेगपाल की नियुक्ति व पदोन्नति की जांच उन्हें सौंपी गई थी। दोषी अधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई करने के निर्देश दिए थे। इसमें अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की गई। इस प्रकरण में तत्कालीन वित्त एवं लेखा अधिकारी कन्हैयालाल सारस्वत ने नियम विरुद्ध एवं शासनादेश का उल्लंघन करते हुए नेगपाल की पदोन्नति की थी। सारस्वत ने यह पदोन्नति नेगपाल को कनिष्क लेखा लिपिक दर्शाते हुए सहायक लेखाकार के पद पर की थी। कनिष्ठ लेखा लिपिक के पद को विभाग द्वारा 2005 में मृत संवर्ग घोषित कर दिया था। शासनादेश में सहायक लेखाकार के पद की अर्हता स्नातक कॉमर्स या पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा इन अकाउंटेंसी सहित कंप्यूटर में ओ लेवल डिप्लोमा अनिवार्य अर्हता सहित दर्शाया गया है। यह सीधी भर्ती का पद है। इसके बावजूद वित्त एवं लेखा अधिकारी ने शासनादेश का उल्लंघन करते हुए अवैध आदेश निर्गत किया। मंडलायुक्त ने जिलाधिकारी से दोषी कर्मचारियों एवं अधिकारियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराते हुए एक सप्ताह में आख्या मांगी है।

घर में घुसकर मारपीट करने में चार पर रिपोर्ट

मसवासी, अमृत विचार : घर में घुसकर महिला और उसके परिजनों से मारपीट करने, अश्लील हरकतें करने और 20 हजार रुपये लूटने के मामले में न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

मामला चौकी क्षेत्र के एक गांव का है। यहां रहने वाली महिला के अनुसार पांच जुलाई को गांव के ही कई लोगों ने खेत का पानी सड़क पर छोड़ दिया था। विरोध करने पर आरोपियों ने गाली-गलौज की। बाद में घर में घुसकर महिला और उसके परिजनों से मारपीट की। कार में तोड़फोड़ की करते हुए अश्लील हरकतें कीं और 20 हजार रुपये लूटकर ले गए। पीड़िता ने स्वार पुलिस को तहरीर दी लेकिन कार्रवाई नहीं हुई। न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने मिराजुल, मुरशद अली, अकबर अली और अफसर अली के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

सार संक्षेप

पैमाइश के दौरान धारदार हथियार चले, तीन घायल

स्वार, अमृत विचार : शनिवार को कानूनगो अजय कुमार गांव रायपुर चुन्नावाला में ग्राम समाज की भूमि की पैमाइश करने गए थे। इस दौरान अय्यूब खां व असलम में विवाद हो गया और धारदार हथियार चलने लगे। इसमें अय्यूब खां व उसका भाई नासिर खां और दूसरे पक्ष का असलम खां घायल हो गया। घायलों को परिजनों ने सीएचसी में भर्ती कराया। चिकित्सक घायलों की हालत गंभीर बताते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया। देर शाम तक पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज नहीं की है।

गैस टैंकर की चपेट में आकर कार गड्ढे में गिरी

स्वार, अमृत विचार : शहजाद नगर थाना क्षेत्र के नुसरत नगर निवासी जुनैद अली व तस्लीम जहां व चालक मारूफ के साथ कार से स्वार के गांव नवाब नगर निवासी बहन को लेने आ रहे थे। समोदिया और सोनकपुर की पुलिया के पास पीछे से आ रहे गैस टैंकर ने उनकी कार को ओवरटेक किया। इस दौरान कार अनियंत्रित होकर बिजली के पोल से टकराकर गड्ढे में गिर गई। इसमें कार सवार तीनों लोग घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने खंभे को हटवाकर जाम खुलवाया। इस दौरान चालक गैस टैंकर छोड़कर फरार हो गया। पुलिस ने गैस टैंकर को कब्जे में लिया है।

कोसी नदी में नहाने गया किशोर डूबा

रामपुर, अमृत विचार : पटवाई थाना क्षेत्र के गांव बहपुरा निवासी पांच बच्चे दोपहर के समय कोसी नदी में नहाने गए थे। इस दौरान 13 साल का शुऐब और 14 साल का अयान नदी में नहाने चले गए। बहाव तेज होने के कारण डूबने लगे। आसपास के लोगों ने शुऐब को बाहर निकाल लिया। मगर अयान का पता नहीं चल सका। लोग उसकी तलाश में जुटे थे।

बैठक खराब रैंकिंग वाले विभागों को दिए रैंकिंग में सुधार लाने के निर्देश

डीएम ने की निर्माण कार्यों की समीक्षा

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : कलेक्ट्रेट सभागार में शनिवार को जिलाधिकारी जोगिन्दर सिंह ने लोक निर्माण विभाग, सेतु निगम, यूपी सिडको, जल निगम, राजकीय निर्माण निगम सहित अन्य कार्यदायी संस्थाओं द्वारा जिले में कराए जा रहे निर्माण कार्यों की बिन्दुवार समीक्षा की।

बैठक में निर्माण कार्यों, सीएम डैशबोर्ड एवं मुख्यमंत्री के प्राथमिकता वाले विकास कार्यक्रमों की समीक्षा हुई। जिलाधिकारी ने कार्यदायी संस्थाओं से जनपद में चल रहे निर्माण कार्यों की प्रगति के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी ली। कहा कि योजनाओं के क्रियान्वयन में किसी भी प्रकार की शिथिलता एवं लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जायेगी। उन्होंने सीएम डैशबोर्ड पर प्रदर्शित हो रही रैंकिंग की समीक्षा की तथा खराब रैंकिंग वाले विभागों को रैंकिंग में सुधार लाने के निर्देश दिए।

समीक्षा बैठक में बोलते डीएम जोगिन्दर सिंह। ● अमृत विचार

मुख्यमंत्री के प्राथमिकता वाले विकास कार्यक्रमों के तहत विभिन्न योजनाओं की समीक्षा के दौरान कहा कि सभी विभागों द्वारा डैश बोर्ड में सम्मिलित बिन्दुओं पर शत-प्रतिशत संतृप्तीकरण की कार्रवाई की जाए। अधिकारी व्यक्तिगत रुचि लेकर विभाग से सम्बन्धित योजनाओं का लाभ पात्रों तक पहुंचाना सुनिश्चित करें। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी डॉ. नंद किशोर कलाल, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. एसपी सिंह सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

पंखा बंद करते समय करंट लगने से बेहोश हुई महिला

मिलक, अमृत विचार : शनिवार को परम गांव निवासी शांति देवी करंट लगने से बेहोश हो गई। परिजनों ने उसे सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया है। शांति देवी ने बताया कि वह नहाने के बाद कमरे में गई थी। वहां पंखा चल रहा था। उसने पंखे का स्विच बंद किया तो करंट लग गया।

विजेता प्रतिभागियों को किया सम्मानित

रामपुर, अमृत विचार : एमआईएमटी में मल्टी स्किल डेवलपमेंट सोसाइटी की ओर से मेहंदी प्रतियोगिता हुई। इसमें एमआईएमटी की छात्राओं ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय आने वाली छात्राओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। अन्य 10 छात्राओं को सांत्वना पुरस्कार दिया गया। इस अवसर पर राबिया, रविंदर सिंह, आशा नाज, दीपा रानी, हुमेरा एवं रिजा आदि मौजूद रहे।

शनिवार को परीक्षा केंद्र से बाहर आते परीक्षार्थी। ● अमृत विचार

10वीं में 21 व 12वीं में तीन परीक्षार्थियों ने छोड़ी परीक्षा

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : शनिवार को हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की कंपार्टमेंट परीक्षा दो पालियों में संपन्न हुई। हाईस्कूल में 371 परीक्षार्थियों ने पंजीकरण कराया। इसके सापेक्ष 350 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी। जबकि, 21 परीक्षार्थी गैर हाजिर रहे। दूसरी पाली में इंटरमीडिएट की परीक्षा हुई। इसमें 124 परीक्षार्थियों ने पंजीकरण कराया था। जिसमें तीन परीक्षार्थी गैर हाजिर रहे।

करीब एक महीने पहले यूपी बोर्ड का हाईस्कूल और इंटरमीडिएट का रिजल्ट आया था। इसमें कुछ परीक्षार्थियों के नंबर कम आए थे। कम नंबर आने वाले परीक्षार्थियों ने कंपार्टमेंट के फार्म भर दिए थे। इसका परीक्षा केंद्र राजकीय खुर्शीद कन्या इंटर कॉलेज को बनाया गया था। शनिवार को हाई स्कूल की प्रथम पाली की परीक्षा आठ बजे से हुई। इसमें 21 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। दोपहर दो बजे से हुई इंटरमीडिएट की परीक्षा तीन परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे।

वित्तीय साक्षरता सेमिनार का हुआ आयोजन

बिलासपुर, अमृत विचार : शनिवार को मिल्टन एजुकेशनल एकेडमी में वित्तीय साक्षरता पर सेमिनार हुआ। शुरुआत चेयरमैन बलबीर सिंह मल्ही, मुख्य अतिथि हरजिंदर सिंह और प्रिंसिपल विजय खुराना ने की। महिला शिक्षकों को वित्तीय शब्दावली, बैंकिंग शब्दावली, बचत और म्यूचुअल फंड के बारे में विस्तार से बताया।

बताया कि देश तेजी के साथ डिजिटल की ओर जा रहा है। रकम की निकासी से लेकर जमा करने तक में डिजिटल बैंकिंग का इस्तेमाल किया जा रहा है। इससे पूर्व विद्यालय के चेयरमैन ने गुलदस्ता भेंट कर अतिथियों का स्वागत किया। इस मौके पर निदेशिका किरन कौर, सुहेल खां, अमन ज्योति, इमरान खां, सतनाम सिंह, महेंद्र सिंह, प्रभात सक्सेना आदि शिक्षक मौजूद रहे। संचालन सीबीएसई की रिसोर्स पर्सन नित्या अग्रवाल ने किया।

-सार्वजनिक सूचना-

एक किता वैनामा (मूल) जो कि नौबत सिंह पुत्र बद्धा ने श्रीमती राजरानी भाटिया पत्नी जनक राज भाटिया के हक में दिनांक 09.07.1993 पुस्तक संख्या 1 खण्ड 232पृष्ठ31/20 कम स0 3878 पर रजि0 हुई जिसका रकबा137वर्ग मी0 तथा खसरा न0 683 मौजा शाहपुर तिगरी है जो कि वास्तव में कहीं खो गया है। जिसका प्रयोग अवैध होगा उक्त के सम्बंध में प्रकाशन की तिथि के 15 दिवस के अन्दर सम्पर्क स्थापित करें बाद उसके सम्बंध में कोई विचार नहीं किया जाएगा।

प्रदीप कुमार गुप्ता ,एडवोकेट
चेम्बर न0. सी.-3,
सिटी मजिस्ट्रेट कोर्ट के पीछे,
मुरादाबाद फोन- **9837781229**

नाम परिवर्तन

पहले नाम FURKAN था अब बदल कर FURKAN AHMAD S/O MANJUR R/O MOHALLA HAKKANI NEAR TRANSFORMAR N0 24 AMROHA DISTT AMROHA रख लिया है। भविष्य में इसी नाम से जाना पहचाना जाए।

खोया-पाया

मेरी संपत्ति का मूल बयनामा गाटा संख्या 134 व 132 कतई संख्या 2051 दिनांक 04-06-2008 जो की ग्राम मुण्डिया खुर्द के नाम से उप निबंधक कार्यालय बिलासपुर जिला रामपुर मे पंजीकृत है, वास्तव मे दिनांक 19/7/2024 को कहीं गुम हो गयी है वह किसी को मिलती है तो उसका उपयोग अवैध माना जायेगा।

-रूबी अग्रवाल पत्नी मनीष कुमार
निवासी माठ खेड़ा रोड बिलासपुर, रामपुर

संस्कृतिः हमारे समाज का मूल

हृदय नारायण दीक्षित
पूर्व विधानसभा अध्यक्ष उ.प्र.

> समाज के गठन की मूल इकाई परिवार है। इस परिवार में पति और पत्नी परस्पर एक दूसरे की प्रसन्नता के लिए काम करते हैं। वैदिक साहित्य में पत्नी को घर का सम्राट बताया गया है। घर की प्रीति प्राचीन काल में सबको खींचती थी। घर का मतलब ही है, जहां बार-बार लौटने का मन करे वह घर है।

संस्कृति समाज का मूल होती है। संस्कृति और सभ्यता का विकास मनुष्य के अपने प्रयत्नों का परिणाम है, लेकिन पीछे कुछेक वर्षों में आधुनिकता के नाम पर सुस्थापित जीवन मूल्यों को कमतर देखा जा रहा है। भारत में प्रचलित आधुनिक सभ्यता पश्चिमी देशों की जीवनशैली की नकल है। शब्द आधुनिकता कालबोधक है। इतिहास के सम्यक अध्ययन के लिए काल विभाजन जरूरी होता है। जैसे प्राचीन काल, मध्यकाल और आधुनिक काल। यह विभाजन सामान्य है। इसके पहले प्रागैतिहासिक काल भी है। इसी तरह वैदिक काल और उत्तर वैदिक काल जैसे विभाजन भी हैं। आधुनिक काल स्थिर इकाई नहीं है। आधुनिक काल विदा होता रहता है और मध्यकाल में समाता रहता है। भारत का आधुनिक काल भारत के ही मध्यकाल का विस्तार है। इसी तरह मध्यकाल भी। वैदिक काल व प्रागैतिहासिक काल मध्यकाल में प्रकट होते हैं। जीवन विकास के प्रारंभिक चरण से लेकर आधुनिक काल तक समाज में बड़े परिवर्तन आए हैं।

संप्रति हम लोग भारत के आधुनिक काल में सक्रिय हैं। हमारी अनुभूति, सामाजिक मूल्य, जीवन के प्रति हमारा दृष्टिकोण और सोच विचार में पूर्ववर्ती सामाजिक मूल्यों की ही पुर्नप्रतिष्ठा है। आज का समाज बीते कल के समाज का विस्तार है। भारत की आधुनिकता हमारी प्राचीनता का ही प्रसाद है। पश्चिमी देशों ने भारत के प्राचीन समाज के मूल्यों को अपमानित करने का प्रयास किया है। ऋग्वेद के रचनाकाल के पहले यहां सबको आनंदित करने वाली विश्ववरेण्य संस्कृति थी। तब से लेकर आधुनिक काल तक यहां लगातार सांस्कृतिक निरंतरता है। भारत की आधुनिकता इसी सांस्कृतिक निरंतरता का परिणाम होनी चाहिए।

संस्कृति और सभ्यता जाग्रत मनुष्यों के कर्मतप का विकास है। संस्कृतियां कभी-कभी व्यापक रूप में दूसरे समाज को भी प्रभावित करती हैं और प्रभावित होती भी हैं। भारतीय संस्कृति में विश्व को एक परिवार जानने और तद्नुसार व्यवहार और आचरण करने की प्रकृति है। संस्कृति में विश्व के सभी प्राणियों का लोकमंगल आराध्य है। इसलिए भारतीय संस्कृति का प्रभाव दुनिया के अनेक देशों पर पड़ा। भारतीय संस्कृति का प्रवाह नेपाल, भूटान, श्रीलंका, कंबोडिया, चंपा और मलेशिया तक व्यापक था। इंडोनेशिया दुनिया की सबसे बड़ी मुस्लिम आबादी वाला देश है। इंडोनेशियाई आज भी भारतीय संस्कृति के प्रति अनुरागी हैं। जापान, कोरिया, मंगोलिया, साइबेरिया, इंग्लैंड, आयरलैंड, मिस्र और ऑस्ट्रेलिया जैसे राज्य भारतीय संस्कृति के प्रशंसक रहे। दक्षिण अफ्रीका, फिजी, मॉरीशस, गुयाना, सूरीनाम, त्रिनिदाद आदि देश इस प्रभाव के साक्षी हैं। भारतीय संस्कृति का अध्ययन राष्ट्र राज्य की सीमाओं से बंधकर नहीं किया जा सकता। संस्कृति विचारधारा से नहीं बनती। अरस्तू, प्लेटो और अलेक्सजेंडर का ग्रीक राष्ट्र कहां है? ग्रीक में दर्शन था। सुंदर विचार पद्धति थी। योग्यता थी, लेकिन सांस्कृतिक राष्ट्रभाव नहीं था। रूस के साथ भी यही बात लागू है। रूस एक राज्य था। जार गया। राजव्यवस्था कम्युनिस्ट हो गई। सांस्कृतिक राष्ट्रभाव नहीं था। सोवियत रूस बिखर गया। रूस बचा है। चीन में दार्शनिक समृद्धि थी। 'ताओ ते चिंग' जैसा दार्शनिक ग्रंथ लाओत्सु ने लिखा था। कम्युनिस्ट राजव्यवस्था के कारण चीन राष्ट्र नहीं बन सका। कम्युनिस्ट पंथ के जन्मदाता कार्ल मार्क्स ने दुनिया के सामने अपना विशेष दृष्टिकोण रखा था। उन्हीं मार्क्स ने भारत को यूरोपीय मूल्य की भाषाओं और पंथों का जन्म स्थान मानते हुए 1853 में लिखा था, "हम निश्चयपूर्वक न्यूनाधिक सुदूर अवधि में उस महान और दिलचस्प देश को पुर्नजीवित होते देखने की आशा कर सकते है"। जहां के सज्जन निवासी राजकुमार सालितकोव के शब्दों में,''इटालियन लोगों से अधिक चतुर और कुशल हैं। यहां के निवासियों की अधीनता भी एक शांत गरिमा से संतुलित रहती है और जिन्होंने अपने सहज आलस्य के बावजूद अंग्रेज अफसरों को अपनी वीरता से चकित कर दिया। इन सज्जन निवासियों का देश हमारी भाषाओं और हमारे धर्म का उद्गम है और जहां पर प्राचीन जर्मन का स्वरूप जाट में और प्राचीन यूनानियों का स्वरूप ब्राह्मण में प्रतिबिंबित है।" (मार्क्सः एंजेल्स-द फर्स्ट इंडियन वॉर ऑफ इंडिपेंडेंस-पृष्ठ 37) मार्क्स जैसे चिंतक ने भारत की प्रशंसा की थी और अपने पंथों का स्रोत बताया था, उसी भारत में पश्चिमी देशों की सभ्यता आधुनिकता के बहाने समाज की गुणवत्ता समाप्त कर रही है। संप्रति भारत के लोगों में आधुनिक हो जाने की जल्दबाजी है।

समाज के गठन की मूल इकाई परिवार है। इस परिवार में पति और पत्नी परस्पर एक दूसरे की प्रसन्नता के लिए काम करते हैं। वैदिक साहित्य में पत्नी को घर का सम्राट बताया गया है। घर की प्रीति प्राचीन काल में सबको खींचती थी। घर का मतलब ही है, जहां बार-बार लौटने का मन करे वह घर है। परिवार के सभी जन परस्पर प्रेम करते हैं और अपना घर का काम भी मिलजुल कर करते हैं। पति-पत्नी का साहचर्य अद्भुत है। ऋग्वेद में बताते हैं कि पति और पत्नी मिलकर सोमरस तैयार करते हैं। पति और पत्नी मिलकर अपने घर भद्र जनों को निमंत्रण देते हैं। पति और पत्नी अलग-अलग नहीं हैं। दोनों मिलकर एक हैं। भारतीय परंपरा में दोनों के जोड़े को मिलाकर दंपति कहा गया है। दंपति में स्त्री पुरुष दोनों समाहित हैं। दो को एक देखने की दृष्टि दांपत्य में है। दांपत्य जैसा शब्द दुनिया की किसी भाषा में नहीं है। वेदों में भी धरती और आकाश के लिए मिलाजुला एक शब्द है 'रोदसी'। ऋग्वेद में बताते हैं, "धरती और आकाश पहले मिले हुए थे और एक थे। मरुदगणों ने धरती और आकाश को अलग कर दिया।" विशेष संस्कृति के कारण भारतीय विवाह स्थाई रहते हैं। वैवाहिक संबंध टूटने की ज्यादातर घटनाएं पश्चिमी सभ्यता के प्रभाव में हुई हैं और होती हैं। विदेशी सभ्यता के प्रभाव में बिना विवाह के स्त्री पुरुष को साथ-साथ रहना है। अंग्रेजी भाषांतर में इसे 'लिव इन' कहा गया। 'लिव इन' भारतीय धारणा नहीं है। 'लिव इन' विदेशी उधार की आधुनिकता का परिणाम है। तरुणाई में ऊर्जा का अतिरेक होता है। अनुभव कम होते हैं। इसलिए 'लिव इन' की घटनाएं होती हैं। 'लिव इन' टूटता है। स्त्री और पुरुष दोनों ठगे-ठगे रह जाते हैं।

भारत में विवाह के समय अग्नि के सात चक्कर लगाना अनिवार्य किया गया है। भारत की विवाह पद्धति, पारिवारिक नेह और स्नेह, घर चलाने का अनूठा संविधान है। इसे पश्चिमी सभ्यता के हमले से बचाना चाहिए। ऋग्वेद में सूर्य पुत्री सूर्या के विवाह का वर्णन है। बताते हैं कि गांव नगर के सभी वरिष्ठ बहू के स्वागत के लिए एकत्रित होते हैं। वरिष्ठ जनों के आशीष का भाव बार-बार पढ़ने लायक है। ऋषि कहते हैं कि यह बहू पूरे परिवार के सुख का कारण बने। सास ससुर की सेवा करें। सब पर नियंत्रण करें। घर में इसी बहू का राज्य चले। यह बहू अखंड सौभाग्यवती हो। इसके बच्चे परिवार की प्रतिष्ठा बढ़ाएं। पश्चिम के विवाह में भारतीय संस्कृति नहीं है। पश्चिमी जीवनशैली में व्यक्तिवाद है। भारत के जीवन में सामूहिकता है। उधार की आधुनिकता व्यक्तिवाद बढ़ाती है। व्यक्तिवाद में माता-पिता और परिवार के सदस्य अपनी उपयोगिता के अनुसार सम्मान पाते हैं। यहां माता-पिता की उपयोगिता नहीं देखी जाती। भारतीय जीवनशैली में समूह का हित, समाज का हित और राष्ट्रहित मिलते हैं। संस्कृति में सत्य, शिव और सुंदर का प्रवाह है।

संन्यास का अर्थ संसार को त्यागना नहीं

अंबानी परिवार में अभूतपूर्व शादी के किस्से कम हो चले हैं, लेकिन अपने शंकराचार्यों द्वारा नव विवाहित दंपति को आशीर्वाद देने के लिए वहां जाना अब भी चर्चा का विषय बना हुआ है। कुछ लोग इस विषय को जानबूझकर जीवंत बनाए रखना चाहते हैं।

इनमें से बहुत से ऐसे लोग हैं, जो अनंत की प्रारंभिक स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं की पृष्ठभूमि में इस शादी को यादगार बनाने के लिए लगभग पांच हजार करोड़ के व्यय को सर्वथा जायज मानते हैं। उनका तर्क है कि साधारण परिवार के लोग अपने बच्चों की शादी में अपनी जमापूंजी का लगभग दस-पंद्रह प्रतिशत खर्च करते हैं, जबकि अंबानी परिवार ने इस शादी में अपनी पूंजी का एक प्रतिशत से भी कम खर्च किया है, जो लोग स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं से जूझ चुके अनंत के अरमान को पूरा करने के लिए इतनी बड़ी धनराशि के व्यय को उचित बताते हैं, वही लोग शंकराचार्यों द्वारा इस दंपति की कुशलता हेतु आशीर्वाद देने के लिए अंबानी परिवार में जाने पर आपत्ति जता रहे। यह तो स्पष्ट ही होगा कि कोई भी शंकराचार्य ससम्मान निमंत्रण के बिना वहां नहीं गए होंगे और अगर आमंत्रित होकर उन्होंने अपने स्नेहसिक्त आशीर्वाद से नवदंपति को अभिभूत करने का निर्णय लिया, तो इसमें आपत्तिजनक क्या है? वैसे व्यक्तिगत रूप से मैं यह समझता हूं कि अगर अंबानी परिवार शादी के कार्यक्रम के पश्चात इन धर्माचार्यों के पास नवदंपति को आशीर्वाद दिलाने स्वयं गए होते, तो यह अंबानी परिवार की प्रतिष्ठा में ही वृद्धि करता।

ओमप्रकाश त्रिपाठी
सेवानिवृत्त, पुलिस महानिरीक्षक

कहा जा रहा है कि संन्यासी को गृहस्थ के यहां नहीं जाना चाहिए। हम भूल जाते हैं कि वर्णाश्रम व्यवस्था में ब्रह्मचर्य, वानप्रस्थ एवं संन्यास- यह तीनों आश्रम गृहस्थाश्रम पर ही आश्रित रहे हैं। इसीलिए गृहस्थ आश्रम को सर्वश्रेष्ठ कहा गया है। आदि शंकराचार्य ने संन्यास ग्रहण करने के पश्चात अपनी माता को दिए गए वचन के पालन हेतु घर पहुंचकर उनका अंतिम संस्कार किया था, जो संन्यास आश्रम की मान्यताओं के विपरीत है। भगवान बुद्ध संन्यासी होते हुए अपनी पत्नी के पास भिक्षा मांगने गए थे। संन्यास का अर्थ संसार को त्यागना नहीं है, बल्कि सांसारिकता की आसक्ति पर विजय पाना है। विदेह राज जनक गृहस्थ व राजा होते हुए भी एक संन्यासी के रूप में समादृत हैं। आदि शंकराचार्य ने अपने जीवन के अंतिम दिनों में स्वयं राजा सुधंवा का आतिथ्य ग्रहण किया था। शंकराचार्य जी ने अपने अंतिम संदेश में कहा था कि केवल आत्मज्ञान ही संन्यासियों के लिए यथेष्ट नहीं है, अपितु वर्णाश्रम धर्म के संस्थापक और संरक्षण का गुरु-दायित्व भी उन्हें वहन करना होगा।

मठाधीश एक स्थान में न रहकर धर्म प्रचार के लिए विभिन्न स्थानों में परिभ्रमण करें तथा साधारण जनता वर्णश्रम धर्म के पालन द्वारा क्रमशः उच्चतर और महत्तर लाभ के लिए प्रयत्न पारायण हो, इस पर भी मठाधीशों की सावधान दृष्टि रहे। जहां तक हमारे द्वारा अपने धर्म गुरुओं के मान-सम्मान का प्रश्न है, उल्लेखनीय है कि जब कुछ धर्माचार्यों ने अर्धकुंभ को कुंभ व महाकुंभ बनाए जाने का विरोध किया, तब यही लोग उनका समर्थन करने के बजाय उनकी कमी निकालने लगे। इसी प्रकार जब आधे-अधूरे निर्मित श्रीराम मंदिर के उद्घाटन पर शंकराचार्यों ने शास्त्र सम्मत आपत्तियां कीं, तो पुनः उनको सुनने अथवा उनका साथ देने के बजाय उनकी विभिन्न प्रकार से आलोचना की जाने लगी। दरअसल ऐसे लोगों को हमारे धर्म गुरुओं से न कोई लगाव है और न कोई समस्या। उनकी मूल समस्या है हीरो-वर्शिप, व्यक्ति पूजा। कूपमंडूकता किसी भी व्यक्ति पूजक की प्राथमिक योग्यता है।

नन्हे-मुन्नों का विकास और राष्ट्रीय शिक्षा नीति

डॉ. अनिल चौबे
सदस्य, राज्य संदर्भ समूह मिशन प्रेरणा उत्तर प्रदेश

> नैतिक गुणों के विकास हेतु किसी ज्ञान अथवा उपदेश को थोपने या सीधे प्रदान करने की आवश्यकता नहीं, बल्कि वे उनमें व्यवहारिक प्रक्रिया द्वारा स्वयं से विकसित होने चाहिए।

6 से 8 वर्ष की आयु बच्चों के शारीरिक एवं मानसिक विकास की यह अति महत्वपूर्ण आयु मानी गई है। बच्चों के मस्तिष्क का 85 प्रतिशत विकास प्रारंभिक 6 वर्ष की आयु में ही हो जाता है। राज्य में बहुत सारे बच्चे ऐसे है, जो 6 वर्ष से पूर्व किसी संस्थान से औपचारिक रूप से नहीं जुड़ पाते हैं, अर्थात उन्हें गुणवत्तापूर्ण प्रारंभिक बाल्यावस्था शिक्षा एवं देखभाल के पर्याप्त अवसर मुहैया नहीं हैं। 3 वर्ष की आयु से बच्चे अपने घर एवं परिवार से प्रारंभिक भाषायी दक्षताओं को प्राप्त करना आरंभ कर लेते हैं। ये बेहद अनौपचारिक एवं असंगठित प्रक्रियाओं द्वारा किया जाता है, जिसे आगे बढ़ाने एवं नियोजित ढंग से औपचारिक एवं संस्थागत करने हेतु संस्थाओं का उपयोग अत्यंत आवश्यक हो जाता है। यदि हम प्ले स्कूलों एवं वर्तमान संचालित आंगनबाड़ी केन्द्रों पर दृष्टि डालें, तो पाते हैं कि वे उस स्तर पर नहीं हैं, जिस स्तर पर उन्हें होना चाहिए। राज्य में बहुत सारे बच्चे 6 वर्ष तक की आयु पूर्ण कर सीधे कक्षा 1 में प्रवेश पाते है, जिससे ऐसे बच्चे अपने बाल्यावस्था शिक्षा एवं देखभाल के शुरुआती 3 वर्ष गैर संस्थागत एवं गैर प्रणालीगत तरीके से पूर्ण करते हैं,जो कि किसी भी दशा में उचित नहीं है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 का लक्ष्य देश के विकास की अनिवार्य आवश्यकताओं को सुनिश्चित करना है। यह नीति प्रत्येक व्यक्ति में निहित रचनात्मक क्षमताओं के विकास पर विशेष बल देती है। प्रारंभिक बाल्यावस्था में बच्चों का स्वास्थ्य एक महत्वपूर्ण कारक है, जो सीधे बच्चों के सीखने को प्रभावित कर सकता है। इस अवस्था में यह भी आवश्यक है कि प्रारंभिक बाल्यावस्था के बच्चे स्वस्थ एवं स्वच्छ वातावरण में सीख रहे हों, बढ़ रहे हों। इस आयु में बच्चों के पोषण एवं देखभाल की सबसे अधिक आवश्यकता महसूस की जाती है, क्योंकि इस आयु में बच्चे अत्यंत शीघ्रता के साथ सीख एवं बढ़ रहे होते हैं। सीखने की इस प्रक्रिया में संस्थाओं की महत्वपूर्ण भूमिका हो जाती है। इससे पूर्व 3 वर्ष तक की आयु में अपने अनुभवों से, देखकर, दोहराकर या नकल करके या जिज्ञासा के आधार पर बच्चे जो कुछ भी सीखते हैं, वह ढांचागत या प्रणालीगत नहीं होता है। उन सारे सीखने के अनुभवों को एक स्थान पर एकत्र कर सीखने की प्रक्रिया को ढांचागत तरीके से आगे बढ़ाने में संस्था की महत्वपूर्ण भूमिका रहती है। राष्टीय शिक्षा नीति - 2020 में कहा गया है कि संस्थाएं ऐसी हों जहां प्रत्येक छात्र का स्वागत किया जाता हो, उसकी देखभाल की जाती हो। जहां बच्चा स्वयं को सदैव सुरक्षित महसूस करें।

3 वर्ष की आयु से पूर्व बच्चों में बातचीत, खेलना, छूकर अनुभव आदि के अधिक अवसर दिए जाने चाहिए,जिससे 3 वर्ष के पश्चात उनका शारीरिक और गत्यात्मक, सामाजिक भावनात्मक, संज्ञानात्मक, संप्रेषण घर की भाषा में एवं संख्या ज्ञान की मौखिक शुरुआती समझ आदि पर विकास संभव हो सकेगा। 3 वर्ष में शुरुआती सीखने की यह गतिविधियां बच्चों को अनुभव के आधार पर निश्चित रूप में आरंभ हो जानी चाहिए। जैसे-जैसे बच्चे 4-5 वर्ष की आयु पूर्ण कर रहे होंगे, वे अपनी संस्था में समूह में कार्य करना, अपना विचार बनाना तथा व्यक्त करना (राय देना), नेतृत्व प्रदान करना, अच्छी आदतों में विकास की शुरूआत आदि सीख रहे होंगे। यहां हम बच्चों को नैतिक गुणों में विकास हेतु कुछ अनुभव एवं वातावरण उपलब्ध करा सकते हैं। नैतिक गुणों के विकास हेतु किसी ज्ञान अथवा उपदेश को थोपने या सीधे प्रदान करने की आवश्यकता नहीं, बल्कि वे उनमें व्यवहारिक प्रक्रिया द्वारा स्वयं से विकसित होने चाहिए। खेल आधारित शिक्षा का आरंभ भी इसी आयु में हो जाता है। खेल आधारित शिक्षा से बच्चों में उनकी जिज्ञासा, सृजनात्मकता, टीम भावना का विकास, सहानुभूति-समानुभूति, समावेशिता, आस-पास का वातावरण एवं साथियों के साथ समावेशन की क्षमताओं का विकास संभव हो पाता है। इन्हीं गतिविधियों से बच्चों की जन्मजात प्रवृत्तियों एवं क्षमताओं का पता भी लगाया जा सकता है।

इस आयु में बच्चे खेल से बहुत तीव्रता से सीखते हैं। खेल एकल अथवा सामूहिक हो सकते हैं। जहां तक संभव हो संस्थागत ढांचे में उन की आयु के समूहों के खेलों को प्राथमिकता प्रदान करें। संस्था के माध्यम से विभिन्न गतिविधियों द्वारा बच्चों में संवैधानिक अधिकारों एवं कर्तव्यों के प्रति जागरूक करते हुए अत्यंत व्यावहारिक रूप से, उनमें नैतिक मूल्यों के विकास की प्रक्रिया आरंभ की जानी चाहिए। 3 से 8 वर्ष की आयु में संस्थाएं ऐसा वातावरण विकसित करें कि सीखने-सिखाने की प्रक्रिया केवल संस्था तक सीमित न रहे, बल्कि यह बच्चों के घर-परिवार एवं समाज तक जाएं। बच्चे विद्यालय में, विद्यालय से बाहर, परिवार में कहीं भी बेझिझक सवाल कर रहे हों, अपनी जिज्ञासाएं उजागर कर रहे हों। शिक्षक और अभिभावक कभी भी बच्चों को इसके लिए रोकें नहीं, उन्हें चुप न कराएं। बच्चों के शिक्षकों एवं अभिभावकों आदि सभी का दायित्व रहेगा कि वे बच्चों जिज्ञासाएं शांत करने को निरंतर प्रयासरत रहें तथा उन्हें किए गए प्रश्नों के उत्तर के नजदीक तक ले जाएं। इस आयु में अभिभावक, शिक्षक एवं स्वयं बच्चों का भी दायित्व रहेगा कि वे सीखने की इस औपचारिक एवं अनौचपारिक प्रक्रिया पर निरंतर समालोचनात्मक एवं सकारात्मक दृष्टिकोण रखें। इस दौरान यह भी आवश्यक है कि बच्चों के क्रियाकलापों, उनके उत्तरों, प्रश्नों एवं व्यवहारों द्वारा ही जानने की प्रगति का पता लगाएं। उनके अनुभवों, विचारों को तबज्जो दें तथा अपने विचारों से सरल भाषा में उन्हें अवगत कराएं। इसी से सीखने का पता लगाया जाना चाहिए तथा उन्हें आवश्यकतानुसार आगे बढ़ने हेतु प्रेरित किया जाना चाहिए।

रेत का किला



डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

व्यवहार की जो पद्धति समाज के साथ हमको भी आगे ले जाए, वह नीति है। नीति शब्द से नैतिक और नैतिकता शब्द बनते हैं। यह नैतिकता ही संस्कार या चरित्र है, जिसके संबंध में बहुत बातें कही जाती हैं। यदि नैतिकता न हो तो व्यक्ति का क्षरण हो जाता है, परिवार का क्षरण हो जाता है, दल या संगठन का क्षरण हो जाता है तथा राज्य संस्था का क्षरण हो जाता है।

नैतिकता एक मर्यादा है और मर्यादा राजा की भी होती है और प्रजा की भी होती है, समुद्र कितना प्रबल है? किंतु मर्यादा को वह भी मानता है। राज्य विश्वास पर टिका है, भय पर नहीं, केवल सैन्यबल पर राज्य स्थिर नहीं रह सकता। आप एक सीमा तक लोगों को जेल या यातना से डराकर चुप कर सकते हैं, लेकिन जब लोग समझने लगेंगे कि यहां अपराधी नहीं, सज्जन डरा हुआ है। सामान्य जन भयभीत है, अपराधी से समझौता है। लोग सच कह नहीं पा रहे हैं। असत्य को डरना चाहिए, किंतु सच डर रहा है। दंडव्यवस्था अनैतिक है, दुष्ट निर्भय हैं। असामाजिक को डरना चाहिए, किंतु यहां तो समस्त डर लोकतंत्र को ही चुप करना चाहता है, तब लोग जान जाएंगे कि राजा डरा हुआ है, वह नैतिकबल को खो चुका है। वह अनैतिक है, क्योंकि झूठ बोलता है। अविश्वसनीय है। विश्वास यह नहीं समझता कि आप क्या कहते रहते हैं? विश्वास दिन और रात यह देखता रहता है कि आप करते क्या हैं? आपके आचरण को आपके घर की दीवारें देख रही हैं, घर की छत आपके आचरण की परीक्षा कर रही होती है। आप समझ रहे होते हैं कि मुझे कोई नहीं देख रहा, किंतु सच यह है कि आप किसी को नहीं देख पा रहे हैं और आपको सबने देख लिया है। विश्वास एक प्रचंड शक्ति है, उसके सामने सैन्यशक्ति भी निस्तेज हो जाती है। विश्वास सैन्य बल पर नहीं, सत्य पर टिका हुआ है, सत्य नहीं तो विश्वास नहीं और विश्वास नहीं तो कुछ भी नहीं। लोक विश्वास के बिना राज्य संस्था कुछ समय तक भरम के रूप में धुंए की तरह रह सकती है, किंतु अंततः वह निस्तेज हो जाती है। रेत के किले की तरह अपने आप ढह जाती है।

गुरु के प्रति कृतज्ञता का उत्सव

भारत पूरे विश्व में अपनी संस्कृति, आचरण व शिष्टाचार से जाना जाता है। गुरु पूर्णिमा भगवान शिव द्वारा स्थापित ऐसा ज्ञानपर्व है, जिसमें व्यास परंपरा की जीवंतता है। यह ज्ञान की आराधना का पर्व है और सरल शब्दों में कह सकते हैं कि ज्ञानी अर्थात गुरु के प्रति निष्ठा और श्रद्धा समर्पण का पर्व है।

प्रो. विवेकानंद तिवारी
अध्यक्ष, आंबेडकर पीठ एचपीयू, शिमला

हमारे जीवन में प्रज्ञा और श्रद्धा की दो धाराएं अनवरत एक साथ चलती हैं। इसलिए जो प्रज्ञावान हैं, हम उनका भी सम्मान करें और जो श्रद्धावान हैं वह भी हमारी धरोहर हैं। गुरु पूर्णिमा इस श्रद्धावान और प्रज्ञावान के संबंधों के पुनर्जागरण का दिन होता है। गुरु सामान्यतः महामानव होते हैं, जिनकी कृपा से मानव यथार्थ जीवन संपन्नता प्राप्त करता है, आत्मिक पवित्रता प्राप्त करता है, प्रखरता प्राप्त करता है। इसलिए ऋषि व्यास जो महानतम ज्ञानी हैं "व्यासस्य रूपाय विष्णवे" उनकी वंशावली में, व्यास पूर्णिमा 'गुरु पूर्णिमा कहलाती' है। हमारे यहां कहा गया है,"गुरु बिनु भवनिधि तरइ न कोई। जउ बिरंचि संकर सम होई।। अर्थात गुरु सबके लिए अनिवार्य हैं। वह गुरु जो सत-असत, ज्ञान-अज्ञान का विभेद कर सके, उसका विस्तृत ज्ञान इतना हो कि वह संपूर्ण परिस्थितियों का जानने वाला हो तभी जाकर वह मार्गदर्शक बन सकता है।

गुरु तथा देवता में समानता के लिए एक श्लोक में कहा गया है कि जैसी भक्ति की आवश्यकता देवता के लिए है वैसी ही गुरु के लिए भी। शास्त्रों में गुरु अज्ञान के अंधकार को दूर करके ज्ञान का प्रकाश देने वाला कहा गया है। गुरु हमें अंधकार से प्रकाश की ओर ले जाने वाले होते हैं। गुरु की कृपा से ईश्वर का साक्षात्कार संभव हो पाता है और गुरु की कृपा के अभाव में कुछ भी संभव नहीं हो पाता।

प्रश्नों की बौछार

डा. श्रीधर द्विवेदी
वरिष्ठ हृदय रोग विशेषज्ञ, नेशनल हार्ट इंस्टिट्यूट, नई दिल्ली

> इतनी बीमारियों के बावजूद सोना देवी की जीवंतता और खाने पीने में रुचि कम नहीं पड़ी थी। अच्छा खाना-पीना, सलीके से रहना, घूमना -फिरना उनकी प्रबल इच्छाओं में था।

चौहत्तर वर्षीय सोना देवी को दस वर्षों से डायबिटीज थी। उसका थोड़ा-बहुत असर अब हृदय पर भी पड़ चुका था, जिसके चलते अब उन्हें ज्यादा मेहनत या श्रम करने पर छाती में दर्द या जलन होती थी, साथ में ब्लड प्रेशर और कोलेस्ट्रॉल भी बढ़ा हुआ था। इसीजी करने पर पता कि उन्हें दिल का हल्का दौरा पड़ चुका है। गर्दन की हड्डियां भी कमजोर पड़ गई थी, जिसके चलते उन्हें गर्दन और दोनों बाजुओं में दर्द की शिकायत थी। उनका शरीर खाया-पिया था। वजन भी अच्छा-खासा था। शारीरिक गठन सूचकांक 29.6 था, जो सामान्य से काफी अधिक था। दोनों कानों से कम सुनाई देता था।

इतनी बीमारियों के बावजूद सोना देवी की जीवंतता और खाने पीने में रुचि कम नहीं पड़ी थी। अच्छा खाना-पीना, सलीके से रहना, घूमना -फिरना उनकी प्रबल इच्छाओं में था। मुझे बहुत अच्छी तरह से याद है कि जब वे पिछली बार सर्वप्रथम मुझे दिखने आईं थीं तब उनके दो प्रमुख प्रश्न थे क्या मैं संगम के किनारे मिलने वाली गुड़ खा सकती हूं? अपने फैली हथेलियों के संकेत से एक बड़े कटोरे के बराबर खीर खा सकती हूं। जिसे दस वर्षों से अधिक की डायबिटीज हो, ब्लड प्रेशर हो उसे रोज खीर खाने को मैं कैसे अनुमति देता? मैंने उन्हें बहुत समझ-बुझाकर गुण-दोष बताकर एक छोटी कटोरी कभी- कभार लेने की इजाजत दी थी।

आज करीब छह महीने बाद जब वह ओपीडी में आईं तब कुशलक्षेम के बाद उन्होंने कहा डाक्टर साहब कमजोरी बहुत है। क्या मैं गुड़ की जलेबी खा सकती हूं? पकौड़ी, कढ़ी, कटहल की सब्जी खा सकती हूं? और हां डॉक्टर साहब क्या मैं उड़द की दाल या दम आलू खा सकती हूं? इसके पहले कि मैं उन्हें कुछ जवाब दूं उनका आगामी प्रश्न था क्या मैं दही माठा से रोटी खा सकती हूं? और हां डाक्टर बाबू क्या मैं पहले की तरह राजमा -छोला खा सकती हूं की नहीं? कहो डाक्टर साहब क्या चना उबाल कर खा सकती हूं? पेप्सी मेरे लिए मना तो नहीं है? आजकल लोग नारियल का पानी खूब पीते हैं क्या हमहूं इसे पी सकते हैं? मैंने कहा बिल्कुल मां। गांव में मेरे खेत में एक बहुत सुंदर आम का पेड़ हैं। सिंदूर के रंग का उसका आम बहुत मीठा होता है। हम लोग उसे सेनहुरवा आम बोलते हैं। सेनहुरवा की बात करते-करते वह अत्यंत लालायित भाव से बोली क्या वह आम अब मैं खा सकती हूं की नहीं।

डॉक्टर साहब मैं अपने घर के तीसरे महला पर खटाखट चढ़ जाती थी, पर अब दूसरी मंजिल पहुंचते-पहुंचते सांस फूल जाती हैं। ऐसा क्यों है डॉक्टर साहिब? ऐसा कहते समय उनके चेहरे पर बाल सुलभ सरलता, मुस्कराहट और कौतूहल था। खाने-पीने से संबंधित उनके अनेक प्रश्न मेरे लिए थोड़े कौतूहल पूर्ण थे। पहले मेरा मन हुआ कि मैं इन्हें चिकित्सालय की डायटीशियन के पास शंका-समाधान के लिए भेज देता, लेकिन मेरे अंतःकरण ने यह गवारा नहीं किया, क्योंकि उनकी सांस्कृतिक पृष्ठभूमि से डायटीशियन की समझ शायद ही मेल खाती। यह ध्यान में रखकर मैंने स्वयं यह जिम्मेदारी निभाने का निश्चय किया।

मेरा उत्तर संक्षिप्त और सरल था- आप सब चीजों का आनंद लें पर ज्यादा चिकनाई, तले-भुने, अधिक नमक, मैदे से बनी चीजें और जंक पदार्थों से बचने की कोशिश करें। कहते है न जीभ तो 'स्वाद लेहि भीतर गई, भोगत हृदय अपार'। यहां यह बात सोलहों आने सच थी। इसी चटोरी जीभ के कारण उन्हें डायबिटीज, हृदयाघात, चिकनाई दोष जैसी समस्याएं घेरे हुएं थी, पर उनका चटपटे भोजन के प्रति लगाव कम नहीं हुआ था। पता नहीं मैं उसके तमाम प्रश्नों का समाधान कर पाया या नहीं, पर जाते समय उसके चेहरा जिस प्रकार प्रसन्नता से खिला हुआ था और उसके नेत्रों में कृतज्ञता के भाव परिलक्षित हो रहे थे तथा अभिवादन में जो नमन दृष्टिगत हो रहा था वह किसी भी चिकित्सक को अंदर से विचलित करने के लिए पर्याप्त था।

ऐसे भी होते हैं मुस्लिम

इन दिनों उत्तर प्रदेश में कावड़ियों के मार्ग की दुकानों और होटलों से लेकर ठेलियों तक पर स्वामी के नाम का पट लगाए जाने के शासकीय आदेश की खबर गरम है। इसके पीछे की भावना यह है कि इन शिव भक्तों को हिंदू-मुस्लिम विक्रेता की पहचान हो सके। हालांकि इन नाम पटों की सत्यता की पुष्टि करने का कावड़ियों के पास कोई उपाय नहीं है और न इतने वृहत पैमाने पर सरकारी तंत्र इसे सत्यापित ही कर सकता है, जो लिखा है उसे मुख मूल्य पर स्वीकार करना होगा।

रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

तथ्य यह भी है कि तमाम नाम कामन होते हैं, जो हिंदू मुसलमान दोनों रखते हैं। ऐसा इस समय क्यों किया गया? लोकसभा चुनावों में यूपी में भाजपा को मिली करारी शिकस्त के परिणामस्वरूप मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पर आलोचना की बौछारें हो रही हैं। उनके अपने दोनों उप मुख्यमंत्री इसमें सबसे आगे हैं, शायद हाई कमान के इशारे पर। इसी बीच प्रदेश की 10 विधानसभा सीटों पर उपचुनाव भी होने हैं, जिनके परिणामों से योगी की प्रतिष्ठा जुड़ी होगी और शायद कुर्सी भी। ऐसे में नाम पट दर्शित करने वाली योजना वोटों के सांप्रदायिक ध्रुवीकरण करने का प्रयास है। अब इसमें कितनी सफलता मिलती है, यह समय बताएगा। वैसे मेरा मानना है कि कोई भी समूह या संप्रदाय अपनी संपूर्णता में अच्छा या बुरा नहीं होता। मिश्रण होता है। यहां वेद पुराण की बात नहीं करेंगे, क्योंकि तब तो हिंदू-मुस्लिम था ही नहीं। इतिहास में मंसूर, सरमद, फैजी, रहीम, रसखान और मलिक मोहम्मद जायसी जैसे नाम हैं, जिनको इंगित करके भारतेन्दु हरिश्च

एक नजर

मृत पति को भूत बताकर महिला से मारपीट

संभल/रजपुरा, अमृत विचार : रजपुरा थाना क्षेत्र में ग्रामीण ने महिला से मारपीट की। पीड़िता ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की गुहार लगाई। थाना क्षेत्र के गांव बहटकरन निवासी सुखदेवी ने पुलिस को तहरीर देकर कहा कि उसके पति की करीब 10 वर्ष पहले मौत हो चुकी है। आरोप लगाया कि गांव का ही एक व्यक्ति कहता है कि तेरा पति भूत बन गया है। भूत बनकर लोगों और बच्चों को परेशान करता है। इसी को लेकर व्यक्ति ने महिला के साथ मारपीट की। पीड़ित महिला ने पुलिस से कार्रवाई करने की मांग की। थाना प्रभारी निरीक्षक अमरपाल सिंह ने बताया कि मामले की तहरीर मिली है। जांच की जा रही है।

पुलिस कर्मी के व्यवहार की एसपी से शिकायत

संभल, अमृत विचार : समाज हित संरक्षण समिति के अध्यक्ष महंत भगवानदास शर्मा ने एसपी को शिकायती पत्र भेजा है। कहा है कि एक मामले में जांच को लेकर पीड़िता के बयान दर्ज होने के बाद उनके कार्यालय पहुंचे। जहां टू स्टार पुलिस कर्मी ने अंदर नहीं जाने दिया। हड़काते हुए अपमानित किया। कहा कि विरोध में वह और अन्य लोग कार्यालय के पास 23 जुलाई को सुबह 11 बजे से अनशन पर बैठेंगे।

सिरसी के मौलाना मुनव्वर रजा का इंतकाल

संभल/सिरसी अमृत विचार : कौम की खिदमत करने वाले सिरसी निवासी मौलाना मुनव्वर रजा का शनिवार को सुबह छह बजे हृदय गति रुकने से इंतकाल हो गया। उनके इंतकाल की खबर से शोक की लहर दौड़ लग गई। तमाम लोग उनके घर पहुंचे। बताते चलें कि सिरसी की अजादारी में मौलाना मुनव्वर राजा की अपनी अलग पहचान थी।

अखिलेश ने किया इस्तीफा वापस लेने का आग्रह

संभल/जुनावई अमृत विचार : समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने गुन्नौर क्षेत्र के गांव मिठनपुर निवासी ठाकुर योगेंद्र सिंह तोमर को पत्र लिखा है। कहा है कि उन्होंने 21 फरवरी को राष्ट्रीय सचिव पद से त्याग पत्र देने की पेशकश की है। अखिलेश यादव ने आग्रह किया है कि वह पार्टी में रहकर पहले जैसा सहयोग करते रहें। इस्तीफा पार्टी के हित में वापस ले लें।

भाकियू असली ने दिया धरना, पहुंचे अधिकारी

बिजली आपूर्ति में सुधार की मांग को लेकर खिरनी बिजलीघर पर जुटे किसान, एसडीएम के आश्वासन पर मान गए

कार्यालय संवाददाता, संभल/कैला देवी

अमृत विचार : भारतीय किसान यूनियन असली के बैनर तले किसानों ने खिरनी बिजलीघर पर बिजली आपूर्ति में सुधार समेत कई समस्याओं को लेकर धरना दिया। विभागीय अधिकारियों के साथ पहुंचे एसडीएम ने किसानों की बात सुनी। एसडीएम ने समस्याओं को जल्द सुलझाने का आश्वासन दिया तो धरना समाप्त कर दिया गया।

भारतीय किसान यूनियन असली के जिलाध्यक्ष राजपाल सिंह यादव के नेतृत्व में पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं और किसानों ने शनिवार को खिरनी बिजलीघर पर धरना शुरू किया। कहा कि बिजलीघर से बिजली आपूर्ति सुचारू नहीं होने से क्षेत्र के किसान परेशान हैं। रोस्टरिंग की समस्या को समाप्त किया जाए। अगर ऐसा नहीं हो सकता तो क्षेत्र को संभल बिजलीघर से जोड़ दिया जाए। कहा कि नलकूप की मोटर, स्टार्टर आदि लगातार फुंक रहे हैं। जब से खिरनी बिजलीघर को 132केवी कैला देवी से जोड़ा गया है तभी से लो वोल्टेज की समस्या बनी है।

खिरनी बिजलीघर की क्षमता वृद्धि, सभी बिजली घरों पर अलग-अलग जेई की तैनाती करने की मांग की। सूचना मिलने एसडीएम विनय कुमार मिश्र, एसडीओ और जेई किसानों के बीच पहुंचे। एसडीएम ने किसानों की समस्याओं को सुना। उन्होंने रोस्टिंग, जर्जर लाइनों, पोल आदि की समस्याओं को जल्द सुलझाने का आश्वासन दिया। जिस पर धरने को समाप्त कर दिया गया।

इस दौरान पश्चिमी उत्तर प्रदेश प्रभारी चौधरी संजीव गांधी, जिला महासचिव मोहम्मद सुलेमान, मुरादाबाद मंडल प्रभारी मोहम्मद वारिस, जयवीर सिंह यादव, दिलशाद, रामवीर सिंह, जयवीर सिंह यादव, कुमरपाल सिंह आदि रहे।

खिरनी में भाकियू के धरने को संबोधित करते वक्ता। ● अमृत विचार

हातिमसराय बिजली घर पर एसडीओ को ज्ञापन देते भाकियू पदाधिकारी।

कई साल से डटे लाइनमैन कर रहे किसानों का शोषण

संभल, अमृत विचार : भारतीय किसान यूनियन टिकैत के कार्यकर्ताओं ने बिजलीघर पहुंचकर मांगों को लेकर प्रदर्शन किया। एसडीओ देहात को ज्ञापन सौंपकर हातिम सराय बिजलीघर पर मशीनें लगवाने और काफी समय से डटे लाइनमैनों को हटाने की मांग उठाई। शनिवार को भाकियू टिकैत के मंडल सचिव रामवीर सिंह त्यागी और तहसील अध्यक्ष चौधरी महीदेव सिंह के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन के बाद एसडीओ देहात को ज्ञापन सौंपा। कहा कि हातिम सराय बिजलीघर पर मशीनें लगवाई जाएं। पांच और दस साल से डटे लाइनमैन किसानों का शोषण कर रहे हैं। वह बिजली की समस्याओं को समय पर दूर नहीं कर रहे। जिससे किसानों को समस्या हो रही है। एसडीओ देहात ने आश्वासन दिया कि जल्द ही तीन से चार मशीनें हातिम सराय बिजलीघर पर लगवाई जाएंगी। काम में रुचि नहीं लेने वाले और काफी समय से डटे लाइनमैनों को हटाया जाएगा।

भतीजे की बरात में गए देवर भाभी को किया घायल

बहजोई, अमृत विचार: भतीजे की बरात में गए देवर भाभी को गांव के दबंगों ने लाठी डंडों से पीट कर घायल कर दिया। देवर को गंभीर हालत में उपचार के लिए सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां से उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया है।

बहजोई के गांव रमपुरा निवासी माया पत्नी शैलेश अपने देवर राहुल के साथ गांव कानऊ धामपुर अपने भतीजे की शादी में गए हुए थे। बरात चढ़त के दौरान गांव कानऊ धामपुर निवासी सोनू, देवराज व देव बेवजह देवर भाभी से गाली गलौज करने लगे। उन्होंने इसका विरोध किया तो तीनों ने देवर भाभी के साथ लाठी डंडों से मारपीट प्रारंभ कर दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। भाभी माया ने देवर को गंभीर हालत में उपचार के लिए बहजोई के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया।

दो पक्षों में फायरिंग, ग्रामीणों में दहशत

कार्यालय संवाददाता, संभल/सौंधन

अमृत विचार : कैला देवी थाना क्षेत्र में ग्रामीण की हत्या की रंजिश को लेकर दो पक्षों के बीच जमकर फायरिंग हुई। देर रात फायरिंग से गांव में दहशत फैल गया। हालांकि फायरिंग में कोई घायल नहीं हुआ। पुलिस मौके पर पहुंची तो आरोपी भाग गए। थाना क्षेत्र के गांव कैलमुडी में पुरानी रंजिश को लेकर चार माह पहले मनोज की उसके ही घर में गोली मारकर हत्या कर दी थी। पुलिस ने मनोज के भाई बबलू की तहरीर पर गांव के ही हिस्ट्रीशीटर अवधेश तथा उसके साथी मानिक, मुकेश तथा सुखराम के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की थी। चार माह बाद भी पुलिस न तो हत्या का राज खोल पाई और न ही किसी की गिरफ्तारी कर पाई। आरोप है कि शुक्रवार को देर रात हिस्ट्रीशीटर अवधेश मनोज के खाली पड़े घर में घुस आया और ताबड़तोड़ फायरिंग करने लगा। तभी मनोज के पक्ष के लोगों ने भी फायरिंग शुरू कर दी। दोनों पक्षों की तरफ से करीब 20 राउंड फायरिंग हुई। देर रात हुई ताबड़तोड़ फायरिंग से गांव कैलमुडी दहल गया। सूचना मिलने पर भारी पुलिस बल मौके पर पहुंचा तो आरोपी भाग गए। फायरिंग में कोई व्यक्ति घायल नहीं हुआ। पुलिस रातभर आरोपियों की तलाश में जुटी रही मगर सफलता नहीं मिली। पुलिस ने मामले में कार्रवाई शुरू कर दी। सीओ अनुज कुमार चौधरी भी पहुंचे और थाना पुलिस को सख्त कार्रवाई के निर्देश दिये। थाना प्रभारी राजीव कुमार मलिक ने बताया की गांव कैलमुड़ी में फायरिंग हुई है। पुलिस की तरफ से दोनों पक्षों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की जा रही है।

फायरिंग की घटना के बाद जानकारी लेते सीओ अनुज कुमार चौधरी।

- **दोनों ओर से करीब 20 राउंड फायरिंग हुई, भारी पुलिस बल मौके पर पहुंचा**
- **पुलिस की ओर से दोनों पक्षों के खिलाफ दर्ज की जा रही है रिपोर्ट**

जबरन मकान बेचने को धमकाने की शिकायत

बनियाठेर/चन्दौसी, अमृत विचार: थाना बनियाठेर के गांव बनियाखेड़ा निवासी सत्यवती पत्नी स्व. नरेश गिरि ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसका घर गांव के बाहर है। उसका परिवार पहल से ही गांव में स्थित शिव मंदिर में पूजा पाठ करता आ रहा है। उसके पति की मृत्यु के बाद मंदिर की पूजा पाठ वह और उसके दोनों बेटे करते हैं। बेटे सरकारी नौकरी की तैयारी भी कर रहे हैं। आरोप है कि पड़ोसी व्यक्ति जबरन उसका मकान खरीदना चाहता है। जिसे वह किसी भी हालत में बेचने को तैयार नहीं है। इसी रंजिश में आए दिन मंदिर आकर उपद्रव करता है। तोड़फोड़ करता है। उसके व उसके बेटों को प्रताड़ित करता है। बेटों पर झूठे केस में फंसाने की धमकी देता है। जिससे वह और उसका परिवार सहमा हुआ है। आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की जाए।

लोहिया कान्वेंट स्कूल में पुरस्कार के साथ विजेता बच्चे व स्टाफ। ● अमृत विचार

विद्यार्थियों का कौशल बनेगा विकास का माध्यम

संवाददाता, बबराला

अमृत विचार : नगर में स्थित लोहिया कान्वेंट स्कूल में आयोजित वार्षिक प्रतियोगिता के प्रतिभागी बच्चों ने हुनर दिखाया।

शनिवार को आयोजित प्रतियोगिता में कक्षा प्ले से कक्षा 12वीं तक के छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। प्ले से पांचवी तक के बच्चों के लिए पेड़- पौधों के रखरखाव के बारे में जागरूक करते हुए ट्री प्लांटेशन प्रतियोगिता हुई जबकि कक्षा 6 से आठवीं तक के छात्र-छात्राओं को स्पीच कंपटीशन इंपॉर्टेंस ऑफ ट्री का आयोजन किया गया। छात्र-छात्राओं को पेड़ पौधों के लाभ और पौधरोपण के महत्व को समझाया गया। कक्षा छह से 12वीं तक के विजेता छात्रों को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। स्कूल के डायरेक्टर उमेश यादव ने कहा कि छात्रों में छिपे कौशल ही उनके विकास का माध्यम बनेंगे। किताबी ज्ञान के अलावा उन्हें व्यवहारिक जानकारी होनी जरूरी है। उन्होंने प्रतिभागी छात्र-छात्राओं को प्रोत्साहित करते हुए शिक्षकों के नेतृत्व एवं समर्पण की भी सराहना की। प्रधानाचार्या सविता सिंह, हेमलता यादव व शिक्षक रहे।

परिवहन विभाग ने लगवाए 4200 पौधे

कार्यालय संवाददाता, संभल

अमृत विचार : शासन के निर्देश पर वृहद पौधरोपण अभियान के तहत परिवहन विभाग की ओर से सिरसी में अस्थाई गोशाला में पौधरोपण कराया गया।

एआरटीओ प्रशासन डॉ.पीके सरोज और एआरटीओ प्रवर्तन जेपी गुप्ता एवं कर्मचारियों ने 4200 पौधे लगाए। इनमें 1500 पौधे शीशम, 800 पौधे यूकेलिप्टस, 800 पौधे सागौन और अन्य 1100 पौधे रहे। एआरटीओ प्रशासन ने कहा कि पृथ्वी पर जीवन के लिए पेड़ पौधों का होना बहुत जरूरी है। इसलिए हर व्यक्ति की जिम्मेदारी बनती है कि वह पौधरोपण करे।

पौधरोपण करने के बाद पौधों की देखभाल भी करनी चाहिए। कार्यक्रम में चेयरमैन सिरसी कौसर अब्बास और स्टाफ भी मौजूद रहा।

पेड़ पौधों के बिना संभव नहीं है जीवन, करें पौधरोपण

संभल, अमृत विचार : तहसील क्षेत्र के गांव गैलुआ में पौधरोपण जागरूकता का कार्यक्रम हुआ। जिसमें गली मुहल्लों में घर-घर जाकर ग्रामीणों को पौधरोपण के लिए जागरूक किया गया। चौधरी रविराज चाहल एडवोकेट ने कहा कि पेड़ पौधों के बिना जीवन संभव नहीं है। संजीव शर्मा ने कहा कि वृक्ष ही जीवन का आधार हैं। वृक्ष हमें ऑक्सीजन देते हैं और प्राणों की रक्षा करते हैं। पुष्पेंद्र कुमार ने कहा कि हमें अधिक से अधिक पौधरोपण करना चाहिए। इस दौरान खिलेंद्र चाहल, मनोज कुमार, सुमित कुमार व छोटू आदि रहे।

अधिकारियों व लोगों ने उत्साह से किया पौधरोपण

बहजोई, अमृत विचार : एक पेड़ मां के नाम वृहद वृक्षारोपण अभियान के तहत के तहत पुलिस लाइन में अधिकारी व कर्मचारियों ने पौधारोपण किया। अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी ने पर्यावरण के संरक्षण एवं संवर्धन की शपथ दिलाई। अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी अनुकृति शर्मा के नेतृत्व में पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों ने विभिन्न प्रकार के छायादार व फलदार वृक्षों को रोपित किया गया। अपर पुलिस अधीक्षक ने कहा कि हमें पर्यावरण का संतुलन बनाए रखने के लिए पेड़ अधिक से अधिक लगाने चाहिए। **चेयरमैन ने पौधरोपण कर नागरिकों को किया प्रेरित :** श्री भगवंतपुर देवी मंदिर में आयोजित कार्यक्रम के तहत चेयरमैन राजेश शंकर राजू ने नागरिकों के साथ विभिन्न प्रकार के पौधे लगाए। नागरिकों को अधिक से अधिक पौधे लगाए जाने के लिए प्रेरित किया। अध्यक्ष ने कहा कि आज के समय में पेड़ पौधे मानव जीवन की जरूरत है पेड़ पौधे कम होते चले जा रहे हैं। प्रत्येक व्यक्ति को कम से कम एक पौधा लगाना चाहिए। इस दौरान अधिशासी अधिकारी भूपराम वर्मा, सभासद धर्मपाल, जीशान, विपिन कुमार, मुन्नी देवी, चेतन्य कुमार सिंह संजय ट्रांसपोर्ट, प्रभु गोपाल, रिंकू जैन, पप्पू भगत जी आदि मौजूद रहे।

सार संक्षेप

बिजली नहीं मिलने पर जोत दी पांच बीघा फसल

संभल/रजपुरा, अमृत विचार : रजपुरा थाना क्षेत्र में बिजली नहीं मिलने पर गुस्साए किसान ने पांच बीघा धान की फसल ट्रैक्टर रोटावेटर से जोत दी। किसान का कहना रहा कि जब फसल को पानी नहीं मिलेगा तो पैदावार कैसे होगी। थाना क्षेत्र के गांव निजामपुर निवासी किसान भारत सिंह पुत्र रामौतार ने पांच बीघा खेत में धान की रोपाई कराई थी। इसके साथ खाद, दवा आदि में हजारों रुपये खर्च किए। शनिवार को भारत सिंह ने शेड्यूल के अनुसार बिजली न मिलने पर ट्रैक्टर चलाकर रोटावेटर से पांच बीघा धान की फसल को जोत दिया। भारत सिंह का कहना रहा कि शेड्यूल के अनुसार बिजली नहीं मिल रही है। लो वोल्टेज की समस्या बनी रहती है। जिसकी वजह से खेत में खड़ी धान की फसल की सिंचाई नहीं हो पा रही है। वहीं हिरौनी विद्युत उपकेंद्र के जेई सुनील कुमार ने कहा कि ओवरलोडिंग होने की वजह से फीडर पर काट कर 6 से 8 घंटे बिजली दी जा रही है। ट्रांसमिशन से 6 घंटे की रोस्टिंग हो रही है। जिस कारण समस्या हो रही है। जल्द ही समस्या का समाधान कराया जाएगा।

दुकानों पर नाम का बोर्ड लगवाने का स्वागत

संभल, अमृत विचार : अंतरराष्ट्रीय हिन्दू परिषद के कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन डिप्टी कलेक्टर को सौंपा। जिसमें पुलिस प्रशासन द्वारा मुजफ्फरनगर में कांवड़ मार्ग पर दुकानदारों को नाम का बोर्ड लगाने के लिए कहने के स्वागत एवं समर्थन किया। कहा कि पूरे उत्तर प्रदेश में कांवड़ यात्रा के दौरान दुकानदारों द्वारा दुकान पर नाम लिखवाकर बोर्ड लगाया जाए। कांवड़ यात्रा के बाद भी यह व्यवस्था रहे। कहा कि कांवड़ यात्रा में बच्चे, बुजुर्ग, महिला भक्तों के लिए अलग से उचित व्यवस्था कराने, सावन के धार्मिक महत्व को देखते हुए अंडा, मीट, मांस की दुकानें पूर्ण रूप से बंद कराने की मांग की। इस दौरान प्रांत उपाध्यक्ष श्याम सिंह पंवार, जिलाध्यक्ष अशोक कुमार त्रिवेदी, टीटू सैनी, हरप्रसाद, विशाल आदि रहे।

दुकानदारों ने स्टेशन अधीक्षक को सौंपा ज्ञापन

चन्दौसी, अमृत विचार : रेलवे स्टेशन के बाहर मुखर्जी चौक के दुकानदारों ने मंडल रेल प्रबंधक को संबोधित ज्ञापन स्टेशन अधीक्षक आशीष मिश्रा को सौंपा। ज्ञापन में कहा है कि रेलवे स्टेशन के बाहर दुकानदार पिछले 60 वर्षों से नगर पालिका की किरायेदारी में रहकर अपना व्यापार कर बच्चों का पालन-पोषण कर रहे हैं। दुकानदार का समय से अपना किराया व टैक्स नगर पालिका को देते हैं। इन दुकानदारों के पास नगर पालिका के अनुबंध व आवंटन भी है। प्रिंट मीडिया में इन दुकानों पर बुलडोजर चलने के समाचार प्रकाशित हुए हैं। नगर पालिका की आराजी पर बिना बातचीत कर बुल्डोजर चलाना दुकानदारों के भविष्य पर आघात है व उनके बच्चों की रोजी-रोटी के साथ खिलवाड़ है। जब यह व्यवस्था सरकार की है कि किसी की रोजी-रोटी न छीनी जाए। अगर रेलवे द्वारा दुकानों को क्षति पहुंचाई जाती है, तो रेलवे रोड संघर्ष समिति पीछे नहीं हटेगी।

बच्चों ने पत्थरों पर सामाजिक संदेश देते हुए उकेरे चित्र

बबराला, अमृत विचार : राजघाट गंगा के सौंदर्यीकरण के क्रम में स्टोन पेंटिंग्स की प्रतियोगिता शनिवार को नगर पंचायत बबराला के तत्वावधान में हुई। घाट के रास्ते पर लगे पत्थरों को आकर्षक तरीके से सजाया गया। प्रतियोगिता में करीब 50 बच्चों ने चित्रकला हुनर का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। बच्चों ने जल संरक्षण, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, पर्यावरण और वृक्षारोपण और स्वच्छता के अलावा धार्मिक संदेश देने वाले मनभावन चित्र उकेरे। उड़ान आर्टिस्ट ग्रुप की संस्थापक डॉ. ममता राजपूत के निर्देशन में रामा कान्वेंट स्कूल और उड़ान ग्रुप के मिष्टी राजपूत, तनिशा राजपूत, अंशु यादव, माही गुप्ता, नंदिनी, लक्ष्मी कुशवाहा, राधा यादव, आराध्या सिंह, कनक शर्मा, कार्तिकेय हरि, देव नंदिनी वार्ष्णेय, प्रतिमा, सुरभि, अनुष्का सिंह, सृष्टि, प्रणव, ज्योति यादव आदि ने हिस्सा लिया। चेयरमैन हर्ष वर्धन वार्ष्णेय ने बताया कि प्रतिभागी बच्चों को एक समारोह में सम्मानित किया जाएगा। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी अनुकृति शर्मा, डीपीआरओ उपेंद्र पांडे, सीओ डॉ. गणेश गुप्ता, बीडीओ नरेश पाल सिंह, अधिशासी अधिकारी अमरेश तिवारी, कोतवाल विनीत कुमार, चौकी इंचार्ज मनोज कुमार आदि ने बच्चों की हौसला अफजाई की।

पौधरोपण कर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

बबराला अमृत विचार : 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत शनिवार को भी पौधरोपण किया गया। गवां में नगर पंचायत की ओर से आयोजित पौधरोपण कार्यक्रम में उपजिलाधिकारी दीपक कुमार चौधरी ने भी पौधा लगाया। बबराला में पौधरोपण अभियान की कड़ी में नगर पंचायत द्वारा इंदिरा चौक से चंदौसी रोड पर लोगों ने डिवाइडर पर सागवान, पीपल, गुलमोहर, इमली आदि के सौ से अधिक पौधे रोपे।

वूमेन शिखर की सदस्यों ने किया पौधरोपण

चन्दौसी, अमृत विचार : जायंट्स ग्रुप वूमेन शिखर की ओर से ग्रुप की सदस्य मोना शर्मा के जन्मदिन के उपलक्ष्य में पुष्प विहार स्थित किशोर पार्क में पौधरोपण किया गया। नीम, अशोक, गेंदा, जामुन, अमरूद, बेलपत्र, शमी आदि के पौधे रोपित किए गए। साथ ही सभी को वातावरण शुद्ध रखने के लिए समय-समय पर पौधरोपण करने के लिए प्रेरित किया गया। इस मौके पर ग्रुप अध्यक्ष शालिनी शर्मा, शिखा शर्मा, शोभा शर्मा, नीतू रस्तोगी, शीनू शर्मा, मोना शर्मा आदि मौजूद रहीं।

12 सफाई कर्मियों व 13 पंचायत सचिव का रोका वेतन

बहजोई, अमृत विचार : संचारी रोग अभियान के तहत गांव में सफाई न किए जाने को लेकर डीपीआरओ ने 12 कर्मचारियों का वेतन रोक कारण बताओ नोटिस जारी किया है। तो वहीं मॉनिटरिंग सही से न करने पर 13 पंचायत सचिवों का भी वेतन रोकते हुए कारण बताओ नोटिस जारी किया है। डीपीआरओ ने बताया कि संचारी रोग अभियान में निरीक्षण किया गया तो पाया कि कई ग्राम पंचायत में साफ सफाई का कार्य ठीक से नहीं किया गया है, जिससे संचारी रोग फैलने की आशंका है। इसलिए पंचायत सचिव व सफाई कर्मियों के वेतन रोके हैं।

बच्चों ने शिक्षिकाओं के साथ एक पौधा मां के नाम रोपित किया

चन्दौसी, अमृत विचार : एबीसी किड्स मांटेसरी स्कूल में गुरु पूर्णिमा के उपलक्ष्य में शनिवार को स्कूल में सभी कक्षाओं के बच्चो द्वारा अपने मां के नाम एक पौधा मंगा कर रोपित किए गए। करीब 400 पौधे रोपित किए गए। सरकारी अस्पताल परिसर में भी शिक्षिकाओं ने पौधरोपण किया। विद्यालय संचालिका संगीता भार्गव ने बताया कि हिंदू धर्म में गुरु पूर्णिमा का विशेष महत्व है। इस दिन गुरु की पूजा की जाती है। गुरु ही हमें अंधकार और अज्ञानता से बचाता है और सही राह भी दिखाता है। हमें अपने गुरुओं का सम्मान व आदर करना चाहिए। पेड़-पौधों का मानव जीवन में महत्व बताया। इस अवसर पर दिव्या, प्रिया, नेहा, शालू, निशा, अर्शी, रूपाली, आध्या, मीनू, सरिता, मंतशा, दीक्षा, नीरज, रक्षा, पारुल, शिल्की, इशिता, याशी, पारुल, दीक्षा, लक्षिता, हुमा, अंजु आदि शिक्षिकाओं का सहयोग रहा।

आयोजन शासन के निर्देश पर जिले में अधिकारियों ने विभिन्न स्थानों पर किया पौधरोपण

पर्यावरण को सुरक्षित रखने में पेड़ पौधों का बड़ा महत्व

कार्यालय संवाददाता, संभल

अमृत विचार : शासन के निर्देश पर संभल जिले में विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने सार्वजनिक और अन्य स्थानों पर पौधरोपण किया।

वृहद पौधरोपण अभियान की सफलता के लिए शनिवार को संभल जिले में विभिन्न विभागों के अधिकारी जुटे। संभल में नगर पालिका परिषद की ओर से एक पेड़ मां के नाम, पेड़ लगाओ, पेड़ बचाओ मुहिम के तहत मनोकामना पार्क, सूर्य कुंड मंदिर, रायसत्ती मंदिर, चौधरी चरण सिंह पार्क, महाराणा प्रताप पार्क, डॉ.भीमराव आंबेडकर पार्क सरायतरीन, हयातनगर में विभिन्न स्थानों पर पौधरोपण किया गया। इस बीच जनप्रतिनिधि, स्वयंसेवी संस्थाएं, व्यापारी और नगर पालिका परिषद के अधिकारी कर्मचारी रहे। एसडीएम विनय कुमार मिश्र, ईओ डॉ.मणिभूषण तिवारी, पूर्व नगर अध्यक्ष भाजपा शिल्पी गुप्ता, अनंत अग्रवाल ने सदभावना पार्क में पौधरोपण किया। एसडीएम ने ईओ के साथ अन्य स्थानों पर भी पौधे लगाए। एसडीएम ने कहा कि सुरक्षित पर्यावरण के लिए पेड़ पौधों का होना बहुत जरूरी है। समाज के लोगों को भी समय-समय पर पौधारोपण करते हुए पौधों की देखभाल की जिम्मेदारी निभानी चाहिए।

संभल में पौधरोपण करते एसडीएम विनय कुमार मिश्रा।

कैला देवी धाम पर पौधरोपण करते महंत ऋषिराज गिरी, सीओ व अन्य।

सिरसी में भी हुआ पौधरोपण

सिरसी, अमृत विचार : नगर पंचायत सिरसी की ओर से भी पौधरोपण किया गया। चेयरमैन कौसर अब्बास, एआरटीओ प्रशासन डॉ.पीके सरोज, पशु चिकित्सा अधिकारी और सभासदों ने विभिन्न स्थानों पर 4687 पौधे लगाए। पौधों की समुचित देखभाल किए जाने की बात कही।

सीओ ने लगाए पौधे, कांवड़ियों से किया संवाद

सौंधन, अमृत विचार : पुलिस क्षेत्राधिकारी संभल अनुज कुमार चौधरी, कैला देवी धाम के महंत ऋषिराज गिरी, थाना प्रभारी राजीव कुमार मलिक एवं ब्लाक प्रमुख पति हृदेश यादव ने कैला देवी थाना परिसर में आम, पीपल, जामुन आदि के पौधे लगाए। पौधों की देखरेख के निर्देश दिए गए। पुलिस क्षेत्राधिकारी ने कैला देवी थाना क्षेत्र के विभिन्न गांवों से कावड़ लेने जाने वाले शिव भक्तों से संवाद किया। उन्होंने शांतिपूर्ण तरीके से कावड़ लाकर जलाभिषेक करने को कहा। कहा कि किसी भी प्रकार की परेशानी होने पर तत्काल प्रशासन को सूचना दी जाए। इस दौरान दर्जनों कांवड़िये और थाने का स्टाफ रहा।

करेली रोड पर पौधा रोपित करतीं पालिकाध्यक्ष। ● अमृत विचार

पालिकाध्यक्ष ने अधिकारियों के साथ किया पौधरोपण

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

अमृत विचार: वृक्षारोपण जन अभियान के अंतर्गत शनिवार को नगर पालिका परिषद की ओर से करेली रोड स्थित उच्च जलाशय परिसर में पौधरोपण अभियान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। पालिकाध्यक्ष लता वार्ष्णेय ने पालिका के अधिकारियों के साथ पौधे रोपित किए। साथ ही पौधों की देखभाल करने का संकल्प लिया। पालिकाध्यक्ष ने कहा कि हमारे लिए पौध रोपण बहुत जरूरी है। वृक्षों से पर्यावरण संतुलित होता है। जितने अधिक हरे भरे पेड़ पौधे होंगे। उतना ही ऑक्सीजन का उत्पादन होगा। इस मौके पर ब्रजबाला वार्ष्णेय, मुकुल शर्मा समेत पालिका से केके अग्रवाल, अनुज कुमार, प्रियंका सिंह, सुनील कुमार, नरेश, राजकुमार, संजय आदि उपस्थित रहे।

प्रवेश प्रारम्भ
बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली
बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
● डी. फार्मा (2 वर्षीय) ● एम. फार्मा (फार्मास्यूटिक्स) (2 वर्षीय)
● बी. फार्मा (4 वर्षीय) ● एम. फार्मा (फार्माकोलॉजी) (2 वर्षीय)
रोहिलखंड कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
● डी. फार्मा (2 वर्षीय) ● बी. फार्मा (4 वर्षीय)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)
केशलता कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
● डी. फार्मा (2 वर्षीय)
मो. 9457672942
केशलता हॉस्पिटल कैंपस, डेलापीर रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)
बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट
● एम.एच.ए. (2 वर्षीय) ● एम.पी.एच. (2 वर्षीय)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली
For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202),
E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
डॉ. आशीष शर्मा (9105500202) श्रीमती रिचा गुप्ता (9105500404) योगेन्द्र सिंह (9760578366)

एक नजर

आज 15 घंटे ठप रहेगी विद्युत आपूर्ति

चन्दौसी, अमृत विचार : विद्युत विभाग की ओर से रविवार की सुबह छह बजे से रात नौ बजे तक मौलागढ़ उपकेंद्र से जुड़े सभी क्षेत्रों की विद्युत आपूर्ति ठप रहेगी। क्योंकि प्रेम नगर फीडर पर मंडी समिति स्थित रेलवे फाटक ओवरब्रिज निर्माण को लेकर विद्युत लाइन को हटाया जाएगा। रविवार को मौलागढ़ उपकेंद्र से विकास नगर, मौलागढ़, शक्ति नगर, पंचशील कॉलोनी, गोशाला रोड आदि क्षेत्रों की विद्युत आपूर्ति ठप रहेगी। एसडीओ प्रथम अजय कुमार शुक्ला ने बताया कि उपभोक्ता सुबह छह बजे से पहले पानी से संबंधित कार्य पूरे कर लें।

कोल्ड ड्रिंक के पैसे मांगने पर दुकानदार को पीटा

कुढ़फतेहगढ़/चन्दौसी, अमृत विचार : थाना कुढ़फतेहगढ़ क्षेत्र के भूड़ी चौराहा पर गांव मुड़िया खेड़ा निवासी अंकित कुमार की मिष्ठान एवं कोल्ड ड्रिंक की दुकान है। शुक्रवार की शाम वह दुकान पर बैठा था। तभी गांव कोरेरा थाना फैजगंज बेहटा के तीन युवक बाइक से आये और कोल्ड ड्रिंक लेकर पीने लगे। कोल्ड ड्रिंक पीने के बाद दुकानदार न पैसे मांगे तो युवकों ने गाली-गलौच शुरु कर दी। विरोध करने पर दुकानदार को जम कर पीटा। शोर शराबा सुनकर आसपास के लोग आ गए। जिससे हमलावर युवक बाइक से भाग निकले। दुकानदार अंकित ने पुलिस को घटना की जानकारी देते हुए तहरीर दी है। जिसमें युवकों पर मारपीट करने के अलावा गल्ले से पैसे निकालने का भी आरोप लगाया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

नौ दंपति आपस में सुलह कर साथ घर लौटे

बहजोई,अमृत विचार : पुलिस लाइन में आयोजित पुलिस परिवार परामर्श सुलह समझौता केंद्र पर छोटी बातों को लेकर टूटे परिवारों का सुबह से ही पहुंचना प्रारंभ हो गया। 9 पति-पत्नी ने समझौते के आधार पर अपना विवाद समाप्त कर दिया। महिला सेल प्रभारी इंस्पेक्टर पूनम आनंद ने बताया कि कुल 73 पत्रावली सुनकर पत्रावलियों का निस्तारण किया गया। जिसमें नौ परिवारों को मिलाया गया। दो पत्रावली में विधिक कार्रवाई करने की संस्तुति की गई। इस दौरान काउंसलर अखिलेश अग्रवाल, लव मोहन वार्ष्णेय, सीमा आर्य, बबीता शर्मा, श्वेता गुप्ता, कंचन माहेश्वरी आदि ने सहयोग किया।

बस ने 3 वाहनों में मारी टक्कर, दो लोग घायल

कार व दो बाइक क्षतिग्रस्त, लोगों ने बस चालक को पीटा, भैतरी रेलवे फाटक पर हादसा

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

अमृत विचार: बनियाठेर थाना क्षेत्र के बदायूं रोड पर भैतरी रेलवे फाटक पर बदायूं डिपो की बस ने पीछे से कार व दो बाइकों को टक्कर मार दी। हादसे में दोनों बाइकों पर सवार दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने घायलों को उपचार के लिए सीएचसी में भर्ती कराया। हालत गंभीर होने पर दोनों युवकों को चिकित्सक ने हायर सेंटर रेफर कर दिया। हादसे में कार व दो बाइक क्षतिग्रस्त हो गई। मौके से पुलिस ने बस चालक को हिरासत में लिया है।

शनिवार की सुबह 11 बजे बदायूं रोड स्थित भैतरी रेलवे फाटक बंद था। चन्दौसी से बरेली दिशा की ओर जनशताब्दी एक्सप्रेस गुजर रही थी। जिससे रेलवे फाटक के दोनों ओर वाहन खड़े थे। तभी चन्दौसी से बदायूं जाने के लिए बदायूं डिपो की बस तेज गति से भैतरी रेलवे फाटक पर पहुंची और रेलवे फाटक बंद होने पर खड़ी

सड़क हादसे में क्षतिग्रस्त कार।

कार व दो बाइकों को पीछे से टक्कर मार दी। हादसे में पहली बाइक सवार उपेंद्र कुमार पुत्र ऋषिपाल सिंह निवासी मबई ठाकुरान थाना असमोली व दूसरी बाईक पर सवार महावीर सिंह पुत्र रामौतार सिंह निवासी दियौरा खास थाना कुढ़फतेहगढ़ घायल हो गए। जबकि उदय पुत्र राजीव सिंह निवासी उदय देवता कोतवाली चन्दौसी की स्विफ्ट कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। हादसे के बाद लोगों ने बस चालक को पकड़ लिया और मारपीट की। मौके पर पुलिस भी पहुंच गई और घायल उपेंद्र कुमार व महावीर सिंह तथा बस चालक को गाड़ी में बैठा लिया। जबकि बस चालक आशु शर्मा पुत्र कृष्ण गोपाल निवासी विवेक विहार थाना सिविल लाइन बदायूं को अपने साथ ले गई। जहां सीएचसी में प्राथमिक उपचार के बाद दोनों युवकों की हालत गंभीर होने पर हायर सेंटर रेफर कर दिया।

डीसीएम -टेंपो भिड़ंत में बालक सहित चार घायल

चन्दौसी,अमृत विचार : बनियाठेर थाना क्षेत्र के बदायूं रोड पर भैतरी रेलवे फाटक के पास डीसीएम व टेंपो को जोरदार भिड़ंत हो गई। हादसे में टेंपो सवार एक बालक सहित चार लोग घायल हो गए। जिसमें वृद्ध को उपचार के लिए सीएचसी व अन्य को निजी हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया। घटना के बाद चालक टेंपो छोड़कर फरार हो गया। शनिवार की सुबह नौ बजे बदायूं रोड पर भैतरी रेलवे फाटक के पास टेंपो व डीसीएम की टक्कर हो गई। हादसे में टेंपो सवार राम बहादुर पुत्र अंगनलाल निवासी थाना फैजगंज बेहटा जनपद बदायूं, किशन पाल पुत्र सोमपाल, उसकी पत्नी सुनीता व चार वर्षीय पुत्र विवेक निवासी सहावर थाना फैजगंज बेहटा जनपद बदायूं घायल हो गए। जिसमें राम बहादुर का उपचार सीएचसी व अन्य तीनों का उपचार निजी हॉस्पिटल में कराया गया। जबकि घटना के बाद चालक टेंपो छोड़कर फरार हो गया। जबकि डीसीएम चालक मुकुल पुत्र राजेश निवासी थाना जींद जनपद हरियाणा चला रहा था।

इको कार ने बाइक सवार में मारी टक्कर, एक घायल

गुन्नौर, अमृत विचार : बदायूं दिल्ली हाईवे पर इको कार ने बाइक सवार में टक्कर मार दी। जिसके चलते बाइक सवार भी सड़क पर गिर गया और घायल हो गया कार सवार को रोक कर लोगों ने उसे डांट फटकार लगाई।गुन्नौर कोतवाली के निकट पुलिया पर शनिवार को चुनावी से बबराला की तरफ जा रही एक कर ने साइड से बाइक सवार में टक्कर मार दी। जिससे वह घायल हो गया वही मौके पर लोगों ने कार को रोक लिया। इसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने मामले को शांत कराया।

कैला देवी के जंगल में मिला मोर का शव

संभल/कैलादेवी, अमृत विचार: पंवासा विकासखंड के जंगल में शनिवार को राष्ट्रीय पक्षी मोर का शव पड़ा मिला। सूचना मिलने वन कर्मी व पुलिस मौके पर पहुंची और पोस्टमार्टम के लिए मोर का शव पशु चिकित्सालय भेज दिया।

गांव कमालपुर खानूपुरा निवासी गौरव शनिवार को काम करने खेत पर जा रहा था। गांव के ही नेमपाल के खेत में गौरव को ऊछल कूद करते हुए मोर दिखाई दिया और ऊछल कूद करते समय ही मोर जमीन पर गिर गया। शरीर में हलचल नहीं होने पर गौरव ने पास जाकर देखा तो मोर की मौत हो चुकी थी। सूचना मिलने पर पुलिस व वन कर्मी अमर सिंह मौके पर पहुंचे। मौत की वजह जानने के लिए मोर का शव पोस्टमार्टम कराने के लिए पशु चिकित्सक के पास भेज दिया। वन कर्मी अमर सिंह ने आशंका जताते हुए बताया कि मोर की मौत हो सकता है किसी धान की फसल में कीटनाशक का पानी पीने से हुई है।

सड़क पार कर रहे मजदूर की वाहन की टक्कर से मौत

संवाददाता, संभल

अमृत विचार: हजरतनगर गढ़ी थाना क्षेत्र में सड़क पार कर रहे मजदूर को अज्ञात वाहन ने रौंद दिया। मजदूर की मौके पर ही मौत हो गई।

थाना क्षेत्र के गांव फुलसिंघा निवासी मजदूर हनीफ 40 वर्ष शनिवार की सुबह सात बजे घर से सदर कोतवाली क्षेत्र के गांव चिमियावली में स्थित मीट फैक्ट्री में मजदूरी करने पैदल जा रहा था। हनीफ गांव से निकलकर संभल मुरादाबाद मार्ग पर स्थित आबाद वाली सड़क पार करने लगा। पीछे से आए तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने हनीफ को रौंद दिया। हादसे में हनीफ की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद चालक अज्ञात वाहन लेकर मौके से भाग गया। सड़क से गुजर रहे आसपास के लोग मौके पर इकट्ठा हो गए। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने परिजनों को सूचना दी। पुलिस ने हनीफ का शव लाकर जिला अस्पताल की मोर्चरी में रखवा दिया।

वाहन ने बाइक सवारों को मारी टक्कर, तीन घायल

संभल/रजपुरा, अमृत विचार : रजपुरा थाना क्षेत्र में गवां-बबराला मार्ग पर डीएसएम शुगर मिल के पास अज्ञात वाहन ने बाइक सवारों को टक्कर मार दी। हादसे में तीन युवक घायल हो गए। जुनावई थाना क्षेत्र के गांव मैढोली निवासी धर्मेंद्र, नितिन और धीरेंद्र बाइक से कस्बा गवां की तरफ जा रहे थे। जैसे ही वह डीएसएम शुगर मिल के पास पहुंचे तो अज्ञात वाहन ने बाइक को टक्कर मार दी। इस हादसे में तीनों युवक घायल हो गए।

राज्यमंत्री व मंडलायुक्त ने किया पौधरोपण अभियान का आरंभ

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

अमृत विचार: शासन के निर्देशानुसार शनिवार को ब्लॉक बनियाखेड़ा के गांव कैथल में समारोह पूर्वक को वृक्षारोपण महाअभियान पेड़ लगाओ-पेड़ बचाओ जन अभियान एक पेड़ मां के नाम अभियान का आरंभ राज्य मंत्री माध्यमिक शिक्षा स्वंतत्र प्रभार गुलाब देवी, मण्डलायुक्त आंजनेय कुमार सिंह ने पौधरोपण कर किया। साथ ही उपस्थित लोगों से एक पेड़ अपनी मां व धरती मां के नाम रोपित करने के लिए प्रेरित किया।

कार्यक्रम की शुरुआत में मंडलायुक्त ने गुब्बारे छोड़े। इसके बाद राज्यमंत्री गुलाब देवी और मंडलायुक्त आंजनेय कुमार, जिलाधिकारी डॉ. राजेन्द्र पैंसिया एवं पुलिस अधीक्षक कुलदीप सिंह गुनावत, जनप्रतिनिधि आदि द्वारा पौधरोपण किया गया। मौजूद अधिकारी, कर्मचारियों एवं जनमानस को पर्यावरण के संरक्षण एवं संवर्धन की शपथ दिलायी गयी। कार्यक्रम के दौरान बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर मनमोह लिया। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी अनुकृति शर्मा, क्षेत्राधिकारी डॉ. प्रदीप कुमार सिंह, एसडीएम नीतू रानी समेत भाजपा पदाधिकारी उपस्थित रहे।

पौधरोपण अभियान के आरंभ पर गुब्बारे छोड़ते मंडलायुक्त आंजनेय कुमार।

- ब्लॉक बनियाखेड़ा के गांव कैथल में समारोह का आयोजन, जिले भर के अधिकारी पहुंचे

सार संक्षेप

जीके सिल्वर स्टोन स्कूल में शतरंज प्रतियोगिता में प्रतिभाग करते बच्चे।

शतरंज प्रतियोगिता में बच्चों को किया पुरस्कृत

चन्दौसी, अमृत विचार : जीके सिल्वर स्टोन सीनियर सेकेंडरी स्कूल में शनिवार को अंतर्राष्ट्रीय शतरंज दिवस के उपलक्ष्य में शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें कक्षा 6 से 8 और 9 से 12 के ग्रुप में विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। कक्षा 6 से 8 में बालिका वर्ग में तन्वी ने प्रथम, कक्षा छह की छात्रा वैष्णवी ने द्वितीय व कक्षा सात की छात्रा वैष्णवी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसी क्रम में बालक वर्ग में शुभ, रियांश व वंश तथा कक्षा 9 से 12 के बालिका वर्ग में आस्था, कक्षा 10 की छात्रा वैष्णवी व कक्षा नौ की छात्रा वैष्णवी और बालक वर्ग में मयंक, मादिक व आर्यन क्रमश: प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर रहे। स्कूल प्रबंधक मनोज गुप्ता व उप महा प्रबंधक योजना गुप्ता ने विजेताओं को पुरुस्कृत किया। शलभ और शैलेन्द्र का विशेष योगदान रहा। प्रधानाचार्य अभिनव भारद्वाज ने बच्चों का उत्साहवर्धन किया।

शतरंज प्रतियोगिता में खिलाड़ी हुए शामिल

चन्दौसी, अमृत विचार : भारत विकास परिषद शाखा की ओर से शनिवार की शाम विश्व शतरंज दिवस के उपलक्ष्य में गोशाला रोड स्थित एक सेलीब्रेशन हाल में शतरंज प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता तीन वर्गों 14 वर्ष से कम आयु वर्ग, 16 वर्ष से 21 वर्ष, 21 वर्ष से अधिक आयु वर्ग में संपन्न हुई। 14 वर्ष से कम आयु वर्ग में दीक्षा सैनी ने प्रथम, अनन्या गुप्ता ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। 16 वर्ष से 21 वर्ष आयु वर्ग में अनुष्क गुप्ता व कनक सैनी क्रमश: प्रथम व द्वितीय स्थान पर रहे। जबकि 21 वर्ष से अधिक आयु वर्ग में विशन सिंह व अभिषेक गुप्ता ने प्रथम तथा नवीन कुमार गुप्ता व विपिन कुमार द्वितीय स्थान पर रहे। अश्विनी शर्मा प्रथम व प्रभात कृष्णा ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता अनिल शर्मा ने की। सभी विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। डॉ. दुर्गा टंडन ने कहा कि नई प्रतिभाओं को उजागर करना कार्यक्रम का उद्देश्य है। इस अवसर पर डीसी गुप्ता, रेखा रस्तोगी, सोनी रस्तोगी, भावना गुप्ता, प्रेमपाल आदि समिति के सदस्य एवं शतरंज के खिलाड़ी उपस्थित रहे।

दो बहनों के बाल विवाह में 50 लोगों पर रिपोर्ट

गुन्नौर,अमृत विचार : कोतवाली क्षेत्र के गांव तरफरी में दो नाबालिग बहनों की शादी का मामला सामने आने पर प्रशासन और पुलिस की टीम बारात आने से पहले ही पहुंच गई और बाल विवाह रुकवा दिया था। जिला प्रोबेशन अधिकारी कार्यालय के सामाजिक कार्यकर्ता खेमपाल की ओर से 13 नामजद सहित 30-40 अज्ञात लोगों के खिलाफ कोतवाली में बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 की धारा नौ व दस के अंतर्गत एफआईआर दर्ज कराई गई है। कोतवाल विनीत कुमार ने बताया कि दोनों बालिका परिजनों के सुपुर्द दे दी गई हैं।

शिक्षकों ने की श्रावण मास के सोमवार को अवकाश की मांग

बहजोई, अमृत विचार : उत्तर प्रदेश जूनियर हाई स्कूल शिक्षक संघ से जुड़े शिक्षकों ने डीएम को संबोधित ज्ञापन डिप्टी कलेक्टर को सौंपकर सावन माह में पूजा अर्चना के लिए सोमवार का अवकाश घोषित किए जाने की मांग उठाई। जिलाध्यक्ष सेवाराम दिवाकर के नेतृत्व में पदाधिकारी कलेक्ट्रेट पर पहुंच गए। जहां उन्होंने डिप्टी कलेक्टर रमेश बाबू को ज्ञापन देते हुए कहा कि हिंदू धर्म के पवित्र श्रावण मास का शुभारंभ हो रहा है। बहुत से शिक्षक शिक्षिकाएं एवं बच्चे सोमवार के दिन का व्रत रखते हैं। पूजा अर्चना भी करते हैं। हिंदू धर्म के बहुत से श्रद्धालुओं द्वारा गंगाजल लाने एवं कावड़ यात्रा के कारण मुख्य मार्गों पर आवेदन होने से अत्यधिक भीड़ रहती है। जिस कारण शिक्षक शिक्षिकाओं को विद्यालय पहुंचने में बहुत परेशानी होती है। उन्होंने मांग करते हुए कहा कि सोमवार को परिषदीय विद्यालयों का अवकाश घोषित किया जाए। इस दौरान मंडल अध्यक्ष सतीश चंद्र, सुखदेव कुमार, उदयवीर सिंह, उमेश यादव, कमल सिंह आदि शिक्षक मौजूद रहे।

सजा लो घर को गुलशन सा, अवध में राम आए हैं...

चन्दौसी, अमृत विचार : स्वामी भूमानंद सेवा ट्रस्ट की ओर से सीता रोड पर मूलचंद्र धर्मशाला में संगीत मय श्री सुंदर कांड पाठ का आयोजन किया गया। जिसमें पंडित दीन दयाल शर्मा ने सभी देवी-देवताओं का विधि विधान से पूजन संपन्न कराया। इसके उपरांत केजी शर्मा, अजय सक्सेना, नवनीत कुमार, विनोद कुमार, सुधीर कुमार, लव कुमार वार्ष्णेय, आलोक दुबे, राजीव शर्मा, रमेश ग्रेवाल, बृजेंद्र शर्मा, सुरेश चंद्र शर्मा ने गणेश व सरस्वती, हनुमान चालीसा, बजरंग बाण सुंदर कांड की चौपाइयों का वाचन किया। भजनों की श्रंखला में केजी शर्मा ने सजा लो घर को गुलशन सा अवध में राम आए हैं, सुबोध शर्मा ने श्रीराम जानकी बैठे हैं, मेरे सीने में आदि भजन सुना कर श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। अंत में आरती के उपरांत प्रसाद का वितरण किया गया। इस अवसर पर सच्चिदानंद शर्मा, गोविंद वार्ष्णेय, राकेश चौबे, योगेंद्र कुमार, मुकुल शर्मा, सूरज पाराशरी, सुमित पाराशरी आदि मौजूद रहे।

बेटे के साथ लौट रही महिला की सड़क दुर्घटना में मौत

संभल/कैला देवी, अमृत विचार : अपने पति की आत्मा की शांति के लिए गंगा घाट पर दीपक लगाकर आ रही महिला की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। कैला देवी थाना क्षेत्र के सिहाबली गांव निवासी राजो के पति राजपाल की कुछ दिन पूर्व अचानक मौत हो गई थी। गुरु पूर्णिमा से एक दिन पूर्व अनूपशहर गंगा घाट पर शनिवार रात्रि दीपक लगाकर राजो बेटे राकेश के साथ बाइक से लौट रही थी। कमालपुर में ब्रेकर पर महिला उछलकर गिर गई पीछे आ रहे ट्रक ने महिला को कुचल दिया। महिला की मौके पर ही मौत हो गई। ट्रक को पुलिस ने रझेड़ा गांव के नजदीक पकड़ लिया।

फिल्म कल्कि पर आपत्ति, निर्माता-निर्देशक को भेजा नोटिस

संभल, अमृत विचार : कल्कि पीठाधीश्वर आचार्य प्रमोद कृष्णम ने फिल्म कल्कि 2898 एडी की कहानी व चित्रण पर आपत्ति जताते हुए फिल्म के निर्माता,निर्देशक को नोटिस भेजा है। आचार्य प्रमोद का कहना है कि फिल्म में तथ्यों से अलग तोड़ मरोड़कर दिखाया गया है। कहा है कि फिल्म पर तत्काल पाबंदी लगाई जानी चाहिए।आचार्य प्रमोद कृष्णम ने कहा कि एक माह पहले रिलीज हुई साउथ की फिल्म कल्कि 2898 एडी भगवान कल्कि को लेकर सच को तोड़ मरोड़कर दिखाया गया है जिससे देश और दुनिया के करोड़ों लोगों की आस्था को ठेस पहुंची है। कल्कि भगवान के अवतार के संबंध में पुराणों में सब कुछ वर्णित है। धर्म ग्रंथों में लिखा है कि भगवान कल्कि का अवतार संभल में होगा। कल्कि भगवान के प्राकट्य को लेकर फिल्म में कल्कि के घोर विरूपण के साथ ही विकृत चित्रण दर्शाया गया है। कल्कि पीठाधीश्वर आचार्य प्रमोद कृष्णम ने कहा कि फिल्म को लेकर उन्हें आपत्ति है। फिल्म के निर्माता और निर्देशक को सुप्रीम कोर्ट के अधिवक्ता उज्जवल आनंद शर्मा की और से कानूनी नोटिस भिजवाया गया है। हमने मांग रखी है कि फिल्म पर पाबंदी लगे,इसका प्रसार और वितरण रोका जाये। फिल्म के निर्माता,निर्देशक से 15 दिन में नोटिस का जवाब मांगा गया है। उचित जवाब न मिलने की हालत में मामला सर्वोच्च न्यायालय की शरण में जायेगा।

शिकायतों पर डीएम ने चौकीदार की सेवा समाप्त की

संभल, अमृत विचार : हयातनगर थाना क्षेत्र में ग्रामीणों की शिकायत पर जिलाधिकारी ने झूठी सूचना देकर माहौल खराब करने के आरोप में थाने के ग्राम चौकीदार की सेवा समाप्त कर दी। थाना क्षेत्र के गांव धुरैटा निवासी वीरेश कुमार ने शनिवार को बताया कि सितंबर माह में गांव के ही थाने के चौकीदार कासिम बेग ने गांव का माहौल बिगाड़ने की कोशिश की थी। मामला दो समुदाय से जोड़कर सूचना देकर चौकीदार की ओर से पुलिस को परेशान किया जाता था। चौकीदार गांव के दोनों समुदाय के युवाओं को झूठे मुकदमें में फंसाने की धमकी देता था। ग्रामीणों ने पांच सितबंर को तत्कालीन डीएम मनीष बंसल व एसपी और एएसपी श्रीश्चंद से की। दस माह बाद जांच रिपोर्ट के आधार पर डीएम राजेंद्र पेंसिया ने नौ जुलाई को चौकीदार कासिम बेग की सेवा समाप्त कर दी।

विवाद होने पर पति ने पत्नी को दिया तीन तलाक

संभल, अमृत विचार : नखासा थाना क्षेत्र के एक गांव में किसी बात को लेकर शुक्रवार की रात विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ गया कि पति ने पत्नी के तीन तलाक दे दिया। जिससे परिजनों के होश उड़ गए। तीन तलाक देने की सूचना मिलने पर मायके वाले भी बेटी की ससुराल आ गए। जिसके बाद बिरादरी व रिश्तेदारों की पंचायतों का दौर शुरु हो गया, लेकिन कोई बात नहीं बन सकी। थाना प्रभारी गजेंद्र सिंह ने बताया कि इस मामले की जानकारी नहीं है।

महिला पति को छोड़कर हुई फरार, जंगल में मिली

संभल,अमृत विचार : नखासा थाना क्षेत्र में महिला पति को छोड़कर देर रात प्रेम प्रसंग के चलते अपने फुफेरे भाई के साथ बाइक पर बैठकर फरार हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। पड़ोसी गांव में लगे सीसीटीवी कैमरे चेक किए तो महिला अपने फुफेरे भाई के साथ बाइक पर जाती दिखाई दी। जबकि महिला को छोड़कर उसका फुफेरा भाई गांव पहुंचा और बहनोई पर ही बहन को गायब करने का आरोप लगाता रहा। थाना प्रभारी गजेंद्र सिंह ने बताया कि महिला जंगल में बैठी हुई मिली थी।

नशा सुंघाकर ई रिक्शा, नकदी व फोन लूटा

धनारी, अमृत विचार : धनारी बस स्टेंड निवासी चालक छत्रपाल ने शनिवार को थाने पहुंचकर पुलिस को तहरीर दी। कहा कि गुरुवार को तीन सौ रुपये में दो लोगों को बस स्टेंड धनारी से गांव हिरौनी छोड़ने जा रहा था। आर्थल चौराहे पर छत्रपाल से ई रिक्शा रुकवा लिया। रुमाल से चेहरे को ढक दिया। जिसके बाद छत्रपाल बेहोश हो गया। शनिवार की सुबह होश आया तो छत्रपाल ने खुद को एक निजी अस्पताल में भर्ती पाया। बताया कि दोनों व्यक्ति ई रिक्शा, मोबाइल व दो हजार रुपये की नकदी लूटकर ले गए।

दहेज न लाने पर एसिड अटैक,महिला झुलसी

संभल, अमृत विचार : सदर कोतवाली क्षेत्र के मुहल्ला चमन सराय निवासी चालक वसीम की शादी तीन वर्ष पहले असमोली थाना क्षेत्र के गांव मवई ढोल निवासी आफिया के साथ हुई थी। आरोप है कि मायके से दहेज लाने से मना किया तो आफिया का सास, देवर व ननद से विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ गया कि सास, देवर ननद ने मिलकर आफिया के ऊपर तेजाब ड़ाल दिया। जिससे आफिया झुलस गई। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंचे मायके वाले आफिया को जिला अस्पताल में भर्ती कराया।

नृत्य में शिवांशी, आर्य और श्रद्धा अव्वल

चन्दौसी, अमृत विचार: चन्दौसी बाल विद्या मंदिर स्कूल में नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें किड्स प्लेनेट के बच्चों ने बढ़चढ़ कर प्रतिभाग किया। साथ ही स्कूल में इंटर हाउस प्रतियोगिता भी हुई। इसमें बच्चों को पुरस्कार दिए गए। सभी बच्चों ने अपना-अपना कार्यक्रम सुंदर ढंग से प्रस्तुत किया। सभी का नृत्य प्रदर्शन बेहद खूबसूरत रहा। किड्स प्लेनेट में एलकेजी कक्षा में शिवांशी ने प्रथम, अविष्का ने द्वितीय व उर्वशी सक्सेना ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा यूकेजी में आर्य माहेश्वरी, आद्या वार्ष्णेय व तनवी शर्मा क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर रहे। इंटर हाउस नृत्य प्रतियोगिता में टैगोर हाउस की श्रद्धा ने प्रथम, टैगोर हाउस की ही दक्षता ने द्वितीय व इंदिरा हाउस की अंशी गुप्ता ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। निर्णायक मंडल में प्रधानाचार्या श्रुति अग्रवाल व उप प्रधानाचार्या ममता नागर रहीं। स्कूल का स्टाफ मौजूद रहा।

दो लाख रुपये के लिए पत्नी से मारपीट, पसली तोड़ी

कार्यालय संवाददाता, बनियाठेर/चन्दौसी

अमृत विचार: थाना बनियाठेर के गांव मझावली स्थित ससुराल छोड़ने जा रहे पति ने पत्नी के साथ रास्ते में लात-घूंसों से मारपीट की, जिससे उसकी पसली टूट गई। पुलिस ने पीड़िता के पिता की तहरीर पर पति समेत चार लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

थाना बनियाठेर के गांव मझावली निवासी पीड़ित पिता वेदलाल पुत्र नन्नूराम ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसने अपनी बेटी पूजा की शादी 13 वर्ष पहले कपिल देव पुत्र रामेश्वर गांव खडुऊआ कोतवाली बिलारी जिला मुरादाबाद से की थी। आरोप है कि शुरुआत से ही ससुराल वाले उसकी बेटी पूजा को दो लाख रुपये की मांग करते हुए परेशान करने लगे। इस मामले में पति कपिल के खिलाफ रिपोर्ट भी दर्ज कराई थी लेकिन पंद्रह दिन बाद ही फैसला हो गया। आरोप है कि 14 जुलाई को कपिल देव उसकी बेटी पूजा को लकर गांव मझावली बाइक से आया और गांव के नजदीक पहुंचने पर पूजा के साथ मारपीट की। पटक कर लातघूसों से पीटा। सीने पर लात लगने से पूजा की पसली टूट गई।

पुलिस ने तहरीर के आधार पर पति कपिल देव, ससुर रामेश्वर, सास नरानी समेत मुनी देव निवासी गण गांव खडुऊआ थाना बिलारी जिला मुरादाबाद के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की संगीन धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

विवाद

- गांव मझावली के निकट हुई घटना पति समेत चार के खिलाफ रिपोर्ट

मंदिर मामले में लोग एसडीएम से मिले

चन्दौसी, अमृत विचार: चन्दौसी ग्रीन स्थित मंदिर प्रकरण को लेकर कालोनी के लोग एसडीएम न्यायिक से मिले। बताया कि एक मामला एसडीएम न्यायालय में सीआरपीसी 133 के अंतर्गत नितेश कुमारी बनाम बृजेश कुमार लंबित है।

उक्त प्रकरण को लेकर एसडीएम ने बनियाठेर थाना प्रभारी व हल्का लेखपाल से संयुक्त रिपोर्ट मांगी थी। दस जून को उक्त रिपोर्ट एसडीएम के समक्ष प्रस्तुत कर दी गई। जिसमें समाज के लोगों ने कहा कि उक्त रिपोर्ट पूरी तरह आधारविहीन व एकपक्षीय है। आरोप लगाया कि बनियाठेर प्रभारी मोहित काजला पर कालोनी में जाकर लोगों के बयान लिए गए थे, मगर उक्त बयानों को रिपोर्ट में शामिल नहीं किया गया है। जबकि चन्दौसी ग्रीन के निवासी काफी लोग मंदिर के पक्ष में है। अगर मंदिर ध्वस्तीकरण जैसी कार्रवाई की जाती है तो समाज में आक्रोश व्याप्त होगा।

खुलासा कारों को किराए पर लगवाने के बहाने एक से दो लाख रुपये में रख देते थे गिरवी

दो आरोपियों से बरामद की एक करोड़ की 7 कारें

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

अमृत विचार: कोतवाली पुलिस ने धोखाधड़ी कर कारों को गिरवी करने वाले गिरोह का भंडाफोड़ किया है। दो आरोपियों को गिरफ्तार कर एक करोड़ कीमत की सात कारें बरामद की हैं। पुलिस हिरासत में आए आरोपियों में एक बदायूं जनपद का निवासी है। पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर न्यायालय के समक्ष पेश किया है।

कोतवाली पुलिस को कई दिनों से सूचना मिल रही थी कि एक गिरोह के सदस्य कुछ लोगों की कारों को किराए पर लगवाने के नाम पर उसे गिरवी रख देते हैं और उसकी एवज में लाखों रुपये कमा रहे हैं। शनिवार को पुलिस ने बदायूं रोड आईटीआई के पास से अनिकेश निवासी ग्राम मदन जुड़ी थाना बिसौली जनपद बदायूं व निखिल गुप्ता निवासी बदायूं चुंगी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने दोनों युवकों के पास से दो कार बरामद कीं तथा पांच कारें उनकी निशानदेही से बरामद कीं। पुलिस पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वह पहले टैक्सी चालक का कार्य करते थे। इस दौरान उनकी मुलाकात अन्य चालकों व गाड़ी मालिकों से हुई। दोनों ने जल्दी अमीर बनने के उद्देश्य से योजना बनाई। जिसमें नई गाड़ियों को अधिकारियों के पास मासिक किराये पर लगाने का झांसा देकर सस्ते दामों में गिरवी रखा जाए। दोनों आरोपियों ने योजना के तहत अपने जान पहचान वालों से धोखाधड़ी करके उनकी नई कारों को अधिकारियों के यहां मासिक किराया 75 हजार रुपये व एक लाख रुपये तक दिलाने का झांसा देकर गाड़ियों को अपने कब्जे में ले लिया और बिसौली, बदायूं, मुरादाबाद व बरेली आदि स्थानों पर विभिन्न लोगों के यहां एक से दो लाख रुपये में गिरवी रख दिया। जबकि वाहन स्वामियों को किसी प्रकार का कोई किराया नहीं दिया। जिसमें आरोपी निखिल गुप्ता विदेश भागने की तैयारी कर रखा था। जिनकी भनक पुलिस को लगी तत्काल तीन टीमें बनाकर आरोपियों तक पुलिस पहुंच गई। पुलिस ने आरोपियों के पास से विभिन्न मॉडल की सात कारें बरामद की हैं। जिनकी कीमत एक करोड़ रुपये बताई जा रही है। पुलिस ने दोनों आरोपी अनिकेश व निखिल गुप्ता के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर न्यायालय के समक्ष पेश किया है।

चन्दौसी मंडी समिति में गिरफ्तार आरोपियों के साथ कोतवाल। ● अमृत विचार

प्रवेश प्रारम्भ

बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली

फैकल्टी ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज

उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त

- बैचलर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (बी.एम.एल.एस.) (3 वर्षीय)
- बैचलर इन फिजियोथिरेपी (बी.पी.टी.) (4 वर्षीय)
- बैचलर ऑफ आप्टोमेट्री (बी. आप्टम) (3 वर्षीय)
- बैचलर इन मेडिकल रेडियोलॉजिक इमेजिंग टेक्नॉलॉजी (बी.एम.आर.आई.) (3 वर्षीय)
- बैचलर इन ऑपरेशन थियेटर टेक्नोलॉजी (बी.ओ.टी.टी) (अगामी पाठ्यक्रम) (3 वर्षीय)
- एम.एस.सी. क्लीनिकल एंब्रियोलॉजी (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
- मास्टर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (एम.एम.एल.एस. (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
- मास्टर ऑफ फिजियोथिरेपी (एम.पी.टी.) (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)

फैकल्टी ऑफ फॉरेंसिक साइंसेज

- बी.एस.सी. फॉरेंसिक साइंस (3 वर्षीय) (डिग्री कोर्स)
- एम.एस.सी. फॉरेंसिक साइंस (2 वर

एक नजर

परिजनों की डांट से क्षुब्ध युवती फंदे पर लटकी, मौत

हसनपुर, अमृत विचार : कोतवाली क्षेत्र के गांव में परिजनों की डांट से क्षुब्ध होकर युवती ने फंदे पर लटककर आत्महत्या कर ली। परिजनों ने बिना कार्रवाई के शव का अंतिम संस्कार कर दिया है। शुक्रवार दोपहर बाद कोतवाली क्षेत्र के एक गांव के जंगल में बकायन के पेड़ पर दुपट्टे से युवती का शव लटका मिला। पड़ोसी खेत मालिक ने देखकर परिजनों को सूचना दी। परिजन घटनास्थल पर पहुंचे। युवती के शव को फंदे से उतार कर उसका अंतिम संस्कार कर दिया। ग्रामीणों का कहना है कि सुबह किसी बात को लेकर परिजनों ने युवती को डांट दिया था। इससे क्षुब्ध होकर उसने फंदे पर लटककर आत्महत्या कर ली।

रंजिश के चलते ग्रामीण को पीटकर किया घायल

हसनपुर, अमृत विचार : क्षेत्र के गांव करनखाल निवासी सोहन सिंह पुत्र करन सिंह का आरोप है कि उसकी दो भाइयों से रंजिश चल रही है। शनिवार सुबह वह अपने घर में कुछ काम कर रहा था। तभी दो आरोपी घर में घुस आए और गाली गलौज करने लगे। विरोध करने पर आरोपियों ने उसके सिर में सरिया मारकर उसे घायल कर दिया। वह घायल हालात में कोतवाली पहुंचा और आरोपियों के खिलाफ नामजद तहरीर दी। पुलिस ने घायल को मेडिकल परीक्षण के लिए सीएचसी भेजा। वरिष्ठ उप निरीक्षक विनोद कुमार गोले ने बताया मारपीट की तहरीर प्राप्त हुई है। जांच करा कर उचित कार्रवाई की जाएगी।

ई-रिक्शा से टक्कर में बाइक सवार व्यक्ति जख्मी

हसनपुर, अमृत विचार : कोतवाली क्षेत्र में एक गांव के पास बाइक व ई-रिक्शा की टक्कर हो गई। इसमें बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। ग्रामीणों ने उसे उपचार के लिए सीएचसी में भर्ती कराया गया। चिकित्सक ने उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया। गांव सब्दलपुर शर्की निवासी धर्मपाल सैनी शनिवार को बाइक से हसनपुर को दवा लेने आ रहा था। जैसे ही उनकी बाइक गांव हैबतपुर के पास पहुंची तो सामने से आ रहे एक ई रिक्शा से उनकी टक्कर हो गई। इससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद ई रिक्शा चालक मौके से फरार हो गया। सीएचसी प्रभारी डॉ. धुर्वेद्र सिंह ने बताया कि सड़क हादसे में एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे हायर सेंटर के लिए रेफर कर दिया गया है।

जेएस कॉलेज में पौधरापण करतीं माध्यमिक शिक्षा राज्यमंत्री गुलाब देवी। ● अमृत विचार

हसनपुर में पौधरोपण करते विधायक महेंद्र सिंह खड़गवंशी व चेयरमैन राजपाल सैनी।

गजरौला के तिगरी गंगा धाम पर पौधरोपण करते नोडल अधिकारी व अन्य। ● अमृत विचार

38 लाख पौधों से अमरोहा होगा हरा भरा : मंत्री

जेएस हिंदू पीजी कॉलेज में माध्यमिक शिक्षा मंत्री व एमएलसी ने किया पौधरोपण

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

अमृत विचार : जेएस हिंदू पीजी कॉलेज में माध्यमिक शिक्षा राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गुलाब देवी की उपस्थिति में पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान उन्होंने कहा कि जिले में 38 लाख पौधे लगाए जा रहे हैं, यदि ये पौधे जीवित रहे तो अमरोहा पूर्ण रूप से हरा भरा हो जाएगा। उन्होंने बच्चों को समझाते हुए कहा कि वे जीवन का महत्वपूर्ण अंग है और लंबे समय से बच्चों को पढ़ाने का कार्य किया है। इसलिए सभी बच्चों को यह शिक्षा लेनी चाहिए कि हमें आने वाले दिनों के लिए अधिक से अधिक पौधरोपण करना होगा।

जिले में शनिवार को विशेष पौधरोपण अभियान चलाया गया। इसमें जिलाधिकारी राजेश कुमार त्यागी ने पुष्प कली देकर मुख्य अतिथि राज्यमंत्री गुलाब देवी का स्वागत किया। इस दौरान मंत्री ने कहा कि जिले में 38 लाख पौधे लगाए जा रहे हैं। इन पौधों से अमरोहा हरा भरा हो जाएगा और इसे पहचानना मुश्किल हो जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रकृति पांच चीजों से मिलकर बनी है धरती, आकाश, अग्नि, वायु और जल यदि इन पांचों में से एक भी तत्व कम हो जाए तो जीवन असंभव होगा। बच्चों से कहा कि अधिक से अधिक पौधे लगाए, जो पौधे लगाए जा रहे हैं वे बड़े होकर पर्यावरण संतुलन में मदद करें। उन्होंने कहा कि इस वर्ष पौधरोपण को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने यह अपील की है कि एक पौधा मां के नाम, क्योंकि जिस प्रकार माता-पिता हमें पालकर बड़ा करते हैं उसी प्रकार पौधों को हम पाल कर बड़ा करें।

जिलाधिकारी ने कहा कि पर्यावरण असंतुलन के कारण मौसम में बदलाव आ रहे हैं। इसलिए हमें संकल्प लेना चाहिए कि अपने जीवन में अधिक से अधिक पौधे लगाए। सिर्फ पौधे लगाने से ही कार्य पूरा नहीं हो जाता, बल्कि उनका संरक्षण भी आवश्यक है। इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष ललित तंवर, विधायक हसनपुर महेंद्र सिंह खड़गवंशी, एमएलसी हरि सिंह ढिल्लो ने संबोधन किया। कार्यक्रम के अंत में राज्य मंत्री सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने कॉलेज परिसर में पौधरोपण किया। जनप्रतिनिधियों को रुद्राक्ष का पौधा भेंट किया गया। इस अवसर पर भाजपा के जिलाध्यक्ष उदयगिरि गोस्वामी, ब्लॉक प्रमुख अमरोहा गुरिंदर सिंह, एसपी, सीडीओ सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

उधर, गांव कैलबकरी में एसडीएम नौगांवा सादात बृजपाल, तहसीलदार और ग्राम प्रधान अतुल चिकारा ने पौधरोपण किया। प्रधान ने कहा कि पेड़ जीवन के लिए बहुत ही जरुरी है। प्रत्येक व्यक्ति को अपने जीवन में पौधे लगाने चाहिए।



कार्यक्रम को संबोधन करतीं राज्यमंत्री।

हसनपुर में छात्र-छात्राओं को पौधे देते एनसीसी के कर्नल सुनील कौल।

परिसर में छात्र-छात्राओं ने लगाए पौधे

हसनपुर, अमृत विचार : नगर स्थित डिग्री कॉलेज के परिसर में शनिवार को छात्र-छात्राओं ने पौधरोपण किया। अमर शहीदों को श्रद्धांजलि दी। 33वीं वाहिनी एनसीसी के कर्नल सुनील कौल ने एनसीसी केयरटेकर अफसर सलमानी एवं छात्र-छात्राओं को कारगिल विजय दिवस पर सौ पौधे वितरण किए। छात्र-छात्राओं ने झम्मन लाल महाविद्यालय के परिसर एवं मार्ग किनारे ये पौधे लगाए। देश के अमर शहीदों को श्रद्धांजलि देकर उन्हें नमन किया। इस दौरान निगहत, शिवानी, सादिक खान व एनसीसी कैडेट्स मौजूद रहे।

धरती पर हरियाली बढ़ाने का ले संकल्प

हसनपुर, अमृत विचार : नगर पालिका की ओर से शनिवार को अमृत सरोवर पर एक पौधा मां के नाम कार्यक्रम के अंतर्गत पौधरोपण किया गया। धरती पर हरियाली बढ़ाने का संकल्प लिया। अमृत सरोवर पर विधायक महेंद्र सिंह खड़गवंशी व नगर पालिका अध्यक्ष राजपाल सैनी ने पौधरोपण किया। नगर पालिका अध्यक्ष ने कहा कि एक व्यक्ति के लिए मां का बहुत महत्वपूर्ण स्थान होता है। इस रिश्ते की गरिमा को समझते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने धरती पर हरियाली बढ़ाने के लिए पौधे लगाने का संकल्प लिया। क्षेत्र के लोगों से अपील है कि वह अपने घरों व आसपास की खाली जमीन पर पौधे लगाए। इस मौके पर विधायक महेंद्र सिंह खड़गवंशी, जिला उपाध्यक्ष मयंक अग्रवाल, डिप्टी कलेक्टर एवं अतिरिक्त अधिशासी अधिकारी विभा श्रीवास्तव, जेई संगीता कश्यप, नगर स्वच्छता प्रेरक प्रशांत सैनी आदि मौजूद रहे।

नोडल अधिकारी और एडीएम ने जुबिलेंट में किया पौधरोपण

संवाददाता, गजरौला

● पौधों को पानी और सुरक्षा का ध्यान रखने के दिए निर्देश

अमृत विचार : नोडल अधिकारी विद्युत उत्पादन एवं पारेषण निगम लिमिटेड के प्रबंधक निदेशक रणवीर प्रसाद व जिलाधिकारी राजेश कुमार त्यागी ने गजरौला स्थित जुबिलेंट इंग्रेविया लिमिटेड परिसर में पौधे लगाए। नोडल अधिकारी व एडीएम सुरेंद्र सिंह ने यहां बीते वर्ष स्वयं द्वारा लगाए गए पौधों को भी देखा। एडीएम द्वारा लगाए गए चीकू के बौनसाइज पेड़ पर फल लगे देख खुश हुए। पेड़-पौधों की देखरेख करने के लिए जुबिलेंट प्रबंधन की प्रशंसा की। नोडल अधिकारी रणवीर प्रसाद, डीएम, एडीएम, परियोजना निदेशक अमरेंद्र सेंगर, प्रभागीय वनाधिकारी एसपी सिंह व जुबिलेंट में निदेशक जनसंपर्क सुनील दीक्षित ने पौधरोपण किया। पेड़-पौधों की महत्ता बताई और इनके संरक्षण पर जोर दिया। प्रदूषण नियंत्राण बोर्ड के क्षेत्रीय अधिकारी विजय कुमार ने बताया कि विभाग द्वारा जुबिलेंट इंग्रेविया लिमिटेड को 30 हजार एवं जुबिलेंट एग्री एंड कन्ज्यूमर प्रोडक्ट लिमिटेड को 15 हजार पौधरोपण कराने का लक्ष्य दिया गया है।

उधर, तिगरी गंगा धाम में भी नोडल अधिकारी व जिलाधिकारी ने वन विभाग द्वारा आयोजित कार्यक्रम में पौधारोपण किया। पौधों को पानी और सुरक्षा का पूरा ध्यान रखने के लिए डीएफओ को निर्देश दिए। नोडल अधिकारी व डीएम ने शहर के शिव इंटर कॉलेज में आयोजित पौधरोपण कार्यक्रम में प्रतिभाग कर हर संकरी पद्धति के अंतर्गत पीपल बरगद और पाखड़ के पौधे लगाए।

मंडी धनौरा में भागीरथी महाविद्यालय में पौधरोपण के लिए पौधे लिए विद्यार्थी।

भागीरथी महाविद्यालय में लगाए गए पौधे

मंडी धनौरा, अमृत विचार : नगर के भागीरथी देवी महाविद्यालय में शनिवार को राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के स्वयं सेवी छात्र-छात्राओं ने पौधरोपण किया। स्वयंसेवियों ने पेड़ों के संरक्षण की शपथ ली। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अभय कुमार ने कहा कि वृक्ष हमारे जीवन में उतना ही महत्व रहते हैं, जितना जल व स्वच्छ वायु। प्रत्येक व्यक्ति को अपने जीवन में कम से कम दो पौधे लगाने चाहिए। पेड़ों का संरक्षण भी करना चाहिए। बढ़ते तापमान को कम करने के लिए पौधे अवश्यक हैं। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. ममता अग्रवाल ने कहा कि आज का यह शिविर व अभियान "एक पौधा मां के नाम छात्र- छात्राओं को इस ओर प्रेरित करने के लिए चलाया जाने वाला अभिमान है, इसमें अधिक से अधिक पौधे लगाने का संकल्प लिया गया। इस दौरान प्रवक्ता डॉ. अवनीश कुमार, डॉ. कुशल रानी, डॉ. सुधा रानी, चांदनी, काकुल, भूमिका, वंशिका आदि मौजूद रहीं।

पौधा लगाते नगर पालिका के अध्यक्ष प्रवीण अग्रवाल व अन्य। ● अमृत विचार

पृथ्वी पर मानव जीवन के लिए पौधरोपण जरूरी

संवाददाता, मंडी धनौरा

अमृत विचार : नगर के हैबतपुर रोड स्थित अंत्येष्टि स्थल, पालिका परिसर, आनंद धाम सरोवर सहित कई स्थानों पर शनिवार को नगर पालिका के अध्यक्ष प्रवीण अग्रवाल, कर्मचारियों व सभासदों ने पौधे लगाए। पालिकाध्यक्ष ने सभी से पौधों की देखभाल करने की अपील की।

उन्होंने कहा कि एक पौधा मां के नाम लगाए। पौधरोपण से पर्यावरण संतुलित होगा और वातावरण स्वच्छ होगा। पृथ्वी पर जीवन के लिए वृक्ष आवश्यक हैं। वृक्ष हमें ऑक्सीजन के साथ-साथ खाद्य सामग्री भी देते हैं। इस दौरान अधिशासी अधिकारी अरुण कुमार यादव, उमेश कुमार, विशाल शर्मा, सभासद दुलीचंद गिहार, जितेश कुमार, राजू बादशाह, सफाई नायक राजकुमार सहित आदि मौजूद रहे।

लोगों को भेंट करें पौधे : डॉ. सुधीर

संवाददाता, गजरौला

अमृत विचार : श्री वेंक्टेश्वरा विश्वविद्यालय में शनिवार को वृहद पौधरोपण संगोष्ठी एवं पर्यावरण जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। इसमें वक्ताओं ने पौधे लगाने पर जोर दिया। पॉलीथीन मुक्त भारत बनाने में सभी से योगदान की अपील की।

संस्थापक अध्यक्ष डॉ. सुधीर गिरि ने कहा कि हम शपथ लेते हैं कि सभी सामाजिक आयोजन जैसे जन्मदिन, शादी की सालगिरह, नामकरण संस्कार के अवसर पर एक दूसरे को उपहार के रूप में पौधे भेंट करे। प्रधानमंत्री के क्लीन इंडिया व ग्रीन इंडिया के सपने को साकार करने में अपना योगदान देकर राष्ट्र विकास में भूमिका का निर्वाहन करेंगे। एक पौधा धरती मां के नाम पर आयोजित संगोष्ठी में परिवहन अधिकारी बबिता वर्मा ने कहा कि ग्लोबल वार्मिंग एवं तेजी से जलवायु परिवर्तन का एकमात्र कारण यह है, पढ़े लिखे समृद्ध लोग भी प्रकृति से दूर होते जा रहे हैं। मेरठ एवं मुरादाबाद प्रभाग में वेंक्टेश्वरा एवं परिवहन विभाग की ओर से 2700 पौधे लगाए जाएंगे।

श्री वेंक्टेश्वरा विश्वविद्यालय के तिरंगा मैदान में वृहद पौधरोपण संगोष्ठी एवं शपथ समारोह का आरंभ संस्थापक अध्यक्ष डॉ. सुधीर गिरि, प्रतिकुलाधिपति डॉ. राजीव त्यागी, सीईओ अजय श्रीवास्तव, कुलपति प्रो. कृष्ण कान्त दवे ने किया। इस दौरान प्रधान सलाहकार प्रो. वीपीएस अरोड़ा, आरएस शर्मा, कुलसचिव डॉ. पीयूष पांडेय, डॉ. राजेश सिंह, डॉ. दिव्या गिरधर, डॉ. दिनेश गौतम, डॉ. नीतू पंवार, डॉ. योगेश्वर शर्मा, डॉ. एसएन साहू आदि रहे।

श्री वेंक्टेश्वरा विश्वि में पौधरोपण करते प्रतिकुलाधिपति डॉ. राजीव त्यागी व अन्य।

● राष्ट्र विकास में भूमिका का निर्वाहन करने पर दिया जोर

स्कूलों में सोमवार और शनिवार को अवकाश की मांग

अमरोहा, अमृत विचार : उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षक संघ ने बीएसए कार्यालय में सावन माह में शनिवार और सोमवार को अवकाश किए जाने की मांग को लेकर प्रदर्शन किया और बीएसए को ज्ञापन भी दिया। शनिवार को संघ के जिला अध्यक्ष यशपाल सिंह के नेतृत्व में शिक्षक एकत्र होकर बीएसए कार्यालय पहुंचे जहां पर उन्होंने सावन माह में परिषदीय स्कूलों में शनिवार और सोमवार को अवकाश घोषित किए जाने की मांग को लेकर प्रदर्शन किया। इस संबंध में उन्होंने एक ज्ञापन भी बीएसए को दिया। जिसमें उन्होंने कहा कि शिव भक्तों की सुरक्षा की दृष्टि से मुख्य मार्गों पर यातायात बंद हो जाने से शिक्षकों को विद्यालय पहुंचने में परेशानी का सामना करना पड़ता है। इस कारण शनिवार और सोमवार को अवकाश घोषित किया जाना चाहिए। इस अवसर पर महामंत्री मुकेश चौधरी, अनीस अहमद आदि मौजूद रहे।

साइबर क्राइम से बचने के लिए किया जागरूक

अमरोहा, अमृत विचार : जेएस हिंदू इंटर कॉलेज में साइबर अपराध क्या है और उनसे बचने और बचाने के लिए क्या करें, इस पर राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम हुआ। इसमें छात्राओं को साइबर सेल प्रभारी इंस्पेक्टर अखिलेश प्रधान और उनकी टीम ने जानकारी दी। धर्मेंद्र ने बताया कि सभी लोग स्वयं जागरूक हो और अपने घर परिवार तथा समाज को जागरूक करें। साइबर अपराधियों से बचने के लिए कुछ खास बातों का ध्यान रखें। किसी अनजान लिंक को टच न करें। अनजान व्यक्ति के फ्रेंड्स रिक्वेस्ट को स्वीकार न करें। अधिकृत और सुरक्षित वेबसाइट पर ही जाएं। अनजान व्यक्ति के वीडियो कॉल को रिसीव नहीं करें। फ्रॉड होने पर 1930 पर कॉल करके पूरी जानकारी दें। इस दौरान विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. जीपी सिंह, डॉ. राजवीर सिंह, डॉ. वीके शुक्ल, सुधीर कुमार गुप्ता, मधुलिका गुप्ता, कुबेर सिंह, अनिल कुमार आदि रहे।

शिविर इब्राहिमपुर माफी गांव में लगा पशु चिकित्सा एवं बांझपन निवारण शिविर

पशुओं में बांझपन को दूर करना जरूरी

संवाददाता, मंडी धनौरा

अमृत विचार : सरदार वल्लभभाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय मेरठ और पशुपालन विभाग की ओर से गांव इब्राहिमपुर माफी में शनिवार को इफको टोकियो जनरल इंश्योरेंस लिमिटेड के वित्तीय सहयोग से पशु चिकित्सा एवं बांझपन निवारण शिविर लगाया गया। इसका आरंभ विधायक राजीव तरारा व एसडीम चंद्रकांता ने गोपूजन व फीता काटकर किया।

शिविर में कृषि विवि के कुलपति डॉ. केके सिंह और पशुपालन विभाग की मुख्य पशुचिकित्साधिकारी डॉ. आभा दत्त व मेरठ से आए पशु चिकित्सा वैज्ञानिकों ने योजनाओं की जानकारी दी। इस दौरान विधायक राजीव तरारा ने कहा कि प्रदेश में बढ़ते निराश्रित गोवंश का समाधान गोशाला नहीं, बल्कि पशुओं में बांझपन समस्या को दूर करना है। इस उद्देश्य से विशेषज्ञों द्वारा प्रत्येक सप्ताह पश्चिमी उत्तर प्रदेश के किसी एक गांव में अत्याधुनिक मशीनों जैसे अल्ट्रासाउंड, माइक्रोस्कोपी आदि से पशुओं की निशुल्क जांच कराई जाती है।

शिविर में 230 से अधिक पशुओं की स्वास्थ्य जांच कर निशुल्क दवा का वितरण किया। विधायक, एसडीएम ने पशु चिकित्सकों व ग्रामीणों ने शिविर स्थल पर पौधरोपण भी किया। इस दौरान मुख्य पशु चिकित्सा अधीक्षक दीपाक्षी, डॉ. भागेश सिंह, नेपाल सिंह, परियोजना प्रभारी प्रो. अमित वर्मा, डॉ. प्रेम सागर मौर्या, डॉ. विकास सचान, डॉ. अरबिंद सिंह, डॉ. अजित कुमार सिंह, डॉ. विकास जायसवाल आदि मौजूद रहे।

फीता काटकर शिविर का आरंभ करते विधायक व एसडीएम। ● अमृत विचार

महिला को पीटकर घर से निकाला, रिपोर्ट

गजरौला, अमृत विचार : दहेज की मांग पूरी नहीं होने पर ससुराल वालों ने महिला को पीटकर घर से निकाला दिया। उसने जेठ पर छेड़खानी का आरोप लगाया है।

मामले में एसपी के आदेश पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है। शहर के एक मोहल्ला निवासी युवती की शादी साल 2021 में शहर के ही दूसरे मोहल्ले के युवक के साथ हुई थी। आरोप है कि शादी के कुछ माह बाद ससुराल वालों ने उससे दहेज में 50 गज का भूखंड व बाइक की मांग कर दी। मांग पूरी नहीं होने पर ससुराल वालों ने उसे प्रताड़ित किया। उसका चालक पति शाम को घर आया तो ससुराल पक्ष ने महिला को पीटकर घर से निकाला दिया। पीड़िता ने एसपी को मामले की जानकारी देकर मदद की गुहार लगाई। प्रभारी निरीक्षक हरीश वर्धन ने बताया कि मामले में एसपी के आदेश पर आरोपी ससुराल वालों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

एक नजर

घर में घुसकर युवती से छेड़खानी, दो पर रिपोर्ट

गजरौला, अमृत विचार : घर में घुसकर युवती के साथ छेड़खानी करने वाले दो आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। शहर के एक मोहल्ला निवासी युवती 14 जुलाई की शाम घर में अकेली थी। आरोप है कि इस दौरान दो युवक घर में घुस आए और युवती को दबोच लिया। शोर मचाने पर मोहल्ले वाले जमा हुए तो आरोपी मौके से फरार हो गए। बाद में जब युवती व उसके परिजन शिकायत लेकर आरोपियों के घर पहुंचे तो वहां भी उनके साथ मारपीट कर दी गई। परेशान पीड़िता ने एसपी से शिकायत कर मदद की गुहार लगाई। प्रभारी निरीक्षक हरीश वर्धन ने बताया कि मामले में एसपी के आदेश पर आरोपी आकाश व शिवम के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

युवक ने खाया जहरीला पदार्थ, इलाज के दौरान मौत

जोया, अमृत विचार : गृह क्लेश के चलते युवक ने जहरीला पदार्थ खाया। इससे इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। गांव मंजूपुरा निवासी चंद्रपाल सिंह (40) ने शुक्रवार शाम गृह क्लेश के चलते जहरीला पदार्थ खा लिया। परिजनों ने उसे निजी चिकित्सक के यहां भर्ती कराया। जहां युवक की मौत हो गई। मामले की सूचना अस्पताल प्रशासन ने कोतवाली डिडौली पुलिस को दी। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। युवक नीली खेड़ी स्थित निजी कंपनी में काम करता था। मृतक चार भाइयों में बड़ा था। पत्नी सुनीता देवी, दो बेटी और एक बेटे का रो रोकर बुरा हाल है।

कुआखेडा गोली कांड में 5 लोगों के खिलाफ रिपोर्ट

मंडी धनौरा, अमृत विचार : गांव कुआखेड़ा में शुक्रवार को मिठाई की दुकान पर बैठे दो भाई माजिद व कासिम को कार सवार बदमाशों ने गोली मारकर घायल कर दिया था। शनिवार को पुलिस ने याकूब की तहरीर पर सुशील निवासी गांव छजूपुरा थाना बछरायूं, निखिल उर्फ निक्की, अंकुर, सोनू निवासी गांव दौराला व मुकेश निवासी गांव नंगलिया थाना गजरौला के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। थाना प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार ने बताया कि पांच आरोपियों को पकड़ने के लिए दबिश दी जा रही है।

फत्तेहपुर गांव में सांप ने किसान को डसा, मौत

हसनपुर, अमृत विचार : गांव फत्तेहपुर बाटुपुरा निवासी किसान हरपाल (50) घर के पास खेत में शनिवार सुबह चारा काट रहे थे। तभी सांप ने उनके हाथ की उंगली में काट लिया। परिजन किसान को लेकर गजरौला के सीएचसी पहुंचे, जहां हालत गंभीर देखते हुए चिकित्सकों ने हायर सेंटर रेफर कर दिया। यहां से परिजन किसान को मुरादाबाद के टीएमयू अस्पताल ले गए। जहां उपचार के दौरान किसान की मौत हो गई। मृतक किसान की पत्नी सुनीता का रो-रोकर बुरा हाल है। मृतक अपने पीछे दो बेटा व एक बेटी को भी रोते बिलखते छोड़ गया है। मृतक किसान के शव का अंतिम संस्कार किया गया।

ब्लॉक तिराहे पर मक्का की बोरियों से भरा ट्रक पलटा

हसनपुर, अमृत विचार : मक्का से भरा 14 टायरा ट्रक अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गया। गनीमत रही कि रात में वहां लोग नहीं थे, अन्यथा बड़ा हादसा हो सकता था। जिला बदायूं के बिल्सी से ट्रक मक्का की बोरियां लाद कर गजरौला की ओर जा रहा था। ब्लॉक तिराहे मोड़ पर गजरौला की दिशा से आ रही पिकअप को बचाने के प्रयास में ट्रक पलट गया। लोगों का कहना है कि जिस स्थान पर ट्रक पलटा है, यदि दिन होता तो बड़ा हादसा हो सकता था। इस स्थान पर भीड़ रहती है। चालक समन पुत्र राजकुमार ने बताया कि पिकअप को बचाने के प्रयास में मक्का से भरा ट्रक पलटा है। इससे मक्का की बोलियां सड़क पर फैल गईं।

मालगाड़ी के डिब्बे पलटने के बाद जुटी भीड़। ● अमृत विचार

पलटे पड़े मालगाड़ी के डिब्बे। ● अमृत विचार

प्रेशर कम होने से पलटे डिब्बे, रेल लाइन क्षतिग्रस्त

लखनऊ-दिल्ली रेल मार्ग पर संचालन प्रभावित, कुछ ही देर पहले गुजरी थी सद्भावना एक्सप्रेस

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

अमृत विचार : अमरोहा-काफूरपुर स्टेशनों के बीच एक कंटेनर मालगाड़ी के डिब्बे रेल ट्रैक से उतरकर पलट गए। मालगाड़ी का प्रेशर कम होने से यह हादसा हुआ। रेल लाइन क्षतिग्रस्त होने से लखनऊ-दिल्ली मार्ग पर ट्रेनों का संचालन प्रभावित हो गया। कई ट्रेनों ने स्टेशनों पर रोकनी पड़ी। देर रात तक इस रेल मार्ग पर ट्रेनों का संचालन शुरू नहीं हो सका। हालांकि रेलवे के कर्मचारी कार्य में जुटे हुए थे। सूचना के बाद डीआरएम मुरादाबाद घटनास्थल पर पहुंचे। उन्होंने घटना के संबंध में जानकारी ली।

घटनास्थल पर जानकारी लेते डीआरएम राजकुमार सिंह, साथ में अन्य।

डीआरएम मुरादाबाद राजकुमार सिंह के अनुसार, गोंडा के बाद शनिवार शाम सात अमरोहा में रेल हादसा हुआ। दरअसल, गोंडा कचहरी से चलकर मालगाड़ी गाजियाबाद जा रही थी। इस दौरान जैसे ही वह अमरोहा रेलवे स्टेशन से आगे बढ़ी तो प्रेशर डाउन होने के चलते मालगाड़ी बेपटरी हो गई। इससे मालगाड़ी के डिब्बे पटरी से उतरकर पलट गए। इससे रेल ट्रैक क्षतिग्रस्त हो गए। सूचना के बाद पुलिस व रेलवे कर्मचारी मौके पर पहुंचे। बताया जा रहा है कि बेपटरी हुए कंटेनरों से केमिकल रिसाव होने के चलते आसपास के लोगों को ट्रैक से हटाया गया। इससे पहले ही दिल्ली से मुरादाबाद की ओर जाने वाली काठगोदाम एक्सप्रेस व दिल्ली से मुरादाबाद की ओर जाने वाली सद्भावना एक्सप्रेस भी इस ट्रैक से होकर गुजरीं थीं। गनीमत रही कि मालगाड़ी इन यात्री ट्रेनों के गुजरने के बाद ही डिरेल हुई। देर रात तक रेलवे कर्मचारी राहत एवं बचाव कार्य में जुटे थे। एसपी कुंवर अनुपम सिंह ने बताया कि लोको पायलट इकबाल प्रसाद के मुताबिक, मालगाड़ी का प्रेशर कम होने की वजह से हादसा हुआ। उधर, अमरोहा से दिल्ली की ओर जाने वाले रेलवे ट्रैक पर सद्भावना एक्सप्रेस डाउन लाइन पर जा रही थी। कुछ देर पहले सद्भावना एक्सप्रेस यहां से गुजरी थी।

केमिकल का रिसाव होने पर मची अफरा-तफरी

रेल ट्रैक पर मालगाड़ी डिरेल होने के बाद मौके पर अफरा तफरी मच गई। दो कंटेनरों से केमिकल का रिसाव हो गया। इसके चलते आसपास के लोगों में भगदड़ मच गई। पलटे हुए डिब्बों को देखने के लिए लोगों की भीड़ जुटी थी। मौके और पहुंची पुलिस व रेलवे कर्मियों ने भीड़ को वहां से खदेड़ा और राहत का कार्य शुरू किया। उधर, हादसे के बाद तेज धमाके की आवाज सुनकर लोग सहम गए।

16 ट्रेनों का संचालन प्रभावित, दो रद

मुरादाबाद, अमृत विचार : गोंडा के बाद शनिवार को अमरोहा में रेल हादसा हो गया। मालगाड़ी पटरी से उतर गई। इससे अप व डाउन लाइन की ट्रेनें प्रभावित हुई हैं। रेलवे ने दिल्ली व अंबाला रूट की ट्रेनों को बदले मार्ग से चलाने के आदेश दिए हैं। सदभावना, मालदा टाउन, नौचंदी एक्सप्रेस समेत अप लाइन की श्रमजीवी, सदभावना समेत 16 ट्रेनों का रूट डायवर्ट किया गया है। रेलवे को गाजियाबाद-मुरादाबाद मेमू को हापुड़ में रद करना पड़ा। उधर, मौके पर रेलवे टीम राहत एवं बचाव कार्य में जुटी गई। हादसे से कुछ देर पहले ही अप व डाउन लाइन से सुपरफास्ट शताब्दी एक्सप्रेस समेत तीन यात्री ट्रेनें भी पास हुई थीं। सीनियर डीसीएम आदित्य गुप्ता ने बताया कि हादसे के बाद ट्रेन संख्या 22453, 15274, 19601, 13430, 14206, 14242, 22420, 150 14, 12391, 15012, 14316, 14208, 15013, 12230, 12430 और 14010 को बदले मार्ग से चलाया गया। ट्रेन संख्या 04304 और 04357 को रद किया गया। जबकि ट्रेन संख्या 04350 रविवार को रद रहेगी। ट्रेन संख्या 0436 को हापुड़ तक ही चलाया गया। उधर, हादसे के कई घंटे बाद डीआरएम राजकुमार सिंह, डीएम राजेश कुमार त्यागी व एसपी कुंवर अनुपम सिंह ने मौके पर जायजा लिया। डीआरएम ने रेलवे अधिकारियों व कर्मचारियों को जल्द से ट्रैक खाली कराकर संचालन सुचारु करने के निर्देश दिए हैं। डीएम व एसपी ने भी राहत बचाव को लेकर निर्देश दिए। घटनास्थल पर पुलिसकर्मियों को तैनात किया गया है।

नेशनल हाईवे पर जाम में फंसे वाहन। ● अमृत विचार

नेशनल हाईवे पर लगा 10 किलोमीटर लंबा जाम

गजरौला, अमृत विचार : सावन माह के पहले सोमवार को भगवान शिव को जलभिषेक करने वाले कांवड़ियों के आगमन के चलते पुलिस-प्रशासन ने रूट वन-वे कर दिया। इससे जगह-जगह जाम की स्थिति बन गई। शनिवार शाम ट्रैफिक वन-वे करने के बाद दिल्ली लखनऊ हाईवे पर 10 किलोमीटर दूर तक जाम लग गया। नौ बजे तक पुलिस जाम नहीं खुलवा सकी। प्रभारी निरीक्षक हरीश वर्धन ने बताया कि कांवड़ियों की सुरक्षा के लिए रूट वन-वे कर दिया है। इसके चलते जिला हापुड़ से भारी वाहन नहीं रुकने पर नेशनल हाईवे पर जाम लगा गया। जाम खुलवाने में पुलिस जुटी हुई है।

टेंडर दिलाने के नाम पर 29 लाख हड़पे, चार पर रिपोर्ट

संवाददाता, ढबारसी

● आरोपियों में एआईएमआईएम के नेता का नाम भी शामिल

अमृत विचार : हसनपुर विधानसभा क्षेत्र से पूर्व प्रत्याशी एआईएमआईएम के नेता समेत चार लोगों पर ग्राम पंचायतों में विकास कार्यों व पाइप लाइन के टेंडर दिलाने के नाम पर 29 लाख रुपए हड़पने का आरोप लगा है। इस मामले में आदमपुर थाने में पुलिस अधीक्षक के आदेश पर रिपोर्ट दर्ज की गई है।

जिला संभल में हयात नगर निवासी इरशाद ने पुलिस अधीक्षक को तहरीर दी। इसमें उसने बताया कि 20 माह एआईएमआईएम नेता व हसनपुर विधानसभा से चुनाव लड़ चुके कस्बा ढबारसी निवासी एहतेशाम रजा हाशमी ने उन्हें टेंडर दिलाने का झांसा दिया। उन्होंने ने एक लाख 15 हजार रुपये नकद सहित 29 लाख रुपये की धनराशि अपने व लखनऊ निवासी अभिमन्यु, दिवाकर व आलोक मिश्रा के खाते में ट्रांसफर करवा ली। टेंडर प्रक्रिया पूरी होने के बाद जब टेंडर पास नहीं हुए तो उसे धोखाधड़ी का पता चला। इरशाद का कहना है कि जब अपनी रकम वापस मांगी तो उसने फोन कॉल रिसीव करनी बंद कर दी। 26 जून की रात को इरशाद अपनी पत्नी नन्ही व नेकपाल यादव के साथ एहतेशाम के घर पहुंचा तो वह देखते ही गाली गलौज करने लगा। विरोध करने पर उसने मारपीट की। रकम वापस मांगने पर जान से मारने की धमकी दी। मामले में पुलिस अधीक्षक के आदेश पर चार लोगों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज की गई है।

तीन घरों से नकदी और जेवर चुराए

गजरौला, अमृत विचार: क्षेत्र के गांव लिसड़ी बुजुर्ग में शुक्रवार रात तीन घरों से चोरों ने सोने-चांदी के जेवर समेत लाखों रुपये का सामान चोरी कर लिया। तीसरे घर में वारदात को अंजाम देने वाले चोर जाग होने पर फरार हो गए। घटना की तहरीर पुलिस को दी गई है। गांव लिसड़ी बुजुर्ग निवासी हसनैन अहमद खां परिवार के साथ शुक्रवार रात घर के आंगन में सो रहे थे। चोर बराबर में निर्माणधीन मकान से होकर उनके घर की छत पर पहुंचे। वहां से घर के अंदर दाखिल हो गए। घर में रखे छह हजार रुपये चोरी कर लिए। उनका बेटा इमरान सऊदी अरब में रहता है। उसकी पत्नी सुहाना मायके गई थी। चोरों ने घर के दूसरे कमरे में रखे सुहाना के सोने चांदी के जेवर व अन्य सामान समेट लिया। इसके बाद चोरों ने अल्ताफ के घर में घुसकर डेढ़ लाख रुपये व सोने चांदी के जेवर चोरी कर लिए।

नगर पालिका बोर्ड की बैठक में हुआ हंगामा

गजरौला, अमृत विचार : नगर पालिका की बोर्ड की बैठक शनिवार सुबह 11 बजे निर्धारित की गई। लेकिन 11 बजकर 20 मिनट पर ईओ दीपिका शुक्ला बैठक में शामिल होने पहुंचीं। इससे पहले ही सभासद व चेयरपर्सन राजेंद्र देवी उर्फ उमा बैठक में बैठे उनका इंतजार कर रहे थे। बैठक शुरू होने से पहले वहां बैठे सभासद के पति को बाहर जाने की बात कही गई। इसे लेकर हंगामा शुरू हो गया। सभासद के पति देवेश शर्मा व अशोक कुमार ने अपनी पत्नी को बैठक में शामिल होने को बुलाया और खुद बाहर चले गए। सबसे पहले मुद्दा खंभे व तार का उठाया। इस पर सभासदों ने हंगामा किया। लक्ष्मीनगर वार्ड के सभासद समेत तीन सभासदों ने कहा कि उनके वार्डों में न तो खंभे लगे हैं और न ही तार खिंचवाए गए हैं। ईओ ने ठेकेदार को नोटिस जारी करने के बाद जांचकर आगे की कार्रवाई के लिए निर्देश दिए। पेयजल आपूर्ति, नालों का निर्माण समेत कई विकास कार्यों की सहमति दी गई। बैठक में सभासद मनु शर्मा, सुमन शर्मा, जोन, सर्वेश आदि रहे।

सार संक्षेप

विद्यालय में मनाई गई महर्षि वेदव्यास की जयंती

सैदनगली, अमृत विचार : विद्यालय में शनिवार को महर्षि वेदव्यास की जयंती मनाई गई। विद्यालय प्रबंध समिति के पदाधिकारियों ने आचार्य, आचार्या एवं छात्र छात्राओं को उपहार देकर सम्मानित किया। सरस्वती शिशु एवं विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में महर्षि वेदव्यास की जयंती व गुरु पूर्णिमा का कार्यक्रम हुआ। इसमें रणजीत सिंह ने कहा कि गुरु पूर्णिमा का महत्व, गुरु की महिमा, गुरु कृपा, गुरु ही ईश्वर प्राप्ति का मार्ग दिखा सकता है। दिवाकर पांडेय ने अपने अध्यक्षीय आशीर्वचन में गुरु-शिष्य परंपरा के अंतर्गत अनेक प्रसंगों का उल्लेख किया। प्रधानाचार्य दिवाकर पांडेय के प्रयास से प्रबंध समिति ने उपहार वितरित किए।

कृष्णा पब्लिक स्कूल में हुई प्रतियोगिता

सैदनगली, अमृत विचार : ढक्का मोड़ स्थित कृष्णा पब्लिक स्कूल में डॉज बॉल मैच इंटर हाउस प्रतियोगिता हुई। इसमें लक्ष्य (कन्यू हाउस) संकल्प (ग्रीन हाउस) प्रयास (रेडहाउस) विश्वास (चैलो हाउस) के विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। लक्ष्य हाउस प्रथम, संकल्प हाउस द्वितीय एवं प्रयास हाउस तृतीय स्थान पर रहे। विधायक राजीव तरारा ने विजेता प्रतिभागियों को शील्ड देकर सम्मानित किया। इस दौरान प्रधानाचार्या नीलम श्रीवास्तव, पूर्व प्रधानाचार्य अवधेश शर्मा, गौरव सिंह, शिल्पी सिंह, सोमा सैनी, जितेन्द्र सिंह आदि शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रही। कार्यक्रम का संचालन चांदनी रस्तोगी ने किया।

28 अगस्त को निकलेगी श्री कृष्ण ढोल शोभायात्रा

हसनपुर, अमृत विचार : श्री राम सेवा समिति की बैठक में पदाधिकारी ने 28 अगस्त को श्री कृष्णा ढोल शोभा यात्रा निकलाने का निर्णय लिया। श्री राम सेवा समिति के नगर उपाध्यक्ष राहुल गुप्ता के आवास पर शनिवार को समिति की एक बैठक हुई। इसमें सर्वप्रथम नई कमेटी का गठन किया गया। जिलाध्यक्ष पंकज भटनागर ने कहा कि श्री कृष्णा ढोल शोभा यात्रा 28 अगस्त को निकल जाएगी। 21 व 27 अगस्त तक नगर में प्रतिदिन ठाकुर जी की प्रभात फेरी निकाली जाएगी। शाम को भजन संध्या का आयोजन कर ठाकुर जी की आरती की जाएगी। बैठक में जिला अध्यक्ष पंकज भटनागर, रानू रस्तोगी, विजय पारछा, मुकुल अग्रवाल, बबलू पाल, सौरभ गुप्ता, आकाश अग्रवाल, जितेंद्र गुर्जर, विनीत कुमार, शुभ गुप्ता, मोहित सुशील अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

बदमाशों ने कलेक्शन एजेंट से नकदी व लैपटॉप लूटा

हसनपुर/सैदनगली, अमृत विचार : सैदनगली क्षेत्र में देर रात बाइक से घर लौट रहे कलेक्शन एजेंट से बदमाशों ने नकदी, लैपटॉप और मोबाइल लूट लिया। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच की। गजरौला निवासी बॉबी चौधरी एक फाइनेंस कंपनी में कलेक्शन एजेंट है। शुक्रवार रात वह सैदनगली क्षेत्र में कलेक्शन करके लौट रहा था। जैसे ही उसकी बाइक ढक्का फिरोजाबाद मार्ग पर पहुंची तो दो बाइकों पर सवार बदमाशों ने उसे तमंचा दिखाकर रोख लिया। बदमाशों ने उससे बैग में रखी साढ़े तीन लाख रुपये की नगदी, मोबाइल एवं लैपटॉप लूट लिया। मौके पर पहुंची पुलिस ने बदमाशों की तलाश में कांबिंग की। पुलिस कलेक्शन एजेंट से बदमाशों के बारे में जानकारी जुटा रही है। थाना अध्यक्ष अशोक वर्मा ने बताया कि लूट का मामला संदिग्ध है। आसपास के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है।

ट्रक चालक की कोलकाता में दुर्घटना में मौत

सैदनगली (अमरोहा), अमृत विचार : सैदनगली में किराये का मकान लेकर रह रहे ट्रक चालक की कोलकाता में सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। यह खबर सुनते ही परिजनों में कोहराम मच गया। पोस्टमार्टम के बाद उसका शव उसकी ससुराल पहुंचा। मूल रूप से गजरौला निवासी गजेंद्र (40) पुत्र पूरन सिंह कस्बा सैदनगली में किराये के मकान में परिवार सहित रहता था। 15 जुलाई को वह सैदनगली से ट्रक में आम भरकर कोलकाता के लिए निकला था। कोलकाता के पास पहुंचते ही 18 जुलाई की सुबह 4:30 बजे सड़क किनारे खड़े खराब ट्रक में नींद की झपकी आने से उसका ट्रक पीछे से घुस गया। इसमें गजेंद्र बुरी तरह घायल हो गया। स्थानीय पुलिस ने उसे सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। सूचना के बाद परिजन कोलकाता रवाना हो गए। शनिवार दोपहर ट्रक चालक का शव संभल जिले के एचौड़ा कंम्बोह थाने के गांव धारंगपुर की मढैया पहुंचा। उसने अपने पीछे पत्नी पुष्पा, एक बेटी व एक बेटे को रोते बिलखते छोड़ा है।

नगर पालिका की बोर्ड बैठक में कई प्रस्तावों को मंजूरी

अमरोहा, अमृत विचार : पालिका अध्यक्ष शशि जैन की अध्यक्षता में शनिवार को नगर पालिका बोर्ड की बैठक में विकास कार्य पर चर्चा की गई। कई प्रस्ताव को सर्वसम्मति से मंजूरी दे दी गई है। बैठक में सभासदों ने क्षेत्रों की समस्याएं बताकर समाधान करने की मांग की। ईओ डॉ. बृजेश कुमार ने बताया कि नगर के विकास के लिए सदस्यों ने विभिन्न प्रस्ताव रखे। वार्डों में सड़क, पुलिया, नाली निर्माण, पथ प्रकाश, नवीन पाइप लाइन, आवास विकास प्रथम में जर्जर तार, ओवरहेड टैंक की समस्या बताई।

बोर्ड की बैठक में मौजूद पालिका अध्यक्ष व ईओ।

किसान भाकियू भानू की पंचायत में पहुंचे विद्युत, पशुपालन और आपूर्ति विभाग के अधिकारी

पंचायत में किसानों की समस्या का हुआ निस्तारण

संवाददाता, हसनपुर

अमृत विचार : ब्लॉक परिसर स्थित एसडीएम कार्यालय के सामने शनिवार को भारतीय किसान यूनियन भानू की एक पंचायत हुई।

इसमें विद्युत, पशुपालन एवं आपूर्ति विभाग के अधिकारी पहुंचे और किसानों की समस्याओं को सुनकर उनका निस्तारण किया। पशुपालन विभाग के अधिकारियों ने किसानों की मांग पर क्षेत्र में पशुओं के टीकाकरण कराने का आश्वासन दिया। खाद्य रसद विभाग के गंगेश्वरी प्रभारी ने किसानों की मांग पर पात्र व्यक्तियों के राशन कार्ड बनवाने का आश्वासन दिया। विद्युत विभाग एसडीओ ने विद्युत बिल जल्द सही करने की बात कहीं। किसानों ने ग्राम शाहपुर कला में अवैध होटल को तत्काल बंद करने की मांग की। पंचायत में गिरीश पाल सिंह, सुमित त्यागी, जितेंद्र सिंह, राहुल लोकेश आदि मौजूद रहे।

भाकियू भानू की पंचायत में मौजूद किसान व अधिकारी। ● अमृत विचार

कालाखेड़ा चीनी मिल की पेराई क्षमता बढ़ाने की मांग : हसनपुर, अमृत विचार : तहसील परिसर में शनिवार को भारतीय किसान यूनियन असली की पंचायत हुई। इसमें किसानों की विभिन्न समस्याओं के निराकरण की मांग की गई। पंचायत में तहसील अध्यक्ष चौधरी समरपाल सिंह ने कहा कि क्षेत्र में बिजली विभाग द्वारा केवाईसी के नाम पर किसानों का उत्पीड़न बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इसका शीघ्र समाधान कराया जाए, अन्यथा भाकियू आंदोलन के लिए बाध्य होगी। ब्लॉक अध्यक्ष उमर ने कहा कि क्षेत्र में बंदरों व कुत्तों का आतंक है। इनसे निजात दिलाई जाए। नगर अध्यक्ष ने कहा कि चीनी मिल कालाखेड़ा की पेराई क्षमता को अति शीघ्र बढ़ाया जाए। ब्लॉक अध्यक्ष मेवाराम ने कहा कि क्षेत्र में कच्ची शराब की बिक्री हो रही है। आए दिन परिवारों में झगड़े होते रहते हैं। लुहारी खादर में बहुत बुरा हाल है। क्षेत्र में सड़कों पर गड्ढे व क्षतिग्रस्त पुलियों से किसानों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बैठक में शराफत अली, गोवर्धन सिंह, परम सिंह, दिल पुकार मलिक, राहुल चौधरी, गोपीचंद, रणवीर सिंह, मेवाराम, सुखी राम चौहान, गुलशेर, अलीमुद्दीन सैफी, गोवर्धन, रमेश चंद आदि मौजूद रहे।

कार्यालय नगर पालिका परिषद मिलक (रामपुर)

पत्रांक : 1164/न.पा.मि./2024

सार्वजनिक ई-निविदा सूचना

दिनांक : 20 जुलाई 2024

नगर पालिका परिषद मिलक को गौवंश आश्रय स्थलों के संचालन और भरण पोषण मद/बोर्ड फण्ड मद/अवस्थापना विकास निधि (02 प्रतिशत अचल सम्पत्ति हस्तान्तरण) के अन्तर्गत प्राप्त ध्नराशि से स्वायत्त निकाय/पब्लिक सेक्टर विभाग/राज्य सरकार/ केन्द्र सरकार/अन्य सरकारी विभाग में कार्य की लागत के सीमा के अनुरूप पंजीकृत निविदादाताओं से ई-टेण्डरिंग के माध्यम से प्रतिशत दर के आधार पर नीचे दर्शाये गये कार्य हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदादाता किसी एक कार्य अथवा सभी कार्यों के लिए निविदा दे सकता है।

01 कार्य से सम्बन्धित विवरण निम्नवत् है:-

क्र.सं.	जनपद का नाम	कार्य का नाम	अनुमानित लागत (रू. में)	बिड सिक्यूरिटी (रू. में)	निविदा प्रपत्र का मूल्य GST सहित (रू. में)	कार्य पूर्ण करने की अवधि
01	02	03	04	05	06	07
बोर्ड फण्ड मद						
01	रामपुर	साप्ताहिक बाजार मिलक में दुकान नं. 1 से 10 के पीछे की ओर बरामदे में शटर, दीवार, रंगाई, पुताई फर्श एवं स्टोर्स (जीना का) निर्माण कार्य।	13,54,530.00	28000.00	1650.00	03 माह
02	रामपुर	साप्ताहिक बाजार मिलक में दुकान नं. 11 से 20 के पीछे की ओर बरामदे में शटर, दीवार, रंगाई, पुताई व फर्श का निर्माण कार्य।	11,56,868.00	24000.00	1420.00	03 माह
03	रामपुर	साप्ताहिक बाजार मिलक में दुकान नं. 21 से 40 के पीछे की ओर बरामदे में शटर, दीवार, रंगाई, पुताई, फर्श एवं स्टोर्स (जीना) का निर्माण कार्य।	25,18,248.00	52000.00	3070.00	03 माह
04	रामपुर	वार्ड 06 पटेल नगर में राष्ट्रीय राजमार्ग 24 पर 03 दुकानों के ऊपर हॉल का निर्माण कार्य।	13,25,684.00	28000.00	1650.00	03 माह
05	रामपुर	वार्ड 03 रौरा कला गाटा सं. 138 व 139 रौरा कलां में बाउण्ड्री वॉल का निर्माण कार्य।	14,95,488.00	30000.00	1770.00	03 माह
गौवंश आश्रय स्थलों के संचालन और भरण पोषण मद/बोर्ड फण्ड मद						
06	रामपुर	नगर पालिका परिषद मिलक के वृहद गौसंरक्षण केन्द्र नसीराबाद में संरक्षित गौवंशों हेतु भूसे की आपूर्ति कार्य। (6000 कुन्तल)	36,00,000.00	72000.00	4250.00	07 माह
अवस्थापना विकास निधि (02 प्रतिशत अचल सम्पत्ति हस्तान्तरण)						
07	रामपुर	नगर पालिका परिषद मिलक के मेन रोड पर यात्री शेड के पास फल दुकानों के लिए टीन का कार्य।	8,92,499.00	18000.00	1062.00	01 माह

2. वेबसाईड पर बिड डाक्यूमेन्ट की उपलब्धता की तिथि 22.07.2024 से।
3. ई-निविदा के माध्यम से निविदा प्राप्ति के लिए अन्तिम तिथि/समय 12.08.2024 को अपरान्ह 04:00 बजे तक।
4. ई-निविद के माध्यम से निविदा खोलने की तिथि एवं समय 13.08.2024 को पूर्वान्ह 11:00 बजे।
5. निविदा आमन्त्रण कर्ता को आई.टी.बी. के क्लॉज-9 के अनुसार परिशिष्ट/शुद्धि पत्र जारी करने का अधिकार है जो किसी भी समाचार पत्र में प्रकाशित नहीं किया जायेगा। सभी सम्भावित निविदादाताओं को सलाह दी जाती है कि वह नियमित रूप से ई-निविदा पोर्टल पर निगरानी रखें। अधिक जानकारी के लिए कृपया वेबसाइड http://etender.up.nic.in पर लागइन करें तथा बिड डाक्यूमेन्ट को डाउनलोड करें।

नोट :बिड डालने से पूर्व निविदादाता द्वारा निदेशक स्थानीय निकाय निदेशालय लखनऊ के पत्र सं. TC/314/8/DLB/2020/Date 01.01.2021 में दिये गये निर्देशों के अनुपालन में ULB T-1 में अंकित शर्तों का अनुपालन करना अनिवार्य होगा।

(राजेन्द्र प्रसाद)
अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद मिलक (रामपुर)

(दीक्षा गंगवार)
अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद मिलक (रामपुर)

अब किसान अनुमति लेकर खेतों से कर सकेंगे सौ घन मीटर मिट्टी का खनन

ऑनलाइन आवेदन पर जिलाधिकारी द्वारा दिया जाता है अनुमोदन

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : जन सामान्य और किसानों को सीमित मात्रा में मिट्टी का खनन करने के लिए राज्य सरकार की हरी झंडी मिल गई है। इसके लिए ऑनलाइन सूचना प्रेषित करनी होगी और 100 घन मीटर मिट्टी स्वयं के खेतों से खनन व मिट्टी का परिवहन कर सकते हैं। इसके लिए राज्य सरकार ने शनिवार को सभी जिलाधिकारियों और पुलिस कमिश्नर व एसएसपी और एसपी को निर्देश दिए हैं।

मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह ने निर्देश में कहा है कि भूतत्व एवं खनिकर्म विभाग के द्वारा 100 घनमीटर तक खनन के परिवहन के लिए ऑनलाइन पंजीकरण की व्यवस्था की गई है। इसके लिए व्यक्ति को upminemitra.in पर रजिस्टर करना है। मगर, 100 घनमीटर मिट्टी से अधिक खनन के लिए परमिट लेना होगा। उन्हें उसी पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन करना है। मालूम हो कि सामान्यतः एक ट्रैक्टर ट्राली से तीन घनमीटर मिट्टी आती है, इस आधार पर लगभग 33 ट्रैक्टर ट्रालियों का प्रयोग किया जा सकता है। दरअसल, शासन में शिकायतें आ रही थीं कि जन-सामान्य द्वारा अपने खेत से अपने निजी कार्य के लिए मिट्टी खुदाई कर ले जाने पर पुलिस व प्रशासन के द्वारा परमिट की मांग करते हुए रोका जा रहा है। किसानों को होने वाली दिक्कतों को खत्म करने के लिए निर्देश दिए गए हैं। उप्र.उपखनिज (परिहार) नियमावली 1963 के नियम-3 के अतंर्गत दो मीटर की गहराई तक सामान्य मिट्टी की खुदाई को खनन के अंतर्गत नहीं माना गया है।

इन मामलों में मिलती है पर्यावरणीय अनापत्ति से छूट

उत्तर प्रदेश उपखनिज (परिहार) नियमावली 1963 के नियम-3 के अंतर्गत 2 मीटर की गहराई तक सामान्य मिट्टी को निकालने को खनन के अंतर्गत नहीं माना गया है। इस कार्य पर पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग का भी पर्यवेक्षण रहता है। विभाग के द्वारा कई तरह के कार्यों के लिए पर्यावरणीय अनापत्ति से छूट प्रदान की गई है। कुम्हारों द्वारा मिट्टी के घड़े, लैंप, खिलौने आदि बनाने के लिए मैनुअल खनन द्वारा साधारण मिट्टी या बालू की निकासी। मैनुअल खनन द्वारा मिट्टी की टाइल्स बनाने के लिए साधारण मिट्टी या बालू की निकासी। किसानों द्वारा बाढ़ के बाद कृषि भूमि से बालू के जमाव को हटाने और ग्राम पंचायत में अवस्थित स्रोतों से बालू और साधारण मिटटी को वैयक्तिक उपयोग या ग्राम में समुदाय कार्य के लिए प्रथा के अनुसार खनन की छूट।

अब पालिकाओं में भी आयोजित होगा नागरिक सुविधा दिवस

लखनऊ, अमृत विचार: नगर पालिका परिषद की सीमा में रहने वाले लोगों को अब अपनी समस्याओं के निराकरण के लिए विभाग के चक्कर नहीं काटने पड़ेंगे। प्रत्येक माह के अंतिम मंगलवार को नागरिक सुविधा दिवस आयोजित कर उनकी समस्याओं का निराकरण किया जाएगा। मंडलायुक्त डॉ. रोशन जैकब ने रायबरेली, उन्नाव, सीतापुर, हरदोई और खीरी के डीएम समेत अन्य अधिकारियों को आदेश दिए हैं। पालिका परिषद की सीमा क्षेत्र में रहने वाले लोगों को स्ट्रीट लाइट, रोड/नाली निर्माण, जलापूर्ति, सीवेज, ट्रैफिक, नालियों में साफ-सफाई की समस्या, आवासित स्थलों में जलभराव, हाउस टैक्स, म्युटेशन, जन्म/मृत्यु प्रमाण पत्र समेत अन्य समस्याओं से जूझना पड़ता है। समस्याओं के निदान के लिए लोग विभागों के चक्कर काटते हैं। पालिका स्तर पर मूलभूत सुविधाओं से जुड़े कई काम इस प्रकार के होते हैं कि जिनमें एक से अधिक कार्यदायी संस्थाओं की सहभागिता होती है। जिसकी जानकारी आम लोगों को नहीं होती है।

मेजा और बारा की दो इकाइयां ठप बिजली संकट बढ़ा

लखनऊ, अमृत विचार : मेजा व बारा बिजलीघरों की दो इकाइयां ठप होने से प्रदेश में बिजली संकट गहरा गया है। दोनों इकाइयों के जल्द चालू होने की संभावना जताई जा रही है। उधर, गांवों में छह घंटे की घोषित कटौती के कारण ग्रामीण परेशान रहे। स्थानीय खराबी के कारण प्रदेश के ज्यादातर इलाकों में बिजली आपूर्ति बाधित रही।

यूपी पावर कॉरपोरेशन के सूत्रों ने बताया कि मेजा व बारा की 660 मेगावाट क्षमता की दो इकाइयां बंद हो गई हैं। इससे उत्पादन बिजलीघरों में 1122 मेगावाट बिजली का उत्पादन कम हो गया है, जबकि उमस के कारण बिजली की मांग लगातार बढ़ती जा रही है। शनिवार को बिजली की अधिकतम मांग 29303 मेगावाट दर्ज की गई, जबकि न्यूनतम मांग 19,481 मेगावाट रही। सूत्रों ने बताया कि शाम के वक्त राज्य के बिजलीघरों में 4746 मेगावाट तापीय उत्पादन व 685 मेगावाट पनबिजली उत्पादन होता रहा। मांग को पूरा करने के लिए एनर्जी एक्सचेंज व अन्य स्र्रोतों से बिजली आयात की जा रही थी।

सार-संक्षेप

उद्धव से मिलने मातोश्री पहुंचे फैजाबाद सांसद अवधेश

अयोध्या, अमृत विचार : महाराष्ट्र यात्रा पर सपा सांसदों के दल के साथ गए अयोध्या सांसद अवधेश प्रसाद का पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे के आवास मातोश्री पर स्वागत किया गया। 19 जुलाई को समाजवादी पार्टी महाराष्ट्र के प्रदेश अध्यक्ष द्वारा उत्तर प्रदेश के सभी नवनिर्वाचित सांसदों का स्वागत कार्यक्रम आयोजित था, जिसमें अयोध्या की ऐतिहासिक जीत पर सपा जिलाध्यक्ष पारसनाथ यादव का अंगवस्त्र पहना कर मंच पर स्वागत किया गया। वहीं शनिवार को उद्धव ठाकरे के आवास पर महाराष्ट्र के प्रदेश अध्यक्ष अबू आसिम आजमी, फैजाबाद (अयोध्या) के सांसद अवधेश प्रसाद एवं आजमगढ़ के सांसद धर्मेंद्र यादव ने मुलाकात कर भविष्य में होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर विस्तृत चर्चा की।

फूड पॉइजनिंग से आवासीय विद्यालय के 19 बच्चे बीमार

फर्रुखाबाद, अमृत विचार : थाना मऊ दरवाजा क्षेत्र के आवासीय विद्यालय में फूड पॉइजनिंग से 19 बच्चे बीमार हो गए। लंच में बने चावल खाने के बाद बच्चों के पेट में दर्द शुरू हुआ और उल्टियां होने लगीं। दोपहर दो बजे तक 14 बच्चों को लोहिया अस्पताल तथा पांच बच्चों को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। शाम को एसडीएम और बीएसए ने अस्पताल पहुंचकर बच्चों के हालचाल जाने। अधिकारियों के आने पर स्कूल प्रबंधक के बड़े भाई शिवकुमार को जिला अस्पताल लोहिया बुलाया गया। थाना मऊ दरवाजा के जसमई बाईपास स्थित श्रीबनवारी लाल इंटरनेशनल आवासीय विद्यालय कक्षा 1 से 8 तक संचालित है। इसमें 200 से अधिक बच्चे पढ़ते हैं। शनिवार को लंच में मसूर की दाल, आलू की सब्जी, चावल, रोटी बना था। जब बच्चों ने खाना खाया तो चावल खाने के बाद उनकी हालत बिगड़ने लगी।

मुजफ्फरनगर में ट्रक पलटने से 14 कांवड़िये घायल

मुजफ्फरनगर, एजेंसी। रतनपुरी थाना क्षेत्र के सथेरी गांव के पास एक ट्रक शनिवार सुबह पहिया फटने के कारण पलट गया, जिससे उसमें सवार कम से कम 14 कांवड़िये घायल हो गए। पुलिस ने बताया कि यह हादसा सुबह साढ़े 8 बजे उस समय हुआ, जब गंगा जल लेने के लिए आगरा से हरिद्वार जा रहे कांवड़ियों के ट्रक का एक पहिया सथेरी गांव के पास से गुजरते समय फट गया। क्षेत्राधिकारी (अपराध) रामाशीष यादव ने बताया कि पहिया फटने के कारण ट्रक पलट गया और उसमें सवार 14 कांवड़िये घायल हो गए। घायल कांवड़ियों को पास के अस्पताल ले जाया गया। यादव के मुताबिक, हादसे से मेरठ-मुजफ्फरनगर मार्ग पर यातायात कुछ समय के लिए प्रभावित हुआ, लेकिन इसे जल्द सामान्य कर दिया गया।

रेलवे क्रॉसिंग तोड़कर ट्रैक्टर-ट्रॉली ट्रेन से टकराई

भदोही, एजेंसी। भदोही जिले में शनिवार तड़के एक ट्रैक्टर-ट्रॉली रेलवे क्रॉसिंग तोड़कर एक ट्रेन से जा टकराई। पुलिस ने बताया कि दुर्घटना में ट्रैक्टर चालक की मौत हो गई और करीब एक घंटे तक रेल घटनास्थल पर ही रुकी रही। पुलिस ने बताया कि यह दुर्घटना शनिवार तड़के करीब 5 बजे भदोही जिले के ऊंज थानाक्षेत्र के राम किशुनपुर बसहीं गांव में हुई। पुलिस के अनुसार, मिट्टी से लदी एक ट्रैक्टर ट्रॉली प्रयागराज-वाराणसी रेलखंड के ज्ञानपुर रोड रेलवे स्टेशन की एक क्रासिंग तोड़कर आनंद विहार से सीतामढ़ी जा रही लिच्छवी एक्सप्रेस ट्रेन के सामने आ गई और ट्रेन से टकरा गई। पुलिस ने बताया कि ट्रैक्टर ट्रेन के इंजन के नीचे आकर फंस गया और करीब पांच किलोमीटर तक ट्रेन के साथ घसीटता चला गया।

की-मैन ने दी थी ट्रैक में खराबी की सूचना

गोंडा रेल हादसा

संवाददाता, गोंडा

- अवर अभियंता व की-मैन की बातचीत का ऑडियो हुआ वायरल

अमृत विचार : चंडीगढ़-डिब्रूगढ़ रेल हादसे को लेकर एक बड़ा खुलासा सामने आया है। गुरुवार को जिस ट्रैक पर हादसा हुआ, वह डेंजर जोन में था। ट्रैक की निगरानी करने वाले रेलवे के की-मैन ने एक दिन पहले ही अपने सीनियर्स को अलर्ट किया था, ट्रैक के खराब होने की जानकारी दी थी। हादसे वाले दिन भी ट्रेन के आने से आधे घंटे पहले भी वह चिल्लाता रहा कि ट्रैक खराब है, लेकिन किसी ने उसकी बात नहीं सुनी। नतीजा चंडीगढ़ डिब्रूगढ़ एक्सप्रेस डिरेल हो गई।

कीमैन व जेई के बीच की बातचीत का ऑडियो वायरल हो रहा है। इस वायरल ऑडियो को लेकर रेल महकमे में हड़कंप मचा हुआ है। वायरल ऑडियो में की-मैन आसने अपने सीनियर अधिकारियों से चिल्ला चिल्ला कर कह रहा है कि ट्रैक खराब है, आगे खतरा हो सकता है, गाड़ी पटरी से उतर सकती है। लेकिन कर्मचारी की बात नहीं सुनी गई और चंडीगढ़ डिब्रूगढ़ एक्सप्रेस ट्रेन इस जगह पर डिरेल हो गई।

आसने ने बताया कि उसने एक दिन पहले ही रेलवे के अवर अभियंता रंजन कुमार को इस ट्रैक की खराबी की जानकारी देते हुए उन्हें सतर्क किया था। उसने कहा कि हादसे के एक दिन पहले जब वह ट्रैक चेक कर रहा था, तब उसे पटरियों के बीच बकलिंग (गैप) दिखाई दिया था। उसने तत्काल इसकी जानकारी अपने सीनियर अफसर को दी। गुरुवार को भी दोपहर में वह ट्रैक देखने गया था। उसे ट्रैक में खराबी दिखाई दी। वह तुरंत भाग कर गेट पर पहुंचा और अपने अधिकारी को फोन किया। उन्हें ट्रैक के खराबी की जानकारी देते हुए पूछा कि कॉशन लगा है कि नहीं। दूसरी तरफ से अधिकारी ने कहा कि कॉशन लगने वाला है। इस पर की मैन ने कहा कि बहुत डेंजर स्थिति है। आसने ने जेई से कॉशन लगाने के लिए कहा था, लेकिन उसकी बात नहीं सुनी गयी। हालांकि रेल अधिकारियों का कहना है कि कॉशन लगाया गया था और ट्रेन को 30 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से गुजरना था। लेकिन उसकी स्पीड 70 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से अधिक थी। रेलवे की जांच टीमें इन बिंदुओं की गहनता से पड़ताल कर रही हैं।

सेक्शन इंजीनियर ने किया था ट्रैक का निरीक्षण

की- मैन आसने के अलर्ट पर सेक्शन इंजीनियर पीके सिंह एक दिन पहले बुधवार को ट्रैक चेक करने भी गए थे। उन्होने ट्रैक का निरीक्षण किया था। तब भी की-मैन आसने ने उन्हे बताया था कि पटरियों में गैप है। हादसा हो सकता है। इसके बावजूद कोई ठोस पहलनहीं कियागया।

बच्ची से दुष्कर्म का आरोपी मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार

फर्रुखाबाद, एजेंसी। चार वर्ष की एक बच्ची से दुष्कर्म के आरोपी को पुलिस ने मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया। एक अधिकारी ने बताया कि बच्ची अपने परिवार के साथ एक शादी समारोह में आई थी। उन्होंने बताया कि मुठभेड़ के दौरान आरोपी के पैर में गोली लगी और उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। पुलिस क्षेत्राधिकारी (मोहम्मदाबाद) अरुण कुमार ने बताया कि आरोपी डब्ल्यू को पखना रेलवे स्टेशन के पास मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया।

बाइक सवार युवक की धारदार हत्या कर निकाल ली आंखें

संवाददाता, नवाबगंज (उन्नाव)

- सड़क किनारे खेत में शव फेंक हत्यारे फरार, जांच में जुटी पुलिस

अमृत विचार : नवाबगंज थाना क्षेत्र में शुक्रवार की रात एक बाइक सवार युवक की धारदार हथियार से नृशंस हत्या कर दी गई। हत्यारों ने उसकी आंख भी निकाल ली और उसका शव सड़क के किनारे खेतों में फेंक कर फरार हो गए। सुबह ग्रामीणों ने खेत में शव पड़ा देखा तो इसकी सूचना पुलिस को दी। घटनास्थल से मृतक की बाइक बरामद हुई है। बाइक के आधार पर पुलिस मृतक के शिनाख्त करने में जुटी है।

युवक का शव देखकर लग रहा था कि बेरहमी से उसकी हत्या की गई है। शरीर पर कई जगह धारदार हथियार से वार किए जाने के निशान थे। उसकी आंख भी निकाल ली गई थी। खेत में भी काफी दूर तक खून बिखरा पड़ा था। प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार राय ने बताया कि बाइक बस्ती जिले के थाना रुदौली क्षेत्र के राम लगन चौधरी के नाम पर रजिस्टर्ड है। इस पते की जांच कराई जा रही है।

राजा भैया की पत्नी भानवी सिंह के खिलाफ एफआईआर

लखनऊ, अमृत विचार : हजरतगंज कोतवाली में कुंडा सीट से विधायक रघुराज प्रताप सिंह की पत्नी भानवी सिंह के खिलाफ धोखाधड़ी, साजिश समेत अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की गई है। मामला प्रतापगढ़ भदरी हाउस में रहने वाले एवं द प्रापर्टीज कंपनी के पूर्व निदेशक आशुतोष सिंह ने दर्ज कराया है। आशुतोष ने भानवी सिंह पर कंपनी के शेयर में हेराफेरी कर साजिश के तहत उनके फर्जी हस्ताक्षर बना कंपनी के निदेशक पद से हटाने का आरोप लगाया है। इंस्पेक्टर विक्रम सिंह ने बताया कि भानवी हजरतगंज शाहनजफ रोड भदरी हाउस में रहती हैं। 17 नवंबर 2007 को भानवी ने अपने आवास को कार्यालय दिखाकर दा प्रापर्टीज कंपनी बनाई थी। कंपनी में भानवी व अन्य के साथ ही वह भी निदेशक नियुक्त हुए थे। कंपनी का पंजीकरण कानपुर रजिस्ट्रार कार्यालय में हुआ था। कंपनी में लगातार वृद्धि एवं लाभ देखकर भानवी लालच आ गईं। कंपनी पर एकाधिकार करने की मंशा से भानवी उन पर इस्तीफा देने का दबाव बनाने लगीं। विरोध पर धमकी देती थीं।

सॉफ्टवेयर में खराबी: दूसरे दिन भी विमान सेवाएं बाधित

सरोजनीनगर, अमृत विचार : माइक्रोसॉफ्ट सॉफ्टवेयर में तकनीकी खराबी से लखनऊ एयरपोर्ट पर विमान सेवाओं में आई बाधा शनिवार को भी बरकरार रही। सुबह 9 बजे तक आठ उड़ानों को रद कर दिया गया। लखनऊ एयरपोर्ट से सुबह 6 बजे और 7 : 40 बजे दिल्ली और 7:15 बजे मुंबई जाने वाली इंडिगो की उड़ान रद की गई। इसके साथ ही 8:50 बजे फ्लाइनेस की रियाद जाने वाली उड़ान भी रद की गई। दूसरी ओर मुंबई से 6:45 बजे और दिल्ली से 6:55 बजे व 8:55 बजे लखनऊ आने वाली इंडिगो की उड़ान के साथ-साथ रियाद से सुबह 8 बजे लखनऊ आने वाली फ्लाइनेस की उड़ान भी रद रही।

एक दिन में रोपे गए 36 .51 करोड़ से अधिक पौधे

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : पेड़ लगाओ, पेड़ बचाओ जनअभियान-2024 के तहत राज्य सरकार ने इतिहास रचा। प्रदेश में एक दिन में 36.51 करोड़ से अधिक पौधे रोपे गये।

शासन के अधिकारियों ने बताया कि शाम छह बजे तक 36,51,45,477 पौधरोपण कर प्रदेश ने कीर्तिमान बनाया। 36.50 करोड़ के सापेक्ष 1,45,477 अधिक पौधे लगाए गए। अधिकारियों ने बताया कि प्रदेश सरकार के सभी मंत्रियों ने भी अलग-अलग जिलों में पौधे रोपित किये। अधिकारियों ने बताया कि पौधरोपण कार्यक्रम में मंत्री अलग-अलग जिलों में शामिल हुए। मंत्री एके शर्मा ने मऊ व आजमगढ़, धर्मपाल सिंह ने बरेली व बदायूं, कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही अयोध्या, वन मंत्री अरुण कुमार सक्सेना लखनऊ, आशीष पटेल सुल्तानपुर, राकेश सचान हमीरपुर व फतेहपुर, योगेंद्र उपाध्याय इटावा व फर्रुखाबाद, कपिल देव अग्रवाल कानपुर नगर, नरेंद्र कश्यप गाजियाबाद और बुलंदशहर, रजनी तिवारी ने झांसी में पौधरोपण किया।

मुख्यमंत्री ने दी बधाई

मुख्यमंत्री ने 'पेड़ लगाओ, पेड़ बचाओ महाभियान-2024' में मिली सफलता पर प्रदेश के लोगों को बधाई दी। अपने सोशल मीडिया अकाउंट 'एक्स' के जरिये उन्होंने कहा कि 'नए भारत' के 'नए उत्तर प्रदेश' में आज एक दिन में 36 .50 करोड़ से अधिक पौधरोपण का लोक-कल्याणकारी संकल्प पूर्ण हो गया है। उन्होंने कहा कि प्रकृति और धरती के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करते हुए कहा कि यह कीर्तिमान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान 'एक पेड़ मां के नाम' से अपार जन जुड़ाव को प्रदर्शित करता है।

ग्राम्य विकास ने सर्वाधिक 13.54 करोड़ पौधे लगवाए

शासन के अधिकारियों ने बताया कि ग्राम्य विकास ने सर्वाधिक 13 .54 करोड़ पौध लगवाए। जिलों में सोनभद्र ने बाजी मारी। यहां एक करोड़ 53 लाख पौधे लगाए गए।

सर्वाधिक पौध शीशम के लगाए गए

पौधरोपण में शीशम के सर्वाधिक 4 करोड़ 33 लाख 38723 पौधे लगे। सागौन के 4 करोड़ 33 लाख, सात हजार 858 पौधे लगे। जामुन के 2 करोड़ 19 लाख 10,650 पौधरोपण हुए। अर्जुन के एक करोड़ 67 लाख, 73913 और आंवला के 95 लाख, 32 हजार 275 पौधे लगाए गए।

वर्ग पहेली-137

बाएं से दाएं

1. नित्य और सदा दूध देने वाली गाय 2. अच्छी गाय।
3. 1. जलाना, भस्म करना 2. नष्ट करना 3. बहुत कष्ट या दुख देना, संतप्त करना।
4. 1. कुल, सब 2. इकट्ठा किया हुआ, एक में मिलाया हुआ, सामूहिक।
6. 1. असावधानी या उदासीनता के कारण होने वाली भूल, त्रुटि 2. भूलने की क्रिया 3. भूल या चूक से शेष रह गया काम।
8. 1. बाज़ार का; बाज़ार से संबंधित, बाज़ार में होने वाला 2. बाज़ारू, साधारण, मामूली।

ऊपर से नीचे

1. चतुरता, होशियारी 2. विवेकशीलता, बुद्धिमत्ता।
4. कब्ज़ा किया हुआ, अधिकृत, अधीन।
5. 1. मूल रूप से, आदि में 2. संपूर्णतः।
7. किसी को कुछ ताड़ने में प्रवृत्त करना, ताड़ने का काम कराना, किसी को किसी के कार्य को भांपना



वर्ग पहेली -136 का हल

1 आ	जा	नु	2 बा	हु	
इं			ज़ा		3 सं
दा			र		चे
	4 अ	नु	वा	दि	त
	नु		द		ना
5 क़	रा	र		6 धा	
	धा		7 ना	न	क

सुडोकू -50

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

		1		8				3
			6	1		4		8
	7		9			1		
1	2			5		9		
9		3				8		2
		8		4			6	1
		7			3		8	
5		2		9	1			
6				2		7		

सुडोकू -49 का हल

5	1	7	8	9	6	4	2	3
3	2	6	4	1	5	9	8	7
9	4	8	2	7	3	5	6	1
6	5	4	3	2	1	8	7	9
8	3	2	9	4	7	1	5	6
7	9	1	5	6	8	3	4	2
1	6	9	7	8	4	2	3	5
4	7	5	1	3	2	6	9	8
2	8	3	6	5	9	7	1	4

आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 21 जुलाई रविवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-आषाढ़, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-पूर्णिमा 15 .46 तक तत्पश्चात प्रतिपदा।

आज का पंचांग



दिशाशूल-पश्चिम। ऋतु-वर्षा।
चन्द्रबल-मिथुन, कर्क, तुला, धनु, कुंभ, मीन।
ताराबल-भरणी, कृत्तिका, रोहिणी, मृगशिरा, पुनर्वसु, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, विशाखा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-उत्तराषाढ़ा 22 जुलाई 12 .14 तक तत्पश्चात श्रवण।

मेष — आज निजी व्यापार में कुछ बदलाव कर सकते हैं। कमीशन संबंधी कार्यों से धन लाभ होगा। आपको अपना मन शांत रखने की आवश्यकता है। यदि आप प्राइवेट जॉब करते हैं तो आपको किसी बड़े प्रोजेक्ट्स में भेजा जा सकता है।

वृष — आज बच्चे घर के बड़े बुजुर्गों के साथ समय बिताएंगे। आपको नए कार्यों में जुटना पड़ सकता है। आपका मन शांत रहेगा। आपको कार्यक्षेत्र में यश और सम्मान प्राप्त होगा। फिल्म कारोबार से जुड़े लोगों को उच्च आर्थिक लाभ हो सकता है।

मिथुन — आज संवादहीनता के कारण आपको बड़ा नुकसान हो सकता है। इसीलिए आपको अपनी बात सावधानी से रखनी चाहिए। दूसरों की कमियों पर ज्यादा ध्यान न दें। धर्म-कर्म में आप रुचि लेंगे। महिला जातकों का स्वास्थ्य खराब हो सकता है।

कर्क — आज आपको कोई शुभ सूचना मिल सकती है। परिवार में आपके अधिकार बढ़ेंगे। कार्यकुशलता के कारण कार्यक्षेत्र में बहुत ही अच्छा प्रदर्शन करेंगे। दांपत्य संबंधों का आनंद उठाएंगे। बच्चे आपकी आज्ञा का पालन करेंगे।

सिंह — आज लवमेट्स के साथ कहीं घूमने जा सकते हैं। विदेश यात्रा के योग बन रहे हैं। कारोबार की बाधाओं को निपटाने में व्यस्त रहेंगे। बेरोजगार लोगों को नई नौकरी मिल सकती है। परिजन आपसे काफी प्रसन्न रहेंगे।

कन्या — आज व्यापार में प्रतिद्वंदिता बढ़ने की आशंका है। मित्रों से अपने मन की बातें अवश्य शेयर करें। बच्चे अपनी माता का अनुकरण करेंगे। अटके हुए कार्यों को पूरा करने का दबाव रहेगा। प्रेम संबंधों में अनबन हो सकती है।

तुला — आज सहकर्मी आपसे काफी अपेक्षा रखेंगे। बेवजह गुस्से के कारण आपको कठिनाई झेलनी पड़ेगी। संपत्ति में निवेश करने वालों को अच्छी डील मिल सकती है। सोशल मीडिया के माध्यम से आपको अच्छी खबर मिल सकती है।

वृश्चिक — आज मार्केटिंग क्षेत्र में नौकरी कर रहे लोगों की आय बढ़ सकती है। धर्म-शास्त्रों के प्रति रुझान बढ़ेगा। जीवनसाथी को कुछ उपहार दे सकते हैं। कारोबार में मित्रों की मदद लेनी पड़ सकती है। आपको मनचाहा काम मिल सकता है।

धनु — आज आपको उधार वापस लौटाना पड़ सकता है, जिसके कारण आपके कुछ काम रुक भी सकते हैं। आपके द्वारा की गई छोटी-छोटी गलती को लोग बड़ा करके दिखाने का प्रयास करेंगे। अपनी कार्यक्षमता को सिद्ध करने का दबाव रहेगा। प्रेम संबंध मुश्किल में पड़ सकते हैं।

मकर — आज अटके हुए काम बनने से खुशी मिलेगी। नए वस्त्र और आभूषण खरीद सकते हैं। बुद्धिमान लोगों का मार्गदर्शन अवश्य लें। आपके विचारों का लोग आदर करेंगे। जीवनसाथी से उपहार प्राप्त हो सकता है।

कुंभ — आज पारिवारिक कलह से छुटकारा मिलेगा। तनाव से बचने के लिए अच्छी नींद अवश्य लें। आप नए परिवर्तनों को लेकर थोड़े परेशान रहेंगे। कड़वी भाषा का प्रयोग करने से संबंध बिगड़ सकते हैं। जीवनसाथी का मूड खराब हो सकता है।

मीन — आज अधीनस्थ कर्मचारियों के सहयोग से आपके काम हो जाएंगे। आपका दिन बहुत ही शुभ रहने वाला है। कारोबार में बड़ा निवेश कर सकते हैं। आपके आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। बच्चों के स्वास्थ्य और शिक्षा को लेकर थोड़े विचारशील होंगे।

आज की फिल्में

B4U MOVIES
- हैसियत — सुबह : 10 .42
- भारत — रात : 07 .41
- रक्षाबंधन — सुबह : 11 .37

&pictures
- साइना — रात : 08 .00

SONY PIX
- द मैकेनिक — सुबह : 11 .29
- जॉन रैम्बो — रात : 07 .33

ZEE CINEMA
- रमैया वस्तावैया — सुबह : 11 .23
- जवान — रात : 08 .00

colors CINEPLEX
- एसीपी शिवा — दोपहर : 12 .47
- ना सामी रंगा — रात : 07 .58

आज की सुपरहिट फिल्म

जी सिनेमा पर रात : 08 .00 बजे

जोक्स ऑफ द डे

टिंकू-क्या कर रहे हो?
पिंकू-मक्खियां मार रहा हूं।
टिंकू- कितनी मारी?
पिंकू-तीन मेल और दो फीमेल
टिंकू-कैसे पता मेल थी या फीमेल?
पिंकू-तीन शराब की बोतल पे थी और दो फोन पर।

बहू को खाली बैठे देखकर सास (अपने बेटे से)- तुम्हारी बीवी में बहुत सारी कमियां हैं।
सास की ये बात दूर खड़ी बहू सुन रही थी।
बहू तपाक से बोली- तभी तो मुझे अच्छा ससुराल नहीं मिला।

एक नजर

सुरक्षाबलों से मुठभेड़ में एक नक्सली ढेर

सुकमा। छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित सुकमा जिले में सुरक्षाबलों ने मुठभेड़ में एक नक्सली को मार गिराया। पुलिस अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि सुकमा के जगरगुंडा थाना क्षेत्र में जगरगुंडा एरिया कमेटी के नक्सलियों की मौजूदगी की सूचना मिलने पर शुक्रवार रात डीआरजी के दल को गश्त पर रवाना किया गया। गश्ती दल शनिवार सुबह तुमार गट्टा और सिंगावराम गांव के जंगल में पहुंचा तो नक्सलियों ने उस पर गोलीबारी शुरू कर दी। सुरक्षाबलों की जवाबी कार्रवाई के बाद नक्सली भाग निकले। सुरक्षाबलों की तलाशी में एक नक्सली का शव, एक भरमार बंदूक, वायरलेस सेट, भारी मात्रा में विस्फोटक और अन्य सामान मिला।

दाऊद इब्राहिम गिरोह के दो सदस्यों को जमानत

मुंबई। मुंबई हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति भारती डांगरे और न्यायमूर्ति मंजूषा देशपांडे की खंडपीठ ने 11 जुलाई के आदेश में महाराष्ट्र एटीएस की ओर से अगस्त 2022 में गिरफ्तार किए गए दो लोगों को जमानत दे दी है। एटीएस ने दावा किया है कि फैज भिवंडीवाला और परवेज वईद, दाऊद इब्राहिम गिरोह के सदस्य है। पीठ ने कहा कि सरकारी वकील ने एटीएस के निर्देश पर बयान दिया कि आरोपपत्र में यूएपीए के तहत आरोपों को स्थापित करने वाली कोई सामग्री नहीं है जो आतंकवादी कृत्य करने और अपराध के लिए धन एकत्र करने से संबंधित है। उच्च न्यायालय ने यह भी कहा कि एक आरोपी से कथित तौर पर जब्त किया गया प्रतिबंधित मादक पदार्थ कम मात्रा में था। अदालत ने भिवंडीवाला और वईद को 50-50 हजार रुपये के निजी मुचलके पर रिहा कर दिया।

अंधविश्वास के खिलाफ याचिका दाखिल

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की गई है, जिसमें अंधविश्वास, जादू-टोने और ऐसी अन्य कुप्रथाओं को समाप्त करने के लिए उचित कदम उठाने के उद्देश्य से केंद्र और राज्यों को निर्देश देने का अनुरोध किया गया है। याचिका में कहा गया है कि समाज में प्रचलित अवैज्ञानिक कृत्यों को समाप्त करने के लिए अंधविश्वास एवं जादू-टोना रोधी कानून की आवश्यकता है। इसमें फर्जी संतों को लोगों का शोषण करने से रोकने के संबंध में भी कदम उठाने के लिए अनुरोध किया गया है। अधिवक्ता अश्विनी उपाध्याय की याचिका में केंद्र और राज्यों को संविधान के अनुच्छेद-51ए की भावना के अनुरूप नागरिकों में वैज्ञानिक सोच-समझ, मानवीयता और जांच-पड़ताल की भावना विकसित करने की दिशा में कदम उठाने के निर्देश देने का अनुरोध किया गया है।

खनन मामले में विधायक पंवार गिरफ्तार

गुरुग्राम से गिरफ्तार किए गए कांग्रेस नेता, हिरासत के लिए कोर्ट से अनुरोध करेगी ईडी

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने कांग्रेस नेता एवं हरियाणा के विधायक सुरेंद्र पंवार (55) को अवैध खनन से जुड़े धन शोधन मामले में गुरुग्राम से शनिवार तड़के गिरफ्तार कर लिया। उन्हें अंबाला में धन शोधन रोकथाम अधिनियम (पीएमएलए) की विशेष अदालत में पेश किया जाएगा, जहां से हिरासत में भेजने का अनुरोध किया जाएगा।

राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) द्वारा लगाए गए प्रतिबंध के बाद भी यमुनानगर और उसके आसपास के जिलों में पत्थर, बजरी और रेत के कथित अवैध खनन को लेकर हरियाणा पुलिस ने कई प्राथमिकी दर्ज की थी। धन शोधन का यह मामला भी इसी से संबंधित है। केंद्रीय एजेंसी ई-रवाना योजना में कथित धोखाधड़ी की भी जांच कर रही है। ई-रवाना एक ऑनलाइन पोर्टल है, जिसे हरियाणा सरकार ने रॉयल्टी और कर संग्रह आसान बनाने तथा खनन क्षेत्रों में कर चोरी रोकने के लिए 2020 में शुरू किया था। अनुमान लगाया गया है कि कथित अवैध खनन के जरिये कुछ वर्षों में लगभग 400-500 करोड़ रुपये का अवैध धन अर्जित किया गया है।

- प्रतिबंध के बाद भी खनन करने के आरोप में दर्ज हुई कई प्राथमिकी
- 400 से 500 करोड़ रुपये का अवैध धन अर्जित करने का आरोप

1.42 करोड़ नकद, फ्लैट तथा जमीन के दस्तावेज जब्त

ईडी ने कहा कि उसने बैंक-ऋण धोखाधड़ी से जुड़े धन शोधन की जांच में हरियाणा कांग्रेस विधायक राव दान सिंह, उनके बेटे और कुछ व्यावसायिक इकाइयों के खिलाफ छापेमारी में 1.42 करोड़ नकद, 30 से अधिक अघोषित फ्लैट और जमीन से संबंधित दस्तावेज जब्त किए हैं। विधायक, उनके परिवार, एक संबद्ध कंपनी सनसिटी प्रोजेक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड, एलाइड स्ट्रिप्स लिमिटेड (एएसएल) और इसके प्रवर्तक मोहिंदर अग्रवाल, गौरव अग्रवाल और कुछ अन्य के खिलाफ दिल्ली, जमशेदपुर (झारखंड), हरियाणा के महेंद्रगढ़ और गुरुग्राम में 18 जुलाई को छापेमारी की। धन शोधन की जांच आरोपियों के खिलाफ दर्ज सीबीआई की प्राथमिकी पर आधारित है। इसमें आरोपियों पर धन की धोखाधड़ी करने, आपराधिक धांधली, आपराधिक विश्वासघात और ठगी कर केनरा बैंक के नेतृत्व वाले बैंकों के संघ को 1,392.86 करोड़ रुपये से अधिक का नुकसान पहुंचाने का आरोप है।

माइक्रोसॉफ्ट आउटेज में दिखा तकनीक पर अतिनिर्भर होने का दुष्परिणाम : चंद्रचूड़

मदुरै (तमिलनाडु), एजेंसी

देश के मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) डीवाई चंद्रचूड़ ने शनिवार को कहा कि माइक्रोसॉफ्ट आउटेज में दिखा कि तकनीकी निर्भरता के क्या-क्या दुष्परिणाम हो सकते हैं। सीजेआई चंद्रचूड़ ने मद्रास हाईकोर्ट की मदुरै पीठ की स्थापना के 20 वर्ष पूरे होने पर आयोजित समारोह को संबोधित किया।

उन्होंने कहा कि हर कोई जानता है कि मैं प्रौद्योगिकी के लाभों का समर्थक हूं। कल ही हमने तकनीकी निर्भरता के प्रतिकूल प्रभाव देखे। माइक्रोसॉफ्ट आउटेज से पूरे देश में उड़ानें रद कर दी गईं लेकिन मुझे लगता है कि यह मदुरै के लोगों का प्यार है जो मेरी पिछली यात्रा के दौरान मुझ पर बरसाया, जिसने आज आप सभी के बीच मेरी उपस्थिति सुनिश्चित की है। उन्होंने कहा कि मदुरै को थुंगा नगरम या ऐसा शहर कहा जाता है, जो कभी नहीं सोता, क्योंकि इसके बाजार हमेशा लोगों के लिए खुले रहते हैं। यह इस महान शहर की आमंत्रित और मेहमाननवाज़ संस्कृति को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि यह कोई आश्चर्य की बात नहीं है कि मद्रास उच्च न्यायालय की स्थायी पीठ के लिए मदुरै को चुना गया। इस अर्थ में, मदुरै शाश्वत प्रतीक है कि न्याय कभी नहीं सोता है। सीजेआई ने कहा कि संविधान के अनुच्छेद 214 में कहा गया है कि प्रत्येक राज्य के लिए एक उच्च न्यायालय होगा, लेकिन यह सोचना बहुत बड़ी गलती होगी कि मद्रास उच्च न्यायालय विशेष रूप से मदुरै बेंच से आने वाले निर्णयों का प्रभाव तमिलनाडु राज्य तक ही सीमित है। देश भर के वकील, न्यायाधीश और नागरिक मदुरै बेंच से आने वाले निर्णयों को बहुत प्रशंसा के साथ देखते हैं। बार के साथ-साथ उच्च न्यायालय की पीठ के न्यायाधीश केवल 20 वर्षों की छोटी अवधि में ऐसी प्रतिष्ठा स्थापित करने में सक्षम हुए हैं।

- सीजेआई ने मद्रास हाईकोर्ट की मदुरै पीठ के 20 वर्ष पूरे होने पर हुए समारोह को किया संबोधित

बांसुरी के निर्वाचन को चुनौती देते हुए दिल्ली हाईकोर्ट पहुंचे सोमनाथ

नई दिल्ली, एजेंसी

आप नेता सोमनाथ भारती ने लोकसभा चुनाव में भाजपा सांसद बांसुरी स्वराज के निर्वाचन को कथित भ्रष्ट आचरण के आधार पर चुनौती देते हुए शनिवार को दिल्ली हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया। न्यायमूर्ति मनमीत पीएस अरोड़ा 22 जुलाई को चुनाव याचिका पर सुनवाई करेंगे।

याचिका में कहा गया कि निर्वाचन अधिकारी के अनुसार भारती को 3,74,815 जबकि स्वराज को 4,53,185 वोट मिले। वे दोनों नई दिल्ली संसदीय क्षेत्र से चुनाव लड़े थे और स्वराज को विजेता घोषित किया गया था। मौजूदा याचिका भारती द्वारा जनप्रतिनिधित्व अधिनियम की धारा 80 और 81 के तहत दायर की जा रही है, जिसमें स्वराज के निर्वाचन को इस आधार पर चुनौती दी गई है कि स्वराज, उनके एजेंट और अन्य व्यक्तियों ने 25 मई को हुए चुनाव के दौरान भ्रष्ट आचरण किया है।

- आप नेता ने भाजपा सांसद के निर्वाचन को कथित भ्रष्ट आचरण बताया

भीषण गर्मी से बीएसएफ के एक अधिकारी और जवान की मौत

अहमदाबाद। गुजरात में भारत-पाकिस्तान अंतर्राष्ट्रीय सीमा पर गश्त के दौरान हरामी नाला क्षेत्र में अत्यधिक गर्मी से बीएसएफ के एक अधिकारी और एक जवान की मौत हो गई। बीएसएफ ने शनिवार को यह जानकारी दी।

यह घटना शुक्रवार को हुई और सहायक कमांडेंट विश्व देव और हेड कांस्टेबल दयालराम को तापघात हो गया था। विश्व देव बीएसएफ की 59वीं बटालियन से थे। दोनों को भुज के स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, लेकिन उनकी जान नहीं बचाई जा सकी। इस साल मई में जैसलमेर (राजस्थान) में बीएसएफ के एक जवान की भीषण गर्मी से जान चली गई थी। बीएसएफ के गांधीनगर स्थित गुजरात फ्रंटियर के प्रवक्ता ने कहा कि दोनों कर्मी बल के अन्य सदस्यों के साथ हरामी नाला के उत्तर में अंतर्राष्ट्रीय सीमाओं पर सुदूर और दुर्गम इलाके में लंबी दूरी की गश्त पर थे। यह लोग भीषण गर्मी का सामना कर रहे थे। उन्हें चिकित्सा केन्द्र ले जाया गया लेकिन उन्होंने दम तोड़ दिया।

हरियाणा में आप ने की केजरीवाल की पांच गारंटी की घोषणा

चंडीगढ़, एजेंसी

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता ने शनिवार को चुनावी राज्य हरियाणा के लिए केजरीवाल की पांच गारंटी की घोषणा की। इसके तहत मुफ्त बिजली, मुफ्त चिकित्सा, मुफ्त शिक्षा, राज्य की हर महिला को 1,000 रुपये प्रति माह देना और युवाओं के लिए रोजगार है। इस साल के अंत में हरियाणा विधानसभा का चुनाव होना है।

पंचकूला में केजरीवाल की पांच गारंटी की घोषणा के दौरान सुनीता के अलावा, पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान और आप नेता संजय सिंह और संदीप पाठक मौजूद थे। दिल्ली के मुख्यमंत्री और आप के संयोजक केजरीवाल आबकारी नीति से जुड़े मामले में न्यायिक हिरासत में हैं। आप ने घरेलू इस्तेमाल के लिए मुफ्त बिजली, मोहल्ला क्लीनिक खोलने और मुफ्त चिकित्सा, शिक्षा तथा हर महिला को 1,000 रुपये प्रति माह देने समेत युवाओं के लिए रोजगार का वादा किया है।

- इसमें मुफ्त बिजली, चिकित्सा शिक्षा, हर महिला को 1,000 रुपये प्रतिमाह और रोजगार

सुरक्षा स्थिति की समीक्षा के लिए जम्मू पहुंचे सेना प्रमुख

जम्मू। जम्मू क्षेत्र के शांतिपूर्ण हिस्सों में आतंकवादी गतिविधियां बढ़ने के बीच सेना प्रमुख जनरल उपेन्द्र द्विवेदी शनिवार को जम्मू-कश्मीर में सुरक्षा स्थिति की समीक्षा के लिए यहां पहुंचे। तीस जून को भारतीय सेना के 30वें प्रमुख के रूप में कार्यभार संभालने के बाद तीन सप्ताह से भी कम समय में सेना प्रमुख का जम्मू का यह दूसरा दौरा है।

8 और 15 जुलाई को कठुआ के माचेडी और डोडा के देसा वन क्षेत्रों में हुए दो अलग-अलग आतंकवादी हमलों में एक कैप्टन समेत नौ सैन्यकर्मी शहीद हो गए थे। अधिकारियों ने बताया कि सेना प्रमुख यहां पुलिस मुख्यालय में एक उच्च स्तरीय सुरक्षा समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करेंगे जिसमें पुलिस, सेना, अर्धसैन्य और खुफिया विभाग के शीर्ष अधिकारी शामिल होंगे।

अंग्रेजों ने परंपराओं और पूर्वजों में आस्था को कम करने की कोशिश की : भागवत

पुणे, एजेंसी

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) प्रमुख मोहन भागवत ने शनिवार को दावा किया कि 1857 के बाद अंग्रेजों ने देशवासियों की अपनी परंपराओं और पूर्वजों में आस्था कम करने का व्यवस्थित तरीके से प्रयास किया। भागवत ने कहा कि अंधविश्वास तो होता है लेकिन आस्था कभी अंधी नहीं होती।

उन्होंने कहा कि कुछ प्रथाएं और रीति-रिवाज, जिनका पालन किया जा रहा है, वे आस्था हैं। कुछ प्रथाएं एवं रिवाज गलत हो सकते हैं और उन्हें बदलने की जरूरत होती है। अंग्रेजों ने 1857 के बाद हमारे मन से आस्था को खत्म करने के लिए व्यवस्थित प्रयास किए। उन्होंने हमारी अपनी परंपराओं और पूर्वजों में जो आस्था थी, उसे खत्म कर दिया। भागवत ने जीबी देगलुरकर की पुस्तक के विमोचन पर कहा कि भारत में जो मूर्ति पूजा होती है, वह आकार से परे जाकर निराकार से जुड़ती है। इसीलिए मूर्तियों के रूप में एक आकार बनाया जाता है। भारत में मूर्तियों के चेहरों पर भावनाएं होती हैं, जो कहीं और देखने को नहीं मिलतीं हैं।



- आरएसएस प्रमुख बोले- कुछ प्रथाएं एवं रिवाज गलत हो सकते हैं और उन्हें बदलने की जरूरत

रसायन उद्योग की चुनौतियों के समाधान को हस्तक्षेप जरूरी : नड्डा

नई दिल्ली। केंद्रीय रसायन एवं उर्वरक मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने शनिवार को कहा कि सरकार रसायन एवं पेट्रोरसायन उद्योग की चुनौतियों का समाधान करने के लिए हस्तक्षेप करेगी। इस क्षेत्र की वृद्धि के लिए नीतियों एवं कार्यक्रमों के जरिए जरूरी उपाए किए जाएंगे।

नड्डा ने कहा कि प्रधानमंत्री की इच्छा है कि हमें 5,000 अरब डॉलर की अर्थव्यवस्था बनना है। यदि हमें इसको हासिल करना है तो हमें अपने कार्यक्रमों या नीतियों को उसी के अनुसार बनाना होगा।

रीट-2021 प्रश्न पत्र लीक में तीसरा आरोपी गिरफ्तार

नई दिल्ली। ईडी ने शनिवार को कहा कि उसने 2021 में राजस्थान शिक्षक योग्यता परीक्षा (रीट) का प्रश्न पत्र में कथित तौर पर लीक होने से संबंधित धनशोधन मामले की जांच के सिलसिले में एक और व्यक्ति को गिरफ्तार किया है।

एजेंसी ने बताया कि राजू राम इराम को शुक्रवार को हिरासत में लिया गया था। जयपुर में धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत दर्ज मामलों की सुनवाई करने वाली विशेष अदालत ने उसे तीन दिन के लिए ईडी की हिरासत में भेज दिया। ईडी ने इससे पहले सहायक प्रोफेसर प्रदीप पाराशर और उनके सहायक रामकृपाल मीणा को गिरफ्तार किया था। इराम ने एक आरोपी से रीट-2021 का लीक हुआ प्रश्नपत्र प्राप्त कर परीक्षार्थियों को बांटने के लिए साथियों को दे दिया था। आरोपी ने सहयोगियों की मदद लेकर जोधपुर में बड़ी राशि के बदले पेपर पढ़ाने की व्यवस्था की।

जातीय जनगणना का समर्थन करता हूं : चिराग पासवान

नई दिल्ली, एजेंसी

केंद्रीय मंत्री और लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के प्रमुख चिराग पासवान ने राष्ट्रव्यापी जातीय जनगणना का समर्थन किया, लेकिन साथ ही यह भी कहा कि अगर इसके आंकड़े सार्वजनिक किए गए तो समाज में विभाजन पैदा होगा।

उन्होंने कहा कि एक साथ चुनाव कराने और समान नागरिक संहिता (यूसीसी) के बारे में सत्तारूढ़ राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) में अभी तक कोई चर्चा नहीं हुई है। एक साथ चुनाव कराने और यूसीसी लागू करने के मुद्दे भाजपा के घोषणा पत्र में शामिल हैं। उन्होंने कहा कि जब तक उनके सामने कोई मसौदा नहीं रखा जाता तब तक वह कोई रुख अख्तियार नहीं कर सकते। उनकी पार्टी एक साथ चुनाव कराने का पुरजोर समर्थन करती है। पासवान ने कहा कि हमारे पास अभी मसौदा नहीं है। जब तक हम इस पर विचार नहीं कर लेते तब तक कुछ कहना ठीक नहीं है।

- बोले- आंकड़े सार्वजनिक करने से समाज में विभाजन पैदा होगा

कारोबार/कृषि

एक नजर

सरसों के सस्ते आयातित तेल से दाम में गिरावट अन्य तेल पर असर नहीं

नई दिल्ली। सरसों के सस्ते आयातित तेल के कारण शनिवार को इसके दाम में गिरावट आई। हालांकि अन्य तेल तिलहन के भाव में कोई अंतर नहीं आया। सभी खाद्य तेल लागत से तीन से चार प्रतिशत कम पर बिक रहे हैं। तेल सस्ता होगा तो पशु आहार महंगा होगा, जिससे महंगाई बढ़ेगी। सस्ता आयातित तेल सरकार की मंशा के विपरीत महंगाई को बढ़ा रहा है। आयातित तेल के कारण दूध, अंडा और चिकन के दाम बढ़े हैं। सस्ता आयातित तेल खुदरा बाजार में 100-102 रुपये प्रति लीटर की बजाय 140-145 रुपये प्रति लीटर की दर पर बेचा जा रहा है।

मुरादाबाद मंडी

दालों का भाव :दाल चना : 75 से 78 रुपये मसूर : 60 से 68 रुपये मलका : 62 से 68 रुपये अरहर : 140 से 150 रुपये उड़द : 100 से 110 रुपये धोआ उड़द : 110 से 130 रुपये मूंग धोआ : 104 - 106 रुपये मूंग छिलका : 95 से105 रुपये मूंग साबुत : 90से105 रुपये चना देसी : 60से 70 रुपये चना कावली : 90 से 130 रुपये राजमा लाल : 130 से140 रुपये राजमा चित्ता : 125 से 130 रुपये लोबिया लाल : 90से 110 रुपये लोबिया सफेद : 80 से 100 रुपये।

मेंथा बाजार भाव

चन्दौसी : शिवालिक- 930 फ्लैग- 1070 बोल्ड- 1140 डीएमओ- 850
रामपुर : शिवालिक-955 फ्लैग-1075 डीएमओ-815 बोल्ड-1130

सर्राफा

मुरादाबाद

सोना 24 कैरेट	73,950
चांदी आभूषण	91,100

घर खरीदने वालों के लिए कर में छूट बिल्डरों को प्रोत्साहन की सिफारिश

रियल एस्टेट कंपनियों के संगठन क्रेडाई ने बजट होने से पहले सरकार से किया अनुरोध

नई दिल्ली, एजेंसी

रियल एस्टेट कंपनियों के संगठन क्रेडाई ने शनिवार को सरकार से आम बजट में घर खरीदने वालों को कर में छूट देने का अनुरोध किया। साथ ही निकाय ने बिल्डरों को प्रोत्साहन देने और रियल एस्टेट परियोजनाओं को शुरू करने की मंजूरी की प्रक्रिया को आसान बनाने का आग्रह किया।

क्रेडाई ने कहा कि उसने रियल एस्टेट क्षेत्र की वृद्धि के लिए सरकार को विभिन्न सिफारिशें दी हैं। ये किफायती आवास परियोजनाओं में निवेश करने वाले डेवलपर के लिए मंजूरी प्रक्रियाओं को आसान बनाने और सब्सिडी जैसे उपायों के महत्व पर जोर देती हैं। क्रेडाई अध्यक्ष बोमन ईरानी ने कहा कि जीडीपी, रोजगार सृजन और बुनियादी ढांचे के विकास में अपने महत्वपूर्ण योगदान के चलते भारतीय रियल एस्टेट क्षेत्र एक अनुकूल बजट की उम्मीद करता है। यह ऐसा बजट होना चाहिए जो दीर्घकालिक चुनौतियों का समाधान करे और टिकाऊ वृद्धि का आधार हो। हमने घर खरीदारों के लिए ब्याज छूट में वृद्धि, सीएलएसएस (क्रेडिट लिंक्ड सब्सिडी योजना) को फिर से शुरू करने और किफायती आवास को बढ़ावा देने के लिए आवश्यक कदम उठाने की बात कही है।

- परियोजनाओं को शुरू करने की प्रक्रिया को आसान बनाने का आग्रह

स्वास्थ्य क्षेत्र में बुनियादी ढांचे और नवाचार को बढ़ावा दे सरकार

नई दिल्ली। बजट से पहले स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र के विशेषज्ञों ने भारत में मजबूत स्वास्थ्य सेवा प्रणाली तैयार करने के लिए सरकारी खर्च में वृद्धि, बुनियादी ढांचे और नवाचार की जरूरत पर जोर दिया है। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य सेवा उद्योग को बजट से अधिक उम्मीद है। इसमें अच्छे इलाज, गुणवत्ता में वृद्धि और शोध तथा विकास पर जोर देना चाहिए। एसोसिएशन ऑफ हेल्थकेयर प्रोवाइडर्स - इंडिया (एएचपीआई) के महानिदेशक डॉ गिरधर ज्ञानी ने कहा, उभरते स्वास्थ्य खतरों से निपटने और सार्वभौमिक स्वास्थ्य कवरेज हासिल करने के लिए सरकारी खर्च में वृद्धि जरूरी है। सरकार को स्वच्छता, स्वच्छ पेयजल और पोषण पर ध्यान केंद्रित करते हुए स्वस्थ भारत के निर्माण के लिए एक व्यापक दृष्टिकोण को प्राथमिकता देनी चाहिए।

रसायन उद्योग की चुनौतियों के समाधान को हस्तक्षेप जरूरी : नड्डा

नई दिल्ली। केंद्रीय रसायन एवं उर्वरक मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने शनिवार को कहा कि सरकार रसायन एवं पेट्रोरसायन उद्योग की चुनौतियों का समाधान करने के लिए हस्तक्षेप करेगी। इस क्षेत्र की वृद्धि के लिए नीतियों एवं कार्यक्रमों के जरिए जरूरी उपाए किए जाएंगे।

नड्डा ने कहा कि प्रधानमंत्री की इच्छा है कि हमें 5,000 अरब डॉलर की अर्थव्यवस्था बनना है। यदि हमें इसको हासिल करना है तो हमें अपने कार्यक्रमों या नीतियों को उसी के अनुसार बनाना होगा। पेट्रो रसायन उद्योग को भी इसी के अनुरूप योजना बनानी होगी। मंत्री ने कहा कि उद्योग प्रतिनिधियों ने रसायन एवं पेट्रोरसायन उद्योग के समक्ष चुनौतियों के बारे में बात की है तथा उन मुद्दों के समाधान के लिए विभिन्न सुझाव भी दिए हैं।

ईपीएफओ ने अपर्याप्त आईटी बुनियादी ढांचे पर जताई चिंता

नई दिल्ली, एजेंसी

कर्मचारी भविष्य निधि अधिकारी संघ ने सेवानिवृत्ति निधि निकाय के सूचना प्रौद्योगिकी बुनियादी ढांचे में सुधार के लिए केंद्रीय श्रम मंत्री से हस्तक्षेप की मांग की है। मंत्री को लिखे पत्र में ईपीएफ अधिकारी संघ (ईपीएफओए) ने कहा कि वह ईपीएफ आईटी बुनियादी ढांचे- सॉफ्टवेयर, हार्डवेयर, आईटी जनशक्ति को उन्नत करने के लिए तत्काल हस्तक्षेप के लिए नियमित रूप से अनुरोध कर रहा है।

पुराने तंत्र से ईपीएफ के कर्मचारियों पर भारी दबाव पड़ रहा है और ईपीएफओ सेवाओं पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। संघ ने कहा कि स्थिति अब गंभीर हो गई है, क्योंकि अधिकारी और कार्यालय प्रतिदिन महत्वपूर्ण प्रणालीगत खामियों के बारे में बता रहे हैं। इसमें कहा गया कि ईपीएफओ का अपर्याप्त आईटी तंत्र और इससे सेवा संबंधी बाधाएं ईपीएफ सेवाओं पर प्रतिकूल प्रभाव डाल रही हैं। ईपीएफओ एप्लीकेशन सॉफ्टवेयर इसकी सेवा वितरण अवसंरचना के आधारभूत घटक के रूप में कार्य करता है।

- केंद्रीय श्रम मंत्री को पत्र लिखकर हस्तक्षेप करने की मांग की, पुराने तंत्र से कर्मचारियों पर पड़ रहा भारी दबाव

ईपीएफओ ने रिकॉर्ड 19.5 लाख सदस्य जोड़े

नई दिल्ली। सेवानिवृत्ति कोष का प्रबंधन करने वाले निकाय ईपीएफओ ने मई 2024 में शुद्ध रूप से रिकॉर्ड 19.50 लाख सदस्यों को जोड़ा। श्रम मंत्रालय ने शनिवार को यह जानकारी दी। मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि अप्रैल 2018 में जब पहली बार पेरोल आंकड़े जारी हुए तब से समीक्षाधीन महीने में सबसे अधिक सदस्य बढ़े।

बारिश से आपूर्ति प्रभावित, दिल्ली में टमाटर 100 रुपये प्रति किलो

नई दिल्ली, एजेंसी

देश के विभिन्न हिस्सों में बारिश से खाद्य पदार्थों की आपूर्ति प्रभावित होने से शनिवार को राष्ट्रीय राजधानी में टमाटर का भाव 100 रुपये प्रति किलोग्राम तक पहुंच गया। दिल्ली में मदर डेयरी के खुदरा बिक्री केंद्र सफल पर टमाटर 100 रुपये प्रति किलोग्राम के भाव पर उपलब्ध हैं। उपभोक्ता मामलों के विभाग के आंकड़ों के अनुसार शनिवार को दिल्ली में टमाटर की खुदरा कीमत 93 रुपये प्रति किलोग्राम थी।

सरकारी आंकड़ों के अनुसार 20 जुलाई को टमाटर का अखिल भारतीय औसत मूल्य 73.76 रुपये प्रति किलो था। वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि अत्यधिक बारिश से आपूर्ति में व्यवधान के चलते पिछले सप्ताह कीमतों में तेज वृद्धि हुई। दिल्ली और कुछ अन्य शहरों में टमाटर, आलू और प्याज की कीमतें बहुत ज्यादा हैं। पश्चिमी दिल्ली में मदर डेयरी स्टोर पर शनिवार को प्याज 46.90 रुपये प्रति किलो और आलू 41.90 रुपये प्रति किलो था। दिल्ली में प्याज 50 रुपये प्रति किलोग्राम और आलू 40 रुपये प्रति किलोग्राम की दर से मिल रहा है।

डाटा खपत में रिलायंस जियो बना दुनिया का नंबर 1 नेटवर्क

नई दिल्ली। चीनी कंपनियों को पीछे धकेल कर रिलायंस जियो दुनिया भर में डाटा खपत के मामले में नंबर वन कंपनी बन गई है। कंपनी के जून तिमाही के नतीजों में इस बात का खुलासा हुआ कि जियो नेटवर्क पर डाटा खपत तिमाही में 44 एक्साबाइट यानी 4400 करोड़ जीबी से आगे है। यह पिछले साल के मुकाबले करीब 33 फीसदी का उछाल है।

देश में पहली बार किसी टेलीकॉम नेटवर्क पर ग्राहक औसतन प्रतिदिन 1 जीबी से कुछ अधिक डाटा का इस्तेमाल कर रहे हैं। कंपनी की शनिवार को जारी तिमाही रिपोर्ट के अनुसार जियो 5जी नेटवर्क से जुड़े 13 करोड़ ग्राहक बड़ी तादाद में डाटा का उपयोग करते हैं। जियो के 49 करोड़ ग्राहक हैं, जिनमें से चार करोड़ ग्राहक पिछले एक साल में जियो नेटवर्क से जुड़े हैं। रिलायंस जियो इन्फोकॉम के अध्यक्ष आकाश एम अंबानी ने कहा कि गुणवत्तापूर्ण उच्च कवरेज़ वाला, किफायती इंटरनेट डिजिटल इंडिया की रीढ़ है।

- चीनी कंपनियों को पीछे धकेल कर जियो बढ़ा आगे

निर्यात को प्रतिस्पर्धी बनाने के लिए दरों में वृद्धि चाहता है चाय उद्योग

कोलकाता, एजेंसी

चाय उद्योग ने विदेशी बाजारों में निर्यात को अधिक प्रतिस्पर्धी बनाने के लिए आरओडीटीईपी योजना के तहत दरों में वृद्धि की मांग की है। अग्रणी उद्योग निकाय भारतीय चाय संघ (आईटीए) ने बजट पूर्व कहा कि थोक चाय के लिए वर्तमान आरओडीटीईपी दर 1.7 प्रतिशत (फ्री ऑन बोर्ड) है, जिसकी अधिकतम सीमा 6.70 रुपये प्रति किलोग्राम है।

एसोसिएशन ने सरकार से आग्रह किया कि अंतर्राष्ट्रीय बाजारों में प्रतिस्पर्धी बने रहने के लिए थोक में काली चाय के लिए निर्यात उत्पादों पर शुल्क और करों में छूट (आरओडीटीईपी) के तहत प्रोत्साहन आधारित दर को बढ़ाए। आरओडीटीईपी योजना सुनिश्चित करती है कि निर्यातकों को उन करों और शुल्कों पर रिफंड मिले जो पहले वसूल नहीं किए जा सकते थे।

एक अन्य उद्योग संगठन भारतीय चाय संघ (टीएआई) ने सरकार को बजट पूर्व सौंपे अपने प्रस्ताव में कहा कि चाय के लिए आरओडीटीईपी दर पूर्व की पांच प्रतिशत की एमईआईएस (वाणिज्य निर्यात प्रोत्साहन योजना) से अधिक होनी चाहिए, ताकि भारतीय चाय वैश्विक बाजार में अपनी प्रतिस्पर्धात्मकता बरकरार रख सके।

- आरओडीटीईपी योजना के तहत आईटीए ने की वृद्धि की मांग

पदक जीतने का सिलसिला जारी रखेंगे पहलवान : योगेश्वर

नई दिल्ली, एजेंसी

लंदन ओलंपिक के कांस्य पदक विजेता योगेश्वर दत्त को पूरा भरोसा है कि कुश्ती पेरिस ओलंपिक में भारत को एक बार फिर पदक दिलाएगी और अगर पहलवानों को पसंदीदा ड्रा मिला तो यह संख्या एक से अधिक हो सकती है। भारत का छह सदस्यीय कुश्ती दल पेरिस ओलंपिक में हिस्सा लेगा जहां उनकी स्पर्धा पांच अगस्त से शुरू होगी।

पुरुष वर्ग में केवल अमन सेहरावत (57 किग्रा) ही क्वालीफाई कर पाये, लेकिन महिलाओं ने छह में से पांच ओलंपिक भार वर्गों में क्वालीफाई करके दमदार प्रदर्शन किया। सूची में केवल 62 किग्रा में ही भारतीय महिला पहलवान नहीं है। भारत ने 2008 बीजिंग खेलों के बाद से कुश्ती में लगातार पदक जीते हैं जिसमें दिग्गज सुशील कुमार ने कांस्य पदक जीतकर शुरूआत की थी। अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) के एक कार्यक्रम के इतर योगेश्वर दत्त ने कहा, बहुत कुछ ड्रा पर निर्भर करेगा। अगर भारत को अनुकूल ड्रा मिलता है तो मुझे तीन पदक की उम्मीद है। पिछले लगातार चार ओलंपिक में हमें कुश्ती से पदक मिले हैं। इसलिए मैं उम्मीद करता हूं कि लगातार पांचवीं बार कुश्ती देश के लिए पदक लेकर आये। मैं सभी पहलवानों को शुभकामनाएं देता हूं। मुझे लगता है कि वे अच्छी तरह से तैयार हैं। हॉकी के बाद कुश्ती ने भारत को सबसे ज्यादा पदक दिलाए हैं। इसने सभी अन्य ओलंपिक खेलों की तुलना में सात पदक दिलाए हैं। इसमें कोई शक नहीं कि कुश्ती भारत के लिए नंबर एक व्यक्तिगत ओलंपिक खेल है।

पीसीबी का तीन खिलाड़ियों को एनओसी देने से इंकार

लाहौर। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने व्यस्त कार्यक्रम का हवाला देते हुए कनाडा में होने वाले ग्लोबल टी-20 टूर्नामेंट के लिए शाहीन शाह अफरीदी, बाबर आजम और मोहम्मद रिजवान को अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) देने से इनकार कर दिया है। पीसीबी ने कहा कि उसने तीनों खिलाड़ियों और चयन समिति से परामर्श करने के बाद एनओसी नहीं जारी करने का फैसला किया है। इससे पहले पिछले सप्ताह पीसीबी नेद हंड्रेड खेलने के लिए नसीम शाह के एनओसी देने से इंकार कर दिया था। पीसीबी ने कहा, यह याद रखना चाहिए कि अगस्त 2024 और मार्च 2025 के बीच पाकिस्तान क्रिकेट टीम को आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के नौ टेस्ट, आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी, 14 एकदिवसीय और नौ टी-20 खेलने हैं। तीनों क्रिकेटर तीनों प्रारूपों में खेलते हैं और पाकिस्तान को अगले आठ महीनों में उनकी सेवाओं की आवश्यकता होगी। पिछले वर्ष पीसीबी और खिलाड़ियों ने तीन साल के केंद्रीय अनुबंध पर हस्ताक्षर किए थे, जिसके तहत उन्हें प्रति वर्ष दो विदेशी फ्रेंचाइज प्रतियोगिताओं में भाग लेने की अनुमति है बशर्ते कि अंतर्राष्ट्रीय कार्यक्रम आपस में ना टकराए।

पिता की सलाह पर अपनाई कुश्ती : रीतिका

अपने कोच मनदीप के साथ रितिका हुड्डा। ● एजेंसी

नई दिल्ली, एजेंसी

- कुश्ती में पदक लाने की है उम्मीद, बचपन में हैंडबॉल खिलाड़ी रहीं हैं रीतिका हुड्डा

पिता की सलाह पर कुश्ती को अपनाने वाली रीतिका हुड्डा महिला हैवीवेट (76 किग्रा) भार वर्ग में भारत की पहली ओलंपिक क्वालीफायर बनने के बाद अगले सप्ताह से पेरिस में शुरू हो रहे खेलों में पदक का दबाव लिए बिना अपनी तैयारियों को पुख्ता कर रही है। किस्मत पर भरोसा करने वाली रीतिका उन चीजों (कड़ी मेहनत) को पूरे जी-जान से करना चाहती है जो उनके हाथ में है।

रोहतक की 22 साल की इस पहलवान के लिए कुश्ती पहली पसंद नहीं थी। रीतिका बचपन में हैंडबॉल खेलती थी और यहां तक कि जूनियर राष्ट्रीय स्तर पर वह राज्य टीम में जगह बनाने में सफल रही। उन्होंने राज्य टीम में जगह बनाने की खुशी को जब अपने परिवार के साथ साझा किया तो उनके पिता ने उनसे टीम खेल के बजाय व्यक्तिगत खेल चुनने का सुझाव दिया। इसके बाद रीतिका की कुश्ती की यात्रा की शुरुआत 2015 में हुई। उन्होंने साक्षात्कार में कहा, मेरे पिता मुझे छोटू राम अखाड़े में ले गए। मेरे कोच मनदीप ने मुझे एक खास आक्रमण करने के लिए कहा और वह मेरे प्रदर्शन से खुश थे, इसलिए उन्होंने मुझे इसमें ले लिया। मेरे लिए अब कुश्ती ही सब कुछ है। मैं कुश्ती के बारे में सोचती हूं, उसी के सपने देखती हूं।

रीतिका की मां नीलम ने बताया उनके पिता जगबीर चाहते थे कि उनकी बेटी व्यक्तिगत खेल चुने। नीलम ने कहा उसे राज्य हैंडबॉल टीम के गोलकीपर के रूप में राष्ट्रीय स्तर पर खेलने के लिए चुना था। उसने अपने चयन के बारे में बताया। उसके पिता ने पूछा कि क्या वह वास्तव में खेल को गंभीरता से लेना चाहती है और जब रीतिका ने हां में सिर हिलाया, तो उन्होंने कहा कि तुम्हें कोई व्यक्तिगत खेल खेलना चाहिए। नीलम ने कहा तब जगबीर ने रीतिका से उसका पसंदीदा खेल पूछा और उसने जूडो और कबड्डी का जिक्र किया लेकिन उसके पिता ने उसे कुश्ती खेलने का सुझाव दिया और वह मान गई। रीतिका को 15 अगस्त 2015 को अखाड़े में नामांकित किया गया था। रीतिका ने कहा, मैं पूरी मेहनत कर रही हूं।

खेल डायरी

एसओ भारत ने गोथिया कप फुटबॉल टूर्नामेंट जीता

नई दिल्ली। विशेष ओलंपिक भारत (एसओ भारत) फुटबॉल टीम शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वीडन के गोटेनबर्ग में गोथिया कप चैंपियन बनी। यह प्रतियोगिता 14 से 18 जुलाई तक आयोजित की गई थी। टूर्नामेंट में पदार्पण करने वाली भारतीय टीम ने ग्रुप में अजेय रहते हुए ट्रॉफी अपने नाम की। बौद्धिक रूप से कम विकसित खिलाड़ियों की एसओ भारत ने एसओ फिनलैंड के खिलाफ अपना पहला ग्रुप मैच 3-0 से जीता और इसके बाद एसओ जर्मनी पर 6-0 की बड़ी जीत दर्ज की। भारतीय टीम ने हांगकांग को 6-0 से हराया और फिर एसओ डेनमार्क के खिलाफ 3-1 से जीत दर्ज कर फाइनल में जगह बनाई। रोमांचक फाइनल में एसओ भारत ने एसओ डेनमार्क को 4-3 से मात दी। केरल के रहने वाले मुहम्मद शहीर ने टूर्नामेंट में सात गोल किये जो किसी भी भारतीय खिलाड़ी द्वारा बनाए गए सबसे ज्यादा गोल हैं।

भारतीय फुटबॉल टीम के मुख्य कोच बने मनोलो

नई दिल्ली। इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) टीम एफसी गोवा के वर्तमान प्रभारी स्पेन के मनोलो मार्केज को शनिवार को भारतीय पुरुष फुटबॉल टीम का मुख्य कोच नियुक्त किया गया। वह बर्खास्त इगोर स्टिमक की जगह लेंगे। अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) की कार्यकारी समिति की शनिवार को यहां हुई बैठक में 55 साल के मार्केज को शीर्ष पद के लिए नियुक्त किया। मार्केज वर्तमान में आईएसएस मुंबई के खिलाड़ियों ने राज्य रैंकिंग टेबल टेनिस में जीते 17 पदक टीम एफसी गोवा के मुख्य कोच हैं। एआईएफएफ ने कहा समिति ने दिन के पहले फैसले में सीनियर पुरुष राष्ट्रीय टीम के लिए नए मुख्य कोच की नियुक्ति पर विचार-विमर्श किया और तत्काल प्रभाव से इस पद के लिए मनोलो मार्केज का चयन किया। भारतीय टीम के 2026 फीफा विश्व कप क्वालीफायर के तीसरे दौर में जगह बनाने में असफल रहने के बाद स्टिमक को 17 जून को मुख्य कोच के पद से बर्खास्त कर दिया गया था।

मुंबई के खिलाड़ियों ने टेबल टेनिस में जीते 17 पदक

मुंबई। उपनगरीय टेबल टेनिस संघ (टीएसटीटीए) के मुंबई के खिलाड़ियों ने यहां महाराष्ट्र राज्य रैंकिंग टूर्नामेंट के शुरूआती चरण में सात स्वर्ण सहित 17 पदक अपनी झोली में डाले। चिन्मय सोमेया और रीथ रिष्या ने क्रमश: पुरुष और महिला एकल खिताब जीता जबकि शारवेया सामंत और आन्या चांदे ने लड़कों और लड़कियों के अंडर-19 एकल खिताब प्राप्त किए। अंडर-17 लड़कों के एकल वर्ग का खिताब ध्रुव शाह ने जीता। संघ के चार खिलाड़ियों ने महिलाओं के ड्रा में पदक जीते जिसमें रिष्या ने फाइनल में मधुरिका पाटकर को मात दी। सम्पदा भिवांडकर और मनुश्री पाटिल को सेमीफाइनल में हारकर कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा। अंडर-19 बालिका फाइनल में आन्या चांदे ने साथी वैष्णवी जायसवाल को हराकर स्वर्ण पदक जीता।

सुरक्षा हालात पर नजर रखे हुए है आईसीसी

नई दिल्ली। अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद ने कहा है कि वह बांग्लादेश में सुरक्षा हालात पर नजर रखे हुए हैं जहां अक्टूबर में महिला टी-20 विश्व कप होना है। बांग्लादेश पुलिस ने सरकारी नौकरियों में कोटा व्यवस्था में सुधार की मांग को लेकर छात्रों के प्रदर्शन के बाद हिंसा की घटनाओं को लेकर ढाका में कर्फ्यू लगा दिया है और सैन्यबल ने भी गश्त की है। आईसीसी बोर्ड के एक सदस्य ने बताया हम दुनिया भर में स्वतंत्री सुरक्षा समीक्षा करते हैं। बांग्लादेश में भी हालात पर नजर रखे हुए हैं। महिला टी-20 विश्व कप में ऑस्ट्रेलिया सबसे सफल टीम है जिसने छह बार खिताब जीता है। इंग्लैंड और वेस्टइंडीज ने एक एक बार खिताब अपने नाम किया है।

बेटी की कमी खलेगी, पर पदक ज्यादा जरूरी : दीपिका

भारतीय तीरंदाज 19 माह की बेटी को घर छोड़कर देश का मान बढ़ाने को पहुंची पेरिस, बोलीं- मानसिक दबाव तो है

ओलंपिक 5 दिन शेष

पेरिस (फ्रांस), एजेंसी

अगले सप्ताह शुरू हो रहे ओलंपिक में चुनौती पेश करने को तैयार दीपिका कुमारी को अपनी 19 महीने की बेटी की कमी यहां खल रही है लेकिन इस भारतीय तीरंदाज के लिए दुनिया के सबसे प्रतिष्ठित खेल आयोजन में पदक के सपने को पूरा करने के सामने यह बहुत छोटा सा त्याग है। दीपिका चौथी बार ओलंपिक खेलों में हिस्सा ले रही है लेकिन उन्हें अब भी इन खेलों में अपने पहले पदक का इंतजार है। दीपिका को बेटी से दूर रहने की निराशा है लेकिन ओलंपिक पदक के सामने उन्हें इससे कोई शिकायत नहीं है।

दीपिका ने साक्षात्कार में कहा अपनी बेटी से दूर होने के दर्द को बयां करना मुश्किल है लेकिन यह उस चीज को हासिल करने के बारे में भी है जिसके लिए हम इतने वर्षों से लगातार मेहनत कर रहे हैं। दीपिका ओलंपिक की तैयारियों के लिए लगभग दो महीने तक बेटी से दूर रही। पेरिस के लिए उड़ान भरने से पहले पुणे के सेना खेल संस्थान में वह कुछ समय के लिए अपने पति तीरंदाज अतनु दास और अपनी बेटी के साथ रही। मुझे उसकी काफी कमी खलती है, लेकिन इसमें कुछ नहीं कर सकते है। दीपिका ने हालांकि हिम्मत नहीं हारी और कड़ी मेहनत के साथ पिछले साल गोवा में हुए राष्ट्रीय खेलों में दो स्वर्ण और एक रजत पदक जीतकर वापसी की। उन्होंने इसके बाद कोरिया के दिग्गज कोच किम ह्युंग-टाक की देखरेख में अभ्यास करने का फैसला किया। तोक्यो ओलंपिक में क्वार्टर फाइनल तक का सफर तय करने वाली दीपिका ने पेरिस में कई यादगार परिणाम हासिल किए है।

पेरिस ओलंपिक 2024 में होने वाली स्पर्धाओं का कार्यक्रम

- **25 जुलाई :** महिला तीरंदाजी- अपराह्न एक बजे से, पुरुष वर्ग में शाम 4.45 बजे।
- **26 जुलाई :** उद्घाटन समारोह रात 11 बजे से।
- **27 जुलाई :** नौकायन (पुरुष एकल), निशानेबाजी (एयर राइफल)- अपराह्न 12.30 बजे से, बैडमिंटन (एकल महिला)- अपराह्न 12.50 बजे से, टेनिस (पुरुष) टेबल टेनिस, मुक्केबाजी, पुरुष हॉकी- भारत और न्यूजीलैंड के बीच मैच।
- **28 जुलाई :** बैडमिंटन (महिला)- अपराह्न 12 बजे से, निशानेबाजी (एयर पिस्टल)- दोपहर 12.45 बजे में, तीरंदाजी (महिला)- दोपहर एक बजे से, नौकायन (पुरुष एकल), टेबल टेनिस, मुक्केबाजी (50 किग्रा)- दोपहर 3.50 से, टेनिस।
- **29 जुलाई :** निशानेबाजी (एयर राइफल)- दोपहर 12.30 से, 10 मीटर एयर राइफल मिश्रित टीम क्वालिफिकेशन अपराह्न 12.45 बजे, 10 मीटर एयर राइफल महिला फाइनल (अपराह्न एक बजे), 10 मीटर एयर राइफल पुरुष फाइनल (अपराह्न 3.30 बजे) तीरंदाजी (पुरुष) - दोपहर एक बजे से बैडमिंटन, हॉकी(भारत अर्जेंटीना)- शाम 4.15 से, नौकायन (पुरुष एकल सेमीफाइनल), टेबल टेनिस राउंड 64 टेनिस, तैराकी।
- **30 जुलाई :** बैडमिंटन- अपराह्न 12 से, निशानेबाजी (ट्रैप)- अपराह्न एक बजे से, टेबल टेनिस, नौकायन, मुक्केबाजी (75 किग्रा)- अपराह्न तीन बजे से, घुड़सवारी, टेनिस, तीरंदाजी व्यक्तिगत, हॉकी (भारत आयरलैंड)- शाम 4.45 से।
- **31 जुलाई :** बैडमिंटन- अपराह्न 12 से, निशानेबाजी (ट्रैप फाइनल)- अपराह्न 12.30 बजे से, नौकायन, घुड़सवारी टेबल टेनिस- राउंड 16, मुक्केबाजी (75 किग्रा)- दोपहर 3 बजे से, तीरंदाजी राउंड 32- दोपहर 3.30 बजे से, टेनिस सेमीफाइनल- दोपहर 3.30 बजे से।
- **1 अगस्त :** 20 किमी रेस बॉक, बैडमिंटन अंतिम- 8 अपराह्न 12 बजे से, गोल्फ, तीरंदाजी, निशानेबाजी (50 मी राइफल)- दोपहर एक बजे से, हॉकी (भारत बेल्जियम)- दोपहर 1.30 बजे से, मुक्केबाज, टेबल टेनिस, टेनिस।
- **2 अगस्त :** बैडमिंटन- अपराह्न 12 बजे से, गोल्फ, नौकायन, निशानेबाजी (50 मी राइफाल)- दोपहर एक बजे से तीरंदाजी (मिश्रित)- दोपहर एक बजे से ,जुडो, टेबल टेनिस ,टेनिस, नौकायन, हॉकी (भारत ऑस्ट्रेलिया)- शाम 6,45 से, 5000 मीटर (महिला) गोला फेंक।
- **3 अगस्त :** बैडमिंटन (युगल)- अपराह्न 12 से, गोल्फ, नौकायन, निशानेबाजी, तीरंदाजी (महिला)- अपराह्न एक बजे से, नौकायन, टेबल टेनिस, मुक्केबाजी।
- **4 अगस्त :** बैडमिंटन (अंतिम-4)- अपराह्न 12 बजे से, गोल्फ, निशानेबाजी (स्कीट)- दोपहर 12.30 बजे से तीरंदाजी, घुड़सवारी, हॉकी क्वार्टर फाइनल- अपराह्न 1.30 बजे से, 3000 मीटर स्टीपलवेज (महिला),लंबी कूद- अपराह्न 2.30 बजे से, मुक्केबाजी (अंतिम-8)- दोपहर 2.30 बजे से, नौकायन।
- **5 अगस्त :** निशानेबाजी (25 मी पिस्टल)- अपराह्न एक बजे से बैडमिंटन- दोपहर 1.15 से, टेबल टेनिस, नौकायन 400 मीटर (महिला), कुश्ती (68 किग्रा)- शाम 6.30 बजे से, 3000 मीटर स्टीपल चेज (पुरुष)- रात 10.35 बजे से 5000 मीटर महिलाएं।
- **6 अगस्त :** भाला फेंक रैंकिंग (पुरुष)- दोपहर 1.50 बजे से, कुश्ती (50 किग्रा)- दोपहर 2.30 बजे से, 400 मीटर नौकायन, टेबल टेनिस, हॉकी (सेमीफाइनल)- शाम 5.30 बजे से, लंबी कूद- रात 11.50 बजे से, मुक्केबाजी।
- **7 अगस्त :** पैदल चाल मिश्रित रिले- सुबह 11 बजे से, नौकायन, गोल्फ- सुबह 12.30 बजे से, टेबल टेनिस, ऊंची कूद (पुरुष)100 मीटर हर्डल्स- दोपहर 1.45 बजे से, भाला फेंक रैंकिंग (महिला), कुश्ती (महिला)- दोपहर 2.30 बजे से ट्रिपल जंप (पुरुष), भारोत्तोलन (महिला)- रात 11 बजे से, 400 मीटर (महिला), 3000 मीटर स्टीपलचेज फाइनल (पुरुष)- देर रात 1.10 बजे से।
- **8 अगस्त :** गोला फेंक महिला, टेबल टेनिस- दोपहर 1.30 बजे से, 100 मीटर हर्डल्स- दोपहर 2.05 बजे से, कुश्ती (53 किग्रा)- सुबह 2.30 बजे से हॉकी (गोल्ड मेडल)- शाम 5.30 बजे से, भाला फेंक फाइनल (पुरुष)- रात 11.55 बजे से, मुक्केबाजी।
- **9 अगस्त :** गोल्फ, टेबल टेनिस, 4गुणा400 रिले (महिला)- अपराह्न 2.10 बजे से, 4गुणा400 रिले (पुरुष)- अपराह्न 2.35 बजे से, कुश्ती (57 किग्रा)- अपराह्न 2.30 बजे से, 100 मीटर हर्डल्स- अपराह्न 3.35 बजे से, गोला फेंक (फाइनल), 400 मीटर रेस (महिला), ट्रिपल जंप फाइनल (पुरुष), मुक्केबाजी (50 किग्रा)- देर रात एक बजे से।
- **10 अगस्त :** गोल्फ, टेबल टेनिस (कांस्य पदक), गोल्फ फाइनल- अपराह्न 12.30 से, कुश्ती (76 किग्रा)- अपराह्न तीन बजे से, ऊंची (पुरुष)- रात 10.40 बजे में, भाला फेंक (महिला), 100 मीटर हर्डल्स- रात 11.15 बजे से, 4 गुणा 400 रिले (पुरुष-महिला) का फाइनल- रात 12.40 बजे से, मुक्केबाजी (57 किग्रा) देर रात एक बजे से।
- **11 अगस्त :** कुश्ती (76 किग्रा)- दोपहर 2.30 बजे से शुरू होगा।

एक्रीडिटेशन नहीं मिलने पर भारत के तीरंदाजी कोच नाराज

पेरिस, एजेसी

पेरिस खेलों के लिए एक्रीडिटेशन नहीं मिलने से नाराज भारत के कोरियाई तीरंदाजी कोच बाएक वूंग की ने शनिवार को कहा कि 30 अगस्त को उनका अनुबंध खत्म हो जाएगा जिसके बाद वह इस पद पर जारी नहीं रहेंगे। साथ ही उन्होंने भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) के खराब प्रशासन की आलोचना की।

मार्सिले में भारतीय टीम की तैयारी की देखरेख के बाद फ्रांस की राजधानी पहुंचे वूंग की ने कहा कि उन्हें महत्वपूर्ण समय पर ओलंपिक कोचिंग की भूमिका से हटा दिया और अब वह वापसी की टिकट बुक किए जाने के बाद भारत लौटेंगे। 61 वर्षीय कोच ने कहा, मैं एक कोरियाई कोच हूं और मैंने पेरिस ओलंपिक के लिए भारतीय तीरंदाजों की तैयारी के लिए अनुबंध किया था, लेकिन ऐसे महत्वपूर्ण समय पर मुझे ओलंपिक कोचिंग की भूमिका से हटा दिया गया और मेरे उड़ान कार्यक्रम ने मुझे घर लौटने की जानकारी दी। वह पेरिस के एक होटल में ठहरे हुए हैं और ओलंपिक के लिए अपने 'एक्रीडिटेशन' (मान्यता कार्ड) का इंतजार कर रहे हैं। मेरा अनुबंध 30 अगस्त तक है और मैंने ओलंपिक के लिए ही इस करार पर हस्ताक्षर किये थे। वूंग की ने स्पष्ट करते हुए कहा कि वह अपने अनुबंध को आगे नहीं बढ़ाएंगे।

तीरंदाजी और नौकायन टीम पेरिस खेल गांव पहुंची

पेरिस। पेरिस ओलंपिक के लिए भारत के दल प्रमुख गगन नारंग ने शनिवार को सूचित किया कि तीरंदाजी और नौकायन दल खेल गांव पहुंच गई हैं और खिलाड़ी खेलों के इस महासमर में अपना अभियान शुरू करने के लिए उत्सुक हैं। तीरंदाजी और नौकायन दल ने पेरिस खेल गांव में प्रवेश किया और अपनी अंतिम तैयारियों में जुटी भारतीय पुरुष हॉकी टीम नीदरलैंड से आज खेल गांव पहुंचेगी। लंदन ओलंपिक 2012 के कांस्य पदक विजेता निशानेबाज नारंग ने कहा मैंने भारतीय दल के लिए खेल गांव के अंदर इंतजामों का जायजा लिया। तीरंदाजी और नौकायन वहां पहुंचने वाली पहली भारतीय टीम थीं। खिलाड़ी धीरे-धीरे खेल गांव में सहज हो रहे हैं। उन्होंने बताया कि भारतीय खिलाड़ी काफी रोमांचित हैं और उत्साह से भरे हैं। चार बार के ओलंपियन नारंग ने कहा काफी उत्साह का माहौल है और खिलाड़ी भी स्पर्धाओं के एरीना में कुछ गेम टाइम चाहते हैं।

थाईलैंड ने मलेशिया को 22 रन से हराया

महिला एशिया कप

दांबुला, एजेंसी

नन्नाफट कोंचारवेंकै (40), फननीता माया (29) की शानदार पारियों के बाद गेंदबाजों के बेहतरीन प्रदर्शन की बदौलत महिला एशिया कप टी-20 मुकाबले में शनिवार को थाईलैंड टीम ने मलेशिया को 22 रनों से हरा दिया है।

थाईलैंड की कप्तान थिपाचा पुट्ठावोंग ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी थाईलैंड की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने 22 के स्कोर पर अपने दो विकेट गवां दिये। नन्नाफत चाइहान (0), नत्ताया बूचाथम (18) रन बनाकर आउट हुई। थाईलैंड की महिला टीम ने नन्नाफट कोंचारवेंकै (40) और फननीता माया के (29) रनों की पारी की बदौलत निर्धारित 20 ओवरों में छह विकेट पर 133 रन बनाए। नन्नाफट कोंचारवेंकै ने 35 गेदों में छह चौके लगाते हुए 40 रन बनाए। सुवानान खिआओतो (13) और रोसेनान कानोह (13) रन बनाकर नाबाद रही। मलेशिया की ओर से इस्माइल ने चार ओवर में 16 रन देकर तीन विकेट लिए। सौबिका मनिवन्नन, आइस्या अलीसा और विनिफ्रेंड दुरइसिंगम ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। 134 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी मलेशिया की वान जूलिया और कप्तान विनिफ्रेंड दुरइसिंगम की सलामी जोड़ी ने शानदार शुरुआत करते हुए पहले विकेट लिये 68 रनों की साझेदारी की। पहले विकेट के रूप में कप्तान दुरइसिंगम (22) रन बनाकर आउट हुई। कप्तान के आउट होने के बावजूद जूलिया ने एक छोर थामे रखा। उन्होंने 53 गेंदों में छह चौकों की मदद से 52 रन बनाए। इन दोनों बल्लेबाजों के अलावा कोई अन्य बल्लेबाज दहाई आंकड़े तक नहीं पहुंच सका। आखिरी आठ बल्लेबाजों ने मात्र 26 रन बनाये। तीन बल्लेबाज शून्य पर आउट हुई। मलेशिया की टीम निर्धारित 20 ओवर में आठ विकेट पर 111 रन ही बना सकी और 22 रन से मुकाबला हार गई। थाईलैंड की ओर से ओत्रिच्छा कांचोंफू को दो विकेट मिले। चैंडा सुठिरुअंग , नत्ताया बूचाथम, थीपचा पुत्थावॉंग और सुलीपर्न लाओमी ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

यूएई को हराकर सेमीफाइनल में जाना चाहेगी भारतीय टीम

दाम्बुला। आत्मविश्वास से ओतप्रोत भारतीय महिला क्रिकेट टीम रविवार को संयुक्त अरब अमीरात के खिलाफ जीत दर्ज करके महिला एशिया कप सेमीफाइनल में जगह पक्की करने उतरेगी। गत चैंपियन भारत ने शनिवार को चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान को सात विकेट से हराया। यूएई को हरमनप्रीत कौर की टीम को हराने के लिये चमत्कारिक प्रदर्शन करना होगा। भारत के फिलहाल दो अंक और प्लस 2.29 का नेट रनरेट है और अमीरात को हराने से उसके चार अंक हो जाएंगे। पाकिस्तान के खिलाफ दीप्ति शर्मा, रेणुका सिंह और पूजा वस्त्राकर ने अच्छी गेंदबाजी की । टीम प्रबंधन को बाएं हाथ की स्पिनर राधा यादव से भी अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद होगी जिन्होंने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ घरेलू श्रृंखला के जरिए वापसी की है। बांग्लादेश में भी हालात ऐसे ही होंगे लिहाजा हमें इस टूर्नामेंट से काफी मदद मिलेगी। दूसरे मैच में पाकिस्तान का सामना नेपाल से होगा। आज का मैच दोपहर दो बजे से शुरू होगा।

बॉलीवुड हलचल

फिल्म धुरंधर में नजर आएंगी यामी गौतम

मुंबई। बॉलीवुड अभिनेत्री यामी गौतम फिल्म धुरंधर में काम करती नजर आ सकती हैं। बॉलीवुड में चर्चा है कि उरी द सर्जिकल स्ट्राइक फेम निर्देशक आदित्य धर एक फिल्म बना रहे है, जिसका नाम धुरंधर है। बताया जा रहा है कि इस फिल्म के लिए आदित्य धर ने रणवीर सिंह, संजय दत्त, आर माधवन और अर्जुन रामपाल से बात की है। अब इस लिस्ट में आदित्य धर की पत्नी यामी गौतम का नाम भी जुड़ गया है। कहा जा रहा है कि इस फिल्म में यामी गौतम लीड रोल में नजर आने वाली हैं। कहा जा रहा है कि फिल्म धुरंधर में रणवीर सिंह, पाकिस्तान में तैनात एक खुफिया ऑफिसर के किरदार में नजर आने वाले हैं। यह फिल्म अभी प्री-प्रोडक्शन स्टेज में है। आदित्य धर फिल्म धुरंधर को जियो स्टूडियो के साथ मिलकर प्रोड्यूस कर रहे हैं। फिल्म धुरंधर अगले साल यानी 2025 के सेकंड हाफ में रिलीज हो सकती है।

ड्यून प्रोफेसी से तब्बू का फर्स्ट लुक रिलीज

मुंबई। बॉलीवुड अभिनेत्री तब्बू की आने वाली हॉलीवुड फिल्म ड्यून प्रोफेसी से उनका फर्स्ट लुक रिलीज हो गया है। लाइफ ऑफ पाई, ए सूटेबल ब्वॉय और द नेमसेक के बाद तब्बू इंटरनेशनल फिल्म ड्यून प्रोफेसी में नजर आने वाली हैं। वर्ष 2021 में ड्यून किताब पर आधारित ड्यून पार्ट 1 बनाई गई जो ब्लॉकबस्टर साबित हुई थी। इसी साल मार्च में ड्यून पार्ट 2 प्रदर्शित हुई, जो सुपरहिट हुई। अब ड्यून का प्रीक्वल आ रहा है। कुछ समय पहले ही ड्यून के प्रीक्वल ड्यून प्रोफेसी का एलान हुआ था। इस सीरीज में तब्बू की अहम भूमिका होगी। ड्यून प्रोफेसी का दूसरा टीजर रिलीज हो गया है, जिसमें तब्बू का पहला लुक दिखाई दिया है। वह इस सीरीज में सिस्टर फ्रांसेस्का के किरदार में नजर आएंगी। उनकी यह सीरीज इसी साल नवंबर में रिलीज होगी।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक राज सागर द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं एलआईजी 23, प्रथम तल, आशियाना फेस-1, कांठ रोड मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0591-3551286(कार्यालय), ईमेल-amritvichar.moradabad@gmail.com आर.एन.आई नं0-UPHIN/2020/79034 (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र मुरादाबाद होगा)।

एक नजर

यूक्रेन पर रूस के हमलों में कम से कम चार की मौत

कीव। यूक्रेन के उत्तर-पूर्वी खारकीव क्षेत्र में रूस द्वारा बुनियादी ढांचे पर किए गए मिसाइल हमलों में कम से कम दो लोगों की मौत हो गई और तीन अन्य घायल हो गए। गवर्नर ओलेह सिनीहुबोव ने शनिवार को यह जानकारी दी। इस बीच, यूक्रेनी अधिकारियों ने पुष्टि की है कि शुक्रवार को माइकोलाइव शहर पर रूसी हमले के बाद मरने वालों की संख्या बढ़कर चार हो गई। शहर के मेयर अलेक्सेंडर सिएनकेविच ने बताया कि मृतकों में एक बच्चा भी शामिल है।

जस्टिन ट्रूडो ने मंत्रिमंडल में बदलाव की घोषणा की

ओटावा। कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने कैबिनेट में बदलाव की घोषणा की है। प्रधानमंत्री कार्यालय से एक समाचार विज्ञप्ति के अनुसार, ट्रूडो ने स्टीवन मैकिनॉन को कनाडा के नए श्रम और वरिष्ठ मंत्री के रूप में नामित किया, जो निवर्तमान मंत्री सीमस ओ''रेगन द्वारा छोड़ी गई रिक्ति को भरेंगे। मैकिनॉन ने हाउस ऑफ कॉमन्स में सरकार के नेता के रूप में अपनी वर्तमान भूमिका से हटकर, शुक्रवार सुबह अपनी नई भूमिका की शपथ ली।

चीन में मूसलाधार बारिश पुल ढहने से 12 की मौत

बीजिंग। चीन के पश्चिमोत्तर प्रांत शांक्सी में मूसलाधार बारिश के कारण राजमार्ग पर बने पुल के ढहने से 12 लोगों की मौत हो गयी और 31 अन्य लापता हैं। प्रांतीय प्रचार विभाग के अधिकारियों के मुताबिक लगातार बारिश और बाढ़ के कारण शांग्लुओ शहर में झाशुई काउंटी स्थित पुल शुक्रवार रात करीब 20:40 बजे अचानक आंशिक रूप से ढह गया। पुल के नीचे कुल 17 कारें और आठ ट्रक जिनकियान नदी में गिर गये। उन्होंने बताया कि शनिवार दोपहर तक 12 लोगों के शव बरामद किये हैं जबकि एक व्यक्ति को बचा लिया गया था।

मलेशिया के सम्राट सुल्तान इब्राहिम की ताजपोशी की

कुआलालंपुर। मलेशिया के नये अरबपति सम्राट सुल्तान इब्राहिम इस्कंदर की शनिवार को परंपरा के अनुरूप तोपों की सलामी समेत पूरे धूमधाम के साथ ताजपोशी की गई। सुल्तान इब्राहिम (65) ने 31 जनवरी को शपथ ली थी। नेशनल पैलेस में आयोजित एक भव्य समारोह में 20 जुलाई को सुल्तान इब्राहिम इस्कंदर का औपचारिक रूप से मलेशिया के 17वें सम्राट के रूप में राज्याभिषेक किया गया।

हैती में नाव में आग लगने से 40 प्रवासियों की मौत

पनामा सिटी। उत्तरी हैती में एक नाव में आग लगने से कम से कम 40 प्रवासियों की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए। संयुक्त राष्ट्र के एक प्रवक्ता ने शुक्रवार को इंटरनेशनल ऑर्गनाइजेशन फॉर माइग्रेशन (आईओएम) के हवाले से यह जानकारी दी। संयुक्त राष्ट्र के महासचिव एंटोनियो गुटेरेस के उप प्रवक्ता फरहान हक ने दैनिक ब्रीफिंग में कहा, दो दिन पहले, हाईटियन नेशनल ऑफिस फॉर माइग्रेशन के अनुसार, 80 से अधिक लोगों को लेकर नाव लबादी से तुर्क और कैकोस द्वीप समूह के लिए 250 किलोमीटर की यात्रा के लिए रवाना हुई थी।

तीन विपक्षी दल ओली के खिलाफ देंगे मत

काठमांडू, एजेंसी

- ओली ने नेपाल के नए प्रधानमंत्री के रूप में ली है शपथ

प्रधानमंत्री के रूप में शपथ लेने वाले केपी शर्मा ओली के रविवार को संसद में विश्वास मत हासिल करने की परीक्षा में खरा उतरने से पहले ही तीन राजनीतिक दलों ने उनके खिलाफ मतदान करने की घोषणा की है जिनमें वह पार्टी भी शामिल है जिससे उन्होंने नाता तोड़ लिया है। ओली ने पुष्प कमल दहल प्रचंड के स्थान पर नये प्रधानमंत्री के रूप में शपथ ली है। प्रचंड पिछले हफ्ते प्रतिनिधि सभा में विश्वास मत हासिल करने में विफल रहे थे क्योंकि ओली की कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ नेपाल-यूनिफाइड मार्क्सवादी लेनिनवादी (सीपीएन-यूएमएल) ने समर्थन वापस लेकर नेपाली कांग्रेस (एनसी) और अन्य दलों से हाथ मिला लिया था। एनसी संसद में सबसे बड़ी पार्टी है।

सोमवार को चौथी बार हिमालयी राष्ट्र के प्रधानमंत्री के रूप में शपथ लेने वाले 72 वर्षीय वरिष्ठ वामपंथी नेता ओली रविवार को संसद में विश्वास मत हासिल करने का प्रयास करेंगे।

पीटीआई की मीडिया शाखा के चार सदस्य हिरासत में लिए

लाहौर। जेल में बंद पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी पर ताजा कार्रवाई करते हुए उनकी मीडिया टीम के चार वरिष्ठ सदस्यों को शनिवार को खुफिया एजेंसियों द्वारा कथित तौर पर हिरासत में ले लिया गया। खान की पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) पार्टी ने एक बयान में कहा, अंतर्राष्ट्रीय मीडिया समन्वयक अहमद जंजुआ और सोशल मीडिया टीम के तीन अन्य सदस्यों को आज सुबह अगवा कर लिया गया। पार्टी द्वारा जारी सीसीटीवी फुटेज में जंजुआ को इस्लामाबाद में सुबह करीब चार बजे सादे कपड़ों में लोगों द्वारा हिरासत में लेते देखा जा सकता है।

पाकिस्तान में हिंदू लड़की लापता, प्रदर्शन

कराची, एजेंसी

- सिंध प्रांत में सुक्कुर के पास संगरार में 19 अगस्त, 2021 को घर के पास से हो गई थी लापता
- सिंध के गृह मंत्री जिया लांग्रोव और पुलिस महानिरीक्षक जावेद ओधो माता-पिता से मिलने पहुंचे

पाकिस्तान के सिंध प्रांत में लापता हुई एक हिंदू लड़की के माता-पिता ने उसकी रहस्यमय गुमशुदगी के बाद उसे ढूंढ़ निकालने की मांग करते हुए यहां प्रदर्शन किया। सिंध प्रांत में सुक्कुर के पास संगरार में 19 अगस्त, 2021 को अपने घर के नजदीक मुहर्रम के जुलूस में शरबत बांटने के दौरान प्रिया कुमारी (तब सात साल की) रहस्यमय ढंग से लापता हो गई थी। बच्ची के लापता होने से दुखी उसके पिता राजकुमार पाल और मां वीना कुमारी ने शुक्रवार को यहां क्लिफ्टन क्षेत्र में प्रसिद्ध तीन तलवार स्थल पर विरोध प्रदर्शन किया।

राज ने कहा, उन्होंने (प्रशासन के लोगों ने) एक बार फिर हमें वादा किया है कि वे हमारी बेटी की तलाश कर रहे हैं और उसे शीघ्र बरामद कर लिया जाएगा। सिंध के गृह मंत्री जिया लांग्रोव और पुलिस महानिरीक्षक जावेद ओधो उनसे मिलने पहुंचे तथा उन्हें आश्वासन दिया कि एक पूर्ण संयुक्त जांच दल जांच कर रहा है। इसके बाद पाल और उनकी पत्नी ने अपना प्रदर्शन समाप्त कर दिया।

कराची में हिंदू लड़की की बरामदगी की मांग को लेकर प्रदर्शन करते लोग।

पाकिस्तान में मिला पोलियो का 9वां मामला

इस्लामाबाद। पाकिस्तान में शनिवार को इस साल पोलियो का नौवां मामला सामने आया, जिससे इस बीमारी को खत्म करने के प्रयासों को झटका लगा है। जियो न्यूज की एक खबर के अनुसार यह मामला बलूचिस्तान प्रांत के झोब जिले का है। खबर के अनुसार प्रांत के झोब इलाके के हसनजई का डेढ़ साल का बच्चा पोलियो की चपेट में आया है। राष्ट्रीय स्वास्थ्य सेवाओं पर प्रधानमंत्री के संयोजक डॉ. मलिक मुख्तार अहमद ने कहा कि इस साल देश में नौ बच्चे पोलियो से प्रभावित हुए हैं।

बांग्लादेश में कर्फ्यू लागू 100 से ज्यादा की मौत

मोबाइल, इंटरनेट और फोन लाइनें पूरी तरह से बंद

ढाका, एजेंसी

- व्यवस्था बहाल करने के लिए सड़कों पर सेना तैनात किए जाने की घोषणा की

बांग्लादेश में पढ़ रहे छात्रों ने अगरतला में अखुरा चेक पोस्ट पर प्रदर्शन किया।

बांग्लादेश में सरकारी नौकरियों में आरक्षण के खिलाफ विरोध प्रदर्शन के बीच राजधानी ढाका में कर्फ्यू लगा दिया गया है। बीबीसी की रिपोर्ट के मुताबिक देश के विभिन्न हिस्सों में पुलिस और प्रदर्शनकारियों के बीच ताजा झड़पों में कई लोग जान गंवा चुके हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि इस महीने की शुरुआत में विरोध प्रदर्शन शुरू होने के बाद से अब तक 100 से ज्यादा लोगों की मौत हो चुकी है।

स्थानीय मीडिया रिपोर्टों के अनुसार मोबाइल, इंटरनेट और फोन लाइनें बंद होने तथा पूरी तरह से संचार लॉकडाउन होने के कारण हताहतों की सटीक संख्या का पता लगाना मुश्किल है। प्रधानमंत्री कार्यालय ने कल नरसिंगडी जेल पर हमले के बाद कर्फ्यू लगाने का आदेश दिया। प्रधानमंत्री शेख हसीना के प्रेस सचिव नईमुल इस्लाम खान ने व्यवस्था बहाल करने के लिए सड़कों पर सेना तैनात किये जाने की घोषणा की है। उन्होंने अपने बयान में कहा कि सरकार ने कर्फ्यू लगाने और नागरिक अधिकारियों की सहायता के लिए सेना तैनात करने का फैसला किया है।

हिंसा प्रभावित बांग्लादेश से 778 भारतीय छात्र स्वदेश लौटे

नई दिल्ली। बांग्लादेश में सरकारी नौकरियों में आरक्षण के खिलाफ हिंसा भड़कने के बाद, कुल 778 भारतीय छात्र इस पड़ोसी देश से लगी विभिन्न भूमि पारगमन बिंदुओं के जरिये स्वदेश लौटे हैं। विदेश मंत्रालय ने शनिवार को कहा, अब तक 778 भारतीय छात्र विभिन्न भूमि पारगमन बिंदुओं के जरिए भारत लौटे हैं। इसके अलावा, लगभग 200 छात्र ढाका और चटगांव हवाई अड्डों के जरिए नियमित उड़ान सेवाओं के जरिए स्वदेश लौटे हैं। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने शुक्रवार को कहा कि बांग्लादेश में भारतीय नागरिकों की कुल संख्या लगभग 15,000 होने का अनुमान है।

कुछ देश आतंकवाद को शासकीय नीति के रूप में इस्तेमाल कर रहे

संयुक्त राष्ट्र। भारत ने पाकिस्तान पर परोक्ष रूप से निशाना साधते हुए कहा है कि कुछ देश आतंकवाद को शासकीय नीति के औजार के रूप में इस्तेमाल कर रहे हैं। भारत ने यह भी कहा कि आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में दोहरे मापदंडों से बचा जाना चाहिए। संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी मिशन में उप स्थायी प्रतिनिधि एवं प्रभारी राजदूत आर रवींद्र ने कहा, आप इस बात से सहमत होंगे कि जब हम अंतर्राष्ट्रीय शांति एवं सुरक्षा की बात करते हैं, तो आतंकवाद सबसे गंभीर खतरों में से एक है।

- भारत ने पाकिस्तान पर परोक्ष रूप से निशाना साधा

रवींद्र ने शुक्रवार को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में अंतर्राष्ट्रीय शांति और सुरक्षा बनाए रखने में संयुक्त राष्ट्र और क्षेत्रीय एवं उप-क्षेत्रीय संगठनों के बीच सहयोगः सामूहिक सुरक्षा संधि संगठन (सीएसटीओ), स्वतंत्र राष्ट्रों का राष्ट्रमंडल (सीआईएस), शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) विषय पर अपने विचार रखते हुए यह बात कही। उन्होंने पाकिस्तान का परोक्ष रूप से जिक्र करते हुए कहा कि कुछ देश आतंकवाद को शासकीय नीति के एक औजार के रूप में इस्तेमाल कर रहे हैं।

भूटान को आर्थिक मदद पर विचार करेगा भारत

थिंपू, एजेंसी

- विदेश सचिव विक्रम मिसरी की भूटानी नेताओं के साथ व्यापक वार्ता के बाद सहमति बनी

भारत ने अगले 18 महीने में आर्थिक प्रोत्साहन कार्यक्रम के तहत भूटान को 1,500 करोड़ रुपये प्रदान करने पर सकारात्मक रूप से विचार करने के लिए सहमति जताई है। शनिवार को विदेश सचिव विक्रम मिसरी की भूटान यात्रा के अंतिम दिन और भूटानी नेताओं के साथ व्यापक वार्ता के बाद यह सहमति बनी है।

पिछले सप्ताह कार्यभार संभालने के कुछ दिन बाद अपनी पहली विदेश यात्रा पर आए मिस्री ने भूटान के अपने समकक्ष ओम पेमा चोडेन के साथ भारत-भूटान विकास साझेदारी के विभिन्न क्षेत्रों में कार्यान्वयन के तौर-तरीकों और सहयोग की समीक्षा की। संयुक्त प्रेस विज्ञप्ति में सभी स्तरों पर विश्वास, सद्भावना और आपसी समझ, मैत्रीपूर्ण संबंध और लोगों के बीच घनिष्ठ सहयोग से युक्त अनुकरणीय साझेदारी पर प्रकाश डाला गया। विज्ञप्ति में कहा गया है, भूटान सरकार ने भारत सरकार को आर्थिक प्रोत्साहन कार्यक्रम (ईएसपी) के तहत प्रस्तावित गतिविधियों की जानकारी दी।

उत्तरी इराक में हवाई हमले में तीन आईएस आतंकवादी मारे गए

बगदाद। इराकी युद्धक विमानों ने उत्तरी इराक में हवाई हमला किया, जिसमें किरकुक और सलादीन प्रांतों के बीच एक पहाड़ी इलाके में इस्लामिक स्टेट (आईएस) के तीन आतंकवादी मारे गये। इराकी ज्वाइंट ऑपरेशंस कमांड से संबद्ध मीडिया आउटलेट सिक्योरिटी मीडिया सेल ने शुक्रवार को एक बयान में कहा कि खुफिया रिपोर्टों के आधार पर स्थानीय समय सुबह 5:00 बजे हवाई हमले में आतंकवादियों को निशाना बनाया गया। एसएमसी के एक बाद के बयान में कहा गया कि सुरक्षा बलों को बमबारी स्थल पर तीन आईएस आतंकवादियों के शव मिले।

अग्निकांडः कुवैत में चार भारतीयों की मौत

दुबई/कुवैत सिटी, एजेंसी

- फ्लैट में आग लगने से दंपती और दो बच्चे हुए हादसे का शिकार

कुवैत सिटी में एक दुखद घटना में एक भारतीय दंपती और उनके दो बच्चों की उनके फ्लैट में आग लगने से मौत हो गई। स्थानीय अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। यह हादसा शुक्रवार रात को हुआ। परिवार उसी दिन केरल से छुट्टी मनाकर लौटा था।

द अरब टाइम्स अखबार की खबर के अनुसार, मैथ्यूज मुलक्कल, उनकी पत्नी लिनी अब्राहम और उनके दो बच्चे, शुक्रवार रात को अब्बासिया इलाके में अपने दूसरे मंजिल के फ्लैट में एयर कंडीशनर में शॉर्ट सर्किट के कारण लगी आग के कारण दम घुटने से मारे गए, यह घटना रात आठ बजे की है। इसमें कहा गया है कि ये सभी लोग अलप्पुझा के नीरत्तुपुरम के रहने वाले थे। अखबार ने कहा, परिवार केरल में छुट्टियां मनाकर कुवैत लौटा था, शुक्रवार को स्थानीय समयानुसार शाम 4 बजे के आसपास पहुंचा। मैथ्यूज मुलक्कल रॉयटर्स में काम करते थे, जबकि उनकी पत्नी लिनी अल अहमदी गवर्नरेट के अदन अस्पताल में स्टाफ नर्स थीं। उनके बच्चे कुवैत के भवन्स स्कूल में पढ़ते थे।

हूती विद्रोहियों का सिंगापुर के ध्वज वाले जहाज पर हमला

सिंगापुर, एजेंसी

- अदन की खाड़ी से गुजरने के दौरान कंटेनर जहाज लोबिविया पर हमला, लगी आग

हूती विद्रोहियों द्वारा कथित रूप से किए गए हमले में सिंगापुर के ध्वज वाला एक जहाज क्षतिग्रस्त हो गया। सिंगापुर के समुद्री और बंदरगाह प्राधिकरण (एमपीए) ने शुक्रवार को एक बयान में यह जानकारी दी। एमपीए ने बताया कि उसे सूचना मिली कि अदन की खाड़ी से गुजरने के दौरान कंटेनर जहाज लोबिविया पर हमला हुआ जिससे इसमें आग लग गई। इसने कहा कि हालांकि चालक दल ने आग को बुझा दिया।

चैनल न्यूज एशिया ने अधिकारियों का हवाला देते हुए बताया कि चालक दल में सिंगापुर का कोई नागरिक शामिल नहीं था और जहाज पर सभी कर्मचारी सुरक्षित हैं। उन्होंने कहा कि हूती विद्रोहियों के हमले के बावजूद जहाज सोमालिया के बरबेरा बंदरगाह पहुंचने में सफल रहा जहाँ जरूरत पड़ने पर क्षति का आकलन और मरम्मत का काम किया जाएगा। एमपीए ने कहा कि वह किसी भी तरह की आवश्यक सहायता प्रदान करने के लिए पोत प्रबंधक के संपर्क में है। सिंगापुर की नौसेना ने भी अदन की खाड़ी में अपने सुरक्षा साझेदारों को सहायता प्रदान करने के लिए सतर्क कर दिया है।

हूती विद्रोहियों के सैन्य प्रवक्ता प्रवक्ता ने टेलीविजन पर कहा कि समूह ने लोबिविया पर बैलिस्टिक मिसाइल और ड्रोन से हमला किया। ब्रिटेन के समुद्री व्यापार परिचालन निकाय ने बताया कि जहाज पर यमन के बंदरगाह शहर अदन से लगभग 83 समुद्री मील दक्षिण-पूर्व में दो मिसाइलों से दो बार हमला किया गया।

नाइजीरिया ने मेटा पर 22 करोड़ डॉलर का जुर्माना लगाया

अबुजा। नाइजीरिया की सरकार ने मेटा पर 22 करोड़ अमेरिकी डॉलर का जुर्माना लगाने की शुक्रवार को घोषणा करते हुए कहा कि उसकी जांच में कंपनी को फेसबुक और व्हाट्सऐप से जुड़े देश के डेटा संरक्षण एवं उपभोक्ता अधिकार कानूनों का कई बार उल्लंघन करते पाया गया है। नाइजीरिया के संघीय प्रतिस्पर्धा और उपभोक्ता संरक्षण आयोग के एक बयान में उन पांच तरीकों को सूचीबद्ध किया गया है, जिनके जरिये मेटा ने पश्चिम अफ्रीकी देश में डेटा कानूनों का उल्लंघन किया है। इन तरीकों में बिना प्राधिकार के नाइजीरियाई लोगों के डेटा को साझा करना, उपयोगकर्ताओं को अपने डेटा के इस्तेमाल को निर्धारित करने के अधिकार से वंचित करना और भेदभावपूर्ण व्यवहार के साथ-साथ बाजार प्रभुत्व का दुरुपयोग करना शामिल है।

कश्मीर में आतंकियों के पास से पहली बार हुई बरामद

क्यों खास है एयूजी राइफल

नई दिल्ली। कुपवाड़ा में नियंत्रण रेखा के पास गुरुवार को घुसपैठ कर रहे आतंकियों को जवानों ने ढेर कर दिया। इस हमले में दो आतंकियों को सेना ने मार गिराया। आतंकियों के पास से हथियारों की बड़ी खेप बरामद हुई, जिसमें स्टेयर एयूजी राइफल भी थी जो पहली बार बरामद हुई है। आइए जानते हैं इस राइफल से जुड़े तथ्य।

कहा विकसित हुई : एयूजी राइफल एक विशेष शास्त्रशास्त्रीय और बदलावशील सर्वकलाईबर कार्बाइन है, जिसे ऑस्ट्रियन कंपनी स्टाइर आर्म्स ने विकसित किया था। इसे 1977 में ऑस्ट्रियाई सेना के लिए तैयार किया गया था और फिर इसका प्रयोग अन्य देशों की सेनाओं में भी किया गया है।

मुख्य विशेषताएंः ■ एयूजी राइफल की अनोखा विशेषता ये है कि सर्वकलाइबर है। इसका मतलब होता है कि इसे बदलावशील और सामान्य स्थिति में प्रयुक्त किया जा सकता है। जो विभिन्न परिस्थितियों के लिए अनुकूल है। ■ इस की डिज़ाइन अनूठी है, जिसमें फिबर रीइंफोर्स्ड प्लास्टिक का उपयोग कर बनाया गया है, जो इसे लाइटवेट और विशेष तौर पर ड्यूरेबल बनाता है। ■ बुलपप डिजाइन के साथ यह राइफल 5.56 X 45 एमएम इंटरमीडिएट कारतूस के लिए बनाई गई है। गन का यूज न केवल दिन बल्कि रात में भी आसानी से किया जा सकता है। ■ बंदूक की मैगजीन की बात करें तो इसमें क्रमानुसार 9, 30 और 42 राउंड एक साथ फायर किए जा सकते हैं। ■ पुल थ्रू टिगर की एडवांस टेक्नॉलॉजी के साथ निर्मित।

यूक्रेन की पूर्व सांसद की गोली मारकर हत्या

कीव (यूक्रेन)। यूक्रेनी भाषा को बढ़ावा देने के अपने अभियान के लिए प्रसिद्ध यूक्रेन की एक पूर्व सांसद की सड़क पर एक अज्ञात हमलावर द्वारा गोली मारकर हत्या कर दी गई। इरीना फेरियन (60) शुक्रवार को पश्चिमी शहर ल्वीव में हुए हमले में बच गईं, लेकिन अस्पताल में मौत हो गई। यूक्रेनी अधिकारियों ने कहा कि फिलहाल हमलावर की तलाश जारी है। हमलावर मौक से फरार हो गया था। उन्होंने कहा कि मामले की जांच की जा रही है। यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने शनिवार को अपने आधिकारिक टेलीग्राम चैनल पर कहा, सभी उपलब्ध निगरानी कैमरों की जांच की जा रही है और गवाहों से पूछताछ की जा रही है तथा कई जिलों का सर्वेक्षण किया जा रहा है। उन्होंने कहा, अपराधी की तलाश के लिए यूक्रेन की राष्ट्रीय पुलिस और यूक्रेनी सुरक्षा सेवा के सभी आवश्यक बलों को तैनात किया गया है।

खगोल विज्ञान | चंद्रमा पर मानव मिशन को लेकर नासा की तैयारियां अंतिम चरण में, योजना के तहत पहले दो परीक्षण में मिली सफलता

अगले वर्ष तक आर्टेमिस मिशन 3 से चांद पर कदम रखेगा इंसान

संवाददाता, नैनीताल

अमृत विचार : पृथ्वी से मंगल पर इंसान को पहुंचाने के लिए नासा निर्धारित समय के अनुसार पहले मानव चरण में चंद्रमा पर पहुंचने की अंतिम तैयारियों में जुट गया है। नासा ने इसकी घोषणा कर दी है। अगले वर्ष के अंत तक मिशन को चांद की धरती पर अमली जामा पहना दिया जाएगा।

दरअसल मंगल पर मानव बस्ती बसाने के सपने को साकार करने के लिए अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी प्रतिबद्ध है। योजना के तहत पहले दो परीक्षण में सफलता हासिल कर चुका है। अगले चरण में अंतरिक्ष यात्रियों की टीम को चंद्रमा पर उतारा जाना है। आर्टेमिस मिशन अपोलो के बाद चंद्रमा पर मानव को पहुंचाने वाला दूसरा मिशन होगा। इससे 50 वर्ष पहले नासा ने पहला मानव चांद पर पहुंचाया था।

अब आर्टेमिस 3 की तैयारी है। नासा ने आर्टेमिस टाइमलाइन की घोषणा की जनवरी में की थी। इससे पहले आर्टेमिस 1 ने मानव रहित परीक्षण उड़ान 2022 में सफलतापूर्वक पूरा किया था। अब आर्टेमिस 50 से अधिक वर्षों में चंद्रमा की कक्षा में जाने वाला पहला मानवयुक्त मिशन होगा। इसकी लॉन्चिंग तिथि सितंबर 2025 में घोषित की जाएगी। इसके पश्चात आर्टेमिस सितंबर 2026 में लॉन्च किया जाएगा। इसके बाद सितंबर 2028 में एक और मिशन लॉन्च किया जाएगा। नासा ने आधिकारिक बयान में कहा है कि नई तकनीक के जरिए इस आर्टेमिस मिशन की तैयारियां कर रहे हैं। अंतरिक्ष यात्रियों की सुरक्षा नासा की सर्वोच्च प्राथमिकता है, क्योंकि हम भविष्य के आर्टेमिस मिशनों की तैयारी कर रहे हैं। आर्टेमिस 1 से हमने बहुत कुछ सीखा है, और इन शुरुआती मिशनों की सफलता हमारे सौर मंडल में मानवता के स्थान के बारे में हमारी पहुंच व समझ को आगे बढ़ाने के साथ वाणिज्यिक अंतर्राष्ट्रीय साझेदारी पर निर्भर करती है।

पृथ्वी जैसा ही मंगल ग्रह भी

नैनीताल : हमारा पड़ोसी ग्रह मंगल कई मायनों में पृथ्वी के समान है और कभी मंगल की धरती पर नदियां बहा करती थी और महासागर हुआ करते थे। वर्तमान में मंगल का वातावरण कई मायनों में पृथ्वी समान है। जिस कारण इस ठोस चट्टानी ग्रह पर खगोलविदों को मानव बस्ती बसाने की अधिक संभावना नजर आती है और नासा समेत स्पेस एक्स मंगल पर पहुंचकर अपना आधिपत्य जमाना चाहते हैं।

नासा का मिशन आर्टेमिस।

जेलेंस्की यूक्रेन पर चर्चा के लिए डोनाल्ड ट्रंप से सहमत

कीव। यूक्रेन के राष्ट्रपति व्लोदिमीर ज़ेलेंस्की ने शनिवार को कहा कि पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने निजी बैठक में चर्चा करने के लिए सहमति जतायी है। जेलेंस्की ने कहा कि बैठक में यूक्रेन में शांति तक पहुंचने में उठाये जाने वाले महत्वपूर्ण कदमों पर चर्चा होगी। उन्होंने कहा, हम पूर्व राष्ट्रपति ट्रंप के साथ एक व्यक्तिगत बैठक में इस संबंध में चर्चा करने के लिए सहमत हुए हैं कि स्थायी शांति स्थापित करने की दिशा में किस तरह से निष्पक्ष कदम उठाये जा सकते हैं। उन्होंने जोर दिया कि ट्रंप ने बार-बार दावा किया है कि अगर वह दोबारा चुने जाते हैं, तो वह रूस और यूक्रेन के बीच संघर्ष को तुरंत समाप्त कर देंगे। उन्होंने कहा कि अगर ट्रंप वर्तमान में अमेरिका राष्ट्रपति होते तो यूक्रेन में संघर्ष कभी शुरू नहीं होता।

अगले हफ्ते से फिर चुनाव प्रचार करूंगा : बाइडन

वाशिंगटन, एजेंसी

- कुछ दिन पहले ही कोविड-19 संक्रमण की पुष्टि हुई थी



अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने उनके चुनावी दौड़ से बाहर होने की डेमोक्रेटिक पार्टी में बढ़ती मांग के बीच कहा कि वह राष्ट्रपति पद का चुनाव लड़ेंगे और अगले सप्ताह से प्रचार अभियान फिर शुरू करेंगे। बाइडन कोरोना वायरस संक्रमण की चपेट में हैं। कुछ दिन पहले ही उनमें कोविड-19 संक्रमण की पुष्टि हुई थी। उसके बाद से वह डेलावेयर स्थित अपने आवास पर पृथकवास में हैं।

बाइडन की ओर से शुक्रवार को उनके प्रचार अभियान दल ने एक बयान जारी किया, जिसमें कहा गया है, डोनाल्ड ट्रंप भविष्य को लेकर जो खतरनाक दृष्टिकोण रखते हैं, हम अमेरिकी वैसे नहीं हैं। एक पार्टी और एक देश के रूप में हम उन्हें चुनाव में हरा सकते हैं और हराएंगे। इस बयान के एक दिन पहले ही मिलवाउकी में रिपब्लिकन नेशनल कन्वेंशन में ट्रंप को औपचारिक रूप पार्टी का राष्ट्रपति पद का उम्मीदवार घोषित किया गया, जिसे उन्होंने स्वीकार कर लिया। बाइडन ने कहा, मैं अगले हफ्ते फिर से चुनाव प्रचार अभियान शुरू करने के लिए उत्सुक हूं, ताकि डोनाल्ड ट्रंप के प्रोजेक्ट-2025 एजेंडे के जो खतरे हैं, उनके प्रति लोगों को आगाह कर सकूं।